ज्ञान-अज्ञान के सम्बन्ध में आगे ज्ञान शीर्षक के अन्तर्गत विचार किया गया है। अतः यहाँ पर दर्शन पर विचार कर लेना आवश्यक है। 'दर्शन' शब्द का प्रयोग विभिन्न अर्थों में होता आया है। दर्शन शब्द दृष्टि एवं फिलॉसफी के अर्थ में तो प्रयुक्त होता ही है, किन्तु जैनदर्शन में उसका प्रयोग ज्ञान के पूर्व होने वाले सामान्य ग्रहण अथवा स्वसंवेदन के अर्थ में भी होता रहा है। दर्शनरूप अनाकारोपयोग निर्विकल्पक होता है। इसके चक्षुदर्शन आदि चार प्रकार निरूपित हैं। चक्षु से होने वाला दर्शन चक्षुदर्शन कहा जाता है तथा चक्षु से भिन्न इन्द्रियों एवं मन के द्वारा होने वाला सामान्य ग्रहण अचक्षुदर्शन कहा जाता है। अवधिदर्शन अवधिज्ञान के पूर्व सामान्य ग्राहक होता है किन्तु केवलदर्शन में यह बात नहीं है। प्रारम्भ में केवलज्ञान पहले होता है, उसके पश्चात् फिर केवलदर्शन एवं केवलज्ञान का क्रम प्रारम्भ होता है।

उपयोग के रूप में आगम के अनुसार ज्ञान एवं दर्शन युगपद्भावी नहीं हैं। एक अन्तर्मुहूर्त्त के पश्चात् ही इन उपयोगों में परिवर्तन होता रहता है। केवलज्ञानियों में भी एक समय में एक ही उपयोग पाया जाता है। दोनों उपयोग एक साथ नहीं होते हैं। सिद्धसेनसूरि का मानना है कि केवलज्ञान एवं केवलदर्शनोपयोग युगपद्भावी हैं। केवलज्ञानावरण एवं केवलदर्शनावरण कर्मों का सम्पूर्ण क्षय हो जाने के कारण इन दोनों उपयोगों का युगपद्भाव मानना चाहिए। सिद्धसेनसूरि का यह तर्क आगम विरुद्ध है। जिनभद्रगणि, वीरसेन आदि अनेक आचार्यों ने केवलज्ञान एवं केवलदर्शन के युगपद्भाव एवं क्रमभाव को लेकर विचार किया है। आगम में कहा गया है कि केवलज्ञानी जिस समय रत्नप्रभा पृथ्वी आदि को आकारों, हेतुओं, उपमाओं, दृष्टान्तों, वर्णों, संस्थानों, प्रमाणों और उपकरणों से जानते हैं उस समय देखते नहीं हैं तथा जिस समय देखते हैं उस समय जानते नहीं हैं।

पासणया एवं उपयोग में विशेष अन्तर नहीं है। एक स्थूल अन्तर यह है कि उपयोग में ज्ञान एवं दर्शन के समस्त भेद गृहीत होते हैं, जबकि पासणया में मतिज्ञान, मतिअज्ञान एवं अचक्षुदर्शन का ग्रहण नहीं होता। पासणया के लिए संस्कृत में पश्यता शब्द का प्रयोग हुआ है, जो बौद्धदर्शन में प्रचलित विपश्यना से भिन्न है। पासणया भी उपयोग की भाँति साकार एवं अनाकार में विभक्त है। साकार पासणया में श्रुतज्ञान, अवधिज्ञान, मनःपर्यायज्ञान, केवलज्ञान, श्रुतअज्ञान एवं विभंगज्ञान का समावेश होता है जबकि अनाकार पश्यता में चक्षु, अवधि एवं केवलदर्शन की गणना होती है।

दृष्टि

स्थूलरूप से 'दृष्टि' शब्द का अर्थ नेत्र या नेत्रों से देखना लिया जाता है। किन्तु जैनागमों में 'दृष्टि' शब्द जीवन एवं जगत् के प्रति जीव के दृष्टिकोण को व्यक्त करता है। दृष्टि का सम्बन्ध आत्मा से है, बाह्य शरीर, इन्द्रियादि से नहीं। कोई भी जीव दृष्टिविहीन नहीं होता, चाहे वह एकेन्द्रिय का पृथ्वीकायिक जीव हो या सिद्ध जीव। सबमें दृष्टि विद्यमान है। दृष्टि तीन प्रकार की कही गई है–(१) सम्यग्दृष्टि, (२) मिथ्यादृष्टि और (३) सम्यग्मिथ्यादृष्टि (मिश्रदृष्टि)। जो जीव संसार में सुख समझकर विषयभोगों में रमते हैं वे मिथ्यादृष्टि होते हैं। जो जीव इनसे ऊपर उठकर मोक्षसुख के अभिलाषी होते हैं वे सम्यग्दृष्टि होते हैं। इनकी विषयभोगों में आसक्ति घट जाती है। सैद्धान्तिक दृष्टि से सम्यग्दर्शन की प्राप्ति के लिए सात प्रकृतियों का क्षय, उपशम या क्षयोपशम होना आवश्यक है। वे सात प्रकृतियाँ मोहकर्म की हैं– अनन्तानुबन्धी कषाय का चतुष्क, सम्यक्त्वमोहनीय, मिथ्यात्वमोहनीय एवं मिश्रमोहनीय। जब मोहकर्म की ये सात प्रकृतियाँ क्षीण होती हैं तभी दृष्टि सम्यक् बन पाती है। जब सम्यग्दर्शन भी न हो, मिथ्यादृष्टि भी न हो तो उसे सम्यग्मिथ्यादृष्टि कहा जाता है।

तत्त्वार्थसूत्र में जीवादि तत्त्वों पर यथार्थ श्रद्धा करने को सम्यग्दर्शन कहा गया है।[1] जीवादि सात या नवतत्त्वों पर श्रद्धा होने का तात्पर्य है जीवन एवं जगत् के प्रति सम्यक् दृष्टिकोण। सम्यग्दर्शन का एक अभिप्राय है सुदेव, सुगुरु एवं सुधर्म पर श्रद्धा करना। अरिहंत एवं सिद्ध को सुदेव मानना, सुसाधु को गुरु मानना एवं जिनेन्द्र द्वारा प्ररूपित धर्म को धर्म मानना–सम्यक्त्व की एक पहचान है। सम्यक्त्व के पाँच लक्षण माने गये हैं–(१) शम, (२) संवेग, (३) निर्वेद, (४) अनुकम्पा और (५) आस्था। क्रोधादि कषायों का शमन शम है। धर्म के प्रति उत्साह, साधर्मिकों के प्रति अनुराग या परमेष्ठियों के प्रति प्रीति संवेग है। विषयभोगों से वैराग्य निर्वेद है। दुःखी प्राणियों के दुःख से अनुकम्पित होना अनुकम्पा है। जिनदेव, सुसाधु एवं जिनप्रणीत पर श्रद्धा करना एवं तत्त्वार्थों पर श्रद्धा करना आस्था या आस्तिक्य है। जो जिनवचनों पर श्रद्धा रखकर उन्हें जीवन में अपनाता है वह निर्मल एवं संक्लेशरहित होकर संसार-भ्रमण को परीत अर्थात् सीमित कर लेता है।[2]

ज्ञान

ज्ञान आत्मा का लक्षण है एवं वह आत्मा से अभिन्न है। वह आत्म-स्वरूप ही है। "जे आया से विण्णाया, जे विण्णाया से आया।" वाक्य

---

१. तत्त्वार्थश्रद्धानं सम्यग्दर्शनम्। –*तत्त्वार्थसूत्र १/२*

२. जिणवयणे अणुरत्ता, जिणवयणं जे करेंति भावेणं। अमला असंकिलिट्ठा, ते होंति परित्त संसारी॥ –*उत्तराध्ययन ३६/२६४*

से भी यह बात स्पष्ट होती है कि जो विज्ञाता है वह आत्मा है और जो आत्मा है वह विज्ञाता है। न्यायदर्शन में आत्मा को ज्ञान का अधिकरण माना गया है। आत्मा मूलतः न्यायदर्शन में जड़ है। उसमें ज्ञानगुण आगतगुण है। वेदान्त में आत्मा को नित्य, ज्ञानात्मक एवं आनन्दयुक्त स्वीकार किया गया है। बौद्धदर्शन में विज्ञानवाद के अनुसार विज्ञान अथवा ज्ञान ही सत् है। बौद्धों ने आत्मा का पृथक् अस्तित्व स्वीकार नहीं किया है, विज्ञान या ज्ञान की सन्तति से ही पुनर्जन्म सिद्ध कर दिया है। सांख्यदर्शन में ज्ञान को जड़ प्रकृति का कार्य स्वीकार किया गया है।

जैनदर्शन में आत्मा के विभिन्न लक्षण हैं, जिनमें ज्ञान एवं दर्शन मुख्य हैं। ज्ञान की दृष्टि से विचार किया जाय तो आत्मा में ज्ञान की न्यूनाधिकता होती रहती है, किन्तु आत्मा कभी ज्ञानरहित नहीं होता। ज्ञान का आवरण नष्ट हो जाने पर पूर्ण ज्ञान अथवा केवलज्ञान प्रकट हो जाता है। आत्मा स्वभावतः ज्ञानात्मक है। यह ज्ञान बाह्य पदार्थों से आया हुआ नहीं है, किन्तु इससे बाह्य पदार्थों को जाना अवश्य जाता है। ज्ञानावरण कर्म आत्मा के ज्ञान को आवरित अवश्य करता है, किन्तु इससे आत्मा कभी ज्ञानशून्य नहीं बनती। यह अवश्य है कि कभी आत्मा में ज्ञान होता है एवं कभी अज्ञान। जब जीव मिथ्यादृष्टियुक्त होता है तो उसके ज्ञान को अज्ञान कहा जाता है तथा जब वह सम्यग्दृष्टियुक्त होता है तो उसका ज्ञान सम्यग्ज्ञान कहलाता है। ज्ञानावरण कर्म के क्षयोपशम से जानने की योग्यता का विकास होता है। बाह्य पदार्थों को जैनदर्शन में ज्ञान की उत्पत्ति में कारण नहीं माना गया, किन्तु ज्ञान के द्वारा उन्हीं बाह्य पदार्थों को जाना जाता है, जो अस्तित्ववान् हैं, थे या रहेंगे।

ज्ञान जैनदर्शन में स्व-पर-प्रकाशक है, किन्तु इसके सम्बन्ध में द्रव्यानुयोग में स्पष्ट कथन प्राप्त नहीं है। दर्शनग्रन्थों में एवं कुन्दकुन्दाचार्य ने इसका स्पष्ट निरूपण किया है।[1] कुन्दकुन्द ने वहाँ ज्ञान की भाँति दर्शन को भी स्व-पर-प्रकाशक माना है। धवला टीकाकार वीरसेनाचार्य ने दर्शन को स्व-संवेदन या अन्तर्चित् प्रकाशक माना है तथा ज्ञान को बाह्य प्रकाशक स्वीकार किया है।[2] इससे दर्शन स्व-प्रकाशक एवं ज्ञान पर-प्रकाशक सिद्ध होता है।

दर्शन एवं ज्ञान में क्या अन्तर है, इसे सिद्धसेनसूरि ने इस प्रकार स्पष्ट किया है–

"जं सामण्णगहणं दंसणमेयं विसेसियं नाणं।
दोण्ह वि णयाण एसो पाडेक्कं अत्थपज्जाओ॥"[3]

अर्थात् जो सामान्य ग्रहण है वह दर्शन है तथा जो विशेष ग्रहण है वह ज्ञान है। द्रव्यार्थिक नय से दर्शन सामान्य का ग्रहण करता है तथा पर्यायार्थिक नय से वह विशेष का ग्रहण करता है। वीरसेनाचार्य ने इस मान्यता पर आक्षेप किया है। उनका कथन है कि वस्तु सामान्य विशेषात्मक होती है। उसमें से सामान्य एवं विशेष का ग्रहण अलग-अलग नहीं होता, अपितु एक साथ होता है। वस्तु को सामान्य एवं विशेष में नहीं बाँटा जा सकता। वीरसेनाचार्य ने सामान्य ग्रहण को भी दर्शन स्वीकार किया है, किन्तु तब से सामान्य का अर्थ आत्मा करके आत्म-ग्रहण को दर्शन कहते हैं।[4] वीरसेन के इस मन्तव्य पर भी प्रश्न खड़ा होता है कि यदि आत्म-ग्रहण को ही दर्शन कहा जायेगा तो दर्शन के चक्षुदर्शन, अचक्षुदर्शन आदि भेद किस प्रकार घटित होंगे।

जिनभद्रगणि ने मतिज्ञान के एक भेद अवग्रह को परिभाषित करते हुए सामान्य ग्रहण को अवग्रह कहा है। यहाँ सिद्धसेन निरूपित दर्शन-लक्षण एवं जिनभद्रगणि के अवग्रह-लक्षण में कोई भेद नहीं रह जाता है क्योंकि दोनों में सामान्य ग्रहण मौजूद है। आगम तो दर्शन एवं ज्ञान को पृथक् मानता है, इसलिए दोनों का अलग-अलग प्रयोग हुआ है। दूसरी बात यह है कि दर्शनगुण दर्शनावरणकर्म के क्षय या क्षयोपशम से प्रकट होता है तथा ज्ञानगुण ज्ञानावरणकर्म के क्षय या क्षयोपशम से अभिव्यक्त होता है।

दर्शन एवं ज्ञान में कुछ मौलिक भेद हैं, यथा–(१) ज्ञान साकार होता है एवं दर्शन निराकार होता है। (२) ज्ञान सविकल्पक होता है एवं दर्शन निर्विकल्पक होता है। (३) पहले दर्शन होता है एवं फिर ज्ञान होता है। (४) दर्शनावरणकर्म के क्षय या क्षयोपशम से दर्शन प्रकट होता है तथा ज्ञानावरणकर्म के क्षय या क्षयोपशम से ज्ञान प्रकट होता है। (५) वस्तु के प्रथम निर्विशेष संवेदन को दर्शन कहा जा सकता है तथा ज्ञान को सविशेष (साकार) संवेदन कहा जा सकता है।

सामान्य ग्रहण का अर्थ सामान्य का ग्रहण न करके सामान्य रूप से ग्रहण किया जाय तो सिद्धसेन के द्वारा प्रदत्त लक्षण में आक्षेप नहीं रहता। दर्शन में वस्तु का ग्रहण सामान्यरूपेण अर्थात् निर्विशेषरूपेण होता है। इसमें भेद का ग्रहण नहीं होता।

ज्ञान के पाँच एवं अज्ञान के तीन प्रकार हैं। ज्ञान के पाँच प्रकार हैं–(१) आभिनिबोधिकज्ञान (मतिज्ञान), (२) श्रुतज्ञान, (३) अवधिज्ञान, (४) मनःपर्यायज्ञान और (५) केवलज्ञान। अज्ञान के तीन प्रकार हैं–(१) मतिअज्ञान, (२) श्रुतअज्ञान और (३) विभंगज्ञान।

---

१. (i) स्व-परव्यवसायि ज्ञानं प्रमाणम्। *–प्रमाणनयतत्त्वालोक १/१*
(ii) अप्पाणं विणु णाणं णाणं विणु अप्पगो ण संदेहो। म्हा सपरपयासं णाणं तह दंसणं होदि॥ *–नियमसार १७१*

२. (i) अन्तर्बहिर्मुखयोश्चित्प्रकाशयोर्दर्शनज्ञानव्यपदेशभाजोरेकत्वविरोधात्। *–धवला, पुस्तक १, पृ. १४६*
(ii) वीरसेनाचार्य ने दर्शन को अंतरंग उपयोग एवं ज्ञान को बहिरंग उपयोग भी कहा है। *–द्रष्टव्य, धवला, पुस्तक १३, पृ. २०८*

३. सन्मतिप्रकरण २/१

४. धवला, पुस्तक १, पृ. १४९

अज्ञान का अर्थ विपरीत ज्ञान है, ज्ञान का अभाव नहीं। ज्ञानी भी जानता है एवं अज्ञानी भी जानता है, किन्तु दोनों की दृष्टि भिन्न होती है। अज्ञानी मिथ्यादृष्टि होता है जबकि ज्ञानी सम्यग्दृष्टि होता है। मिथ्यादृष्टि का ज्ञान 'अज्ञान' कहा जाता है तथा सम्यग्दृष्टि का ज्ञान 'सम्यग्ज्ञान' कहा जाता है।

मन एवं इन्द्रियों की सहायता से होने वाला ज्ञान मतिज्ञान है। इसे ही आगमों में आभिनिबोधिकज्ञान कहा गया है। मतिज्ञान में स्मृति, प्रत्यभिज्ञान (संज्ञा), तर्क (चिन्ता) और आभिनिबोध (अनुमान) का भी समावेश हो जाता है। श्रुतज्ञान मतिज्ञानपूर्वक होता है। यह संकेतग्राही ज्ञान है। मतिज्ञान से फलित होने वाला ज्ञान है। मति एवं श्रुतज्ञान इन्द्रिय एवं मन के सापेक्ष होने के कारण परोक्ष कहे गये हैं। नन्दीसूत्र में एक अपेक्षा से इन्द्रिय से होने वाले ज्ञान को भी प्रत्यक्ष कहा गया है। यही नहीं जैनदर्शन में जो प्रमाणमीमांसा का विकास हुआ उसमें भी इन्द्रिय एवं मन से होने वाले ज्ञान को प्रत्यक्ष की श्रेणी में लेते हुए सांव्यावहारिक प्रत्यक्ष नाम दिया गया है।

अवधिज्ञान, मनःपर्यायज्ञान एवं केवलज्ञान में इन्द्रिय एवं मन की अपेक्षा नहीं होती। ये तीनों ज्ञान सीधे आत्मा से होने के कारण प्रत्यक्ष कहे गये हैं। दार्शनिकों ने इन तीनों का पारमार्थिक प्रत्यक्ष या मुख्य प्रत्यक्ष नाम दिया है। अवधिज्ञान में आत्मा के द्वारा रूपी द्रव्यों को एक निश्चित क्षेत्र तक प्रत्यक्ष रूप से जाना जाता है। अवधिज्ञान अनुगामी, अननुगामी, हीयमान, वर्धमान, प्रतिपाती एवं अप्रतिपाती के भेद से छह प्रकार का होता है। मनःपर्यायज्ञान में दूसरे के मन की पर्यायों को जाना जाता है। केवलज्ञान के द्वारा तीनों लोकों एवं तीनों कालों की समस्त पर्यायों को जान लिया जाता है। केवलज्ञान का दूसरा नाम अनन्तज्ञान भी है। इस ज्ञान के प्राप्तकर्त्ता को अनन्तज्ञानी या सर्वज्ञ भी कहा जाता है। सर्वज्ञ को कुछ भी जानना शेष नहीं रहता है।

संयत

'संयम' शब्द चरणानुयोग का विषय है, किन्तु संयमपालक संयत-व्यक्ति द्रव्यानुयोग का विषय बनता है। इसलिए संयत की चर्चा द्रव्यानुयोग में की गई है। सांसारिक जीवों को तीन भागों में विभक्त किया जाता है–(१) संयत, (२) संयतासंयत और (३) असंयत। महाव्रतधारी साधु-साध्वियों को संयत, पंचम गुणस्थानवर्ती श्रावकों को संयतासंयत एवं शेष (प्रथम से चतुर्थ गुणस्थानवर्ती) जीवों को असंयत कहा जाता है। कोई जीव सम्यग्दृष्टि होने पर भी तब तक असंयत ही बना रहता है जब तक वह देशविरत या सर्वविरत न हो जाय। संयत सर्वविरति चारित्र से युक्त होते हैं। चारित्र के पाँच भेदों के आधार पर संयत भी पाँच प्रकार के कहे गये हैं–(१) सामायिक संयत, (२) छेदोपस्थापनीय संयत, (३) परिहारविशुद्धि संयत, (४) सूक्ष्मसंपराय संयत और (५) यथाख्यात संयत।[1]

संयतों अथवा साधुओं को आगम में 'निर्ग्रन्थ' भी कहा गया है। निर्ग्रन्थ पाँच प्रकार के होते हैं–(१) पुलाक, (२) बकुश, (३) कुशील, (४) निर्ग्रन्थ और (५) स्नातक। संयमवान् होते हुए भी जो साधु किसी छोटे-से दोष के कारण संयम को किंचित् असार कर देता है वह पुलाक कहलाता है। बकुश वह श्रमण है जो आत्म-शुद्धि की अपेक्षा शरीर की विभूषा एवं उपकरणों की सजावट में अधिक रुचि रखता है। कुशील निर्ग्रन्थ दो प्रकार का होता है–(१) प्रतिसेवना कुशील और (२) कषाय कुशील। जो साधक ज्ञान, दर्शन, चारित्र, लिंग एवं शरीर आदि हेतुओं से संयम के मूलगुणों या उत्तरगुणों में दोष लगाता है उसे प्रतिसेवना कुशील कहते हैं। कषाय कुशील संयम के मूलगुणों एवं उत्तरगुणों में दोष नहीं लगाता, किन्तु संज्वलन कषाय की प्रकृति से वह युक्त होता है। 'निर्ग्रन्थ' भेद में कषाय प्रकृति एवं दोषों के सेवन का सर्वथा अभाव होता है। उसमें सर्वज्ञता प्रकट होने वाली रहती है तथा राग-द्वेष का अभाव हो जाता है। 'निर्ग्रन्थ' शब्द का वास्तविक अर्थ 'राग-द्वेष की ग्रन्थि से रहित' इसमें पूर्णतः घटित होता है। यह निर्ग्रन्थ वीतराग होता है। सर्वज्ञतायुक्त निर्ग्रन्थ 'स्नातक' कहे जाते हैं। पंचविध निर्ग्रन्थों में यह सर्वोत्कृष्ट स्थिति है।

संयत को प्रमत्त संयत एवं अप्रमत्त संयत की दृष्टि से भी विभक्त किया जाता है। प्रमत्त संयत साधु छठे गुणस्थान में रहता है तथा सातवें से वह अप्रमत्त दशा में रहता है।

लेश्या

सयोगी आत्मा के शुभाशुभ परिणाम लेश्या कहलाते हैं। लेश्या का सम्बन्ध योग से है। जब तक योग है तब तक लेश्या है, मन-वचन-काया की प्रवृत्तिरूप योग का अभाव होने पर लेश्या का भी अभाव हो जाता है। आवश्यकसूत्र की हारिभद्रीय टीका में लेश्या को परिभाषित करते हुए कहा गया है–"**श्लेषयन्त्यात्मानमष्टविधेन कर्मणा इति लेश्याः।**" अर्थात् जो आत्मा को अष्टविध कर्मों से श्लिष्ट करती है, वह लेश्या है। एक अन्य परिभाषा 'लिम्पतीति लेश्या' (धवला टीका) के अनुसार जो कर्मों से आत्मा को लिप्त करती है, वह लेश्या है। कर्मबंधन में प्रमुख हेतु कषाय और योग हैं। योग से कर्मपुद्गलरूपी रजकण आते हैं। कषायरूपी गोंद से वे आत्मा पर चिपकते हैं, किन्तु कषाय-गोंद को गीला करने वाला जल 'लेश्या' है। सूखा गोंद रजकण को नहीं चिपका सकता। इस प्रकार कषाय और योग से लेश्या भिन्न है। सर्वार्थसिद्धि, धवला टीका आदि ग्रन्थों में कषाय के उदय से अनुरंजित योग की प्रवृत्ति को लेश्या कहा गया है।

लेश्या मुख्यतः दो प्रकार की होती है–(१) द्रव्यलेश्या और (२) भावलेश्या। मन, वचन एवं काया के माध्यम से जो आत्म-भावों की अभिव्यक्ति है, वह द्रव्यलेश्या है। द्रव्यलेश्या पौद्गलिक होती है और भावलेश्या अपौद्गलिक। द्रव्यलेश्या में वर्ण, गंध, रस और स्पर्श होते हैं, भावलेश्या अगुरुलघु होती है एवं वर्ण, गंध, रस एवं स्पर्श से रहित होती है।

द्रव्य एवं भाव–इन दोनों प्रकार की लेश्याओं के छह भेद हैं–(१) कृष्णलेश्या, (२) नीललेश्या, (३) कापोतलेश्या, (४) तेजोलेश्या,

---

१. विस्तृत परिचय के लिए द्रव्यानुयोग, भाग २, पृ. ७९० पर आमुख देखा जाय।

(५) पद्मलेश्या और (६) शुक्ललेश्या। इनमें से प्रथम तीन लेश्याएँ अधर्म लेश्याएँ हैं तथा तेजो, पद्म एवं शुक्ल ये तीन लेश्याएँ धर्म लेश्याएँ हैं। अधर्म लेश्याएँ दुर्गतिगामिनी, संक्लिष्ट, अमनोज्ञ, अविशुद्ध, अप्रशस्त और शीत-रूक्ष स्पर्श वाली हैं तथा धर्म लेश्याएँ सुगतिगामिनी, असंक्लिष्ट, मनोज्ञ, विशुद्ध, प्रशस्त और स्निग्ध-उष्ण स्पर्श वाली हैं। ये छहों लेश्याएँ उत्तरोत्तर शुभ हैं।

वर्ण की अपेक्षा कृष्णलेश्या में काला वर्ण, नीललेश्या में नीला वर्ण, कापोतलेश्या में कबूतरी वर्ण, तेजोलेश्या में लाल वर्ण, पद्मलेश्या में पीला वर्ण और शुक्ललेश्या में श्वेत वर्ण होता है। रस की अपेक्षा कृष्णलेश्या में कड़वा, नीललेश्या में तीखा, कापोतलेश्या में कसैला, तेजोलेश्या में खटमीठा, पद्मलेश्या में कसैला-मीठा और शुक्ललेश्या में मधुर रस होता है। गंध की अपेक्षा कृष्ण, नील व कापोतलेश्याएँ दुर्गन्धयुक्त हैं तथा तेजो, पद्म व शुक्ललेश्याएँ सुगन्धयुक्त हैं। स्पर्श की अपेक्षा कृष्ण, नील व कापोतलेश्याएँ कर्कश स्पर्शयुक्त हैं तथा तेजो, पद्म व शुक्ललेश्याएँ कोमल स्पर्शयुक्त हैं।

प्रदेश की अपेक्षा कृष्ण से शुक्ललेश्या तक सभी लेश्याओं में अनन्त प्रदेश हैं। वर्गणा की अपेक्षा प्रत्येक लेश्या में अनन्त वर्गणाएँ हैं। प्रत्येक लेश्या असंख्यात आकाश प्रदेशों में है। यह वर्णन द्रव्यलेश्या के अनुसार है।

भावलेश्या की दृष्टि से कृष्णलेश्या का लक्षण देते हुए कहा गया है कि जो जीव पाँच आस्रवों में प्रवृत्त है, तीन गुप्तियों से अगुप्त है, षट्कायिक जीवों के प्रति अविरत है, महाआरम्भ में परिणत है, क्षुद्र एवं साहसी है, निःशंक परिणाम वाला, नृशंस एवं अजितेन्द्रिय है वह कृष्णलेश्या में परिणत होता है।

ईर्ष्यालु, असहिष्णु, अतपस्वी, अज्ञानी, मायावी, निर्लज्ज, विषयासक्त, द्वेषी, शठ, प्रमादी, रसलोलुप, आरम्भ से अविरत, क्षुद्र एवं दुःसाहसी जीव नीललेश्या में परिणत होता है।

जो वाणी से वक्र, आचार से वक्र, कपटी, सरलता से रहित, अपने दोषों को छिपाने वाला, औपधिक मिथ्यादृष्टि, अनार्य, दुष्टवादी, चोर, मत्सरी आदि होता है वह कापोतलेश्या में परिणत होता है।

जो नम्र, अचपल, मायारहित, अकुतूहली, विनयशील, दान्त, योग एवं उपधान (तप) युक्त है, प्रियधर्मी, दृढ़धर्मी, पापभीरु एवं हितैषी है वह तेजोलेश्या में परिणत होता है।

जिसके क्रोध, मान, माया और लोभ अत्यन्त पतले हैं, जो प्रशान्तचित्त है, आत्मा का दमन करता है, योग एवं उपधानयुक्त है, अल्पभाषी, उपशान्त और जितेन्द्रिय है, वह पद्मलेश्या में परिणत होता है।

जो आर्त और रौद्रध्यानों का त्याग करके धर्म एवं शुक्लध्यान में लीन है, प्रशान्तचित्त और दान्त है, पाँच समितियों से समित और तीन गुप्तियों से गुप्त एवं जितेन्द्रिय है, वह शुक्ललेश्या में परिणत होता है।

लेश्या के सम्बन्ध में अन्य जानने योग्य बिन्दु निम्न प्रकार हैं–

(१) जीव जिस लेश्या के द्रव्यों को ग्रहण करके काल करता है वह उसी लेश्या वाले जीवों में उत्पन्न होता है।

(२) पौद्गलिक होकर भी लेश्या आठ कर्मों की उत्तर प्रकृतियों में कहीं भी समाविष्ट नहीं होती है। इसका तात्पर्य है कि वह कर्मरूप नहीं है। किन्तु २१ औदयिकभावों में गति एवं कषाय के साथ लेश्या की भी गणना की गई है। औदयिकभावरूप होने से लेश्या का कर्म-परिणाम के साथ भी सम्बन्ध जुड़ जाता है। कषायोदय से अनुरंजित मानने पर लेश्या को चारित्रमोहकर्म के साथ तथा योग से परिणत मानने पर नामकर्म के साथ सम्बद्ध किया जा सकता है। किन्तु यह ज्ञातव्य है कि कषाय के अभाव में भी १२वें एवं १३वें गुणस्थान में शुक्ललेश्या पायी जाती है। इससे सिद्ध होता है कि लेश्या का सम्बन्ध कषाय से नहीं है, योग से ही है।

(३) पहले से छठे गुणस्थान तक छहों लेश्याएँ होती हैं। सातवें गुणस्थान में तेजो, पद्म व शुक्ललेश्याएँ होती हैं, जबकि आठवें से तेरहवें गुणस्थान तक मात्र शुक्ललेश्या होती है।

(४) एक लेश्या अन्य लेश्या को प्राप्त होकर उसके वर्णादि में परिणमन कर सकती है, किन्तु आकार भावमात्रा, प्रतिभाग भावमात्रा की अपेक्षा परिणमन नहीं होता है।

(५) नैरयिक जीवों में समुच्चय से कृष्ण, नील एवं कापोतलेश्याएँ होती हैं। भवनपति, वाणव्यन्तर, पृथ्वीकाय, अप्काय और वनस्पतिकाय में तेजोलेश्या को मिलाकर चार लेश्याएँ हैं। तेजस्काय, वायुकाय और विकलेन्द्रिय जीवों में कृष्ण से कापोत तक तीन लेश्याएँ हैं। वैमानिक देवों में तेजो, पद्म व शुक्ल ये तीन लेश्याएँ हैं। तिर्यञ्च पंचेन्द्रिय और मनुष्य में छहों लेश्याएँ हैं। ज्योतिषी देवों में एकमात्र तेजोलेश्या है।

आधुनिक व्याख्याकार लेश्या को आभामण्डल का प्रमुख कारण मानते हैं। व्यक्ति का आभामण्डल (aura) उसकी लेश्याओं का परिचायक होता है।

क्रिया

साधारणतः हम किसी कार्य को सम्पन्न करने के लिए जो प्रवृत्ति करते हैं, उसे क्रिया कहते हैं। वह क्रिया जीव में भी हो सकती है और अजीव में भी, किन्तु जैनदर्शन की पारिभाषिक 'क्रिया' का सम्बन्ध जीव से है। जब तक जीव में मन, वचन एवं काया का योग प्राप्त है तब तक ही उसमें क्रिया मानी जाती है। जब जीव अयोगी अवस्था अर्थात् शैलेशी अवस्था को अथवा सिद्ध अवस्था को प्राप्त कर लेता है तो वह अक्रिय हो जाता है। इसका तात्पर्य है कि बिना योग के क्रिया नहीं होती है। क्रिया का कारण अथवा माध्यम योग है।

द्रव्यानुयोग में क्रिया का विविध प्रकार से विभाजन उपलब्ध है। जिस निमित्त, हेतु, फल अथवा साधन से क्रिया की जाती है, उसी निमित्त, हेतु, फल अथवा साधन के आधार पर क्रिया का नामकरण कर दिया जाता है। इसलिए क्रिया के अनेक विभाजन हैं। स्थानांगसूत्र में क्रिया को दो प्रकार की कहते हुए दसों विभाजन किये गये हैं। कुछ विभाजन इस प्रकार के हैं, जिनका समावेश क्रिया के पाँच प्रकारों अथवा पच्चीस प्रकारों में हो जाता है।

कषाय की उपस्थिति में जो क्रिया होती है वह साम्परायिकी क्रिया कही जाती है तथा जो कषायरहित अवस्था में क्रिया होती है वह ऐर्यापथिकी क्रिया कहलाती है। इसका आशय यह है कि क्रिया कषायनिरपेक्ष है। क्रिया की निष्पत्ति में योग आवश्यक है, कषाय नहीं।

क्रिया के विविध विभाजनों में कायिकी आदि पाँच क्रियाओं का विभाजन प्रसिद्ध है। वे पाँच क्रियाएँ हैं–(१) कायिकी, (२) आधिकरणिकी, (३) प्राद्वेषिकी, (४) पारितापनिकी और (५). प्राणातिपातिकी। जिस क्रिया में काया की प्रमुखता हो उसे कायिकी क्रिया कहते हैं। जो क्रिया शस्त्र आदि उपकरणों से की जाती है उसे आधिकरणिकी क्रिया कहते हैं। जो क्रिया द्वेषपूर्वक की जाती है उसे प्राद्वेषिकी, जो क्रिया दूसरे प्राणियों को कष्टकारी हो उसे पारितापनिकी तथा प्राणियों के प्राणों का अतिपात करने वाली क्रिया को प्राणातिपातिकी क्रिया कहते हैं। जीव के चौबीस ही दण्डकों में ये पाँचों प्रकार की क्रियाएँ पायी जाती हैं।

क्रिया से आस्रव होता है। आस्रव के अनन्तर कर्मबंध होता है। यदि क्रिया कषाययुक्त है तो बंध अवश्य होता है और यदि क्रिया कषायरहित है तो मात्र आस्रव होता है, बंध नहीं। इसलिए दो प्रकार के क्रियास्थान कहे गये हैं–(१) धर्मस्थान और (२) अधर्मस्थान। धर्मपूर्वक की गई क्रिया धर्मस्थान की द्योतक है तथा अधर्मपूर्वक की गई क्रिया अधर्मस्थान की द्योतक है। क्रिया शब्द का प्रयोग चारित्र के अर्थ में भी होता रहा है। इसीलिए **'ज्ञानक्रियाभ्यां मोक्षः'** अथवा **'नाणकिरियाहिं मोक्खो'**[1] कथन प्रचलित है। इस प्रकार ज्ञान के आचरण रूप जो चारित्र है वह धर्मस्थान क्रिया है, शेष सब क्रियाएँ अधर्मस्थान के अन्तर्गत समाविष्ट होती हैं। उत्तराध्ययनसूत्र में दर्शन, ज्ञान, चारित्र, तप, विनय, सत्य, समिति, गुप्ति आदि क्रियाओं में रुचि को क्रियारुचि कहा गया है, यह एक प्रकार से धर्मस्थान क्रियारुचि ही है। साधक को अधर्मपरक क्रिया का त्यागकर धर्मपरक क्रिया अपनानी चाहिए। सदोष क्रियाओं का त्याग करना ही साधक के हित में है।

आस्रव

आत्मा के साथ कर्मपुद्गलों के चिपकने को बंध कहते हैं। बंध के पूर्व कर्मपुद्गलों के आगमन को आस्रव कहते हैं। यदि आस्रव नहीं हो तो बंध भी न हो। बंध के पूर्व आस्रव का होना अनिवार्य है। कर्मों का आस्रव सावद्य या पापकारी क्रियाओं के कारण होता है। आस्रव के प्रमुख रूप से पाँच द्वार हैं–(१) मिथ्यात्व, (२) अविरति, (३) प्रमाद, (४) कषाय और (५) योग। मिथ्यात्व जीव का जीवन एवं जगत् के प्रति असम्यक् दृष्टिकोण है। दूसरे शब्दों में सम्यक्त्व का विपरीतभाव मिथ्यात्व है। मिथ्यात्वी की कुदेव, कुगुरु एवं कुधर्म पर श्रद्धा होती है, सुदेव, सुगुरु एवं सुधर्म पर नहीं। जीवादि तत्त्वों पर यथार्थश्रद्धा न होना भी मिथ्यात्व है। हिंसादि पापों से विरत न होना अविरति है। प्रमाद का अर्थ है–आत्म-स्वरूप का विस्मरण। क्रोधादि भावों को 'कषाय' कहा जाता है। 'योग' मन, वचन एवं काया की प्रवृत्ति का नाम है। इन पाँच कारणों के अतिरिक्त कारण भी आस्रव के भेदों में बताये गये हैं किन्तु उनका समावेश इन पाँच द्वारों में ही हो जाता है। तत्त्वार्थसूत्र में आस्रव के इन पाँच द्वारों की गणना बंधहेतुओं में की गई है।[2] कर्मग्रन्थ में भी इन्हें बंधहेतु कहा गया है तथा बंधहेतुओं के ५७ भेदों में मिथ्यात्व के ५, अविरति के १२, कषाय के २५ एवं योग के १५ भेदों की गणना की गई है। आस्रव के द्वार ही एक प्रकार से बंध के हेतु होते हैं, क्योंकि उनके होने पर ही बंध होता है।

प्रश्नव्याकरणसूत्र में आस्रव के ये पाँच भेद निरूपित हैं–(१) हिंसा, (२) मृषा, (३) अदत्तादान, (४) अब्रह्म और (५) परिग्रह। इनका वहाँ पर विस्तार से निरूपण है, जिसका समावेश द्रव्यानुयोग के आस्रव अध्ययन में कर लिया गया है।

यहाँ पर यह उल्लेखनीय है कि योग के दो रूप हैं–शुभ एवं अशुभ। उनमें शुभ योग से पुण्य का आस्रव होता है तथा अशुभ योग से पापकर्म का आस्रव होता है। आस्रव के पश्चात् बंध कषाय से होता है। किसी भी कर्म की स्थिति का बंध कषाय से ही होता है। अनुभाग बंध भी कषाय से होता है, किन्तु प्रकृति एवं प्रदेशबंध योग से होता है। स्थितिबंध का यह नियम है कि जितनी कषाय की तीव्रता होगी उतना ही स्थितिबंध अधिक होगा फिर वह बंध चाहे पुण्यकर्म का हो या पाप प्रकृति का। अनुभागबंध इससे भिन्न है। कषाय के बढ़ने से पापकर्म का अनुभागबंध अधिक होता है तथा कषाय के घटने से पुण्यकर्म का अनुभाग बढ़ता है।

आस्रव का निरोध संवर कहलाता है। साधक आस्रव को रोककर संवर की साधना करता है। आस्रव के भेदों से विपरीत संवर के भेद होते हैं। नवतत्त्वों में जीव, अजीव, पुण्य, पाप, आस्रव, संवर, निर्जरा, बंध और मोक्ष की गणना होती है। सात तत्त्वों में पुण्य एवं पाप की गणना नहीं होती। तब पुण्य एवं पाप का समावेश आस्रव में कर लिया जाता है। नवतत्त्वों की चर्चा भी द्रव्यानुयोग का विषय है।[3]

वेद

वैदिक परम्परा में चार वेद प्रसिद्ध हैं–(१) ऋग्वेद, (२) यजुर्वेद, (३) सामवेद और (४) अथर्ववेद। किन्तु जैनदर्शन में 'वेद' शब्द का प्रयोग स्त्री, पुरुष आदि के आपसी सहवास की वासना के अर्थ में हुआ है। दूसरे शब्दों में काम-वासना का अनुभव 'वेद' है। वेद तीन प्रकार

---

१. विशेषावश्यकभाष्य, गाथा ३

२. मिथ्यात्वाविरतिप्रमादकषाययोगाः बन्धहेतवः। *–तत्त्वार्थसूत्र ८/१*

३. नवतत्त्वों पर डॉ. सागरमल जैन ने द्रव्यानुयोग के प्रथम भाग की प्रस्तावना में विस्तार से विचार किया है।

के हैं–(१) स्त्रीवेद, (२) पुरुषवेद और (३) नपुंसकवेद। वेद शब्द बाह्य लिङ्ग का द्योतक नहीं है। स्त्री आदि के बाह्य लिङ्ग होने पर भी वेद का होना आवश्यक नहीं है। वीतरागी पुरुषों के बाह्य लिङ्ग तो बना रहता है, किन्तु काम-वासनारूप वेद क्षय को प्राप्त हो जाता है। नवें गुणस्थान के बाद तीन वेदों में से किसी का भी उदय नहीं रहता है।

स्त्रीवेद का तात्पर्य है स्त्री के द्वारा पुरुष से सहवास की इच्छा। पुरुषवेद का अर्थ है पुरुष द्वारा स्त्री के सहवास की अभिलाषा। नपुंसकवेद से दोनों के साथ ही सहवास की अभिलाषा होती है।

एकेन्द्रिय, विकलेन्द्रिय, सम्मूर्च्छिम तिर्यञ्च पंचेन्द्रिय, सम्मूर्च्छिम मनुष्य एवं समस्त नैरयिक जीवों में नपुंसकवेद होता है। देवों में दो वेद होते हैं–(१) स्त्रीवेद एवं (२) पुरुषवेद। गर्भज तिर्यञ्च पंचेन्द्रिय एवं गर्भज मनुष्यों में तीनों वेद पाये जाते हैं। चार गतियों के चौबीस दण्डकों में मनुष्य का ही एक दण्डक ऐसा है जो अवेदी भी हो सकता है।

मैथुन प्रवृत्ति पाँच प्रकार की कही गई है–(१) कायपरिचारणा, (२) स्पर्शपरिचारणा, (३) रूपपरिचारणा, (४) शब्दपरिचारणा एवं (५) मनःपरिचारणा। काया से सहवास कायपरिचारणा है, मात्र स्पर्श से मैथुन सेवन स्पर्शपरिचारणा है। इसी प्रकार रूप एवं शब्द से परिचारणा संभव है। परिचारणा का अन्तिम भेद मनःपरिचारणा है। इसमें मन से ही मैथुन सेवन किया जाता है।

कषाय

संसार में जीव के परिभ्रमण का प्रमुख कारण कषाय है। कषाय ही कर्मबंध का प्रमुख हेतु है। राजवार्तिक में 'कषाय' शब्द की व्युत्पत्ति करते हुए कहा गया है–"**कषत्यात्मानं हिनस्ति इति कषायः।**"[1] अर्थात् जो आत्मा के स्वभाव को कषता है, हिंसित करता है वह कषाय है। सर्वार्थसिद्धि में कषायों को कषाय नामक न्यग्रोधादि की उपमा दी गई है। जिस प्रकार न्यग्रोधादि संश्लेष के कारण होते हैं उसी प्रकार क्रोधादि कषाय भी कर्मबंध में संश्लेष के कार्य करते हैं।[2]

कषाय चार प्रकार के प्रतिपादित हैं–(१) क्रोध, (२) मान, (३) माया और (४) लोभ। क्रोध का अर्थ है संरंभ या रोष।[3] क्रोध से अशान्ति उत्पन्न होती है तथा क्षमाशीलता भंग होती है। मानकषाय अहंकार का द्योतक है तथा विनय का नाशक है। मायाकषाय सरलता का नाशक है, सत्य से दूर ले जाता है। इसे छल, कपट आदि शब्दों से परिभाषित किया जाता है। मायावी व्यक्ति भीतर एवं बाहर से अलग-अलग होता है। लोभकषाय जीव में तृष्णा एवं इच्छाओं को प्रोत्साहन देता है। इसे उत्तराध्ययनसूत्र में सर्वनाशक कहा गया है।

ये चारों कषाय एकेन्द्रिय से लेकर पंचेन्द्रिय तक के सभी चौबीस दण्डकों में पाये जाते हैं। जैनदर्शन में पृथ्वीकाय, अप्काय, तेजस्काय, वायुकाय एवं वनस्पतिकाय में भी क्रोधादि कषायों को स्वीकार करना जैनधर्म-दर्शन की सूक्ष्मता का परिचायक है। आधुनिक विज्ञान ने भी वनस्पति में चेतना एवं भय, क्रोधादि आवेगों की उत्पत्ति स्वीकार की है।

कषायों का कथन राग-द्वेष के रूप में भी किया जाता है। तब क्रोध एवं मान को द्वेष में तथा माया एवं लोभ को राग में सम्मिलित किया जाता है। यह विभाजन आगमों में सीधा-सीधा प्राप्त नहीं होता है, किन्तु व्यवहार में इसका प्रचलन है।

चार कषायों में प्रत्येक कषाय चार-चार प्रकार का प्रतिपादित है। वे चार प्रकार हैं–(१) अनन्तानुबंधी, (२) अप्रत्याख्यानावरण, (३) प्रत्याख्यानावरण और (४) संज्वलन। आगमों में इन्हें समझाने के लिए विविध दृष्टान्त दिये गये हैं,[4] जो इन भेदों की तीव्रता एवं मन्दता को अभिव्यक्त करते हैं।

अनन्तानुबंधी आदि पदों का क्या अभिप्राय है, इसे यदि जीवन-व्यवहार में देखें तो कहा जा सकता है कि जो कषाय अनन्त अनुबंधयुक्त होता है, जो निरन्तर सघन बना रहता है वह अनन्तानुबंधी है। अनन्तानुबंधी कषायचतुष्क का बंध दूसरे गुणस्थान तक होता है तथा उदय चतुर्थ गुणस्थान तक होता है। अप्रत्याख्यानावरण कषायचतुष्क अनन्तानुबंधी कषायचतुष्क से कम सघन होता है। इसका बंध एवं उदय चतुर्थ गुणस्थान तक ही होता है। सम्यग्दृष्टि प्राप्त हो जाने पर भी अप्रत्याख्यानावरण के कारण विरति प्राप्त नहीं होती। प्रत्याख्यानावरण चतुष्क का बंध एवं उदय पाँचवें गुणस्थान तक होता है, अर्थात् इसमें भोगों का पूर्ण त्याग नहीं होता। श्रावक होने तक इसका बंध एवं उदय रहता है। संज्वलन कषायचतुष्क अत्यल्प होता है। इस कषाय का स्फुरण मात्र होता है। संज्वलन क्रोध, मान, माया एवं लोभ का बंध नवें गुणस्थान के बाद नहीं होता जबकि उदय दसवें गुणस्थान तक रहता है।

हमें क्रोध, मान, माया एवं लोभ के स्थूल रूप का तो अनुभव होता रहता है, किन्तु इनकी सूक्ष्मता एवं निरन्तरता का अनुभव नहीं होता. जबकि हम इन कषायों से सदैव घिरे हुए हैं। साधक जब उत्तरोत्तर साधना में आगे बढ़ता जाता है तो उसे कषायों पर विजय प्राप्त होती है एवं वह उनकी सूक्ष्मता को जानने में समर्थ होता है।

कर्म

जैनागमों में कर्म का सूक्ष्म विवेचन विद्यमान है। कम्मपयडि एवं कर्मग्रन्थों का निर्माण भी आगमों के आधार पर हुआ है, जिनमें

---

१. तत्त्वार्थवार्तिक, भारतीय ज्ञानपीठ २/६, पृ. १०८

२. सर्वार्थसिद्धि, भारतीय ज्ञानपीठ ६/४, पृ. २४६

३. क्रोधो रोषः संरंभः इत्यर्थान्तरम्। *–धवला टीका ६/१, ९. १, २३/४१/४*

४. दृष्टान्त द्रव्यानुयोग, भाग २, पृ. १०७० पर द्रष्टव्य हैं।

कर्मसिद्धान्त का व्यवस्थित निरूपण उपलब्ध होता है। दिगम्बर ग्रन्थ षट्खण्डागम एवं कषायपाहुड में भी कर्म का विशद विवेचन है। श्वेताम्बर आगमों में मुख्यतः प्रज्ञापनासूत्र, व्याख्याप्रज्ञप्तिसूत्र एवं स्थानांगसूत्र में कर्म का विवेचन उपलब्ध होता है। द्रव्यानुयोग के कर्म अध्ययन में कर्म का सर्वांगीण निरूपण संक्षेप में उपलब्ध है। आगमों में कर्म के विविध पक्षों पर चर्चा है। जो कर्मग्रन्थों में प्रायः नहीं मिलती है, इसलिए आगमों में निरूपित कर्म-विवेचन का विशेष महत्त्व है। यह अवश्य है कि कर्मग्रन्थों में कर्मसिद्धान्त का व्यवस्थित प्रतिपादन है, जबकि आगमों में वह बिखरा हुआ है। द्रव्यानुयोग के कर्म अध्ययन में उसका एकत्र संग्रह किया गया है।

कर्मसिद्धान्त के सम्बन्ध में जैनदर्शन की मान्यताएँ अद्भुत हैं। उन मान्यताओं को संक्षेप में इस प्रकार रखा जा सकता है–(१) जीव अपने द्वारा किये गये शुभाशुभ कर्मों का फल स्वयं भोगता है। (२) कर्मों का फल प्रदान करने के लिए किसी नियन्ता या ईश्वर को मानने की आवश्यकता नहीं है। (३) जीव जिन कर्मों से आबद्ध होता है वे कर्म ही स्वयं समय आने पर फल प्रदान करते हैं। (४) कर्म दो प्रकार के माने गये हैं–(१) द्रव्यकर्म और (२) भावकर्म। मिथ्यात्व, अविरति, प्रमाद, कषाय एवं योगरूप हेतुओं से जो किया जाता है वह भावकर्म है। किसी अपेक्षा से राग-द्वेषादि को भी भावकर्म कह दिया जाता है। भावकर्म के कारण कार्मण-वर्गणाएँ जब जीव के साथ बंध को प्राप्त हो जाती हैं तो वे द्रव्यकर्म कही जातीं हैं। (५) द्रव्यकर्म ही जीव को समय आने पर फल प्रदान करते हैं। (६) जीव एवं कर्म का अनादि सम्बन्ध है, किन्तु इस सम्बन्ध का अन्त किया जा सकता है, क्योंकि यह सम्बन्ध दो भिन्न द्रव्यों का है। (७) कर्मयुक्त जीव को संसारी जीव कहा जाता है, क्योंकि वह संसार में एक गति से दूसरी गति में परिभ्रमण करता रहता है। जो जीव पूर्णतः कर्ममुक्त हो जाता है उसे सिद्ध जीव कहते हैं। (८) जीव के जो स्वाभाविक गुण हैं वे भी विभिन्न कर्मों के कारण आवरित हो जाते हैं। जैसे ज्ञानावरणकर्म से ज्ञानगुण एवं दर्शनावरणकर्म से दर्शनगुण आवरित हो जाता है। मोहनीयकर्म से सम्यक्त्व एवं अन्तरायकर्म से दानादि लब्धियाँ प्रभावित होती हैं। (९) कर्म आठ प्रकार के माने गये हैं–(१) ज्ञानावरण, (२) दर्शनावरण, (३) वेदनीय, (४) मोहनीय, (५) आयुष्य, (६) नाम, (७) गोत्र और (८) अन्तराय। (१०) इन आठ कर्मों में से ज्ञानावरण, दर्शनावरण, मोहनीय एवं अन्तराय को घातिकर्म कहा जाता है क्योंकि ये चारों कर्म आत्म-गुणों का घात करते हैं। शेष चार कर्मों–वेदनीय, आयुष्य, नाम एवं गोत्र को अघातिकर्म कहा जाता है, क्योंकि ये आत्म-गुणों का घात नहीं करते हैं। (११) कर्मों को पाप एवं पुण्यकर्मों के रूप में भी विभक्त किया जाता है। आठ कर्मों से चार घातिकर्म तो पापरूप ही होते हैं, किन्तु अघातिकर्म पाप एवं पुण्य दोनों प्रकार के होते हैं, यथा–वेदनीयकर्म के दो भेदों में सातावेदनीय को पुण्यरूप एवं असातावेदनीय को पापरूप कहा जाता है। (१२) कर्म के चार रूप माने गये हैं–(१) प्रकृतिकर्म, (२) स्थितिकर्म, (३) अनुभावकर्म और (४) प्रदेशकर्म। बद्धकर्मों के स्वभाव को प्रकृतिकर्म, उनके ठहरने की कालावधि को स्थितिकर्म, फलदान-शक्ति को अनुभावकर्म तथा परमाणु-पुद्गलों के संचय को प्रदेशकर्म कहते हैं। (१३) सभी प्रकार के कर्मों का इन चार रूपों में बंध होता है। उदयादि भी इन चार रूपों में होता है। (१४) कर्मसिद्धान्त में बंध, उदय, उदीरणा, सत्ता, उत्कर्षण, अपकर्षण, संक्रमण, निधत्त और निकाचित् करण का बड़ा महत्त्व है। कर्म-प्रकृतियों का बँधना बंध कहलाता है। उनका फल प्रदान करते समय प्रकट होना उदय है तथा उदयकाल के पूर्व जो प्रक्रिया होती है उसे उदीरणा कहते हैं। तप आदि के माध्यम से कर्मों की उदीरणा कभी-कभी समय के पूर्व भी हो जाती है। जब बँधा हुआ कर्म उदीरणा, उदय आदि को प्राप्त न हो तो उसे सत्ता में स्थित कर्म कहा जाता है। जब बँधे हुए कर्म की उत्तर प्रकृतियों की स्थिति एवं अनुभाव में वृद्धि होती है तो उसे उत्कर्षण कहते हैं तथा जब उनके स्थिति एवं अनुभाव में कमी आती है तो उसे अपकर्षण कहा जाता है। जब कर्म की उत्तर प्रकृति उसी कर्म की अन्य उत्तर प्रकृति में परिवर्तित होती है तो इसे संक्रमण कहा जाता है। जिस कर्म का उत्कर्षण एवं अपकर्षण न हो उसे निधत्त कहते हैं तथा जब कर्म-प्रकृतियों का संक्रमण भी न हो तो उसे निकाचित्करण कहते हैं। (१५) कर्म अगुरुलघु होते हैं, तथापि कर्म से जीव विविध रूपों में परिणत होते हैं एवं उनका फल भोगते हैं। (१६) ज्ञानावरणादि आठ कर्मों की ९७ उत्तर प्रकृतियाँ हैं। किसी अपेक्षा से १२२, १४८ और १५८ उत्तर प्रकृतियाँ भी गिनी जाती हैं। इनमें मुख्यतः नामकर्म की प्रकृतियों की संख्या में अन्तर आता है, अन्य में नहीं। (१७) ज्ञानावरण से अन्तराय तक के सभी कर्म पाँच वर्ण, दो गंध, पाँच रस और चार स्पर्श वाले होते हैं। (१८) बँधे हुए कर्म जीव के साथ जितने समय तक टिकते हैं उसे उनका स्थितिकाल कहते हैं। (१९) बद्धकर्म का उदयरूप या उदीरणारूप प्रवर्तन जिस काल में नहीं होता उसे अबाधा या अबाधाकाल कहते हैं। कर्मों के उदयाभिमुख होने का काल निषेक काल है। अबाधाकाल सामान्यतः कर्म के उत्कृष्ट स्थितिकाल के अनुपात में होता है। (२०) आत्मा ही अपने कर्मों का कर्ता एवं वही उनका विकर्ता है। अर्थात् बंधन में भी वही प्राप्त होता है एवं मुक्त भी वही होता है। (२१) कर्म चैतन्यकृत होते हैं, अचैतन्यकृत नहीं। (२२) कर्मों के सम्बन्ध में एक यह मान्यता चल पड़ी है कि बद्धकर्मों का वेदन किये बिना मोक्ष नहीं होता। किन्तु यह मान्यता एकान्त रूप से सत्य नहीं है। आगम में दो प्रकार के कर्म प्रतिपादित हैं– प्रदेशकर्म और अनुभागकर्म। इनमें से प्रदेशकर्म अवश्य भोगना पड़ता है, किन्तु अनुभागकर्म का वेदन आवश्यक नहीं है। जीव किसी अनुभागकर्म का वेदन करता है और किसी का नहीं, क्योंकि वह संक्रमण, स्थितिघात, रसघात आदि के द्वारा उन्हें परिवर्तित कर सकता है एवं निर्जरा भी कर सकता है।

वेदना

जीव को सुख-दुःख आदि का अनुभव होना वेदना है। जिसका वेदन किया जाता है उसे भी उपचार से वेदना कहते हैं। वेदनीयकर्म से वेदना का गहरा सम्बन्ध है। वेदनीयकर्म के दो भेद हैं–साता एवं असाता। वेदना का अनुभव प्रायः इन दो ही प्रकारों में विभक्त होता है, तथापि वेदना के विविध पक्षों के आधार पर उसके अनेक भेद निरूपित हैं। स्पर्श के आधार पर वेदना तीन प्रकार की है–(१) शीत, (२) उष्ण एवं (३) शीतोष्ण। वेदना शारीरिक, मानसिक एवं उभयविध होने से भी तीन प्रकार की होती है। वह साता, असाता एवं साता-असाता के रूप में भी वेदित होती है। उसे दुःखरूप, सुखरूप एवं अदुःख-सुखरूप वेदित होने से भी तीन प्रकार का कहा गया है। वेदना का वेदन–(१) द्रव्यतः, (२) क्षेत्रतः, (३) कालतः एवं (४) भावतः होने से वेदना के चार प्रकार भी हैं।

समस्त वेदनाओं का विभाजन दो भेदों में हो सकता है। कुछ वेदनाएँ आभ्युपगमिकी होती हैं अर्थात् उन्हें स्वेच्छापूर्वक स्वीकार किया जाता है, यथा–केशलोच आदि। कुछ वेदनाएँ औपक्रमिकी होती हैं जो वेदनीयकर्म के उदीरित होने से प्रकट होती हैं। इन वेदनाओं का वेदन जब संज्ञीभूत जीव करते हैं तब वह वेदना 'निदा वेदना' कहलाती है तथा जब इनका वेदन असंज्ञीभूत जीव करते हैं तो यह वेदना 'अनिदा वेदना' कही जाती है।

व्याख्याप्रज्ञप्तिसूत्र में एवम्भूत एवं अनेवम्भूत वेदना का निरूपण है। जब वेदना का वेदन कर्मबंध के अनुरूप होता है तो उसे 'एवम्भूत वेदना' कहते हैं तथा जब कर्मबंध से परिवर्तित रूप में वेदना का वेदन होता है तो उसे अनेवम्भूत वेदना कहा जाता है। पृथ्वीकायिक आदि जीवों को भी वेदना का अनुभव होता है। आक्रान्त किये जाने पर उन्हें अनिष्ट वेदना का अनुभव होता है।

एकेन्द्रियादि जीवों में वेदना का प्रतिपादन जीव-रक्षा एवं पर्यावरण की दृष्टि से बड़ा महत्त्व रखता है। संसारस्थ प्राणी कभी सुखरूप वेदना का वेदन करते हैं तथा कभी दुःखरूप वेदना का वेदन करते हैं, इसलिए कोई भी प्राणी हिंस्य नहीं है।

वेदना एवं निर्जरा में भेद है। वेदना कर्म की होती है तथा निर्जरा नोकर्म की होती है। वेदना का समय भिन्न होता है एवं निर्जरा का समय भिन्न होता है। वेदना कर्म के उदय में आने पर होती है तथा फल दे दिये जाने पर नोकर्म की निर्जरा होती है।

गति और उसके प्रकार

'गति' शब्द गमन का वाचक है। सर्वार्थसिद्धि, राजवार्तिक आदिग्रन्थों में गति का लक्षण इस प्रकार दिया गया है–"**देशाद् देशान्तरप्राप्तिहेतुर्गतिः।**" अर्थात् एक स्थान से दूसरे स्थान को प्राप्त करने का जो हेतु या कारण है उसे गति कहते हैं। वस्तुतः गति तो क्रिया की बोधक होती है, किन्तु उपचार से गति के कारण जो अवस्था प्राप्त होती है उसे भी गति कह दिया जाता है। नरकगति आदि को गति इसी दृष्टि से कहा गया है।

गति-क्रिया जीव एवं पुद्गल द्रव्यों में पायी जाती है, शेष चार द्रव्यों में नहीं। ये दो द्रव्य ही एक स्थान से दूसरे स्थान की ओर गमन करते हैं। षड्द्रव्यों में धर्म, अधर्म एवं आकाश तो लोकव्यापी हैं, अतः इनमें कोई गति-क्रिया नहीं होती है। काल अप्रदेशी है, इसलिए उसमें भी गति सम्भव नहीं। इसलिए जीव एवं पुद्गल में ही गति-क्रिया सम्भव है। स्थानांगसूत्र में गति आठ प्रकार की निरूपित है, यथा– (१) नरकगति, (२) तिर्यञ्चगति, (३) मनुष्यगति, (४) देवगति, (५) सिद्धगति, (६) गुरुगति, (७) प्रणोदनगति और (८) प्राग्भारगति। इनमें से प्रारम्भ की पाँच गतियाँ जीव से सम्बद्ध हैं तथा अन्तिम तीन गतियाँ पुद्गल में उपलब्ध होती हैं। इनमें परमाणु की स्वाभाविक गति को गुरुगति कहा जाता है। प्रेरित करने पर जो गति होती है वह प्रणोदनगति है। यह जीव एवं पुद्गल दोनों में सम्भव है। प्राग्भारगति एक प्रकार से वजन के बढ़ने पर नीचे झुकने की गति अथवा गुरुत्वाकर्षण की गति का बोधक है। यह भी पुद्गल में पायी जाती है। प्रारम्भिक पाँच गतियों में चार संसारी जीवों में होती हैं तथा पाँचवीं गति मुक्त-जीव में एक ही बार होती है।

संसारी जीवों की चार गतियाँ प्रसिद्ध हैं–(१) नरकगति, (२) तिर्यञ्चगति, (३) मनुष्यगति और (४) देवगति।[1]

व्युत्क्रान्ति

जीव एक स्थान से उद्वर्तन (मरण) करके दूसरे स्थान पर जन्म ग्रहण करता है उसे व्युत्क्रान्ति कहा जा सकता है। व्युत्क्रान्ति शब्द ऐसी विशिष्ट मृत्यु के लिए प्रयुक्त है जिसके अनन्तर जीव जन्म ग्रहण करता है। इस प्रकार व्युत्क्रान्ति के अन्तर्गत उपपात, जन्म, उद्वर्तन, च्यवन, मरण आदि का तो समावेश होता ही है, किन्तु इससे सम्बद्ध विग्रहगति, सान्तर-निरन्तर उपपात, सान्तर-निरन्तर उद्वर्तन, उपपात विरह, उद्वर्तन विरह आदि अनेक तथ्यों का भी अन्तर्भाव हो जाता है। गति-आगति का चिन्तन भी इस प्रकार व्युत्क्रान्ति का ही एक अंग है। सारांश में कहें तो मरण से लेकर जन्म ग्रहण करने तक का समस्त क्रियाकलाप व्युत्क्रान्ति का क्षेत्र है।

द्रव्यानुयोग के व्युत्क्रान्ति अध्ययन में व्यापक रूप से उपर्युक्त विषय-वस्तु का विवेचन हुआ है।

गर्भ

गर्भ अध्ययन में उन जीवों के जन्म का विवेचन है जो गर्भ से जन्म ग्रहण करते हैं। इसके साथ ही विग्रहगति एवं मरण का भी विशद वर्णन हुआ है। यह अध्ययन व्युत्क्रान्ति अध्ययन का पूरक है।

जन्म तीन प्रकार का होता है–(१) सम्मूर्च्छिम-जन्म, (२) गर्भ-जन्म और (३) उपपात-जन्म। एकेन्द्रिय, द्वीन्द्रियादि जीवों का जन्म सम्मूर्च्छिम-जन्म कहलाता है। देवों एवं नैरयिकों का जन्म बिना माता-पिता के संयोग के होने से उपपात-जन्म कहलाता है। मनुष्य, पशु, पक्षी आदि कुछ जीव ऐसे हैं जिनका जन्म गर्भ से होता है। चौबीस दण्डकों में मात्र दो दण्डकों के जीवों का जन्म गर्भ से होता है। वे दण्डक हैं– (१) मनुष्य और (२) पंचेन्द्रिय तिर्यञ्च। नरक, दस भवनपति, वाणव्यन्तर, ज्योतिषी एवं वैमानिक देवों का अर्थात् १४ दण्डकों के जीवों का जन्म उपपात-जन्म होता है। शेष ८ दण्डकों (पाँच स्थावर, तीन विकलेन्द्रिय) का जन्म सम्मूर्च्छिम जन्म होता है। मनुष्य एवं तिर्यञ्च पंचेन्द्रियों में भी कुछ जीव सम्मूर्च्छिम जन्म से उत्पन्न होते हैं।

गर्भगत जीव के शरीर में माता के तीन अंग होते हैं–(१) माँस, (२) शोणित और (३) मस्तिष्क। पिता के भी तीन अंग होते हैं–

---

१. गतियों के सम्बन्ध में विशेष विवेचन हेतु गति, नरकगति, तिर्यञ्चगति, मनुष्यगति एवं देवगति अध्ययन (द्रव्यानुयोग, भाग–२) एवं उनके आमुख द्रष्टव्य हैं।

(१) हड्डी, (२) मज्जा और (३) केश, दाढ़ी, मूँछ, रोम व नख। गर्भ धारण किस प्रकार होता है तथा किस प्रकार नहीं, इसका विवेचन स्थानांगसूत्र में हुआ है जो गर्भ अध्ययन में समाविष्ट है।

आधुनिक युग में गर्भ धारण करने के सम्बन्ध में टेस्ट ट्यूब बेबी (परखनली शिशु) का आविष्कार हुआ है, किन्तु इससे आगम का कोई विरोध नहीं है। कभी-कभी बच्चा स्त्री, पुरुष एवं नपुंसक के रूप में जन्म न लेकर विचित्र आकृति ग्रहण कर लेता है। इसका उल्लेख स्थानांगसूत्र में उपलब्ध है।[1]

जीव जब एक शरीर को छोड़कर अन्यत्र जन्म ग्रहण करने के लिए गति करता है तो उसे विग्रहगति कहा जाता है। विग्रहगति में जीव को प्रायः एक, दो या तीन समय लगते हैं, किन्तु एकेन्द्रिय जीवों को विग्रहगति में चार समय तक लग जाते हैं।

मरण के पाँच प्रकार भी निरूपित हैं तथा १७ प्रकार भी प्रतिपादित हैं। पाँच मरण हैं–(१) आवीचिमरण, (२) अवधिमरण, (३) आत्यन्तिकमरण, (४) बालमरण और (५) पण्डितमरण। इनमें बालमरण के वलयमरण, वशार्तमरण आदि १२ प्रकार हैं तथा पण्डितमरण दो प्रकार का प्रतिपादित है–(१) पादपोपगमन और (२) भक्तप्रत्याख्यान।[2]

आगम में मृत्यु के समय जीव के निकलने के पाँच मार्ग प्रतिपादित हैं–(१) पैर, (२) उरु, (३) हृदय, (४) सिर और (५) सर्वांग शरीर। पैरों से निर्याण करने वाला जीव नरकगामी होता है, उरु से निर्याण करने वाला तिर्यग्गामी, हृदय से निर्याण करने वाला मनुष्यगामी, सिर से निर्याण करने वाला देवगामी और सर्वांग से निर्याण करने वाला जीव सिद्धगति को प्राप्त करता है।

युग्म

जैनागमों में 'युग्म' शब्द चार की संख्या का द्योतक है। चार की संख्या के आधार पर युग्म का विचार किया जाता है। प्रायः गणितशास्त्र में समसंख्या को युग्म एवं विषम संख्या को ओज कहा जाता है। इन युग्म एवं ओज संख्याओं का विचार जब चार की संख्या के आधार पर किया जाता है तो युग्म के चार भेद बनते हैं–(१) कृतयुग्म, (२) ओज, (३) द्वापरयुग्म और (४) कल्योज। इनमें से दो 'युग्म' अर्थात् सम राशियाँ हैं तथा दो 'ओज' अर्थात् विषम राशियाँ हैं। इन सबका विचार चार की संख्या के आधार पर किये जाने से इन्हें युग्म राशियाँ कहा जाता है। जिस राशि में से चार-चार निकालने पर अन्त में चार शेष रहे वह 'कृतयुग्म' है, यथा–८, १२, १६, २०, २४ आदि संख्याएँ। जिस राशि में से चार-चार निकालने पर अन्त में तीन शेष रहे उसे त्र्योज कहते हैं, यथा–७, ११, १५, १९ आदि संख्याएँ। जिस राशि में से चार-चार घटाने पर अन्त में दो शेष रहे उसे द्वापरयुग्म एवं जिसमें एक शेष रहे उसे कल्योज कहते हैं, यथा–६, १०, १४, १८ आदि संख्याएँ द्वापरयुग्म एवं ५, ९, १३, १७ आदि संख्याएँ कल्योज हैं।

गम्मा (गमक)

चौबीस दण्डकों में परस्पर गति-आगति अथवा व्युक्रान्ति के आधार पर उपपात आदि २० द्वारों से गमक अध्ययन में प्रमुखतः विचार किया गया है। २० द्वार हैं–(१) उपपात, (२) परिमाण (संख्या), (३) संहनन, (४) उच्चत्व (अवगाहना), (५) संस्थान, (६) लेश्या, (७) दृष्टि, (८) ज्ञान-अज्ञान, (९) योग, (१०) उपयोग, (११) संज्ञा, (१२) कषाय, (१३) इन्द्रिय, (१४) समुद्घात, (१५) वेदना, (१६) वेद, (१७) आयुष्य, (१८) अध्यवसाय, (१९) अनुबन्ध और (२०) कायसंवेध।

उपपात द्वार के अन्तर्गत यह विचार किया गया है कि अमुक दण्डक का जीव कहाँ से आकर उत्पन्न होता है। परिमाण द्वार में उनकी उत्पत्ति की संख्या के सन्दर्भ में विचार किया गया है। संहनन द्वार के अन्तर्गत अमुक दण्डक में उत्पन्न होने वाले (किन्तु अधुना यावत् अनुत्पन्न) जीव के संहननों की चर्चा है। उच्चत्व द्वार में वर्तमान भव की अवगाहना का वर्णन है। संस्थान, लेश्या, दृष्टि, ज्ञान-अज्ञान, योग, उपयोग, संज्ञा, कषाय, इन्द्रिय एवं समुद्घात द्वारों में उत्पद्यमान जीव में इनसे सम्बद्ध प्ररूपणा है। वेदना द्वार में साता एवं असातावेदना का तथा वेद द्वार में स्त्रीवेद, पुरुषवेद एवं नपुंसकवेद का विचार किया गया है। आयुष्य द्वार के अन्तर्गत 'स्थिति' की चर्चा है। अध्यवसाय दो प्रकार के होते हैं–(१) प्रशस्त एवं (२) अप्रशस्त। जो जीव जिस दण्डक में उत्पन्न होने वाला होता है उसके अनुसार ही उसके प्रशस्त या अप्रशस्त अध्यवसाय अर्थात् भाव पाये जाते हैं। अनुबन्ध एवं कायसंवेध ये दो द्वार इस अध्ययन में सर्वथा विशिष्ट हैं। अनुबन्ध का तात्पर्य है विवक्षित पर्याय का अविच्छिन्न या निरन्तर बने रहना तथा कायसंवेध का तात्पर्य है वर्ण्यमान काय से दूसरी काय में या तुल्यकाय में जाकर पुनः उसी काय में लौटना। इन बीस द्वारों के माध्यम से प्रत्येक दण्डक के विविध प्रकार के जीवों की जो जानकारी इस अध्ययन में संकलित है वह अत्यन्त सूक्ष्म एवं युक्तिसंगत है।

२० द्वारों के निरूपण में यत्र-तत्र नौ गमकों का भी प्रयोग हुआ है। ये नौ गमक ओघ, जघन्य एवं मध्यम स्थितियों के कारण बने हैं। गमक अध्ययन का आधार व्याख्याप्रज्ञप्तिसूत्र का चौबीसवाँ शतक है अतः विशेष जानकारी हेतु इस शतक की टीका या वृत्ति का अनुशीलन सहायक होगा।

आत्मा

'आत्मा' एवं 'जीव' शब्द आगम में एकार्थक हैं, इसलिए जीव अध्ययन का विवेचन होने के पश्चात् 'आत्मा' के पृथक् अध्ययन की आवश्यकता नहीं रहती है, तथापि 'आत्मा' शब्द से आगम में जो विशिष्ट विवेचन उपलब्ध है, उसे इस अध्ययन में संकलित किया गया है।

---

१. स्थानांगसूत्र ४/४, सूत्र ३०७

२. पण्डितमरण अथवा समाधिमरण के सम्बन्ध में विशेष जानकारी हेतु 'प्रकीर्णक साहित्य में समाधिमरण की अवधारणा' (प्रकीर्णक साहित्य : मनन और मीमांसा, उदयपुर) लेख द्रष्टव्य है।

'आत्मा' शब्द जीव का सूक्ष्म एवं विशिष्ट विवेचन करता है। इस आत्मा को जीवात्मा भी कहा गया है। वेदान्तदर्शन में 'आत्मा' शब्द ब्रह्म के लिए प्रयुक्त हुआ है तथा 'जीव' शब्द अज्ञानाच्छन्न सांसारिक प्राणियों के लिए प्रयुक्त होता है। जैनदर्शन में जीव एवं आत्मा में ऐसा भेद नहीं है। यहाँ पर संसारी प्राणियों को भी जीव कहा गया है तथा मुक्त (सिद्ध) जीवों को भी जीव कहा गया है। इस प्रकार जीवों की संख्या अनन्त है, फिर भी चैतन्य के साम्य की दृष्टि से ठाणांगसूत्र में 'एगे आया' अर्थात् 'आत्मा एक है' कथन का प्रयोग हुआ है।

संख्या की दृष्टि से जैनदर्शन में अनन्त आत्माएँ मान्य हैं। वेदान्तदर्शन ब्रह्म या आत्मा को संख्या की दृष्टि से एक मानता है तथा संसारी जीवों में उसका ही चैतन्यांश स्वीकार करता है, किन्तु जैनदर्शन में आत्मा एक नहीं, अनन्त हैं।

आत्मा का स्वरूप ज्ञानदर्शनमय है। आत्मा कदाचित् ज्ञानरूप है तथा कदाचित् अज्ञानरूप है, किन्तु ज्ञान नियमतः आत्मा है। अज्ञान का अर्थ ज्ञान का अभाव नहीं है, अपितु मिथ्यादर्शन की उपस्थिति में जो ज्ञान होता है उसे ही अज्ञान कहा जाता है। दर्शन नियमतः आत्मा होता है तथा आत्मा नियमतः दर्शन होता है।

आत्मा को अपेक्षाविशेष से आठ प्रकार का कहा गया है–(१) द्रव्य-आत्मा, (२) कषाय-आत्मा, (३) योग-आत्मा, (४) उपयोग-आत्मा, (५) ज्ञान-आत्मा, (६) दर्शन-आत्मा, (७) चारित्र-आत्मा और (८) वीर्य-आत्मा। इनमें द्रव्य-आत्मा का तात्पर्य है आत्मा का द्रव्य से होना अथवा प्रदेशयुक्त जीव द्रव्य के रूप में होना। यह द्रव्य-आत्मा तो सभी जीवों में सदैव रहती है। कषाययुक्त आत्मा को कषाय-आत्मा; मन, वचन एवं काया के योग से युक्त आत्मा को योग-आत्मा; ज्ञान-दर्शन रूप उपयोग सम्पन्न आत्मा को उपयोग-आत्मा; ज्ञान-गुण-लक्षण की दृष्टि से उसे ज्ञान-आत्मा एवं दर्शन-गुण-लक्षण की अपेक्षा से उसे दर्शन-आत्मा कहते हैं। इसी प्रकार चारित्रयुक्त होने की अपेक्षा से उसे चारित्र-आत्मा एवं वीर्य-पराक्रम से सम्पन्न होने के कारण उसे वीर्य-आत्मा कहा जाता है। इनमें द्रव्य-आत्मा, उपयोग-आत्मा, ज्ञान-आत्मा, दर्शन-आत्मा और वीर्य-आत्मा सभी जीवों में एक साथ हो सकती हैं। कषाय-आत्मा तो सकषायी संसारी जीवों में होती है तथा योग-आत्मा सयोगीकेवली गुणस्थान तक पायी जाती है। चारित्र-आत्मा चारित्रयुक्त जीवों में होती है। 'आत्मा' का यह विश्लेषण एक ही जीव के विभिन्न आयामों को प्रकट करता है।

ज्ञातव्य तथ्य यह है कि प्राणातिपात यावत् मिथ्यादर्शनशल्य, प्राणातिपातविरमण यावत् मिथ्यादर्शनशल्यविवेक, औत्पातिकी यावत् पारिणामिकी बुद्धि, अवग्रह यावत् धारणा, उत्थान यावत् पुरुषकार पराक्रम, नैरयिकत्व यावत् वैमानिकत्व, ज्ञानावरण यावत् अन्तरायकर्म, कृष्णलेश्या यावत् शुक्ललेश्या, तीनों दृष्टियाँ, चारों दर्शन, पाँचों ज्ञान एवं तीनों अज्ञान, आहारादि चार संज्ञाएँ, पाँचों शरीर, तीनों योग, साकारोपयोग एवं अनाकारोपयोग तथा इनके जैसे और भी पदार्थ आत्मा के अतिरिक्त अन्यत्र परिणमन नहीं करते हैं। ये सब आत्मा के साथ सम्बद्ध हैं तथा उसमें ही परिणमन करते हैं। शब्द, रूप, गंध, रस एवं स्पर्श को ग्रहण करने का कार्य आत्मा दो प्रकार से करती है–शरीर के एक भाग से अथवा समस्त शरीर से। अवभास, प्रभास, विक्रिया, परिचारणा, भाषा, आहार, परिणमन, वेदन और निर्जरा आदि क्रियाएँ भी आत्मा उपर्युक्त दो प्रकारों से करती है।

समुद्घात

विभिन्न कारणों से जब जीव के आत्म-प्रदेश शरीर से बाहर निकलते हैं तो उसे समुद्घात कहा जाता है। वे आत्म-प्रदेश पुद्गलयुक्त होते हैं, इसलिए समुद्घातों का निरूपण करते समय आगम में पुद्गलों को भी शरीर से बाहर निकालने का वर्णन मिलता है।

जैनदर्शन एक ओर आत्मा को स्वदेह-परिमाण स्वीकार करता है तो दूसरी ओर समुद्घात के समय आत्म-प्रदेशों का शरीर से बाहर निकलकर सम्पूर्ण लोक में फैल जाने की बात भी स्वीकार करता है। यह जैनदर्शन की अनूठी मान्यता है। आगम के अनुसार समुद्घात के समय जो पुद्गलयुक्त आत्म-प्रदेश लोक में फैलते हैं, वे इतने सूक्ष्म होते हैं कि इन्द्रियों के माध्यम से उनका अनुभव नहीं किया जा सकता। विशेषतः केवली समुद्घात के समय आत्म-प्रदेश सम्पूर्ण लोक में व्याप्त हो जाते हैं, किन्तु इसका अनुभव छद्मस्थ जीवों को नहीं होता। जैनागम में प्रतिपादित समुद्घात की अवधारणा वैज्ञानिकों के लिए आश्चर्य एवं शोध का विषय है।

समुद्घात सात प्रकार के होते हैं–(१) वेदना, (२) कषाय, (३) मारणान्तिक, (४) वैक्रिय, (५) तेजस्, (६) आहारक और (७) केवली।

वेदना के असह्य होने पर उसे सहन करने अथवा निर्जरित करने के लिए जीव वेदना समुद्घात करता है। कषाय समुद्घात कषाय का आवेग बढ़ने पर होता है। मारणान्तिक समुद्घात देह-त्याग के समय होता है। वैक्रिय समुद्घात वैक्रियलब्धि के होने पर अथवा उत्तरवैक्रिय करते समय किया जाता है। तेजस् समुद्घात तेजोलेश्या का प्रयोग करते समय या ऐसे ही अन्य प्रसंग में किया जाता है। आहारक समुद्घात तव किया जाता है जब कोई चौदह पूर्वधारी मुनि आहारक शरीर का पुतला जिनेन्द्र देव से विशिष्ट जानकारी हेतु बाहर भेजता है। केवली समुद्घात का प्रयोजन भिन्न है। जब केवली के आयुष्यकर्म की स्थिति कम हो तथा वेदनीय, गोत्र एवं नामकर्म की स्थिति अधिक हो तो उसे सम करने के लिए केवली समुद्घात किया जाता है। केवली समुद्घात के अलावा छह समुद्घात छद्मस्थों में पाये जाते हैं। छद्मस्थ में होने वाले समुद्घातों का काल असंख्यात समय है जबकि केवली समुद्घात का काल मात्र आठ समय है।

इन समुद्घातों में से केवली समुद्घात एक बार होता है और वह भी केवली बनने पर किसी-किसी केवली को होता है। आहारक समुद्घात मनुष्य पर्याय में एक जीव की अपेक्षा अतीत में उत्कृष्ट तीन हुए हैं तथा भविष्य में चार से अधिक नहीं होंगे। यह मात्र चौदह पूर्वधारी मुनि को छठे गुणस्थान में होता है। वेदना, कषाय, मारणान्तिक, वैक्रिय एवं तेजस् समुद्घात कदाचित् असंख्यात तथा कदाचित् अनन्त तक हो सकते हैं।

चरमाचरम

आगम में जीवादि द्रव्यों की विविध प्रकार से प्ररूपणा हुई है। इससे इन द्रव्यों की विविध विशेषताएँ प्रकट हुई हैं। चरम एवं अचरम की दृष्टि द्वारा निरूपण भी यही प्रयोजन सिद्ध करता है। चरम का अर्थ होता है–अन्तिम एवं अचरम का अर्थ होता है–जो अन्तिम न हो। जीव एवं अजीव द्रव्य जिस अवस्था-विशेष अथवा भाव-विशेष को पुनः प्राप्त नहीं करेंगे, उस अवस्था एवं भाव-विशेष की अपेक्षा वे चरम एवं जिसे पुनः प्राप्त करेंगे, उसकी अपेक्षा अचरम कहे जाते हैं।

चरम एवं अचरम की दृष्टि से षड्द्रव्यों में से जीव एवं पुद्गल का ही विचार किया जाता है, शेष चार द्रव्यों–धर्म, अधर्म, आकाश एवं काल का चरम-अचरम संभव नहीं है। इसलिए आगम में इन चारों के चरम एवं अचरम का कोई विचार नहीं हुआ है।

चौबीस दण्डकों एवं जीव-सामान्य में चरमाचरमत्व का निरूपण ११ द्वारों से किया गया है। वे ११ द्वार हैं–(१) गति, (२) स्थिति, (३) भव, (४) भाषा, (५) आनापान, (६) आहार, (७) भाव, (८) वर्ण, (९) गंध, (१०) रस एवं (११) स्पर्श द्वार। जीव कथंचित् चरम है एवं कथंचित् अचरम है। जीवभाव की अपेक्षा वह अचरम है तथा नैरयिकभाव की अपेक्षा वह चरम है। अन्य विवक्षा से १४ द्वारों में भी चरमाचरमत्व का निरूपण हुआ है। वे १४ द्वार हैं–(१) जीव, (२) आहारक, (३) भवसिद्धिक, (४) संज्ञी, (५) लेश्या, (६) दृष्टि, (७) संयत, (८) कषाय, (९) ज्ञान, (१०) योग, (११) उपयोग, (१२) वेद, (१३) शरीर एवं (१४) पर्याप्तक द्वार।

अजीव द्रव्यों में से पुद्गल के चरमाचरमत्व पर विचार किया जाता है। पुद्गल के पाँच संस्थान प्रतिपादित हैं–(१) परिमण्डल, (२) वृत्त, (३) त्रिकोण, (४) चतुष्कोण और (५) आयत। पंचकोण, षट्कोण आदि का समावेश उपलक्षण से चतुष्कोण में ही हो जायेगा। ये सभी संस्थान नियम से एक की अपेक्षा अचरम एवं बहुवचन की अपेक्षा चरम होते हैं। परमाणु पुद्गल द्रव्यादेश से अचरम हैं तथा क्षेत्रादेश, कालादेश एवं भावादेश से वह कदाचित् चरम हैं और कदाचित् अचरम हैं।

अजीव

लोक में मुख्यतः दो ही द्रव्य हैं–(१) जीव द्रव्य और (२) अजीव द्रव्य। षड्द्रव्यों में से जीव को छोड़कर शेष पाँच द्रव्यों–(१) धर्म, (२) अधर्म, (३) आकाश, (४) काल और (५) पुद्गल की गणना अजीव द्रव्य में की जाती है। जीव द्रव्य चेतनायुक्त होता है, उसमें ज्ञान एवं दर्शन गुण रहते हैं, जबकि अजीव द्रव्य चेतनाशून्य होता है तथा वह ज्ञान-दर्शन गुणों से रहित होता है। जीव द्रव्य उपयोगमय होता है, जबकि अजीव द्रव्य में उपयोग नहीं पाया जाता। जीव एवं अजीव की भेदक रेखाएँ अनेक हैं, किन्तु मुख्यतः ज्ञान, दर्शन, उपयोग या चैतन्य के आधार पर इन्हें पृथक् किया जाता है।

उ. गौतम ! वह जघन्य दस हजार वर्ष और उत्कृष्ट देशोन दो पल्योपम की स्थिति वाले नागकुमारों में उत्पन्न होता है।

जिस प्रकार असंख्यातवर्ष की आयु वाले तिर्यञ्चों के नागकुमारों में उत्पन्न होने सम्बन्धी प्रथम तीन गमक कहे हैं उसी प्रकार यहाँ भी तीनों गमक कहने चाहिए।

विशेष–पहले और दूसरे गमक में शरीरों की अवगाहना जघन्य कुछ अधिक पाँच सौ धनुष और उत्कृष्ट तीन गाउ होती है।

तीसरे गमक में अवगाहना जघन्य देशोन दो गाउ और उत्कृष्ट तीन गाउ होती है। (यह प्रथम द्वितीय तृतीय गमक है)

वही स्वयं (नागकुमार) जघन्य काल की स्थिति वाला हो तो उसके भी तीनों गमकों में असुरकुमारों में उत्पन्न होने योग्य असंख्यात वर्ष की आयु वाले संज्ञी मनुष्यों के समान समग्र कथन करना चाहिए। (यह चौथा-पांचवाँ छट्ठा गमक है।)

वही (नागकुमार) स्वयं उत्कृष्ट काल की स्थिति वाला हो तो उसके भी तीनों गमकों का कथन असुरकुमारों में उत्पन्न होने योग्य उत्कृष्ट काल की स्थिति वाले असंख्यात वर्षायुष्क संज्ञी मनुष्यों का जैसा कहा है वैसा ही समग्र कथन करना चाहिए।।

विशेष–यहाँ नागकुमारों की स्थिति और संवेध उपयोगपूर्वक जानना चाहिए। (यह सातवां, आठवां, नवमा गमक है।)

२१. नागकुमारों में उत्पन्न होने वाले पर्याप्त संख्यात वर्षायुष्क संज्ञी मनुष्यों के उपपातादि बीस द्वारों का प्ररूपण–

प्र. भंते ! यदि वे संख्यात वर्ष की आयु वाले संज्ञी मनुष्यों से आकर उत्पन्न होते हैं तो क्या पर्याप्त या अपर्याप्त संख्यात वर्ष की आयु वाले संज्ञी मनुष्यों से आकर उत्पन्न होते हैं ?

उ. गौतम ! वे पर्याप्त संख्यात वर्ष की आयु वाले संज्ञी मनुष्यों से आकर उत्पन्न होते हैं, अपर्याप्त संख्यातवर्षायुष्क संज्ञी मनुष्यों से आकर उत्पन्न नहीं होते हैं।

प्र. भंते ! पर्याप्त संख्यातवर्ष की आयु वाले संज्ञी मनुष्य नागकुमारों में उत्पन्न हो तो भंते ! कितनी काल की स्थिति वाले (नागकुमारों में) उत्पन्न होते हैं ?

उ. गौतम ! जघन्य दस हजार वर्ष और उत्कृष्ट देशोन दो पल्योपम की स्थिति वाले नागकुमारों में उत्पन्न होते हैं,

इस प्रकार जैसे असुरकुमारों में उत्पन्न होने वाले मनुष्यों के नौ गमकों का कथन किया उसी प्रकार यहाँ भी नौ गमक कहने चाहिए।

विशेष–नागकुमारों की स्थिति और संवेध उपयोगपूर्वक जानना चाहिए। (१-९)

२२. सुवर्णकुमार से स्तनितकुमार पर्यन्तों में उपपातादि बीस द्वारों का प्ररूपण–

शेष सुवर्णकुमार से स्तनितकुमार पर्यन्त आठ भवनपति देवों के ये आठ उद्देशक भी नागकुमारों के उद्देशक के समान सम्पूर्ण रूप से कहने चाहिए।

२३. गइं पडुच्च पुढविकाइय उववाय परूवणं–

प. पुढविक्काइया णं भंते ! कओहिंतो उववज्जंति–
किं नेरइएहिंतो उववज्जंति, तिरिक्खजोणिए-मणुस्स-देवेहिंतो उववज्जंति ?

उ. गोयमा ! नो नेरइएहिंतो उववज्जंति, तिरिक्खजोणिए-मणुस्स-देवेहिंतो उववज्जंति।

प. भंते ! जइ तिरिक्खजोणिएहिंतो उववज्जंति-किं एगिंदियतिरिक्खजोणिएहिंतो उववज्जंति **जाव** पंचिंदिय तिरिक्खजोणिएहिंतो उववज्जंति ?

उ. गोयमा ! **जहा वक्कंतीए उववाओ भणिओ तहा इहवि भाणियव्वो जाव**

प. भंते ! जइ बायरपुढविक्काइयएगिंदियतिरिक्खजोणिएहिंतो उववज्जंति–
किं पज्जत्त बायरपुढविक्काइय एगिंदियतिरिक्खजोणिएहिंतो उववज्जंति,
अपज्जत्त बायरपुढविक्काइय एगिंदियतिरिक्खजोणिएहिंतो उववज्जंति ?

उ. गोयमा ! दोहि वि उववज्जंति।

–विया. स. २४, उ. १२, सु. १

२४. पुढविकाइए उववज्जंतेसु पुढविकाइयस्स उववायाइ वीसं दारं परूवणं–

प. पुढविकाइए णं भंते ! जे भविए पुढविक्काइएसु उववज्जित्तए, से णं भंते ! केवइयकालट्ठिईएसु उववज्जेज्जा ?

उ. गोयमा ! जहण्णेणं अंतोमुहुत्तट्ठिईएसु, उक्कोसेणं बावीसं वाससहस्सट्ठिईएसु उववज्जेज्जा।

प. ते णं भंते ! जीवा एगसमएणं केवइया उववज्जंति ?

उ. गोयमा ! अणुसमयं अविरहिया असंखेज्जा उववज्जंति।
सेसं तं चेव पण्होत्तराइं।
णवरं–छेवट्टसंघयणी।
सरीरोगाहणा-जहण्णेणं अंगुलस्स असंखेज्जइभागं, उक्कोसेण वि अंगुलस्स असंखेज्जइभागं,

मसूरचंद संठिया।
चत्तारि लेस्साओ।
नो सम्मदिट्ठी, मिच्छादिट्ठी, नो सम्मामिच्छादिट्ठी।

नो नाणी, अण्णाणी, दो अण्णाणा नियमं।

नो मणजोगी, नो वइजोगी, कायजोगी।
उवओगो दुविहो वि।

२३. गति की अपेक्षा पृथ्वीकायिकों के उपपात का प्ररूपण–

प्र. भंते ! पृथ्वीकायिक जीव कहाँ से आकर उत्पन्न होते हैं ? क्या वे नैरयिकों से आकर उत्पन्न होते है या तिर्यञ्चयोनिक मनुष्य और देवों से आकर उत्पन्न होते हैं ?

उ. गौतम ! वे नैरयिकों से आकर उत्पन्न नहीं होते हैं किन्तु तिर्यञ्चयोनिक, मनुष्य और देवों से आकर उत्पन्न होते हैं।

प्र. भंते ! यदि वे (पृथ्वीकायिक) तिर्यञ्चयोनिकों से आकर उत्पन्न होते हैं, तो क्या एकेन्द्रियतिर्यञ्चयोनिकों से आकर उत्पन्न होते हैं **यावत्** पंचेन्द्रिय तिर्यञ्चयोनिकों से आकर उत्पन्न होते हैं ?

उ. गौतम ! **जिस प्रकार प्रज्ञापनासूत्र के (छठे) व्युत्क्रान्ति पद में कहा गया है तदनुसार यहाँ भी उपपात कहना चाहिए। यावत्–**

प्र. भंते ! यदि वे (पृथ्वीकायिक जीव) बादर पृथ्वीकायिक एकेन्द्रियतिर्यञ्चयोनिकों से आकर उत्पन्न होते हैं तो–
क्या पर्याप्त बादर पृथ्वीकायिक एकेन्द्रिय तिर्यञ्चयोनिकों से आकर उत्पन्न होते हैं या
अपर्याप्त बादर पृथ्वीकायिक एकेन्द्रिय तिर्यञ्चयोनिकों से आकर उत्पन्न होते हैं ?

उ. गौतम ! वे दोनों से ही आकर उत्पन्न होते हैं।

२४. पृथ्वीकायिक में उत्पन्न होने वाले पृथ्वीकायिक के उपपातादि बीस द्वारों का प्ररूपण–

प्र. भंते ! जो पृथ्वीकायिक जीव पृथ्वीकायिक जीवों में उत्पन्न होने योग्य हो तो वह भंते ! कितने काल की स्थिति वाले पृथ्वीकायिकों में उत्पन्न होता है ?

उ. गौतम ! वह जघन्य अन्तर्मुहूर्त की स्थिति वाले और उत्कृष्ट बाईस हजार वर्ष की स्थिति वाले पृथ्वीकायिकों में उत्पन्न होता है।

प्र. भंते ! वे जीव एक समय में कितने उत्पन्न होते हैं ?

उ. गौतम ! वे प्रतिसमय निरन्तर असंख्यात उत्पन्न होते हैं।
शेष प्रश्नोत्तर कथन पूर्ववत् है।
विशेष–वे सेवार्तसंहनन वाले होते हैं।
उनके शरीरों की अवगाहना जघन्य अंगुल के असंख्यातवें भाग और उत्कृष्ट भी अंगुल के असंख्यातवें भाग प्रमाण होती है।
संस्थान (आकार) मसूर की दाल जैसा होता है।
चार लेश्याएँ होती हैं।
वे सम्यग्दृष्टि नहीं होते हैं, मिथ्यादृष्टि ही होती हैं, सम्यग्मिथ्यादृष्टि भी नहीं होते।
वे ज्ञानी नहीं होते हैं, अज्ञानी ही होते हैं। उनमें दो अज्ञान (मति-अज्ञान और श्रुत-अज्ञान) नियम से होते हैं।
वे मनोयोगी और वचनयोगी नहीं होते, काययोगी ही होते हैं।
उनके (साकार और अनाकार) दोनों उपयोग होते हैं।

चत्तारि सण्णाओ।
चत्तारि कसाया।
एगे फासिंदिए पण्णत्ते।
तिण्णि समुग्घाया।
वेदणा दुविहा।
नो इत्थिवेदगा, नो पुरिसवेदगा, नपुंसगवेदगा।

ठिई-जहण्णेणं अंतोमुहुत्तं, उक्कोसेणं बावीसं वाससहस्साइं।
अज्झवसाणा पसत्था वि, अप्पसत्था वि।
अणुबंधो जहा ठिई।

प. से णं भंते ! पुढविक्काइए पुणरवि पुढविकाइए त्ति केवइयं कालं सेवेज्जा, केवइयं कालं गतिरागतिं करेज्जा ?

उ. गोयमा ! भवादेसेणं जहण्णेणं दो भवग्गहणाइं, उक्कोसेणं असंखेज्जाइं भवग्गहणाइं।
कालादेसेणं जहण्णेणं दो अंतोमुहुत्ता, उक्कोसेणं असंखेज्जं कालं, एवइयं कालं सेवेज्जा, एवइयं कालं गतिरागतिं करेज्जा। (पढमो गमओ)
सो चेव जहण्णकालट्ठिईएसु उववण्णो जहण्णेणं अंतोमुहुत्तट्ठिईएसु उक्कोसेण वि अंतोमुहुत्तट्ठिईएसु उववज्जेजा।
सेसा वत्तव्वया निरवसेसा पढमगमगसरिसा भाणियव्वा।
(२) बिईओ गमओ।
सो चेव उक्कोसकालट्ठिईएसु उववण्णो जहण्णेणं बावीसं वाससहस्सट्ठिईएसु उक्कोसेणं वि बावीसं वाससहस्सट्ठिईएसु उववज्जेज्जा।

सेसं तं चेव पढम गमग सरिसं।

णवरं–जहण्णेणं एक्को वा, दो वा, तिण्णि वा, उक्कोसेणं संखेज्जा वा, असंखेज्जा वा उववज्जंति।
भवादेसेणं जहण्णेणं दो भवग्गहणाइं, उक्कोसेणं अट्ठ भवग्गहणाइं।
कालादेसेणं जहण्णेणं बावीसं वाससहस्साइं अंतोमुहुत्तमब्भहियाइं, उक्कोसेणं छावत्तरं वाससहस्सुत्तरं सयसहस्सं एवइयं कालं सेवेज्जा, एवइयं कालं गतिरागतिं करेज्जा। (३) तइओ गमओ)
सो चेव अप्पणा जहण्णकालट्ठिईओ जाओ, सच्चेव पढम गमग वत्तव्वया भाणियव्वा।

णवरं–लेस्साओ तिण्णि।
ठिई-जहण्णेणं अंतोमुहुत्तं, उक्कोसेण वि अंतोमुहुत्तं।

अप्पसत्था अज्झवसाणा।

चारों संज्ञाएँ होती हैं।
चारों कषाय होते हैं।
एक मात्र स्पर्शेन्द्रिय कही गई है।
(आदि के) तीन समुद्घात होते हैं,
(साता और असाता) दोनों वेदनाएं होती हैं।
वे स्त्रीवेदी और पुरुषवेदी नहीं होते किन्तु नपुंसकवेदी ही होते हैं।
स्थिति–जघन्य अन्तर्मुहूर्त की और उत्कृष्ट बाईस हजार वर्ष की होती है।
अध्यवसाय प्रशस्त और अप्रशस्त होते हैं।
अनुबन्ध स्थिति के अनुसार है।

प्र. भंते ! वह पृथ्वीकायिक मरकर पुनः पृथ्वीकायिक रूप में उत्पन्न हो तो कितना काल व्यतीत करता है और कितने काल तक गमनागमन करता है ?

उ. गौतम ! भवादेश से वह जघन्य दो भव एवं उत्कृष्ट असंख्यात भव ग्रहण करता है।
कालादेश से वह जघन्य दो अन्तर्मुहूर्त और उत्कृष्ट असंख्यात काल व्यतीत करता है और इतने ही काल तक गमनागमन करता है। (यह पहला गमक है।)
यदि वह (पृथ्वीकायिक) जघन्य काल की स्थिति वाले पृथ्वीकायिक में उत्पन्न हो तो जघन्य अन्तर्मुहूर्त और उत्कृष्ट भी अन्तर्मुहूर्त की स्थिति वाले पृथ्वीकायिकों में उत्पन्न होता है।
शेष समग्र कथन प्रथम गमक के समान करना चाहिए। (यह द्वितीय गमक है)
यदि वह (पृथ्वीकायिक) उत्कृष्ट काल की स्थिति वाले पृथ्वीकायिकों में उत्पन्न हो तो जघन्य बाईस हजार वर्ष और उत्कृष्ट भी बाईस हजार वर्ष की स्थिति वाले पृथ्वीकायिकों में उत्पन्न होता है।
शेष अनुबन्ध पर्यन्त सब कथन (प्रथम गमक के समान) जानना चाहिए।
विशेष–वह जघन्य एक, दो या तीन और उत्कृष्ट संख्यात या असंख्यात उत्पन्न होते हैं।
भवादेश से जघन्य दो भव और उत्कृष्ट आठ भव ग्रहण करता है।
कालादेश से जघन्य अन्तर्मुहूर्त अधिक बाईस हजार वर्ष और उत्कृष्ट एक लाख छिहत्तर हजार (१,७६,०००) वर्ष जितना काल व्यतीत करता है और इतने ही काल तक गमनागमन करता है। (यह तृतीय गमक है)
वही (पृथ्वीकायिक) स्वयं जघन्य काल की स्थिति वाला हो और पृथ्वीकायिक में उत्पन्न हो तो समग्र कथन प्रथम गमक के समान करना चाहिए।
विशेष–उनमें लेश्याएँ तीन होती हैं।
उसकी स्थिति जघन्य अन्तर्मुहूर्त की और उत्कृष्ट भी अन्तर्मुहूर्त की होती है।
उसके अध्यवसाय अप्रशस्त होते हैं।

अणुबंधो जहा ठिई।(४ चउत्थो गमओ)
सो चेव जहण्णकालट्ठिईएसु उववण्णो, सच्चेव चउत्थगमगवत्तव्वया भाणियव्वा।

णवरं–उववाओ जहण्णेणं उक्कोसण वि अंतोमुहुत्तं। (५ पंचमो गमओ)
सो चेव उक्कोसकालट्ठिईएसु उववण्णो, एसा चेव वत्तव्वया चउत्थ गमग सरिसा।

णवरं–उववाओ जहण्णेण वि उक्कोसेण वि बावीसं वाससहस्साइं,
जहण्णेणं एक्को वा, दो वा, तिण्णि वा, उक्कोसेणं संखेज्जा वा, असंखेज्जा वा उववज्जंति, भवादेसेणं जहण्णेणं दो भवग्गहणाइं, उक्कोसेणं अट्ठ भवग्गहणाइं
कालादेसेणं जहण्णेणं बावीसं वाससहस्साइं अंतोमुहुत्तमब्भहियाइं, उक्कोसेणं अट्ठासीइं वाससहस्साइं चउहिं अंतोमुहुत्तेहिं अब्भहियाइं, एवइयं कालं सेवेज्जा, एवइयं कालं गतिरागतिं करेज्जा।(६ छट्ठो गमओ)
सो चेव अप्पणा उक्कोसकालट्ठिईओ जाओ, सच्चेव तइयगमगसरिसा वत्तव्वया भाणियव्वा,

णवरं–अप्पणा से ठिई जहण्णेणं बावीसं वाससहस्साइं, उक्कोसेण वि बावीसं वाससहस्साइं।(७ सत्तमो गमओ)

सो चेव जहण्णकालट्ठिईएसु उववण्णो, जहण्णेण अंतोमुहुत्तेसु उक्कोसेण वि अंतोमुहुत्तेसु उववज्जइ।

सेसं तं चेव सत्तम गमग सरिसा वत्तव्वया भाणियव्वा।
णवरं–कालादेसेणं जहण्णेणं बावीसं वाससहस्साइं अंतोमुहुत्तमब्भहियाइं, उक्कोसेणं अट्ठासीइं वाससहस्साइं चउहिं अंतोमुहुत्तेहिं अब्भहियाइं, एवइयं कालं सेवेज्जा, एवइयं कालं गतिरागतिं करेज्जा।(८ अट्ठमो गमओ)
सो चेव उक्कोसकालट्ठिईएसु उववण्णो जहण्णेणं बावीसवाससहस्सट्ठिईएसु, उक्कोसेण वि **बावीसवाससहस्सट्ठिईएसु** उववज्जइ।

सेसं तं चेव सत्तमगमगवत्तव्वया भाणियव्वा।
णवरं–कालादेसेणं जहण्णेणं चोयालीसं वाससहस्साइं, उक्कोसेणं छावत्तरं वाससहस्सुत्तरं सयसहस्सं, एवइयं कालं सेवेज्जा, एवइयं कालं गतिरागतिं करेज्जा। (९ नवमो गमओ) *–विया. स. २४, उ. १२, सु. २-१२*

अनुबन्ध स्थिति के समान होता है।(यह चतुर्थ गमक है)
वही (जघन्य स्थिति वाला पृथ्वीकायिक) जघन्य काल की स्थिति वाले पृथ्वीकायिकों में उत्पन्न हो तो संपूर्ण कथन चतुर्थ गमक के समान करना चाहिए।
विशेष–जघन्य उत्कृष्ट अन्तर्मुहूर्त की स्थिति में उत्पन्न होता है। (यह पंचम गमक है)
यदि वह जघन्य स्थिति वाला पृथ्वीकायिक उत्कृष्टकाल की स्थिति वाले पृथ्वीकायिक में उत्पन्न हो तो उसका कथन भी इसी प्रकार चौथे गमक के समान है।
विशेष–जघन्य-उत्कृष्ट बावीस हजार वर्ष की स्थिति में उत्पन्न होता है।
वह जघन्य एक, दो या तीन और उत्कृष्ट संख्यात या असंख्यात उत्पन्न होते हैं, भवादेश से जघन्य दो भव और उत्कृष्ट आठ भव ग्रहण करता है।
कालादेश से जघन्य अन्तर्मुहूर्त अधिक बाईस हजार वर्ष और उत्कृष्ट चार अन्तर्मुहूर्त अधिक अट्ठयासी हजार वर्ष जितना काल व्यतीत करता है और इतने ही काल तक गमनागमन करता है।(यह छठा गमक है।)
वही (पृथ्वीकायिक) स्वयं उत्कृष्ट काल की स्थिति वाला हो और पृथ्वीकायिकों में उत्पन्न हो तो सम्पूर्ण कथन तृतीय गमक के समान करना चाहिए।
विशेष–उसकी स्वयं की स्थिति जघन्य बाईस हजार वर्ष की और उत्कृष्ट भी बाईस हजार वर्ष की होती है।(यह सातवाँ गमक है।)
वही (अपनी उत्कृष्टकाल की स्थिति वाला पृथ्वीकायिक) जघन्य काल की स्थिति वाले पृथ्वीकायिकों में उत्पन्न हो तो जघन्य अन्तर्मुहूर्त और उत्कृष्ट भी अन्तर्मुहूर्त की स्थिति वाले पृथ्वीकायिकों में उत्पन्न होता है।
शेष संपूर्ण कथन सातवें गमक के समान कहना चाहिए।
विशेष–कालादेश से जघन्य अन्तर्मुहूर्त अधिक बाईस हजार वर्ष और उत्कृष्ट चार अन्तर्मुहूर्त अधिक अट्ठयासी हजार वर्ष जितना काल व्यतीत करता है और इतने ही काल तक गमनागमन करता है।(यह आठवाँ गमक है ।)
वही (उत्कृष्ट काल की स्थिति वाला पृथ्वीकायिक जीव) उत्कृष्ट काल की स्थिति वाले पृथ्वीकायिकों में उत्पन्न हो तो जघन्य बाईस हजार वर्ष और उत्कृष्ट भी बाईस हजार वर्ष की स्थिति वाले पृथ्वीकायिकों में उत्पन्न होता है।
शेष संपूर्ण कथन सप्तम गमक के समान कहना चाहिए।
विशेष–कालादेश से जघन्य चुम्मालीस (४४) हजार वर्ष और उत्कृष्ट एक लाख छिहत्तर हजार वर्ष जितना काल व्यतीत करता है और इतने ही काल तक गमनागमन करता है।(यह नौवाँ गमक है ।)

२५. पुढविकाइए उववज्जंतेसु आउकाइयस्स उववायाइ वीसं दारं परूवणं–

प. भंते ! जइ आउक्काइयएगिंदियतिरिक्खजोणिएहिंतो उववज्जंति–

२५. पृथ्वीकायिकों में उत्पन्न होने वाले अप्कायिकों के उपपातादि बीस द्वारों का प्ररूपण–

प्र. भंते ! यदि (पृथ्वीकायिक जीव) अप्कायिक-एकेन्द्रिय-तिर्यञ्चयोनिकों में से आकर उत्पन्न होते हैं–

किं सुहुमआउक्काइयहिंतो उववज्जंति, बायर आउक्काइयहिंतो उववज्जंति ?

उ. गोयमा ! दोहिंतो वि उववज्जंति।

प. भंते ! जइ सुहुमआउक्काइयहिंतो उववज्जंति-किं पज्जत्तेहिंतो अपज्जतेहिंतो सुहुमआउकाइएहिंतो उववज्जंति ?

उ. गोयमा ! दोहिंतो वि उववज्जंति।

प. भंते ! जइ बायर आउक्काइएहिंतो उववज्जंति-किं पज्जत्तेहिंतो अपज्जत्तेहिंतो बायर आउक्काइएहिंतो उववज्जंति ?

उ. गोयमा ! दोहिंतो वि उववज्जंति।

प. आउक्काइए णं भंते ! जे भविए पुढविकाइएसु उववज्जित्तए, से णं भंते ! केवइयकालट्ठिईएसु उववज्जेज्जा ?

उ. गोयमा ! जहण्णेणं अंतोमुहुत्तट्ठिईएसु, उक्कोसेणं बावीसं वाससहस्सट्ठिईएसु उववज्जेज्जा।

एवं पुढविक्काइयगमगसरिसा नव गमगा भाणियव्वा,

णवरं–थिबुग बिंदुसंठिए।

ठिई-जहण्णेणं अंतोमुहुत्तं, उक्कोसेणं सत्तवाससहस्साइं।

एवं अणुबंधो वि।

भवादेसेणं पंच गमएसु जहण्णेणं दो भवग्गहणाइं, उक्कोसेणं अट्ठ भवग्गहणाइं,

सेसेसु चउसु गमएसु जहण्णेणं दो भवग्गहणाइं, उक्कोसेणं असंखेज्जाइं भवग्गहणाइं।

१. **तइय गमए**–कालादेसेणं जहण्णेणं बावीसं वाससहस्साइं अंतोमुहुत्तमब्भहियाइं, उक्कोसेणं सोलसुत्तरं वाससयसहस्सं एवइयं कालं सेवेज्जा, एवइयं कालं गतिरागतिं करेज्जा।

२. **छट्ठे गमए**–कालादेसेणं जहण्णेणं बावीसं वाससहस्साइं अंतोमुहुत्तमब्भहियाइं, उक्कोसेणं अट्ठासीइं वाससहस्साइं चउहिं अंतोमुहुत्तेहिं अब्भहियाइं एवइयं कालं सेवेज्जा, एवइयं कालं गतिरागतिं करेज्जा।

३. **सत्तमे गमए**–कालादेसेणं जहण्णेणं सत्त वाससहस्साइं अंतोमुहुत्तमब्भहियाइं, उक्कोसेणं सोलसुत्तरं वाससयसहस्सं, एवइयं कालं सेवेज्जा, एवइयं कालं गतिरागतिं करेज्जा।

४. **अट्ठमे गमए**–कालादेसेणं जहण्णेणं सत्त वाससहस्साइं अंतोमुहुत्तमब्भहियाइं, उक्कोसेणं अट्ठावीसं वाससहस्साइं चउहिं अंतोमुहुत्तेहिं अब्भहियाइं एवइयं कालं सेवेज्जा, एवइयं कालं गतिरागतिं करेज्जा।

५. **नवमे गमए**–भवादेसेणं उक्कोसेणं अट्ठ भवग्गहणाइं, कालादेसेणं जहण्णेणं एकूणतीसं वाससहस्साइं, उक्कोसेणं सोलसुत्तरं वाससयसहस्सं एवइयं कालं सेवेज्जा, एवइयं कालं गतिरागतिं करेज्जा।

तो क्या सूक्ष्म अप्कायिक से आकर उत्पन्न होते हैं या बादर अप्कायिक से आकर उत्पन्न होते हैं ?

उ. गौतम ! दोनों से आकर उत्पन्न होते हैं।

प्र. भंते ! यदि सूक्ष्म अप्कायिकों से आकर उत्पन्न हो तो क्या पर्याप्त या अपर्याप्त सूक्ष्म अप्कायिकों में से आकर उत्पन्न होते हैं ?

उ. गौतम ! दोनों से आकर उत्पन्न होते हैं।

प्र. भंते ! यदि बादर अप्कायिकों से उत्पन्न हो तो क्या पर्याप्त या अपर्याप्त बादर अप्कायिकों से आकर उत्पन्न होते हैं ?

उ. गौतम ! दोनों से आकर उत्पन्न होते हैं।

प्र. भंते ! जो अप्कायिक जीव पृथ्वीकायिक जीवों में उत्पन्न होने योग्य है तो भन्ते ! कितने काल की स्थिति वाले पृथ्वीकायिक जीवों में उत्पन्न होता है ?

उ. गौतम ! वह जघन्य अन्तर्मुहूर्त और उत्कृष्ट बाईस हजार वर्ष की स्थिति वाले पृथ्वीकायिक जीवों में उत्पन्न होता है।

इस प्रकार पृथ्वीकायिक के गमकों के समान अप्कायिक के भी नौ गमक जानने चाहिए।

विशेष–अप्कायिक का संस्थान स्तिबुक (बुलबुले) के आकार का है।

स्थिति जघन्य अन्तर्मुहूर्त और उत्कृष्ट सात हजार वर्ष की है और **इतना ही अनुबन्ध काल है।**

भवादेश से पाँच गमकों में जघन्य दो भव और उत्कृष्ट आठ भव ग्रहण होते हैं,

शेष चार गमकों में जघन्य दो भव और उत्कृष्ट असंख्यात भव ग्रहण होते हैं।

१. **तीसरे गमक में**–कालादेश से जघन्य अन्तर्मुहूर्त अधिक बाईस हजार वर्ष और उत्कृष्ट एक लाख सोलह हजार वर्ष जितना काल व्यतीत करता है और इतने ही काल पर्यन्त गमनागमन करता है।

२. **छठे गमक में**–कालादेश से जघन्य अन्तर्मुहूर्त अधिक बाईस हजार वर्ष और उत्कृष्ट चार अन्तर्मुहूर्त अधिक अट्ठयासी हजार वर्ष जितना काल व्यतीत करता है और इतने ही काल तक गमनागमन करता है।

३. **सातवें गमक में**–कालादेश से जघन्य अन्तर्मुहूर्त आधिक सात हजार वर्ष और उत्कृष्ट एक लाख सोलह हजार वर्ष जितना काल व्यतीत करता है और इतने ही काल तक गमनागमन करता है।

४. **आठवें गमक में**–कालादेश से जघन्य अन्तर्मुहूर्त अधिक सात हजार वर्ष और उत्कृष्ट चार अन्तर्मुहूर्त अधिक अट्ठाईस हजार वर्ष जितना काल व्यतीत करता है और इतने ही काल तक गमनागमन करता है।

५. **नौवें गमक में**–भवादेश से उत्कृष्ट आठ भव ग्रहण करता है। कालादेश से जघन्य उनतीस हजार वर्ष और उत्कृष्ट एक लाख सोलह हजार वर्ष जितना काल व्यतीत करता है और इतने ही काल तक गमनागमन करता है।

चउसु गमएसु–कालादेसेणं जहण्णेणं दो अंतोमुहुत्तं, उक्कोसेणं असंखेज्जं कालं, एवइयं कालं सेवेज्जा, एवइयं कालं गतिरागतिं करेज्जा ॥१-९॥

–विया. स. २४, उ. १२, सु. १३-१४

२६. **पुढविकाइए उववज्जंतेसु तेउक्काइयाणं उववायाइ वीसं दारं परूवणं–**

तेउक्काइयाण वि एसा चेव आउकाइय वत्तव्वया,

णवरं–नवसु वि गमएसु तिण्णि लेस्साओ।

सुईकलावसंठिया।

ठिई उक्कोसेणं तिण्णि अहोरत्ताइं।

तइय गमए–कालादेसेणं जहण्णेणं बावीसं वाससहस्साइं अंतोमुहुत्तमब्भहियाइं, उक्कोसेणं अट्ठासीइं वाससहस्साइं बारसहिं राइंदिएहिं अब्भहियाइं, एवइयं कालं सेवेज्जा, एवइयं कालं गतिरागतिं करेज्जा।

एवं संवेहो नवसु गमएसु उवउंजिऊण भाणियव्वो (१-९)

–विया. स. २४, उ. १२, सु. १५

२७. **पुढविकाइए उववज्जंतेसु वाउकाइयाणं उववायाइ वीसं दारं परूवणं–**

वाउक्काइयाण वि एवं चेव नव गमगा जहेव तेउक्काइयाणं,

णवरं–पडाग संठाण संठिया पण्णत्ता।

ठिई-तिण्णि वाससहस्साइं,

तइय गमए–कालादेसेणं जहण्णेणं बावीसंवाससहस्साइं अंतोमुहुत्तमब्भहियाइं, उक्कोसेणं एगं वाससयसहस्सं एवइयं कालं सेवेज्जा, एवइयं कालं गतिरागतिं करेज्जा।

एवं कायसंवेहो नवसु गमएसु उवउंजिऊण भाणियव्वो। (१-९)

–विया. स. २४, उ. १२, सु. १६

२८. **पुढविकाइए उववज्जंतेसु वणस्सइकाइयाणं उववायाइ वीसं दारं परूवणं–**

आउकाइयगमगसरिसा वणस्सइकाइयाणं नव गमगा भाणियव्वा,

णवरं–नाणा संठाण संठिया।

सरीरोगाहणा पढमएसु पच्छिल्लएसु य तिसु-तिसु गमएसु जहण्णेणं अंगुलस्स असंखेज्जइभागं, उक्कोसेणं साइरेगं जोयणसहस्सं,

मज्झिल्लएसु तिसु गमएसु उक्कोसेण वि अंगुलस्स असंखेज्जइ भागं,

ठिई-उक्कोसेणं दसवाससहस्साइं।

तइय गमए–कालादेसेणं जहण्णेणं बावीसं वाससहस्साइं अंतोमुहुत्तमब्भहियाइं, उक्कोसेणं अट्ठावीसुत्तरं वाससयसहस्सं, एवइयं कालं सेवेज्जा, एवइयं कालं गतिरागतिं करेज्जा।

एवं काय संवेहो उवउंजिऊण भाणियव्वो। (१-९)

–विया. स. २४, उ. १२, सु. १७

शेष चार गम्मों में–कालादेश से जघन्य दो अन्तर्मुहूर्त, उत्कृष्ट असंख्यात वर्ष काल जितना समय व्यतीत करता है और इतने ही काल तक गमनागमन करता है। (१-९)

२६. **पृथ्वीकायिकों में उत्पन्न होने वाले तेजस्कायिकों के उपपातादि बीस द्वारों का प्ररूपण–**

तेजस्कायिकों का संपूर्ण कथन अप्कायिकों के समान है।

विशेष–नौ ही गमकों में तीन लेश्याएँ होती हैं।

तेजस्काय का संस्थान सूचीकलाप (सूइयों के ढेर) के समान होता है।

स्थिति उत्कृष्ट तीन अहोरात्र की है।

तीसरे गमक में–कालादेश से जघन्य अन्तर्मुहूर्त अधिक बाईस हजार वर्ष और उत्कृष्ट बारह अहोरात्र अधिक अट्ठयासी हजार वर्ष जितना काल व्यतीत करता है और इतने ही काल तक गमनागमन करता है।

इसी प्रकार नौ ही गम्मों में संवेध उपयोगपूर्वक कहना चाहिए। (१-९)

२७. **पृथ्वीकायिकों में उत्पन्न होने वाले वायुकायिकों के उपपातादि बीस द्वारों का प्ररूपण–**

वायुकायिकों के विषय में तेजस्कायिकों की तरह नौ ही गमक कहने चाहिए।

विशेष–वायुकाय का संस्थान पताका के आकार का कहा गया है।

स्थिति-उत्कृष्ट तीन हजार वर्ष की होती है।

तीसरे गमक में–काल की अपेक्षा से जघन्य अन्तर्मुहूर्त अधिक बाईस हजार वर्ष और उत्कृष्ट एक लाख वर्ष जितना काल व्यतीत करता है और इतने ही काल तक गमनागमन करता है।

इसी प्रकार नौ गम्मों में काय संवेध उपयोगपूर्वक कहना चाहिए। (१-९)

२८. **पृथ्वीकायिकों में उत्पन्न होने वाले वनस्पतिकायिकों के उपपातादि बीस द्वारों का प्ररूपण–**

अप्कायिकों के गमकों के समान वनस्पतिकायिकों के भी नौ गमक कहने चाहिए।

विशेष–संस्थान अनेक प्रकार का होता है।

शरीर की अवगाहना प्रथम तीन और अन्तिम तीन गमकों में जघन्य अंगुल के असंख्यातवें भाग की और उत्कृष्ट कुछ अधिक एक हजार योजन की होती है।

मध्य के तीन गमकों में उत्कृष्ट भी अंगुल के असंख्यातवें भाग की होती है।

स्थिति–उत्कृष्ट दस हजार वर्ष की होती है।

तृतीय गमक में–कालादेश से जघन्य अन्तर्मुहूर्त अधिक बाईस हजार वर्ष और उत्कृष्ट एक लाख अट्ठाईस हजार वर्ष जितना काल व्यतीत करता है और इतने ही काल तक गमनागमन करता है।

इसी प्रकार काय संवेध भी उपयोगपूर्वक कहना चाहिए। (१-९)

२९. पुढविकाइए उववज्जंतेसु बेइंदियाणं उववायाइ वीसं दारं परूवणं–

प. भंते ! जइ बेइंदिएहिंतो उववज्जंति-किं पज्जत्ता-बेइंदिएहिंतो उववज्जंति, अपज्जत्ता-बेइंदिएहिंतो उववज्जंति ?

उ. गोयमा ! पज्जत्ता-बेइंदिएहिंतो वि उववज्जंति, अपज्जत्ता- बेइंदिएहिंतो वि उववज्जंति।

प. बेइंदिए णं भंते ! जे भविए पुढविक्काइएसु उववज्जित्तए, से णं भंते ! केवइयकालट्ठिईएसु उववज्जेज्जा ?

उ. गोयमा ! जहण्णेणं अंतोमुहुत्तट्ठिईएसु उववज्जेज्जा उक्कोसेणं बावीसं वाससहस्सट्ठिईएसु उववज्जेज्जा।

प. ते णं भंते ! जीवा एगसमएणं केवइया उववज्जंति ?

उ. गोयमा ! जहण्णेणं एक्को वा, दो वा, तिण्णि वा, उक्कोसेणं संखेज्जा वा, असंखेज्जा वा उववज्जंति।

सेसं तं चेव पण्होत्तराणि जहा पुढविकाइयाणं,

णवरं–छेवट्ठ संघयणी।

ओगाहणा जहण्णेणं अंगुलस्स असंखेज्जइभागं, उक्कोसेणं बारस जोयणाइं।

हुंडसंठिया।

तिण्णि लेसाओ।

सम्मदिट्ठी वि, मिच्छादिट्ठी वि, नो सम्मामिच्छादिट्ठी।

दो नाणा, दो अण्णाणा नियमं।

नो मणजोगी, वइजोगी वि, कायजोगी वि।

उवओगो दुविहो वि।

चत्तारि सण्णाओ।

चत्तारि कसाया।

दो इंदिया पण्णत्ता, तं जहा–

जिब्भिंदिए य, फासिंदिए य।

तिण्णि समुग्घाया।

ठिई–जहण्णेणं अंतोमुहुत्तं, उक्कोसेणं बारस संवच्छराइं।

एवं अणुंबधो वि। सेसं तं चेव जहा पुढविकाइयाणं।

भवादेसेणं-जहण्णेणं दो भवग्गहणाइं, उक्कोसेणं संखेज्जाइं भवग्गहणाइं।

कालादेसेणं-जहण्णेणं दो अंतोमुहुत्ता, उक्कोसेणं संखेज्ज कालं, एवइयं कालं सेवेज्जा, एवइयं कालं गतिरागतिं करेज्जा। (१ पढमो गमओ)

सो चेव जहण्णकालट्ठिईएसु उववण्णो, एसा चेव पढम गमग सरिसा सव्वा वत्तव्वया। (२ बिइओ गमओ)

२९. पृथ्वीकायिकों में उत्पन्न होने वाले द्वीन्द्रियों के उपपातादि बीस द्वारों का प्ररूपण–

प्र. भंते ! यदि वे द्वीन्द्रिय जीवों से आकर उत्पन्न हो तो क्या पर्याप्त द्वीन्द्रिय जीवों से आकर उत्पन्न होते हैं या अपर्याप्त द्वीन्द्रिय जीवों से आकर उत्पन्न होते हैं ?

उ. गौतम ! वे पर्याप्त द्वीन्द्रियों से भी उत्पन्न होते हैं और अपर्याप्त द्वीन्द्रियों से भी उत्पन्न होते हैं।

प्र. भंते ! जो द्वीन्द्रिय जीव पृथ्वीकायिक जीवों में उत्पन्न होने योग्य है तो भंते ! वे कितने काल की स्थिति वाले पृथ्वीकायिकों में उत्पन्न होते हैं ?

उ. गौतम ! वे जघन्य अन्तर्मुहूर्त और उत्कृष्ट बाईस हजार वर्ष की स्थिति वाले पृथ्वीकायिकों में उत्पन्न होते हैं।

प्र. भंते ! वे जीव एक समय में कितने उत्पन्न होते हैं ?

उ. गौतम ! वे जघन्य एक, दो या तीन और उत्कृष्ट संख्यात या असंख्यात उत्पन्न होते हैं।

शेष प्रश्नोत्तर पृथ्वीकाय के समान है।

विशेष–वे सेवार्तसंहनन वाले होते हैं।

अवगाहना जघन्य अंगुल के असंख्यातवें भाग की और उत्कृष्ट बारह योजन की है।

हुंडक संस्थान वाले होते हैं।

(आदि की) तीन लेश्याएँ होती हैं।

सम्यग्दृष्टि और मिथ्यादृष्टि होते हैं, किन्तु सम्यग्मिथ्यादृष्टि नहीं होते हैं।

दो ज्ञान और दो अज्ञान नियमतः होते हैं।

मनोयोगी नहीं होते किन्तु वचनयोगी और काययोगी होते हैं।

दो उपयोग पाये जाते हैं।

चार संज्ञाए होती हैं।

चार कषाय होते हैं।

उनके दो इन्द्रियाँ कही गई हैं, यथा–

जिह्वेन्द्रिय और स्पर्शेन्द्रिय।

उनमें (आदि के) तीन समुद्घात होते हैं।

स्थिति–जघन्य अन्तर्मुहूर्त की और उत्कृष्ट बारह वर्ष की होती है।

अनुबन्ध भी इसी प्रकार है। शेष सब कथन पृथ्वीकाय के समान है।

भवादेश से–वे जघन्य दो भव और उत्कृष्ट संख्यात भव ग्रहण करते हैं।

कालादेश से वे जघन्य दो अन्तर्मुहूर्त और उत्कृष्ट संख्यात काल जितना काल व्यतीत करते हैं और इतने ही काल तक गमनागमन करते हैं। (यह प्रथम गमक है।)

वही (द्वीन्द्रिय) जीव जघन्य काल की स्थिति वाले पृथ्वीकायिकों में उत्पन्न हो तो सभी कथन प्रथम गमक के समान करना चाहिए। (यह द्वितीय गमक है)

सो चेव उक्कोसकालट्ठिईएसु उववण्णो एसा चेव पढम गमगसरिसा सव्वा वत्तव्वया।

णवरं–उववायं ठिई उवउंजिऊण भाणियव्वं।

भवादेसेणं जहण्णेणं दो भवग्गहणाइं, उक्कोसेणं अट्ठभवग्गहणाइं।

कालादेसेणं जहण्णेणं बावीसं वाससहस्साइं अंतोमुहुत्त-मब्भहियाइं, उक्कोसेणं अट्ठासीइं वाससहस्साइं अडयालीसाए संवच्छरेहिं अब्भहियाइं, एवइयं कालं सेवेज्जा, एवइयं कालं गतिरागतिं करेज्जा। (तइओ गमओ)

सो चेव अप्पणा जहण्णकालट्ठिईओ जाओ, तस्स वि एस चेव पढम गमग वत्तव्वया तिसु वि गमएसु,

णवरं–इमाइं सत्त नाणत्ताइं–

१. सरीरोगाहणा-जहण्णेण वि उक्कोसेण वि अंगुलस्स असंखेज्जइ भागं,
२. नो सम्मदिट्ठी, मिच्छादिट्ठी, नो सम्मामिच्छादिट्ठी,
३. दो अण्णाणा नियमं,
४. नो मणजोगी, नो वइजोगी, कायजोगी,
५. ठिई-जहण्णेणं अंतोमुहुत्तं, उक्कोसेण वि अंतोमुहुत्तं,
६. अज्झवसाणा अप्पसत्था,
७. **अणुबंधो जहा ठिई।**

तइय गमए–भवादेसो उक्कोसेणं अट्ठ भवग्गहणाइं।

कालादेसेणं जहण्णेणं बावीसं वाससहस्साइं अंतोमुहुत्त-मब्भहियाइं, उक्कोसेणं अट्ठासीइं वाससहस्साइं चउहिं अंतोमुहुत्तेहिं अब्भहियाइं, एवइयं कालं सेवेज्जा, एवइयं कालं गतिरागतिं करेज्जा। (४-६) (चउत्थ-पंचम छट्ठ गमा)

सो चेव अप्पणा उक्कोसकालट्ठिईओ जाओ, एयस्स वि पढमगमगसरिसा तिण्णि गमगा भाणियव्वा,

णवरं–तिसु वि गमएसु ठिई जहण्णेण वि उक्कोसेण वि बारस संवच्छराइं।

एवं अणुबंधो वि।

भवादेसेणं जहण्णेणं दो भवग्गहणाइं, उक्कोसेणं अट्ठ भवग्गहणाइं।

कालादेसेणं उवउंजिऊण भाणियव्वं,

नवमे गमए-जहण्णेणं बावीसं वाससहस्साइं बारसहिं संवच्छरेहिं अब्भहियाइं, उक्कोसेणं अट्ठासीइं वाससहस्साइं अडयालीसाए संवच्छरेहिं अब्भहियाइं, एवइयं कालं सेवेज्जा, एवइयं कालं गतिरागतिं करेज्जा। (७-९) (सत्तम-अट्ठम-नवम गमा)

–विया. स. २४, उ. १२, सु. १८-२४

यदि वही (द्वीन्द्रिय) उत्कृष्ट काल की स्थिति वाले पृथ्वीकायिकों में उत्पन्न हो तो सभी कथन प्रथम गमक क समान करना चाहिए।

विशेष–उपपात स्थिति उपयोग पूर्वक कहनी चाहिए।

भवादेश से जघन्य दो भव और उत्कृष्ट आठ भव ग्रहण करता है।

कालादेश से जघन्य अन्तर्मुहूर्त अधिक बाईस हजार वर्ष और उत्कृष्ट अड़तालीस वर्ष अधिक अट्ठयासी हजार वर्ष जितना काल व्यतीत करता है और इतने ही काल तक गमनागमन करता है। (यह तृतीय गमक है।)

वही (द्वीन्द्रिय) स्वयं जघन्य काल की स्थिति वाला हो और पृथ्वीकायिक जीवों में उत्पन्न हो तो उसके भी तीनों गमक (४-५-६) प्रथम गमक के समान कहने चाहिए।

विशेष–यहाँ सात बोलों में अन्तर है, यथा–

१. शरीर की अवगाहना जघन्य और उत्कृष्ट अंगुल के असंख्यातवें भाग होती है।
२. वह सम्यग्दृष्टि और सम्यग्मिथ्यादृष्टि नहीं होता, किन्तु मिथ्यादृष्टि होता है।
३. इसमें दो अज्ञान नियमतः होते हैं।
४. मनोयोगी और वचनयोगी नहीं होता, किन्तु काययोगी होता है।
५. जघन्य और उत्कृष्ट स्थिति अन्तर्मुहूर्त की होती है।
६. अध्यवसाय अप्रशस्त होते हैं।
७. **अनुबन्ध स्थिति के अनुसार है।**

तृतीय (छट्ठे) गमक में–भवादेश भी उसी प्रकार उत्कृष्ट आठ भव जानना चाहिए।

कालादेश से जघन्य अंतर्मुहूर्त अधिक बाईस हजार वर्ष और उत्कृष्ट चार अंतर्मुहूर्त अधिक अट्ठयासी हजार वर्ष जितना काल व्यतीत करता है और इतने ही काल तक गमनागमन करता है। (यह चौथा, पाँचवाँ और छठा गमक है)

वही (द्वीन्द्रिय जीव) स्वयं उत्कृष्ट स्थिति वाला हो और पृथ्वीकायिकों में उत्पन्न हो तो उसके भी तीनों गमक (७-८-९) प्रथम गमक के समान कहने चाहिए।

विशेष–इन (अन्तिम) तीनों गमकों में स्थिति जघन्य बारह वर्ष और उत्कृष्ट भी बारह वर्ष की होती है।

अनुबन्ध भी इसी प्रकार होता है।

भवादेश से जघन्य–दो भव और उत्कृष्ट आठ भव ग्रहण करता है।

कालादेश उपयोग लगा करके कहना चाहिए।

नौवें गमक में–जघन्य बारह वर्ष अधिक बावीस हजार वर्ष और उत्कृष्ट अड़तालीस वर्ष अधिक अट्ठयासी हजार वर्ष जितना काल व्यतीत करता है और इतने ही काल तक गमनागमन करता है।

(यह सातवाँ, आठवाँ और नौवाँ गमक है)

३०. पुढविकाइए उववज्जंतेसु तेइंदियाणं उववायाइ वीसं दारं परूवणं–

तेइंदियाण वि एवं चेव नव गमगा बेइंदिय सरिसा भाणियव्वा,

णवरं–सरीरोगाहणा उक्कोसेणं तिण्णि गाउयाइं।

तिण्णि इंदियाइं।

ठिई-जहण्णेणं अंतोमुहुत्तं, उक्कोसेणं एगूणपन्नं राइंदियाइं।

तइय गमए-कालादेसेणं बावीसं वाससहस्साइं अंतोमुहुत्त-मब्भहियाइं, उक्कोसेणं अट्ठासीइं वाससहस्साइं छण्णउयराइंदियसयमब्भहियाइं, एवइयं कालं सेवेज्जा, एवइयं कालं गतिरागतिं करेज्जा।

उववाओ ठिई, संवेहो य उवउंजिऊण भाणियव्वो (१-९)

–विया. सं. २४, उ. १२, सु. २५

३१. पुढविकाइए उववज्जंतेसु चउरिंदियाणं उववायाइ वीसं दारं परूवणं–

चउरिंदियाण वि नव गमगा बेइंदिय सरिसा भाणियव्वा,

णवरं–सरीरोगाहणा-जहण्णेणं अंगुलस्स असंखेज्जइभागं, उक्कोसेणं चत्तारि गाउयाइं,

ठिई जहण्णेणं अंतोमुहुत्तं, उक्कोसेण य छम्मासा।

एवं अणुबंधो वि।

चत्तारि इंदियाइं।

उववायं ठिई संवेहो य उवउंजिऊण भाणियव्वो।

नवम गमए–कालादेसेणं जहण्णेणं बावीसं वाससहस्साइं छहिं मासेहिं अब्भहियाइं, उक्कोसेणं अट्ठासीइं वाससहस्साइं चउवीसाए मासेहिं अब्भहियाइं, एवइयं कालं सेवेज्जा, एवइयं कालं गतिरागतिं करेज्जा। (१-९)

–विया. स. २४, उ. १२, सु. २६

३२. पंचिंदिय तिरिक्खजोणिए पडुच्च पुढविकाइय उववाय परूवणं–

प. भंते ! जइ पंचिंदियतिरिक्खजोणिएहिंतो उववज्जंति-किं सण्णिपंचिंदियतिरिक्खजोणिएहिंतो उववज्जंति, असण्णिपंचिंदियतिरिक्खजोणिएहिंतो उववज्जंति ?

उ. गोयमा ! दोहिं वि उववज्जंति।

प. भंते ! जइ असण्णिपंचिंदियतिरिक्खजोणिएहिंतो उववज्जंति-किं जलचरेहिंतो उववज्जंति, थलचरेहिंतो उववज्जंति, खहचरेहिंतो उववज्जंति ?

उ. गोयमा ! तीहिं वि उववज्जंति,

प. भंते ! जइ जलचर-थलचर-खहचरेहिंतो उववज्जंति किं–पज्जत्तएहिंतो उववज्जंति, अपज्जत्तएहिंतो उववज्जंति ?

३०. पृथ्वीकायिकों में उत्पन्न होने वाले त्रीन्द्रिय जीवों के उपपातादि बीस द्वारों का प्ररूपण–

द्वीन्द्रिय के समान त्रीन्द्रिय जीवों के भी नौ गमक कहने चाहिए।

विशेष–शरीर की अवगाहना उत्कृष्ट तीन गाउ (कोश) होती है।

इनके तीन इन्द्रियाँ होती हैं।

इनकी स्थिति–जघन्य अन्तर्मुहूर्त की और उत्कृष्ट गुणपचास (४९) अहोरात्र की होती है।

तृतीय गमक में–कालादेश से जघन्य अन्तर्मुहूर्त अधिक बाईस हजार वर्ष और उत्कृष्ट एक सौ छिनवें (१९६) अहोरात्र अधिक अठ्यासी हजार वर्ष जितना काल व्यतीत करता है और इतने ही काल तक गमनागमन करता है।

उपपात स्थिति और कालादेश उपयोग लगाकर कहने चाहिए। (१-९)

३१. पृथ्वीकायिकों में उत्पन्न होने वाले चतुरिन्द्रिय जीवों के उपपातादि बीस द्वारों का प्ररूपण–

चतुरिन्द्रिय जीवों के विषय में भी नौ गमक बेइन्द्रिय के समान कहने चाहिए।

विशेष–इनके शरीरों की अवगाहना जघन्य अंगुल के असंख्यातवें भाग और उत्कृष्ट चार गाउ की होती है।

इनकी स्थिति जघन्य अन्तर्मुहूर्त की और उत्कृष्ट छह मास की होती है।

अनुबंध भी स्थिति के समान होता है।

इनके चार इन्द्रियाँ होती है।

उपपात स्थिति संवेध उपयोग लगाकर कहना चाहिए।

नौवें गमक में–कालादेश से जघन्य छह मास अधिक बावीस हजार वर्ष और उत्कृष्ट चौवीस मास अधिक अठ्यासी हजार वर्ष जितना काल व्यतीत करता है और इतने ही काल तक गमनागमन करता है। (१-९)

३२. पंचेन्द्रिय तिर्यञ्चयोनिकों की अपेक्षा पृथ्वीकाय के उपपात का प्ररूपण–

प्र. भंते ! यदि वे (पृथ्वीकायिक) पंचेन्द्रियतिर्यञ्चयोनिक जीवों से आकर उत्पन्न होते हैं तो क्या वे संज्ञी पंचेन्द्रिय-तिर्यञ्चयोनिकों से आकर उत्पन्न होते हैं या असंज्ञी पंचेन्द्रिय तिर्यञ्चयोनिकों से आकर उत्पन्न होते हैं ?

उ. गौतम ! वे दोनों से आकर उत्पन्न होते हैं।

प्र. भंते ! यदि वे (पृथ्वीकायिक) असंज्ञी पंचेन्द्रियतिर्यञ्चयोनिकों से आकर उत्पन्न होते हैं तो क्या वे जलचरों से आकर उत्पन्न होते हैं, स्थलचरों से आकर उत्पन्न होते हैं या खेचरों से आकर उत्पन्न होते हैं ?

उ. गौतम ! वे तीनों से आकर उत्पन्न होते हैं।

प्र. भंते ! यदि जलचर-स्थलचर और खेचरों से आकर उत्पन्न होते हैं तो क्या पर्याप्तकों से आकर उत्पन्न होते हैं या अपर्याप्तकों से आकर उत्पन्न होते हैं ?

उ. गोयमा ! दोहिं वि उववज्जंति।

–विया. स. २४, उ. १२, सु. २७-२८

३३. पुढविकाइए उववज्जंतेसु असन्निपंचिंदियतिरिक्खजोणियाणं उववायाइ वीसं दारं परूवणं–

प. असण्णिपंचिंदियतिरिक्खजोणिए णं भंते ! जे भविए पुढविक्काइएसु उववज्जित्तए, से णं भंते ! केवइयकालट्ठिईएसु उववज्जेज्जा ?

उ. गोयमा ! जहण्णेणं अंतोमुहुत्तट्ठिईएसु, उक्कोसेणं बावीस वाससहस्सट्ठिईएसु उववज्जेज्जा।

प. ते णं भंते ! जीवा एगसमएणं केवइया उववज्जंति ?

उ. गोयमा ! **सच्चेव बेइंदियस्स गमगाणं लद्धी भाणियव्वा,**

णवरं–सरीरोगाहणा जहण्णेणं अंगुलस्स असंखेज्जइभागं, उक्कोसेणं जोयणसहस्सं।

पंच इंदिया।

ठिई-अणुबंधो य जहण्णेणं अंतोमुहुत्तं, उक्कोसेणं पुव्वकोडी।

भवादेसेणं सव्वगमएसु जहण्णेणं दो भवग्गहणाइं, उक्कोसेणं अट्ठ भवग्गहणाइं।

पढमगमए–कालादेसेणं जहण्णेणं दो अंतोमुहुत्ता, उक्कोसेणं चत्तारि पुव्वकोडीओ अट्ठासीईए वाससहस्सेहिं अब्भहियाओ, एवइयं कालं सेवेज्जा, एवइयं कालं गतिरागतिं करेज्जा।

एवं नवसु वि गमएसु उववाय, ठिई, कायसंवेहो उवउंजिऊण भाणियव्वं।

सत्तम अट्ठम णवम गमए ठिई अणुबंधो य जहण्णेणं पुव्वकोडी, उक्कोसेण वि पुव्वकोडी।

नवमगमए–कालादेसेणं जहण्णेणं पुव्वकोडी बावीसाए वाससहस्सेहिं अब्भहिया, उक्कोसेणं चत्तारि पुव्वकोडीओ अट्ठासीईए वाससहस्सेहिं अब्भहियाओ, एवइयं कालं सेवेज्जा, एवइयं कालं गतिरागतिं करेज्जा। (१-९)

–विया. स. २४, उ. १२, सु. २९-३०

३४. पुढविकाइए उववज्जंतेसु सन्नि पंचिंदिय तिरिक्खजोणियाणं उववायाइ वीसं दारं परूवणं–

प. भंते ! जइ सण्णिपंचिंदियतिरिक्खजोणिएहिंतो उववज्जंति-किं संखेज्जवासाउयसण्णिपंचिंदिय-तिरिक्खजोणिएहिंतो उववज्जंति, असंखेज्जवासाउय सण्णि पंचिंदियतिरिक्खजोणिएहिंतो उववज्जंति ?

उ. गोयमा ! संखेज्जवासाउय सण्णि पंचिंदिय तिरिक्ख जोणिएहिंतो उववज्जंति, णो असंखेज़्जवासाउय सण्णि पंचिंदिय तिरिक्खजोणिएहिंतो उववज्जंति।

उ. गौतम ! वे दोनों से आकर उत्पन्न होते हैं।

३३. पृथ्वीकायिक में उत्पन्न होने वाले असंज्ञी पंचेन्द्रिय तिर्यञ्चयोनिकों के उपपातादि बीस द्वारों का प्ररूपण–

प्र. भंते ! असंज्ञी पंचेन्द्रिय तिर्यञ्चयोनिक जीव जो पृथ्वीकायिकों में उत्पन्न होने योग्य है, तो भंते ! वह कितने काल की स्थिति वाले पृथ्वीकायिकों में उत्पन्न होता है ?

उ. गौतम ! वह जघन्य अन्तर्मुहूर्त की और उत्कृष्ट बाईस हजार वर्ष की स्थिति वाले पृथ्वीकायिक में उत्पन्न होता है।

प्र. भंते ! वे जीव (असंज्ञी-पंचेन्द्रिय-तिर्यञ्चयोनिक) एक समय में कितने उत्पन्न होते हैं ?

उ. गौतम ! **द्वीन्द्रिय के नौ गमकों में जिस प्रकार कहा गया है उसी प्रकार यहाँ कहना चाहिए।**

विशेष–इनके शरीर की अवगाहना जघन्य अंगुल के असंख्यातवें भाग और उत्कृष्ट एक हजार योजन की है।

पाँचों इन्द्रियाँ होती हैं।

स्थिति और अनुबन्ध जघन्य अन्तर्मुहूर्त और उत्कृष्ट पूर्वकोटि वर्ष का है।

भवादेश–सभी गम्मों में जघन्य दो भव और उत्कृष्ट आठ भव ग्रहण करते हैं।

प्रथम गमक में–कालादेश से जघन्य दो अन्तर्मुहूर्त और उत्कृष्ट अट्ठयासी हजार वर्ष अधिक चार पूर्वकोटि वर्ष जितना काल व्यतीत करता है और इतने ही काल तक गमनागमन करता है।

नौ ही गमकों में उपपात, स्थिति एवं कालादेश उपयोगपूर्वक कहना चाहिए।

सातवें आठवें नौवें गम्मे में स्थिति और अनुबंध जघन्य पूर्वकोटि वर्ष तथा उत्कृष्ट भी पूर्वकोटि वर्ष जानना चाहिए।

नौवें गमक में–कालादेश से जघन्य बावीस हजार वर्ष अधिक पूर्वकोटि वर्ष और उत्कृष्ट अट्ठयासी हजार वर्ष अधिक चार पूर्वकोटि वर्ष जितना काल व्यतीत करता है और इतने ही काल तक गमनागमन करता है (१-९)

३४. पृथ्वीकायिकों में उत्पन्न होने वाले संज्ञी पंचेन्द्रिय तिर्यञ्चयोनिकों के उपपातादि बीस द्वारों का प्ररूपण–

प्र. भन्ते ! यदि वे (पृथ्वीकायिक) संज्ञी पंचेन्द्रिय तिर्यञ्चयोनिकों से आकर उत्पन्न होते हैं तो, क्या वे संख्यातवर्ष की आयु वाले संज्ञी पंचेन्द्रियतिर्यञ्चयोनिकों से आकर उत्पन्न होते हैं या असंख्यातवर्ष की आयु वाले संज्ञी पंचेन्द्रियतिर्यञ्चयोनिकों से आकर उत्पन्न होते हैं ?

उ. गौतम ! वे संख्यातवर्ष की आयु वाले संज्ञी पंचेन्द्रिय-तिर्यञ्चयोनिकों से आकर उत्पन्न होते हैं, असंख्यातवर्ष की आयु वाले असंज्ञी पंचेन्द्रिय तिर्यञ्चयोनिकों से आकर उत्पन्न नहीं होते हैं।

प. जइ संखेज्जवासाउय सन्निपंचिंदियतिरिक्खजोणिएहिंतो उववज्जंति किं-जलचरेहिंतो उववज्जंति ?

उ. **इच्चेव सव्वा वत्तव्वया जहा असण्णीणं जाव उववाओ भाणियव्वो।**

सेसं जहा रयणप्पभाए उववज्जमाणस्स सण्णि पंचिंदिय तिरिक्खजोणियस्स वत्तव्वया भणिया तहेव इह वि भाणियव्वा।

णवरं–पढम गमए-कालादेसेणं-जहण्णेणं दो अंतोमुहुत्ता उक्कोसेणं चत्तारि पुव्वकोडीओ अट्ठासीईए वाससहस्सेहिं अब्भहियाओ, एवइयं कालं सेवेज्जा, एवइयं कालं गतिरागतिं करेज्जा।

एवं काय संवेहो नवसु वि गमएसु जहा असण्णीणं भणिओ तहेव निरवसेसो भाणियव्वो।

मज्झिल्लएसु तिसु वि गमएसु इमाइं नव नाणत्ताइं, तं जहा–

१. ओगाहणा जहण्णेणं अंगुलस्स असंखेज्जइभागं, उक्कोसेणं अंगुलस्स असंखेज्जइभागं।

२. तिण्णि लेसाओ।

३. मिच्छादिट्ठी।

४. दो अण्णाणा।

५. काययोगी।

६. तिण्णि समुग्घाया।

७. ठिई-जहण्णेणं अंतोमुहुत्तं उक्कोसेण वि अंतोमुहुत्तं।

८. अज्झवसाणा अप्पसत्था ।

९. **अणुबंधो जहा ठिई।**

पच्छिल्लएसु तिसु वि गमएसु–ठिई अणुबंधो य जहण्णेणं पुव्वकोडी, उक्कोसेण वि पुव्वकोडी।

सेसं उववाय संवेहो य उवउंजिऊण भाणियव्वो।(१-९)

–विया. स. २४, उ. १२, सु. ३१-३३

३५. मणुस्से पडुच्च पुढविकाइय उववाय परूवणं–

प. भन्ते ! जइ मणुस्सेहिंतो उववज्जंति–किं सण्णिमणुस्सेहिंतो उववज्जंति, असण्णिमणुस्सेहिंतो उववज्जंति ?

उ. गोयमा ! सण्णिमणुस्सेहिंतो वि उववज्जंति, असण्णिमणुस्सेहिंतो वि उववज्जंति।

–विया. स. २४, उ. १२, सु. ३४

३६. पुढविकाइए उववज्जंतेसु असन्नि मणुस्साणं उववायाइ वीसं दारं परूवणं–

प. असण्णिमणुस्से णं भंते ! जे भविए पुढविक्काइएसु उववज्जित्तए, से णं भंते ! केवइयकालट्ठिईएसु उववज्जेज्जा ?

प्र. यदि पृथ्वीकायिक संख्यातवर्ष की आयु वाले संज्ञी पंचेन्द्रिय तिर्यञ्चयोनिकों से आकर उत्पन्न होते हैं तो क्या जलचरों से आकर उत्पन्न होते हैं ?

उ. **इत्यादि समग्र कथन पूर्वोक्त असंज्ञी पंचेन्द्रिय तिर्यञ्चयोनिकों के समान उपपात पर्यन्त जानना चाहिए।**

शेष कथन रत्नप्रभा में उत्पन्न होने वाले संज्ञी पंचेन्द्रिय तिर्यञ्चयोनिकों के समान यहाँ भी कहना चाहिए।

विशेष–प्रथम गमक में-कालादेश से जघन्य दो अन्तर्मुहूर्त और उत्कृष्ट अट्ठयासी हजार वर्ष अधिक चार पूर्वकोटि जितना काल व्यतीत करते हैं और इतने ही काल तक गमनागमन करते हैं।

इसी प्रकार नौ ही गमकों में असंज्ञी पंचेन्द्रिय तिर्यञ्चयोनिकों की तरह काय संवेध का समग्र कथन करना चाहिए।

मध्य के तीन (४-५-६) गमकों में नौ बोलों में भिन्नताएँ हैं, यथा–

१. शरीर की अवगाहना जघन्य अंगुल का असंख्यातवां भाग और उत्कृष्ट भी अंगुल का असंख्यातवां भाग है।

२. लेश्याएँ (आदि की) तीन होती हैं।

३. मिथ्यादृष्टि होते हैं।

४. दो अज्ञान होते हैं।

५. काययोगी होते हैं।

६. आदि के तीन समुद्घात होते हैं।

७. स्थिति-जघन्य अन्तर्मुहूर्त है और उत्कृष्ट भी अन्तर्मुहूर्त होती है।

८. अध्यवसाय अप्रशस्त होते हैं।

९. **अनुबंध भी स्थिति के अनुसार होता है।**

अन्तिम तीन (७-८-९) गमकों में–स्थिति और अनुबंध जघन्य पूर्वकोटि वर्ष और उत्कृष्ट भी पूर्वकोटि वर्ष का होता है।

शेष उपपात और संवेध उपयोग पूर्वक जानना चाहिए। (१-९)

३५. मनुष्यों की अपेक्षा पृथ्वीकायिकों के उपपातादि का प्ररूपण–

प्र. भन्ते ! यदि वे (पृथ्वीकायिक) मनुष्यों से आकर उत्पन्न होते हैं, तो क्या वे संज्ञी मनुष्यों से आकर उत्पन्न होते हैं या असंज्ञी मनुष्यों से आकर उत्पन्न होते हैं ?

उ. गौतम ! वे संज्ञी मनुष्यों से आकर भी उत्पन्न होते हैं और असंज्ञी मनुष्यों से आकर भी उत्पन्न होते हैं।

३६. पृथ्वीकायिक में उत्पन्न होने वाले असंज्ञी मनुष्यों के उपपातादि बीस द्वारों का प्ररूपण–

प्र. भन्ते ! असंज्ञी मनुष्य जो पृथ्वीकायिक में उत्पन्न होने योग्य है तो भन्ते ! वह कितने काल की स्थिति वाले पृथ्वीकायिकों में उत्पन्न होता है ?

उ. गोयमा ! **जहा असण्णिपंचिंदियतिरिक्खजोणियस्स जहण्णकालट्ठिईयस्स तिण्णि गमगा भणिया तहा एयस्स वि ओहिया तिण्णि गमगा निरवसेसं भाणियव्वा (१-३) सेसा छ गमगा न भवंति।** *–विया. स. २४, उ. १२, सु. ३५*

३७. पुढविक्काइए उववज्जंतेसु सन्नि मणुस्साणं उववायाइ बीसं दारं परूवणं–

प. भंते ! जइ सण्णिमणुस्सेहिंतो उववज्जंति-किं संखेज्जवासाउय सण्णिमणुस्सेहिंतो उववज्जंति, असंखेज्जवासाउय सण्णि मणुस्सेहिंतो उववज्जंति ?

उ. गोयमा ! संखेज्जवासाउय सण्णि मणुस्सेहिंतो उववज्जंति, नो असंखेज्जवासाउय सण्णि मणुस्सेहिंतो उववज्जंति।

प. भंते ! जइ संखेज्जवासाउय सण्णि मणुस्सेहिंतो उववज्जंति, किं पज्जत्तासंखेज्जवासाउय सण्णि मणुस्सेहिंतो उववज्जंति, अपज्जत्तासंखेज्जवासाउय सण्णि मणुस्सेहिंतो उववज्जंति ?

उ. गोयमा ! दोहिं वि उववज्जंति।

प. सण्णिमणुस्से णं भंते ! जे भविए पुढविकाइएसु उववज्जित्तए, से णं भंते ! केवइयकालट्ठिईएसु उववज्जेज्जा ?

उ. गोयमा ! जहण्णेणं अंतोमुहुत्तट्ठिईएसु, उक्कोसेणं बावीसं वाससहस्सट्ठिईएसु उववज्जेज्जा।

प. ते णं भंते ! जीवा एगसमएणं केवइया उववज्जंति ?

उ. गोयमा ! **जहेव रयणप्पभाए उववज्जमाणस्स मणूसस्स लद्धी भणिया तहेव तिसु वि गमएसु इह वि भाणियव्वा,**

णवरं–ओगाहणा जहण्णेणं अंगुलस्स असंखेज्जइभागं, उक्कोसेणं पंचधणुसयाइं।

ठिई-अणुबंधो जहण्णेणं अंतोमुहुत्तं, उक्कोसेणं पुव्वकोडी।

कायसंवेहो जहेव सण्णिपंचिंदियस्स पुढविकाइए उववज्जमाणस्स तहेव भाणियव्वं। (१-३)

मज्झिल्लएसु तिसु गमएसु लद्धी जहेव सण्णिपंचिंदियस्स मज्झिल्लेसु तिसु गमएसु। (४-६)

पच्छिल्ला तिण्णि गमगा जहा एयस्स चेव ओहिया गमगा,

णवरं–ओगाहणा जहण्णेणं पंच धणुसयाइं, उक्कोसेण वि पंचधणुसयाइं।

ठिई अणुबंधो य जहण्णेणं पुव्वकोडी, उक्कोसेण वि पुव्वकोडी।

काय संवेहो उवउंजिऊण भाणियव्वो। (७-९)

–विया. स. २४, उ. १२, सु. ३६-३९

३८. देवे पडुच्च पुढविकाइय उववाय परूवणं–

प. भंते ! जइ देवेहिंतो उववज्जंति-किं भवणवासिदेवेहिंतो उववज्जंति, वाणमंतरदेवेहिंतो, जोइसियदेवेहिंतो, वेमाणियदेवेहिंतो उववज्जंति ?

उ. गौतम ! **जिस प्रकार जघन्य काल की स्थिति वाले असंज्ञी पंचेंन्द्रिय तिर्यञ्चयोनिक के विषय में तीन गमक कहे गए हैं, उसी प्रकार यहां भी औधिक तीन गमक (१-२-३) सम्पूर्ण कहने चाहिए। (१-३) शेष छ गमक नहीं होते हैं।**

३७. पृथ्वीकायिक में उत्पन्न होने वाले संज्ञी मनुष्यों के उपपातादि बीस द्वारों का प्ररूपण–

प्र. भन्ते ! यदि वे (पृथ्वीकायिक) संज्ञी मनुष्यों से आकर उत्पन्न होते हैं, तो क्या संख्यात वर्ष की आयु वाले या असंख्यात वर्ष की आयु वाले संज्ञी मनुष्यों से आकर उत्पन्न होते हैं ?

उ. गौतम ! वे संख्यात वर्ष की आयु वाले संज्ञी मनुष्यों से आकर उत्पन्न होते हैं, किन्तु असंख्यातवर्ष की आयु वाले संज्ञी मनुष्यों से आकर उत्पन्न नहीं होते हैं।

प्र. भन्ते ! यदि वे संख्यात वर्ष की आयु वाले संज्ञी मनुष्यों से आकर उत्पन्न होते हैं तो क्या पर्याप्त संख्यातवर्षायुष्क संज्ञी मनुष्यों से आकर उत्पन्न होते हैं या अपर्याप्त संख्यातवर्षायुष्क संज्ञी मनुष्यों से आकर उत्पन्न होते हैं ?

उ. गौतम ! वे दोनों से ही आकर उत्पन्न होते हैं।

प्र. भन्ते ! (संख्यातवर्षायुष्क पर्याप्त) संज्ञी मनुष्य जो पृथ्वीकायिकों में उत्पन्न होने योग्य है तो भंते ! वह कितने काल की स्थिति वाले पृथ्वीकायिकों में उत्पन्न होता है ?

उ. गौतम ! वह जघन्य अन्तर्मुहूर्त की और उत्कृष्ट बाईस हजार वर्ष की स्थिति वाले पृथ्वीकायिकों में उत्पन्न होता है।

प्र. भन्ते ! वे जीव एक समय में कितने उत्पन्न होते हैं ?

उ. गौतम ! **रत्नप्रभा में उत्पन्न होने वाले मनुष्य का जो कथन पूर्व में किया है वही यहाँ भी तीनों गमकों में कहना चाहिए।**

विशेष–उसके शरीर की अवगाहना जघन्य अंगुल के असंख्यातवें भाग की और उत्कृष्ट पाँच सौ धनुष की होती है,

स्थिति-अनुबंध जघन्य अन्तर्मुहूर्त की और उत्कृष्ट पूर्वकोटि वर्ष की होती है।

कायसंवेध-जैसे संज्ञी पंचेन्द्रिय-तिर्यञ्च के पृथ्वीकाय में उत्पन्न होने का कहा है, वैसे ही यहां कहना चाहिए (१-३)

मध्य के तीन गमकों (४-५-६) का संपूर्ण कथन संज्ञी पंचेन्द्रिय के मध्य के तीनों गमकों के समान कहना चाहिए।। (४-६)

पिछले तीनों गमकों (७-८-९) का कथन इसी के आदि के तीन औधिक गमकों के समान कहना चाहिए।

विशेष–शरीर की अवगाहना जघन्य पांच सौ धनुष की और उत्कृष्ट भी पांच सौ धनुष की है।

स्थिति और अनुबन्ध जघन्य पूर्वकोटि वर्ष और उत्कृष्ट भी पूर्वकोटि वर्ष है।

कायसंवेध उपयोग पूर्वक कहना चाहिए। (७-९)

३८. देवों की अपेक्षा पृथ्वीकायिक में उपपात का प्ररूपण–

प्र. भन्ते ! यदि वे (पृथ्वीकायिक) देवों से आकर उत्पन्न होते हैं, तो क्या भवनवासी देवों से आकर उत्पन्न होते हैं, वाणव्यन्तर, ज्योतिष्क या वैमानिक देवों से आकर उत्पन्न होते हैं ?

उ. गोयमा ! भवणवासिदेवेहिंतो वि उववज्जंति **जाव** वेमाणियदेवेहिंतो वि उववज्जंति।

–विया. स. २४, उ. १२, सु. ४०

३९. पुढविकाइए उववज्जंतेसु भवणवासिदेवाणं उववायाइ वीसं दारं परूवणं–

प. भंते ! जइ भवणवासिदेवेहिंतो उववज्जंति-किं असुरकुमारभवणवासिदेवेहिंतो उववज्जंति **जाव** थणियकुमारभवणवासिदेवेहिंतो उववज्जंति ?

उ. गोयमा ! असुरकुमारभवणवासिदेवेहिंतो वि उववज्जंति **जाव** थणियकुमारभवणवासिदेवेहिंतो वि उववज्जंति।

प. असुरकुमारेणं भंते ! जे भविए पुढविक्काइएसु उववज्जित्तए, से णं भंते ! केवइयं कालट्ठिईएसु उववज्जेज्जा ?

उ. गोयमा ! जहण्णेणं अंतोमुहुत्तट्ठिईएसु, उक्कोसेणं बावीस वाससहस्सट्ठिईएसु।

प. ते णं भंते ! जीवा एगसमएणं केवइया उववज्जंति ?

उ. गोयमा ! जहण्णेणं एक्को वा, दो वा, तिण्णि वा, उक्कोसेणं संखेज्जा वा, असंखेज्जा वा उववज्जंति।

प. तेसि णं भंते ! जीवाणं सरीरगा किं संघयणी पण्णत्ता ?

उ. गोयमा ! छण्हं संघयणाणं असंघयणी **जाव** परिणमंति।

प. तेसि णं भंते ! जीवाणं के महालिया सरीरोगाहणा ?

उ. गोयमा ! दुविहा सरीरोगाहणा पण्णत्ता, तं जहा–

१. भवधारणिज्जा य, २. उत्तर वेउव्विया य।

१. तत्थ णं जा सा भवधारणिज्जा सा जहण्णेणं अंगुलस्सअसंखेज्जइभागं, उक्कोसेणं सत्त रयणीओ।

२. तत्थ णं जा सा उत्तरवेउव्विया सा जहण्णेणं अंगुलस्स संखेज्जइभागं, उक्कोसेणं जोयणसयसहस्सं।

प. तेसि णं भंते ! जीवाणं सरीरगा किं संठिया पण्णत्ता ?

उ. गोयमा ! दुविहा पण्णत्ता, तं जहा–

१. भवधारणिज्जा य, २. उत्तरवेउव्विया य।

१. तत्थ णं जे ते भवधारणिज्जा ते समचउरंस-संठाणसंठिया पण्णत्ता।

२. तत्थ णं जे ते उत्तरवेउव्विया ते नाणासंठाणसंठिया पण्णत्ता।

लेस्साओ चत्तारि।

दिट्ठी तिविहा वि।

तिण्णि नाणा नियमं, तिण्णि अण्णाणा भयणाए।

जोगो तिविहो वि।

उवओगो दुविहो वि।

उ. गौतम ! वे भवनवासी देवों से भी आकर उत्पन्न होते हैं **यावत्** वैमानिक देवों से भी आकर उत्पन्न होते हैं।

३९. पृथ्वीकायिकों में उत्पन्न होने वाले भवनवासी देवों के उपपातादि बीस द्वारों का प्ररूपण–

प्र. भन्ते ! यदि वे (पृथ्वीकायिक) भवनवासी देवों से आकर उत्पन्न होते हैं तो क्या वे असुरकुमार-भवनवासी देवों से आकर उत्पन्न होते हैं **यावत्** स्तनितकुमार भवनवासी देवों से आकर उत्पन्न होते हैं ?

उ. गौतम ! वे असुरकुमार-भवनवासी देवों से भी आकर उत्पन्न होते हैं **यावत्** स्तनितकुमार भवनवासी देवों से भी आकर उत्पन्न होते हैं।

प्र. भन्ते ! जो असुरकुमार पृथ्वीकायिकों में उत्पन्न होने योग्य है तो भंते ! वह कितने काल की स्थिति वाले पृथ्वीकायिकों में उत्पन्न होता है ?

उ. गौतम ! वह जघन्य अन्तर्मुहूर्त की और उत्कृष्ट बाईस हजार वर्ष की स्थिति वाले पृथ्वीकायिकों में उत्पन्न होता है।

प्र. भन्ते ! वे जीव एक समय में कितने उत्पन्न होते हैं ?

उ. गौतम ! वे जघन्य एक, दो या तीन और उत्कृष्ट संख्यात या असंख्यात उत्पन्न होते हैं।

प्र. भन्ते ! उन जीवों के शरीर किस प्रकार के संहनन वाले कहे गए हैं ?

उ. गौतम ! उनके शरीर छहों प्रकार के संहननों से रहित होते हैं **यावत्** परिणत होते हैं।

प्र. भन्ते ! उन जीवों के शरीर की अवगाहना कितनी बड़ी कही गई है ?

उ. गौतम ! शरीर की अवगाहना दो प्रकार की कही गई है, यथा–

१. भवधारणीय, २. उत्तरवैक्रिय।

१. उनमें जो भवधारणीय अवगाहना है, वह जघन्य अंगुल के असंख्यातवें भाग की और उत्कृष्ट सात रत्नि (हाथ) की है।

२. उनमें जो उत्तरवैक्रिय अवगाहना है, वह जघन्य अंगुल के संख्यातवें भाग की और उत्कृष्ट एक लांख योजन की है।

प्र. भन्ते ! उन जीवों के शरीर का संस्थान कौन-सा कहा गया है ?

उ. गौतम ! (संस्थान) दो प्रकार का कहा गया है, यथा–

१. भवधारणीय, २. उत्तरवैक्रिय।

१. उनमें जो भवधारणीय शरीर हैं, वे समचतुरस्रसंस्थान वाले कहे गए हैं,

२. जो उत्तर वैक्रिय शरीर हैं, वे अनेक प्रकार के संस्थान वाले कहे गए हैं।

उनके चार लेश्याएँ होती हैं।

उनमें तीन दृष्टियाँ होती हैं।

उनके तीन ज्ञान नियमतः होते हैं और तीन अज्ञान भजना (विकल्प) से पाये जाते हैं।

योग तीनों ही पाये जाते हैं।

उपयोग दोनों ही होते हैं।

चत्तारि सण्णाओ।
चत्तारि कसाया।
पंच इंदिया।
पंच समुग्घाया।
वेयणा दुविहा वि।
इत्थिवेदगा वि, पुरिसवेदगा वि, नो नपुंसगवेदगा।

ठिई जहण्णेणं दसवाससहस्साइं, उक्कोसेणं साइरेगं सागरोवमं।
अज्झवसाणा असंखेज्जा पसत्था वि, अप्पसत्था वि।

अणुबंधो जहा ठिई।
भवादेसेणं दो भवग्गहणाइं,
कालादेसेणं जहण्णेणं दसवाससहस्साइं अंतोमुहुत्त-मब्भहियाइं, उक्कोसेणं साइरेगं सागरोवमं बावीसाए वाससहस्सेहिं अब्भहियं, एवइयं कालं सेवेज्जा, एवइयं कालं गतिरागतिं करेज्जा।
एवं नव वि गमगा णं लद्धी नेयव्वा।
ठिई कालादेसं च उवउंजिऊण जाणेज्जा।
नवम गमए–कालादेसेणं जहण्णेणं साइरेगं सागरोवमं बावीसाए वाससहस्सेहिं अब्भहियं, उक्कोसेण वि साइरेगं सागरोवमं बावीसाए वाससहस्सेहिं अब्भहियं, एवइयं कालं सेवेज्जा, एवइयं कालं गतिरागतिं करेज्जा।(१-९)
नागकुमाराणं एसा चेव वत्तव्वया जहा असुरकुमाराणं।

णवरं–ठिई-अणुबंधो जहण्णेणं दसवाससहस्साइं, उक्कोसेणं देसूणाइं दो पलिओवमाइं।
पढम गमए-कालादेसेणं जहण्णेणं दसवाससहस्साइं अंतोमुहुत्तमब्भहियाइं, उक्कोसेणं देसूणाइं दो पलिओवमाइं बावीसाए वाससहस्सेहिं अब्भहियाइं।

एवं नव वि गमगाणं ठिई कालादेसं च उवउंजिऊण जाणेज्जा।(१-९)
एवं जाव थणियकुमाराणं जहा नागकुमाराणं।
–विया. स. २४, उ. १२, सु. ४१-४७

चारों संज्ञाएँ होती हैं।
चारों कषाएँ होती हैं।
पाँचों इन्द्रियाँ होती हैं।
पाँचों समुद्घात पाये जाते हैं।
वेदना दो प्रकार की होती हैं।
वे स्त्रीवेदी और पुरुषवेदी होते हैं किन्तु नपुंसकवेदी नहीं होते हैं।
उनकी स्थिति जघन्य दस हजार वर्ष की और उत्कृष्ट कुछ अधिक सागरोपम की होती है।
उनके अध्यवसाय असंख्यात होते हैं। वे प्रशस्त और अप्रशस्त होते हैं।
अनुबंध स्थिति के अनुसार होता है।
भवादेश से वह दो भव ग्रहण करता है।
कालादेश से जघन्य अन्तर्मुहूर्त अधिक दस हजार वर्ष और उत्कृष्ट बाईस हजार वर्ष कुछ अधिक सागरोपम जितना काल व्यतीत करता है और इतने ही काल तक गमनागमन करता है।
इसी प्रकार नौ ही गमकों की लब्धि जाननी चाहिए।
उपपात स्थिति कालादेश उपयोगपूर्वक जानना चाहिए।
नौवें गमक में–कालादेश से जघन्य और उत्कृष्ट बाईस हजार वर्ष अधिक साधिक सागरोपम जितना काल व्यतीत करता है और इतने ही काल तक गमनागमन करता है (१-९)

नागकुमारों के लिए भी असुरकुमारों के समान ही कथन करना चाहिए।
विशेष–स्थिति और अनुबंध जघन्य दस हजार वर्ष की और उत्कृष्ट देशोन दो पल्योपम का होता है।
प्रथम गमक में–कालादेश से जघन्य अन्तर्मुहूर्त अधिक दस हजार वर्ष और उत्कृष्ट बाईस हजार वर्ष अधिक देशोन दो पल्योपम जितना काल व्यतीत करता है और इतने ही काल तक गमनागमन करता है।
इसी प्रकार नौ ही गमकों में स्थिति कालादेश उपयोगपूर्वक जानना चाहिए।(१-९)
इसी प्रकार स्तनितकुमारों पर्यन्त नौ गमक नागकुमारों के समान जानना चाहिए।

४०. पुढविकाइए उववज्जंतेसु वाणमंतरदेवाणं उववायाइ वीसं दारं परूवण–

प. भंते ! जइ वाणमंतरेहिंतो उववज्जंति-किं पिसायवाण-मंतरदेवेहिंतो उववज्जंति **जाव** गंधव्ववाणमंतरदेवेहिंतो उववज्जंति ?

उ. गोयमा ! पिसायवाणमंतरदेवेहिंतो वि उववज्जंति **जाव** गंधव्ववाणमंतरदेवेहिंतो वि उववज्जंति।

४०. पृथ्वीकायिकों में उत्पन्न होने वाले वाणव्यन्तर देवों के उपपातादि बीस द्वारों का प्ररूपण–

प्र. भन्ते ! यदि वे (पृथ्वीकायिक जीव) वाणव्यन्तर देवों से आकर उत्पन्न होते हैं तो क्या वे पिशाच वाणव्यन्तरों से आकर उत्पन्न होते हैं **यावत्** गन्धर्व वाणव्यन्तरों से आकर उत्पन्न होते हैं ?

उ. गौतम ! वे पिशाच वाणव्यन्तर देवों से भी आकर उत्पन्न होते हैं **यावत्** गंधर्व वाणव्यन्तरों से भी आकर उत्पन्न होते हैं।

प. वाणमंतरदेवे णं भंते ! जे भविए पुढविक्काइएसु उववज्जित्तए से णं भंते ! केवइयं कालट्ठिईएसु उववज्जेज्जा ?

उ. गोयमा ! **एएसिं पि असुरकुमारगमगसरिसा नव गमगाणं लद्धी भाणियव्वा।**

णवरं–ठिई-जहण्णेणं दसवाससहस्साइं, उक्कोसेणं पलिओवमं **उववाय-कायसंवेहं च उवउंजिऊण भाणियव्वं।** (१-९) *–विया. स. २४, उ. १२, सु. ४८-४९*

४१. पुढविकाइए उववज्जंतेसु जोइसिय देवाणं उववायाइ वीसं दारं परूवणं–

प. भंते ! जइ जोइसियदेवेहिंतो उववज्जंति-किं चंदविमाण-जोइसियदेवेहिंतो उववज्जंति **जाव** ताराविमाण-जोइसियदेवेहिंतो उववज्जंति ?

उ. गोयमा ! चंदविमाणजोइसियदेवेहिंतो वि उववज्जंति **जाव** ताराविमाण जोइसियदेवेहिंतो वि उववज्जंति।

प. जोइसियदेवे णं भंते ! जे भविए पुढविक्काइएसु उववज्जित्तए से णं भंते ! केवइयं कालट्ठिइएसु उववज्जेज्जा ?

उ. गोयमा ! **सव्वा लद्धी जहा असुरकुमाराणं,**

णवरं–एगा तेउलेस्सा पण्णत्ता।

तिण्णि नाणा, तिण्णि अण्णाणा नियमं।

ठिई जहण्णेणं अट्ठभागपलिओवमं, उक्कोसेणं पलिओवमं वाससयसहस्समब्भहियं।

एवं अणुबंधो वि।

पढमगमए-कालादेसेणं जहण्णेणं अट्ठभागपलिओवमं अंतोमुहुत्तमब्भहियं, उक्कोसेणं पलिओवमं वाससयसहस्सेणं बावीसाए वाससहस्सेहिं अब्भहियं, एवइयं कालं सेवेज्जा, एवइयं कालं गतिरागतिं करेज्जा।

एवं सेसा वि अट्ठगमगा असुरकुमार सरिसा भाणियव्वा,

णवरं–ठिई, कालादेसं उववायं, णाणत्तं च उवउंजिऊण भाणियव्वा। (१-९) *–विया. स. २४, उ. १२, सु. ५०-५१*

४२. पुढविकाइए उववज्जंतेसु वेमाणिय देवाणं उववायाइ वीसं दारं परूवणं–

प. भंते ! जइ वेमाणियदेवेहिंतो उववज्जंति-किं कप्पोवगवेमाणियदेवेहिंतो उववज्जंति, कप्पातीय-वेमाणियदेवेहिंतो उववज्जंति ?

उ. गोयमा ! कप्पोवगवेमाणियदेवेहिंतो उववज्जंति, नो कप्पातीयवेमाणियदेवेहिंतो उववज्जंति।

प्र. भन्ते ! जो वाणव्यन्तर देव पृथ्वीकायिक जीवों में उत्पन्न होने योग्य है तो भंते ! वह कितने काल की स्थिति वाले पृथ्वीकायिकों में उत्पन्न होता है ?

उ. गौतम ! **इनके भी नौ गमकों का वर्णन असुरकुमारों के नौ गमकों के समान कहना चाहिए।**

विशेष–इनकी स्थिति जघन्य दस हजार वर्ष की और उत्कृष्ट एक पल्योपम की होती है। **उपपात और काय संवेध उपयोग लगाकर जानना चाहिए।** (१-९)

४१. पृथ्वीकायिकों में उत्पन्न होने वाले ज्योतिष्क देवों के उपपातादि बीस द्वारों का प्ररूपण–

प्र. भन्ते ! यदि वे (पृथ्वीकायिक) ज्योतिष्क देवों से आकर उत्पन्न होते हैं तो क्या वे चन्द्रविमान-ज्योतिष्क देवों से आकर उत्पन्न होते हैं **यावत्** ताराविमान ज्योतिष्क देवों से आकर उत्पन्न होते हैं ?

उ. गौतम ! वे **चन्द्रविमान-ज्योतिष्क** देवों से भी आकर उत्पन्न होते हैं **यावत् ताराविमान-ज्योतिष्क** देवों से भी आकर उत्पन्न होते हैं।

प्र. भन्ते ! ज्योतिष्क देव जो **पृथ्वीकायिकों में उत्पन्न होने योग्य है** तो भंते ! वे कितने काल की स्थिति वाले पृथ्वीकायिकों में उत्पन्न होते हैं ?

उ. गौतम ! **समग्र कथन असुरकुमारों के समान जानना चाहिए।**

विशेष–इनके एक मात्र तेजोलेश्या कही गई है।

इनमें तीन ज्ञान और तीन अज्ञान नियमतः होते हैं।

स्थिति जघन्य पल्योपम के आठवें भाग की और उत्कृष्ट एक लाख वर्ष अधिक एक पल्योपम की होती है।

अनुबंध भी स्थिति के अनुसार जानना चाहिए।

प्रथम गमक में–कालादेश से जघन्य अन्तर्मुहूर्त अधिक पल्योपम का आठवां भाग और उत्कृष्ट बाईस हजार वर्ष अधिक एक लाख वर्ष सहित एक पल्योपम जितना काल व्यतीत करता है और इतने ही काल तक गमनागमन करता है।

इसी प्रकार शेष आठ गमक भी असुरकुमार के समान कहने चाहिए।

विशेष–स्थिति, कालादेश, उपपात एवं अन्तर उपयोग पूर्वक समझना चाहिए। (१-९)

४२. पृथ्वीकायिकों में उत्पन्न होने वाले वैमानिक देवों के उपपातादि बीस द्वारों का प्ररूपण–

प्र. भन्ते ! यदि वे (पृथ्वीकायिक जीव) वैमानिक देवों से आकर उत्पन्न होते हैं, तो क्या वे कल्पोपपन्न वैमानिक देवों से आकर उत्पन्न होते हैं या कल्पातीत वैमानिक देवों से आकर उत्पन्न होते हैं ?

भवादेश से–जघन्य तीन भव और उत्कृष्ट सात भव ग्रहण करता है।

कालादेसेणं–जहण्णेणं अट्ठारस सागरोवमाइं दोहिं वासपुहत्तेहिं अब्भहियाइं, उक्कोसेणं सत्तावन्नं सागरोवमाइं चउहिं पुव्वकोडीहिं अब्भहियाइं, एवइयं कालं सेवेज्जा, एवइयं कालं गतिरागतिं करेज्जा। (पढमो गमओ)

सेसा वि अट्ठ गमगा पढम गमग सरिसा,

णवरं–ठिई संवेहं च उवउंजिऊण जाणेज्जा।

एवं जाव **अच्चुयदेवा,**

णवरं–ठिई संवेहं च उवउंजिऊण जाणेज्जा।

आणयाइसु चउसु वि उववज्जमाणाणं संघयणा तिण्णि।

–विया. स. २४, उ. २४, सु. २१-२३

७५. कप्पातीय वेमाणिय देव उववज्जंतेसु मणुस्साणं उववायाइ वीसं दारं परूवणं–

प. गेवेज्जगदेवा णं भंते ! कओहिंतो उववज्जंति ?

उ. गोयमा ! **सव्वा वत्तव्वया जहा आणयाणं देवाणं।**

णवरं–दो संघयणा। ठिई संवेहं च गेवेज्जग देवाणं उवउंजिऊण भाणियव्वं।

प. विजय-वेजयंत-जयंत-अपराजियदेवा णं भंते ! कओहिंतो उववज्जंति ?

उ. गोयमा ! **सव्वा वत्तव्वया जहा आणयाणं देवाणं।**

णवरं–पढमं संघयणं।

ठिई अणुबंधो-जहण्णेणं एक्कतीसं सागरोवमाइं, उक्कोसेणं तेत्तीसं सागरोवमाइं,

भवादेसेणं जहण्णेणं तिण्णि भवग्गहणाइं, उक्कोसेणं पंच भवग्गहणाइं।

कालादेसेणं जहण्णेणं एक्कतीसं सागरोवमाइं दोहिं वासपुहत्तेहिं अब्भहियाइं, उक्कोसेणं छावट्ठिं सागरोवमाइं तिहिं पुव्वकोडीहिं अब्भहियाइं, एवइयं कालं सेवेज्जा, एवइयं कालं गतिरागतिं करेज्जा। (पढमो गमओ)

एवं सेसा वि अट्ठा गमगा भाणियव्वा,

णवरं–ठिई संवेहं च उवउंजिऊण जाणेज्जा।

प. सव्वट्ठगसिद्धगदेवा णं भंते ! कओहिंतो उववज्जंति ?

उ. गोयमा ! **उववाओ जहा आणयदेवाणं।**

प. से णं भंते ! केवइयं कालट्ठिईएसु उववज्जेज्जा ?

उ. गोयमा ! जहण्णेणं तेत्तीसं सागरोवमट्ठिईएसु उक्कोसेण वि तेत्तीसं सागरोवमट्ठिईएसु उववज्जेज्जा।

अवसेसा वत्तव्वया जहा विजयाइसु उववज्जंताणं,

णवरं–भवादेसेणं तिण्णि भवग्गहणाइं,

कालादेश से–जघन्य दो वर्ष पृथक्त्व अधिक अठारह सागरोपम और उत्कृष्ट चार पूर्वकोटि अधिक सत्तावन सागरोपम जितना काल व्यतीत करता है और इतने ही काल तक गमनागमन करता है। (यह प्रथम गमक है)

शेष आठ गमक भी प्रथम गमक के समान कहने चाहिए।

विशेष–स्थिति और संवेध उपयोगपूर्वक पृथक्-पृथक् जानने चाहिए।

इसी प्रकार अच्युतदेवों पर्यन्त जानना चाहिए।

विशेष–इनकी स्थिति और संवेध उपयोगपूर्वक भिन्न-भिन्न कहने चाहिए।

आनतादि चार देवलोकों में उत्पन्न होने वालों में (प्रथम के) तीन संहनन होते हैं।

७५. कल्पातीत वैमानिक देवों में उत्पन्न होने वाले मनुष्यों के उपपातादि बीस द्वारों का प्ररूपण–

प्र. भंते ! ग्रैवेयकदेव कहां से आकर उत्पन्न होते हैं ?

उ. गौतम ! **इनका समग्र कथन आणत देवों के समान कहना चाहिए।**

विशेष–इसमें उत्पन्न होने वालों में प्रथम के दो संहनन होते हैं तथा स्थिति और संवेध (इनका अपना-अपना) उपयोगपूर्वक कहना चाहिए।

प्र. भंते ! विजय, वैजयन्त, जयन्त और अपराजित देव कहां से आकर उत्पन्न होते हैं ?

उ. गौतम ! **इनका भी समग्र कथन आणत देवों के समान है।**

विशेष–इनमें प्रथम संहनन वाले उत्पन्न होते हैं।

स्थिति और अनुबंध जघन्य इकतीस सागरोपम, उत्कृष्ट तेतीस सागरोपम का होता है।

भवादेश से जघन्य तीन भव और उत्कृष्ट पांच भव ग्रहण करते हैं।

कालादेश से जघन्य दो वर्ष पृथक्त्व अधिक इकतीस सागरोपम और उत्कृष्ट तीन पूर्वकोटि अधिक छासठ सागरोपम जितना काल व्यतीत करता है और इतने ही काल तक गमनागमन करता है। (यह प्रथम गमक है)

शेष आठ गमक भी इसी प्रकार कहने चाहिए।

विशेष–इनमें स्थिति और संवेध उपयोगपूर्वक जानना चाहिए।

प्र. भंते ! सर्वार्थसिद्ध देव कहां से आकर उत्पन्न होता है ?

उ. गौतम ! **इनका उपपात आदि आणत देवों के समान है।**

प्र. भंते ! वे (संज्ञी मनुष्य) कितने काल की स्थिति वाले सर्वार्थसिद्धदेवों में उत्पन्न होते हैं ?

उ. गौतम ! वे जघन्य तेतीस सागरोपम और उत्कृष्ट भी तेतीस सागरोपम की स्थिति वाले सर्वार्थसिद्धदेवों में उत्पन्न होते हैं।

शेष कथन विजयादि देवों में उत्पन्न होने वाले मनुष्यों के समान है।

विशेष–भवादेश से तीन भव ग्रहण करता है,

कालादेसेणं जहण्णेणं तेत्तीसं सागरोवमाइं दोहिं वासपुहत्तेहिं अब्भहियाइं, उक्कोसेण वि तेत्तीसं सागरोवमाइं दोहिं पुव्वकोडीहिं अब्भहियाइं, एवइयं कालं सेवेज्जा, एवइयं कालं गतिरागतिं करेज्जा। (पढम गमओ)

सो चेव अप्पणा जहण्णकालट्ठिईओ जाओ, एसा चेव पढम गमग सरिसा वत्तव्वया।

णवरं–ओगाहणा रयणिपुहत्तं ठिई-वासपुहत्तं।

संवेहं च उवउंजिऊण जाणेज्जा। (बिइओ गमओ चउत्थो गमओ)

सो चेव अप्पणा उक्कोसकालट्ठिईओ जाओ, एसा चेव पढम गमग वत्तव्वया,

णवरं–ओगाहणा जहण्णेणं पंच धणुसयाइं, उक्कोसेण वि पंच धणुसयाइं।

ठिई अणुबंधो जहण्णेणं पुव्वकोडी, उक्कोसेण वि पुव्वकोडी।

कालादेसेणं जहण्णेणं तेत्तीसं सागरोवमाइं दोहिं पुव्वकोडीहिं अब्भहियाइं, उक्कोसेण वि तेत्तीसं सागरोवमाइं दोहिं पुव्वकोडीहिं अब्भहियाइं, एवइयं कालं सेवेज्जा, एवइयं कालं गतिरागतिं करेज्जा। (तइओ गमओ सत्तमो गमओ)

सव्वट्ठसिद्धगदेवे उववज्जमाणाणं मणुस्साणं एए तिण्णि पढम चउत्थ सत्तम गमगा भवंति।

सेसा छ गमगा न भवंति।

–विया. स. २४, उ. २४, सु. २४-२९

□

कालादेश से जघन्य दो वर्ष पृथक्त्व अधिक तेतीस सागरोपम उत्कृष्ट दो पूर्वकोटि अधिक तेतीस सागरोपम जितना काल व्यतीत करता है और इतने ही काल तक गमनागमन करता है। (यह प्रथम गमक है)

यदि वह (संज्ञी मनुष्य) स्वयं जघन्य काल की स्थिति वाला हो और सर्वार्थसिद्धदेवों में उत्पन्न हो तो उसका भी कथन प्रथम गमक के समान करना चाहिए।

विशेष–इनकी अवगाहना रत्नि पृथक्त्व (अनेक हाथ) है और स्थिति वर्ष पृथक्त्व (अनेक वर्ष) है।

संवेध (इनका अपना) उपयोगपूर्वक जानना चाहिए। (यह द्वितीय गमक है अर्थात् चौथा गमक है।)

वही (संज्ञी मनुष्य) स्वयं उत्कृष्ट काल की स्थिति वाला हो तो उसका भी कथन प्रथम गमक के समान जानना चाहिए।

विशेष–इसकी अवगाहना जघन्य पांच सौ धनुष और उत्कृष्ट भी पांच सौ धनुष है।

इसकी स्थिति अनुबंध जघन्य पूर्वकोटि वर्ष है उत्कृष्ट भी पूर्वकोटि वर्ष है।

कालादेश से जघन्य दो पूर्वकोटि अधिक तेतीस सागरोपम और उत्कृष्ट भी दो पूर्वकोटि अधिक तेतीस सागरोपम जितना काल व्यतीत करता है और इतने ही काल तक गमनागमन करता है। (यह तीसरा गमक है अर्थात् सातवाँ गमक है)

सर्वार्थसिद्ध देवों में उत्पन्न होने वाले मनुष्यों के ये तीन ही गमक होते हैं–पहला, चौथा और सातवाँ।

शेष छः गमक नहीं होते हैं।

□

आत्मा अध्ययन : आमुख

आगम में आत्मा एवं जीव शब्द एकार्थक हैं। तथापि आत्मा शब्द जीव का विशिष्ट एवं सूक्ष्म विवेचन करता है। इस आत्मा को जीवात्मा भी कहा गया है। कुछ अन्यतीर्थिकों के अनुसार प्राणातिपात, मृषावाद **यावत्** मिथ्यादर्शनशल्य नामक अठारह पापों में प्रवर्तमान प्राणी का जीव अन्य है और जीवात्मा उससे भिन्न है किन्तु भगवान महावीर इस मान्यता को मिथ्या बतलाते हुए प्राणातिपात **यावत्** मिथ्यादर्शनशल्य में प्रवर्तमान प्राणी को ही जीव तथा जीवात्मा निरूपित करते हैं। यही नहीं वे इन पापों से विरत प्राणी को भी जीव एवं जीवात्मा शब्द से पुकारते हैं। व्याख्याप्रज्ञप्ति सूत्र के अनुसार इस अध्ययन में अन्यतीर्थिकों की अनेक शंकाएं या मान्यताएँ उठाकर उनका निराकरण करते हुए यह सिद्ध किया गया है कि ज्ञान, दर्शन, दृष्टि, अज्ञान, संज्ञा, शरीर, कर्म, योग, उपयोग, गति, बुद्धि आदि में प्रवर्तमान जीव एवं जीवात्मा या आत्मा भिन्न-भिन्न नहीं है। जो जीव या आत्मा संसार में प्रवृत्त हैं वे ही मुक्ति को भी प्राप्त करते हैं। चैतन्य की दृष्टि से वे एक हैं।

'एगे आया' सूत्र का अर्थ यह नहीं है कि विश्व में संख्या की दृष्टि से आत्मा एक है। वेदान्त दर्शन ब्रह्म या तुरीय चैतन्य (आत्मा) को संख्या की दृष्टि से एक मानता है तथा संसारी जीवों में उसका ही चैतन्यांश स्वीकार करता है किन्तु जैन दर्शन में आत्मा एक नहीं अनन्त हैं। सभी आत्माएं अपने कृतकर्मों का फल पृथक् रूपेण भोगती हैं। 'एगे आया' सूत्र में आत्मा को जो एक बतलाया गया है वह चैतन्य की दृष्टि से सभी आत्माओं की एकता या समानता को प्रकट करता है।

आत्मा एवं ज्ञान-दर्शन में परस्पर क्या सम्बन्ध है, इस पर विचार करने पर ज्ञात होता है कि आत्मा कदाचित् ज्ञानरूप है तथा कदाचित् अज्ञानरूप है किन्तु ज्ञान नियमतः आत्मा होता है। अज्ञान का अर्थ ज्ञान का अभाव नहीं है, अपितु मिथ्यादर्शन की उपस्थिति में जो ज्ञान होता है उसे ही अज्ञान कहा जाता है। दर्शन नियमतः आत्मा होता है तथा आत्मा नियमतः दर्शन होता है। इस प्रकार आत्मा ज्ञानदर्शनमय है। चौबीस दण्डकों में से एकेन्द्रिय जीवों के जो पाँच दण्डक हैं उनमें आत्मा अज्ञानरूप होता है, शेष सभी दण्डकों में वह कदाचित् ज्ञानरूप और कदाचित् अज्ञानरूप होता है। पृथ्वीकायिकादि एकेन्द्रियों का अज्ञान नियमतः आत्मरूप होता है तथा आत्मा नियमतः अज्ञानरूप होता है। दर्शन की दृष्टि से समस्त चौबीस दण्डकों में आत्मा दर्शनरूप एवं दर्शन आत्मरूप होता है इसमें कोई विकल्प नहीं है।

आत्मा के आठ प्रकार हैं—१. द्रव्यात्मा २. कषायात्मा ३. योग-आत्मा ४. उपयोग-आत्मा ५. ज्ञान-आत्मा ६. दर्शन-आत्मा ७. चारित्र-आत्मा और ८. वीर्यात्मा। आत्मा के ये आठ प्रकार उसका विभिन्न दृष्टिकोणों से प्रतिपादन करते हैं। द्रव्यात्मा तो सभी जीवों में सदैव रहती है, कषाय आत्मा सकषायी जीवों में, योग-आत्मा सयोगी जीवों में, चारित्रात्मा चारित्रयुक्त जीवों में तथा वीर्यात्मा वीर्ययुक्त (पराक्रमी) जीवों में रहती है। उपयोग-आत्मा एवं दर्शन आत्मा सभी जीवों में रहती है। ज्ञान आत्मा कभी ज्ञान के रूप में तथा कभी अज्ञान के रूप में रहती है अतः वह विकल्प से रहती है। द्रव्यात्मा आदि आठ आत्माओं में परस्पर सहभाव का इस आधार पर चिन्तन करने से विदित होता है कि जिसके द्रव्यात्मा होती है उसके कषायात्मा एवं योग-आत्मा कदाचित् होती है और कदाचित् नहीं होती है, किन्तु जिसके कषायात्मा या योग-आत्मा होती है उसके द्रव्यात्मा निश्चित रूप से होती है। जिसके द्रव्यात्मा होती है उसके उपयोग-आत्मा एवं दर्शन-आत्मा निश्चित रूप से होती है तथा जिसके उपयोग-आत्मा या दर्शन-आत्मा होती है उसके द्रव्यात्मा निश्चित रूप से होती है। ज्ञान-आत्मा, चारित्रात्मा एवं वीर्यात्मा के होने पर द्रव्यात्मा निश्चित रूप से होती है किन्तु द्रव्यात्मा के होने पर ये ज्ञान आदि आत्माएँ विकल्प से होती हैं।

जिसके कषाय आत्मा होती है उसके योग-आत्मा, उपयोग-आत्मा, दर्शनात्मा एवं वीर्यात्मा निश्चितरूप से होती है, किन्तु जिसके योग आत्मा, उपयोग आत्मा, दर्शनात्मा या वीर्यात्मा होती है उसके कषाय आत्मा कदाचित् होती है और कदाचित् नहीं। कषायात्मा के साथ ज्ञानात्मा एवं चारित्रात्मा का वैकल्पिक सम्बन्ध है। इस प्रकार प्रस्तुत अध्ययन में आठों आत्माओं के पारस्परिक सहभाव या असहभाव पर विचार संकलित हैं।

इन आठ प्रकार की आत्माओं में सबसे अल्प चारित्रात्मा है, उनसे ज्ञानात्माएँ अनन्तगुणी हैं। उनसे कषायात्माएँ अनन्त गुणी हैं। कषायात्माओं से योगात्माएँ विशेषाधिक हैं तथा उनसे वीर्यात्माएँ विशेषाधिक हैं। उनसे उपयोगात्मा, द्रव्यात्मा एवं दर्शनात्मा तुल्य होकर विशेषाधिक हैं।

शब्द, रूप, गंध, रस एवं स्पर्श का क्रमशः सुनने, देखने, सूँघने, आस्वाद लेने एवं प्रतिसंवेदन करने का कार्य आत्मा दो प्रकार से करता है—शरीर के एक भाग से अथवा समस्त शरीर से।

अवभास, प्रभास, विक्रिया, परिचारणा, भाषा, आहार, परिणमन, वेदन और निर्जरा आदि क्रियाएँ भी आत्मा उपर्युक्त दो प्रकारों से करता है।

प्राणातिपात **यावत्** मिथ्यादर्शनशल्य, प्राणातिपात विरमण **यावत्** मिथ्यादर्शनशल्यविवेक, औत्पातिकी **यावत्** पारिणामिकी बुद्धि, अवग्रह **यावत्** धारणा, उत्थान **यावत्** पुरुषकार पराक्रम, नैरयिकत्व **यावत्** वैमानिकत्व, ज्ञानावरण **यावत्** अन्तरायकर्म, कृष्ण लेश्या **यावत्** शुक्ललेश्या, तीनों दृष्टियाँ, चारों दर्शन, पाँचों ज्ञान एवं तीनों अज्ञान, आहारादि चारों संज्ञाएँ, पाँचों शरीर, तीनों योग, साकारोपयोग एवं अनाकारोपयोग तथा इनके जैसे और भी पदार्थ आत्मा के अतिरिक्त अन्यत्र परिणमन नहीं करते हैं। ये सब आत्मा में ही परिणमन करते हैं।

□

४२. आया-अज्झयणं

सूत्र

१. दव्वट्ठयाए आया–

एगे आया। –ठाणं. अ. १, सु. २

२. जीव-चउवीसदंडएसु नाण दंसणं पडुच्च आय सरूव परूवणं–

प. आया भंते ! नाणे, अन्ने नाणे ?

उ. गोयमा ! आया सिय नाणे, सिय अन्नाणे, नाणे पुण नियमं आया।

प. दं. १. आया भंते ! नेरइयाणं नाणे, अन्ने नेरइयाणं नाणे ?

उ. गोयमा ! आया नेरइयाणं सिय नाणे, सिय अन्नाणे, नाणे पुण से नियमं आया।

दं. २-११. एवं जाव **थणियकुमाराणं।**

प. आया भंते ! पुढविकाइयाणं अन्नाणे, अन्ने पुढविकाइयाणं अन्नाणे ?

उ. गोयमा ! आया पुढविकाइयाणं नियमं अन्नाणे, अन्नाणे वि नियमं आया।

दं. १२-१६. एवं जाव वणस्सइकाइयाणं।

दं. १७-२४. बेइंदिय-तेइंदिय जाव **वेमाणियाणं जहा नेरइयाणं।**

प. आया भंते ! दंसणे, अन्ने दंसणे ?

उ. गोयमा ! आया नियमं दंसणे, दंसणे वि नियमं आया।

प. दं. १. आया भंते ! नेरइयाणं दंसणे, अन्ने नेरइयाणं दंसणे ?

उ. गोयमा ! आया नेरइयाणं नियमं दंसणे, दंसणे वि से नियमं आया।

दं. २-२४. एवं जाव **वेमाणियाणं निरंतरं दंडओ।**

–विया. स. १२, उ. १०, सु. १०-१८

३. आयाणं अट्ठविहत्त परूवणं–

प. कइविहा णं भंते ! आया पन्नत्ता ?

उ. गोयमा ! अट्ठविहा आया पन्नत्ता, तं जहा–

१. दवियाया,	२. कसायाया,
३. जोगाया,	४. उवयोगाया,
५. णाणाया,	६. दंसणाया,
७. चरित्ताया,	८. वीरियाया।

–विया. स. १२, उ. १०, सु. १

४२. आत्मा अध्ययन

सूत्र

१. द्रव्य की अपेक्षा आत्मा–

आत्मा एक है।

२. जीव-चौबीसदंडकों में ज्ञान दर्शन की अपेक्षा आत्म स्वरूप का प्ररूपण–

प्र. भन्ते ! आत्मा ज्ञानरूप है या ज्ञान अन्य रूप है ?

उ. गौतम ! आत्मा कदाचित् ज्ञानरूप है, कदाचित् अज्ञानरूप है किन्तु ज्ञान नियमतः आत्मारूप है।

प्र. दं. १. भन्ते ! नैरयिकों की आत्मा ज्ञानरूप है या नैरयिकों का ज्ञान अन्य रूप है ?

उ. गौतम ! नैरयिकों की आत्मा कथंचित् ज्ञानरूप है, कथंचित् अज्ञानरूप है, किन्तु उनका ज्ञान नियमतः (अवश्य ही) आत्मरूप है।

दं. २-११. इसी प्रकार स्तनितकुमार पर्यन्त कहना चाहिए।

प्र. भन्ते ! पृथ्वीकायिक जीवों की आत्मा अज्ञानरूप है या पृथ्वीकायिकों का अज्ञान अन्य रूप है ?

उ. गौतम ! पृथ्वीकायिकों की आत्मा नियमतः अज्ञान रूप है और उनका अज्ञान भी नियमतः आत्मरूप है।

दं. १२-१६. इसी प्रकार वनस्पतिकायिक पर्यन्त कहना चाहिए।

दं. १७-२४. द्वीन्द्रिय, त्रीन्द्रिय से वैमानिकों पर्यन्त के जीवो का कथन नैरयिकों के समान जानना चाहिए।

प्र. भन्ते ! आत्मा दर्शनरूप है या दर्शन अन्य रूप है ?

उ. गौतम ! आत्मा नियमतः दर्शनरूप है और दर्शन भी नियमतः आत्मरूप है।

प्र. दं. १. भन्ते ! नैरयिकों की आत्मा दर्शनरूप है या नैरयिक जीवों का दर्शन अन्य रूप है ?

उ. गौतम ! नैरयिक जीवों की आत्मा नियमतः दर्शनरूप है और उनका दर्शन भी नियमतः आत्मरूप है।

दं. २-२४. इसी प्रकार निरन्तर वैमानिकों पर्यन्त सभी दण्डकों के लिए कहना चाहिए।

३. आत्मा के आठ प्रकारों का प्ररूपण–

प्र. भन्ते ! आत्मा कितने प्रकार की कही गई है ?

उ. गौतम ! आत्मा आठ प्रकार की कही गई हैं, यथा–

१. द्रव्यात्मा,	२. कषायात्मा,
३. योग-आत्मा,	४. उपयोग-आत्मा,
५. ज्ञान-आत्मा,	६. दर्शन-आत्मा,
७. चारित्र-आत्मा,	८. वीर्यात्मा।

४. आयाहिं सद्दाईणं अणुभूइठाण परूवणं–

दोहिं ठाणेहिं आया सद्दाइं सुणेइ, तं जहा–

१. देसेण वि आया सद्दाइं सुणेइ,

२. सव्वेण वि आया सद्दाइं सुणेइ।

दोहिं ठाणेहिं आया रूवाइं पासइ, तं जहा–

१. देसेण वि आया रूवाइं पासइ,

२. सव्वेण वि आया रूवाइं पासइ।

दोहिं ठाणेहिं आया गंधाइं अग्घाइ, तं जहा–

१. देसेण वि आया गंधाइं अग्घाइ,

२. सव्वेण वि आया गंधाइं अग्घाइ।

दोहिं ठाणेहिं आया रसाइं आसादेइ, तं जहा–

१. देसेण वि आया रसाइं आसादेइ,

२. सव्वेण वि आया रसाइं आसादेइ।

दोहिं ठाणेहिं आया फासाइं पडिसंवेदेइ, तं जहा–

१. देसेण वि आया फासाइं पडिसंवेदेइ,

२. सव्वेण वि आया फासाइं पडिसंवेदेइ।

दोहिं ठाणेहिं आया ओभासइ, तं जहा–

१. देसेण वि आया ओभासइ,

२. सव्वेण वि आया ओभासइ।

एवं पभासइ, विकुव्वइ, परियारेइ, भासं भासइ, आहारेइ, परिणामेइ, वेदेइ, णिज्जरेइ। *–ठाणं. अ. २, उ. २, सु. ७१*

५. पाणाइवायाईसु पवट्टमाण जीव-जीवायासु एगत्त परूवणं–

प. अन्नउत्थिया णं भंते ! एवमाइक्खंति **जाव** परूवेंति–

एवं खलु पाणाइवाए, मुसावाए **जाव** मिच्छादंसणसल्ले वट्टमाणस्स अन्ने जीवे, अन्ने जीवाया पाणाइवाय-वेरमणे **जाव** परिग्गहवेरमणे, कोहविवेगे **जाव** मिच्छा-दंसणसल्लविवेगे वट्टमाणस्स अन्ने जीवे अन्ने जीवाया।

उप्पत्तियाए **जाव** पारिणामियाए वट्टमाणस्स अन्ने जीवे, अन्ने जीवाया।

उग्गहे, ईहा, अवाए, धारणाए वट्टमाणस्स अन्ने जीवे, अन्ने जीवाया।

उट्ठाणे **जाव** परक्कमे वट्टमाणस्स अन्ने जीवे, अन्ने जीवाया।

नेरइयत्ते, तिरिक्ख मणुस्सदेवत्ते वट्टमाणस्स अन्ने जीवे, अन्ने जीवाया।

नाणावरणिज्जे **जाव** अंतराइए वट्टमाणस्स अन्ने जीवे, अन्ने जीवाया।

एवं कण्हलेस्साए जाव **सुक्कलेस्साए,**

सम्मदिट्ठीए, मिच्छदिट्ठीए, सम्ममिच्छदिट्ठीए,

चक्खुदंसणे **जाव** केवलदंसणे,

आभिणिबोहियनाणे **जाव** केवलनाणे,

४. आत्मा द्वारा शब्दों के अनुभूति स्थान का प्ररूपण–

दो प्रकार से आत्मा शब्दों को सुनता है, यथा–

१. शरीर के एक भाग से भी आत्मा शब्दों को सुनता है।

२. समस्त शरीर से भी आत्मा शब्दों को सुनता है।

दो प्रकार से आत्मा रूपों को देखता है, यथा–

१. शरीर के एक भाग से भी आत्मा रूपों को देखता है।

२. समस्त शरीर से भी आत्मा रूपों को देखता है।

दो प्रकार से आत्मा गंधों को सूँघता है, यथा–

१. शरीर के एक भाग से भी आत्मा गंधों को सूँघता है।

२. समस्त शरीर से भी आत्मा गंधों को सूँघता है।

दो प्रकार से आत्मा रसों का आस्वाद लेता है, यथा–

१. शरीर के एक भाग से भी आत्मा रसों का आस्वाद लेता है।

२. समस्त शरीर से भी आत्मा रसों का आस्वाद लेता है।

दो प्रकार से आत्मा स्पर्शों का अनुभव करता है, यथा–

१. शरीर के एक भाग से भी आत्मा स्पर्शों को अनुभव करता है।

२. समस्त शरीर से भी आत्मा स्पर्शों को अनुभव करता है।

दो प्रकार से आत्मा अवभास करता है, यथा–

१. शरीर के एक भाग से भी आत्मा अवभास करता है।

२. समस्त शरीर से भी आत्मा अवभास करता है।

इसी प्रकार प्रभास, विक्रिया, परिचारणा, भाषा बोलना, आहार, परिणमन, वेदन और निर्जरा करता है।

५. प्राणातिपातादि में प्रवर्तमान जीवों और जीवात्माओं में एकत्व का प्ररूपण–

प्र. भन्ते ! अन्यतीर्थिक इस प्रकार कहते हैं **यावत्** प्ररूपणा करते हैं कि–प्राणातिपात, मृषावाद **यावत्** मिथ्यादर्शनशल्य में प्रवर्तमान प्राणी का जीव अन्य है और उससे जीवात्मा पृथक् है। प्राणातिपातविरमण **यावत्** परिग्रहविरमण में, क्रोधविवेक **यावत्** मिथ्यादर्शनशल्य विवेक में प्रवर्तमान प्राणी का जीव अन्य है और उससे जीवात्मा पृथक् है।

औत्पत्तिकी बुद्धि **यावत्** पारिणामिकी बुद्धि में प्रवर्तमान प्राणी का जीव अन्य है और उससे जीवात्मा पृथक् है।

अवग्रह, ईहा, अवाय और धारणा में प्रवर्तमान प्राणी का जीव अन्य है और उससे जीवात्मा पृथक् है।

उत्थान **यावत्** पराक्रम में प्रवर्तमान प्राणी का जीव अन्य है और उससे जीवात्मा पृथक् है।

नारक, तिर्यञ्च, मनुष्य और देव रूप में प्रवर्तमान प्राणी का जीव अन्य है और उससे जीवात्मा पृथक् है।

ज्ञानावरणीय कर्म **यावत्** अन्तराय कर्म में प्रवर्तमान प्राणी का जीव अन्य है और जीवात्मा पृथक् है।

इसी प्रकार कृष्णलेश्या यावत् शुक्ललेश्या में,

सम्यग्दृष्टि, मिथ्यादृष्टि, सम्यग्मिथ्यादृष्टि में,

चक्षुदर्शन **यावत्** केवलदर्शन में,

आभिनिबोधिक ज्ञान **यावत्** केवलज्ञान में,

मइअन्नाणे **जाव** विभंगनाणे,
आहारसन्नाए **जाव** मेहुणसन्नाए,
ओरालियसरीरे **जाव** कम्मग सरीरे,
एवं मणोजोए, वइजोए, कायजोए,
सागारोवयोगे अणागारोवयोगे,
वट्टमाणस्स अन्ने जीवे, अन्ने जीवाया।

प. से कहमेयं भंते ! एवं ?

उ. गोयमा ! जं णं ते अन्नउत्थिया एवमाइक्खंति **जाव** मिच्छंते एवमाहंसु।
अहं पुण गोयमा ! एवमाइक्खामि **जाव** परूवेमि–

"एवं खलु पाणाइवाए **जाव** मिच्छादंसणसल्ले वट्टमाणस्स से चेव जीवे, से चेव जीवाया **जाव** अणागारोवयोगे वट्टमाणस्स से चेव जीवे, से चेव जीवाया।" *–विया. स. १७, उ. २, सु. १७*

६. पाणाइवायाईणं आय परिणामित्त परूवणं–

प. अह भंते ! पाणाइवाए, मुसावाए **जाव** मिच्छादंसणसल्ले,
पाणाइवायवेरमणे **जाव** मिच्छादंसणसल्लविवेगे,
उप्पत्तिया **जाव** पारिणामिया,
उग्गहे **जाव** धारणा,
उट्ठाणे **जाव** पुरिसक्कारपरक्कमे,
नेरइयत्ते, असुरकुमारत्ते **जाव** वेमाणियत्ते,
नाणावरणिज्जे **जाव** अंतराइए,
कण्हलेस्सा **जाव** सुक्कलेस्सा,
सम्मदिट्ठी, मिच्छदिट्ठी, सम्ममिच्छदिट्ठी,
चक्खुदंसणे **जाव** केवलदंसणे,
आभिणिबोहियाणाणे **जाव** विभंगनाणे,
आहारसन्ना **जाव** मेहुणसन्ना,
ओरालियसरीरे **जाव** कम्मगसरीरे,
मणोजोए, वइजोए, कायजोए,
सागारोवयोगे, अणागारोवयोगे,
जे यावऽन्ने तहप्पगारा सव्वे ते णऽन्नत्थ आयाए परिणमंति ?

उ. हंता, गोयमा ! पाणाइवाए **जाव** अणागारोवयोगे जे यावऽन्ने तहप्पगारा सव्वे ते णऽन्नत्थ आयाए परिणमंति।
–विया. स. २०, उ. ३, सु. १

७. दवियाइ अट्ठ आयाणं परोप्परं सहभाव परूवणं–

प. जस्स णं भंते ! दवियाया तस्स कसायाया, जस्स कसायाया तस्स दवियाया ?

उ. गोयमा ! जस्स दवियाया तस्स कसायाया सिय अत्थि सिय नत्थि, जस्स पुण कसायाया तस्स दवियाया नियमं अत्थि।

मति अज्ञान **यावत्** विभंगज्ञान में,
आहारसंज्ञा **यावत्** मैथुन संज्ञा में,
औदारिक शरीर **यावत्** कार्मण शरीर में,
मनोयोग, वचनयोग और काययोग में,
साकारोपयोग और अनाकारोपयोग में,
प्रवर्तमान प्राणी का जीव अन्य है और जीवात्मा पृथक् है।

प्र. वे इस प्रकार कैसे कहते हैं ?

उ. गौतम ! अन्यतीर्थिक जो इस प्रकार कहते हैं **यावत्** वे मिथ्या कहते हैं।
(किन्तु) गौतम ! मैं इस प्रकार कहता हूँ **यावत्** प्ररूपणा करता हूँ–
"प्राणातिपात यावत् मिथ्यादर्शनशल्य में प्रवर्तमान प्राणी ही जीव और वही जीवात्मा है यावत् अनाकारोपयोग में प्रवर्तमान प्राणी ही जीव है और वही जीवात्मा है।"

६. प्राणातिपातादि के आत्म परिणामित्व का प्ररूपण–

प्र. भन्ते ! प्राणातिपात, मृषावाद **यावत्** मिथ्यादर्शनशल्य, प्राणातिपातविरमण **यावत्** मिथ्यादर्शनशल्यविवेक,
औत्पत्तिकी **यावत्** पारिणामिकी बुद्धी,
अवग्रह **यावत्** धारणा,
उत्थान **यावत्** पुरुषाकार पराक्रम,
नैरयिकत्व, असुरकुमारत्व **यावत्** वैमानिकत्व,
ज्ञानावरणीय **यावत्** अन्तरायकर्म,
कृष्णलेश्या **यावत्** शुक्ललेश्या,
सम्यग्दृष्टि, मिथ्यादृष्टि, सम्यग्मिथ्यादृष्टि,
चक्षुदर्शन **यावत्** केवलदर्शन,
आभिनिबोधिकज्ञान **यावत्** विभंगज्ञान,
आहारसंज्ञा **यावत्** मैथुनसंज्ञा,
औदारिक शरीर **यावत्** कार्मण शरीर,
मनोयोग, वचनयोग, काययोग तथा
साकारोपयोग एवं अनाकारोपयोग
ये और इनके जैसे और क्या आत्मा के सिवाय अन्यत्र परिणमन नहीं करते ?

उ. हाँ, गौतम ! प्राणातिपात **यावत्** अनाकारोपयोग पर्यन्त ये सब और इसी प्रकार के अन्य भी आत्मा के सिवाय अन्यत्र परिणमन नहीं करते।

७. द्रव्यात्मादि आठ आत्माओं के परस्पर सहभाव का प्ररूपण–

प्र. भन्ते ! जिसके द्रव्यात्मा होती है क्या उसके कषायात्मा होती है और जिसके कषायात्मा होती है क्या उसके द्रव्यात्मा होती है ?

उ. गौतम ! जिसके द्रव्यात्मा होती है उसके कषायात्मा कदाचित् होती है और कदाचित् नहीं होती है, किन्तु जिसके कषायात्मा होती है उसके द्रव्यात्मा निश्चित होती है।

प. जस्स णं भंते ! दवियाया तस्स जोगाया, जस्स जोगाया तस्स दवियाया ?

उ. गोयमा ! **एवं जहा दवियाया य, कसायाया य भणिया तहा दवियाया य, जोगाया य भाणियव्वा।**

प. जस्स णं भंते ! दवियाया तस्स उवओगाया जस्स उवओगाया तस्स दवियाया ?

एवं सव्वत्थ पुच्छा भाणियव्वा,

उ. गोयमा ! जस्स दवियाया तस्स उवयोगाया नियमं अत्थि, जस्स वि उवयोगाया तस्स वि दवियाया नियमं अत्थि।

जस्स दवियाया तस्स नाणाया भयणाए, जस्स पुण नाणाया तस्स दवियाया नियमं अत्थि।

जस्स दवियाया तस्स दंसणाया नियमं अत्थि, जस्स वि दंसणाया तस्स दवियाया नियमं अत्थि।

जस्स दवियाया तस्स चरित्ताया भयणाए, जस्स पुण चरित्ताया तस्स दवियाया नियमं अत्थि।

एवं वीरियायाए वि समं।

प. जस्स णं भंते ! कसायाया तस्स जोगाया, जस्स जोगाया तस्स कसायाया ?

उ. गोयमा ! जस्स कसायाया तस्स जोगाया नियमं अत्थि, जस्स पुण जोगाया तस्स कसायाया सिय अत्थि, सिय नत्थि।
एवं उवयोगायाए वि समं कसायाया य नेयव्वा।

कसायाया य, नाणाया य परोप्परं दो वि भइयव्वाओ।

जहा कसायाया य, उवयोगाया य तहा कसायाया य, दंसणाया य।
कसायाया य, चरित्ताया य दो वि परोप्परं भइयव्वाओ।

जहा कसायाया य, जोगाया य तहा कसायाया य, वीरियाया य भाणियव्वा।
एवं जहा कसायायाए वत्तव्वया भणिया तहा जोगायाए वि उवरिमाहिं समं भाणियव्वा।

जहा दवियायाए वत्तव्वया भणिया तहा उवयोगायाए वि उवरिल्लेहिं समं भाणियव्वा।

प्र. भन्ते ! जिसके द्रव्यात्मा होती है क्या उसके योग आत्मा होती है और जिसके योग आत्मा होती है क्या उसके द्रव्यात्मा होती है ?

उ. गौतम ! **जिस प्रकार द्रव्यात्मा और कषायात्मा के लिए कहा उसी प्रकार द्रव्यात्मा और योग आत्मा के लिए भी कहना चाहिए।**

प्र. भन्ते ! जिसके द्रव्यात्मा होती है क्या उसके उपयोगात्मा होती है और जिसके उपयोगात्मा होती है क्या उसके द्रव्यात्मा होती है ?

इसी प्रकार शेष सभी आत्माओं के लिए द्रव्यात्मा से सम्बन्धित प्रश्न करने चाहिए।

उ. गौतम ! जिसके द्रव्यात्मा होती है, उसके उपयोगात्मा निश्चित होती है और जिसके उपयोगात्मा होती है उसके द्रव्यात्मा निश्चितरूप से होती है।

जिसके द्रव्यात्मा होती है उसके ज्ञानात्मा विकल्प से होती है और जिसके ज्ञानात्मा होती है उसके द्रव्यात्मा निश्चितरूप से होती है।

जिसके द्रव्यात्मा होती है उसके दर्शनात्मा निश्चित रूप से होती है तथा जिसके दर्शनात्मा होती है उसके द्रव्यात्मा भी निश्चितरूप से होती है।

जिसके द्रव्यात्मा होती है उसके चारित्रात्मा विकल्प से होती है, किन्तु जिसके चारित्रात्मा होती है उसके द्रव्यात्मा निश्चित होती है।

इसी प्रकार वीर्यात्मा के लिए भी समझना चाहिए।

प्र. भन्ते ! जिसके कषायात्मा होती है क्या उसके योगात्मा होती है और जिसके योगात्मा होती है क्या उसके कषायात्मा होती है ?

उ. गौतम ! जिसके कषायात्मा होती है, उसके योग आत्मा होती है, किन्तु जिसके योग आत्मा होती है उसके कषायात्मा कदाचित् होती है और कदाचित् नहीं होती है।

इसी प्रकार उपयोगात्मा के साथ भी कषायात्मा का परस्पर सम्बन्ध समझ लेना चाहिए।

कषायात्मा और ज्ञानात्मा इन दोनों का परस्पर सम्बन्ध विकल्प से कहना चाहिए।

कषायात्मा और उपयोगात्मा के समान ही कषायात्मा और दर्शनात्मा के लिए भी कथन करना चाहिए।

कषायात्मा और चारित्रात्मा का परस्पर सम्बन्ध विकल्प से कहना चाहिए।

कषायात्मा और योगात्मा के समान ही कषायात्मा और वीर्यात्मा के लिए भी कथन करना चाहिए।

जिस प्रकार कषायात्मा के साथ अन्य छह आत्माओं के सम्बन्ध का कथन किया उसी प्रकार योगात्मा के साथ भी आगे की पाँच आत्माओं के सम्बन्ध का कथन करना चाहिए।

जिस प्रकार द्रव्यात्मा का कथन किया उसी प्रकार आगे की चार आत्माओं के साथ उपयोगात्मा का कथन करना चाहिए।

जस्स नाणाया तस्स दंसणाया नियमं अत्थि, जस्स पुण दंसणाया तस्स नाणाया भयणाए।

जस्स नाणाया तस्स चरित्ताया सिय अत्थि, सिय नत्थि, जस्स पुण चरित्ताया तस्स नाणाया नियमं अत्थि।

नाणाया य, वीरियाया य दो वि परोप्परं भयणाए।

जस्स दंसणाया तस्स उवरिमाओ दो वि भयणाए जस्स पुण ताओ तस्स दंसणाया नियमं अत्थि।

जस्स चरित्ताया तस्स वीरियाया नियमं अत्थि जस्स पुण वीरियाया तस्स चरित्ताया सिय अत्थि, सिय नित्थ।

–विया. स. १२, उ. १०, सु. २-८

जिसके ज्ञानात्मा होती है उसके दर्शनात्मा निश्चित रूप से होती है और जिसके दर्शनात्मा होती है उसके ज्ञानात्मा विकल्प से होती है।

जिसके ज्ञानात्मा होती है उसके चारित्रात्मा कदाचित् होती है और कदाचित् नहीं होती है और जिसके चारित्रात्मा होती है उसके ज्ञानात्मा निश्चित रूप से होती है।

ज्ञानात्मा और वीर्यात्मा इन दोनों का परस्पर सम्बन्ध विकल्प से कहना चाहिए।

जिसके दर्शनात्मा होती है, उसके चारित्रात्मा और वीर्यात्मा ये दोनों विकल्प से होती है, किन्तु जिसके चारित्रात्मा और वीर्यात्मा होती है उसके दर्शनात्मा निश्चितरूप से होती है।

जिसके चारित्रात्मा होती है, उसके वीर्यात्मा निश्चितरूप से होती है, किन्तु जिसके वीर्यात्मा होती है उसके चारित्रात्मा कदाचित् होती है और कदाचित् नहीं होती है।

८. दव्वाइ आयाणं अप्पाबहुयं–

प. एयासि णं भंते ! दवियायाणं कसायाणं **जाव** वीरियायाण य कयरे कयरेहिंतो अप्पा वा **जाव** विसेसाहिया वा ?

उ. गोयमा ! १. सव्वत्थोवाओ चरित्तायाओ,

२. नाणायाओ अणंतगुणाओ,

३. कसायायाओ अणंतगुणाओ,

४. जोगायाओ विसेसाहियाओ,

५. वीरियायाओ विसेसाहियाओ,

६-८. उवयोगदविया दंसणायाओ तिण्णि वि तुल्लाओ विसेसाहियाओ। *–विया. स. १२, उ. १०, सु. ९*

८. द्रव्यादि आत्माओं का अल्पबहुत्व–

प्र. भन्ते ! द्रव्यात्मा से वीर्यात्मा पर्यन्त आत्माओं में कौन किससे अल्प **यावत्** विशेषाधिक हैं ?

उ. गौतम ! १. सबसे अल्प चारित्रात्मा है,

२. (उनसे) ज्ञानात्माएँ अनन्तगुणी हैं,

३. (उनसे) कषायात्माएँ अनन्तगुणी हैं,

४. (उनसे) योगात्माएँ विशेषाधिक हैं,

५. (उनसे) वीर्यात्माएँ विशेषाधिक हैं,

६-८. (उनसे) उपयोगात्मा, द्रव्यात्मा और दर्शनात्मा ये तीनों तुल्य हैं और पूर्व की अपेक्षा विशेषाधिक हैं।

९. सरीरं चइत्ता अत्त निज्जाणस्स दुविहत्त परूवणं–

दोहि ठाणेहिं आया सरीरं फुसित्ता णं णिज्जाइ, तं जहा–

१. देसेण वि आया सरीरं फुसित्ता णं णिज्जाइ,

२. सव्वेण वि आया सरीरं फुसित्ता णं णिज्जाइ।

एवं फुरित्ताणं, एवं फुडित्ताणं, एवं संवट्टित्ताणं, एवं णिवट्टित्ताण वि। *–ठाणं. अ. २, उ. ४, सु. १०८*

९. शरीर को छोड़कर आत्मनिर्याण के द्विविधत्व का प्ररूपण–

दो प्रकार से आत्मा शरीर का स्पर्श कर बाहर निकलता है, यथा–

१. एक देश से आत्मा शरीर का स्पर्श कर बाहर निकलता है,

२. सब प्रदेशों से आत्मा शरीर का स्पर्श कर बाहर निकलता है।

इसी प्रकार स्फुरित, स्फुटित, संवर्तित और निवर्तित कर आत्मा शरीर से बाहर निकलता है।

□ □

समुद्घात अध्ययन : आमुख

सम् एवं उद् उपसर्ग पूर्वक हन् धातु से समुद्घात शब्द बना है। 'हन्' धातु यहाँ पर गमनार्थक है। विभिन्न कारणों से जब जीव के आत्म-प्रदेश शरीर से बाहर निकलते हैं तो उसे समुद्घात कहा जाता है। वे आत्म प्रदेश पुद्गल युक्त होते हैं। इसलिए समुद्घातों का निरूपण करते समय आगम में पुद्गलों को भी शरीर से बाहर निकालने का वर्णन मिलता है। समुद्घात सात प्रकार के हैं– १. वेदना, २. कषाय, ३. मारणान्तिक, ४. वैक्रिय, ५. तैजस्, ६. आहारक और ७. केवली। ये समुद्घात स्वतः भी होते हैं और आवश्यकता होने पर किए भी जाते हैं।

प्रस्तुत अध्ययन समुद्घात के सम्बन्ध में अनेकविध जानकारी प्रदान करता है। चौबीस दण्डकों में समुद्घातों का निरूपण है जिससे स्पष्ट होता है कि आहारक एवं केवली समुद्घात तो मात्र मनुष्यों में ही पाया जाता है। तैजस् समुद्घात मनुष्य के साथ देवों एवं तिर्यञ्च पंचेन्द्रिय जीवों में भी होता है। वैक्रिय समुद्घात इन सबके अतिरिक्त वायुकाय एवं नैरयिक जीवों में भी होता है। वेदना, कषाय और मारणान्तिक समुद्घात सभी जीवों में होते हैं। एकेन्द्रिय एवं विकलेन्द्रिय जीवों में तो ये तीन समुद्घात ही मिलते हैं।

आत्मा को स्वदेह परिमाण स्वीकार करके भी जैनदर्शन में समुद्घात के माध्यम से आत्म-प्रदेशों का शरीर के बाहर निकलना प्रतिपादित किया गया है। वे पुद्गल युक्त आत्म-प्रदेश इतने सूक्ष्म होते हैं कि उनके बाहर निकलने का अनुभव इन्द्रियों द्वारा नहीं किया जा सकता। केवली समुद्घात के समय आत्म-प्रदेश सम्पूर्ण लोक में व्याप्त हो जाते हैं किन्तु उसका अनुभव छद्मस्थ जीवों को नहीं होता। जैनदर्शन में विद्यमान समुद्घात की अवधारणा वैज्ञानिकों के लिए आश्चर्य का विषय है।

वेदना के असह्य होने पर उसे सहन करने अथवा निर्जरित करने के लिए जीव वेदना-समुद्घात करता है। इस प्रकार सभी समुद्घात विशेष परिस्थितियों में सप्रयोजन किए जाते हैं। वैक्रिय समुद्घात वैक्रिय लब्धि होने पर अथवा उत्तरवैक्रिय करने पर किया जाता है। तैजस् समुद्घात तेजोलेश्या का प्रयोग करते समय या अन्य प्रसंग में किया जाता है। मारणांतिक समुद्घात देह-त्याग के समय होता है। कषाय समुद्घात कषाय का आवेग बढ़ने पर होता है। आहारक समुद्घात तब किया जाता है जब कोई चौदह पूर्वधारी मुनि आहारक शरीर का पुतला जिनेन्द्र देव से विशिष्ट जानकारी हेतु बाहर भेजता है। केवली समुद्घात का प्रयोजन भिन्न है। जब केवली के आयुष्य कर्म की स्थिति कम हो तथा वेदनीय, गोत्र एवं नामकर्म की स्थिति अधिक हो तो उसे सम करने के लिए केवली समुद्घात किया जाता है। केवली समुद्घात के अलावा छह समुद्घात छद्मस्थों में पाए जाते हैं, अतः इन्हें छाद्मस्थिक समुद्घात कहा जाता है। छाद्मस्थिक समुद्घातों का काल असंख्यात समय है जबकि केवली समुद्घात का काल मात्र आठ समय है।

इस अध्ययन में सातों समुद्घातों का चौबीस दण्डकों में क्षेत्र, काल और क्रिया के आधार पर भी प्रतिपादन है जो समुद्घात को समझने की दृष्टि से महत्वपूर्ण है। अतीत एवं अनागत समुद्घातों का एकत्व एवं बहुत्व के द्वारा चौबीस दण्डकों में निरूपण उनकी वास्तविक स्थिति को स्पष्ट करता है। केवली समुद्घात एक बार होता है और वह भी केवली बनने पर किसी-किसी केवली को होता है। आहारक समुद्घात मनुष्य पर्याय में एक जीव की अपेक्षा अतीत में उत्कृष्ट तीन हुए हैं तथा भविष्य में चार से अधिक नहीं होंगे। यह प्रत्येक मनुष्य के हो, यह आवश्यक नहीं है। वेदना, कषाय, मारणांतिक, वैक्रिय एवं तैजस् समुद्घात कदाचित् असंख्यात तथा कदाचित् अनन्त तक हो सकते हैं।

अल्प-बहुत्व का विचार करने पर ज्ञात होता है कि आहारक समुद्घात से समवहत जीव सबसे अल्प हैं। उनकी अपेक्षा केवली समुद्घात से समवहत जीव संख्यातगुणे हैं। तैजस् समुद्घात से समवहत जीव उनसे भी असंख्यातगुणे हैं। वैक्रिय समुद्घात से समवहत जीव उनसे अनन्तगुणे हैं। कषाय समुद्घात से समवहत जीव उनसे असंख्यातगुणा तथा वेदना समुद्घात से समवहत जीव उनसे विशेषाधिक हैं। असमवहत (समुद्घात रहित) जीव उनसे असंख्यातगुणे हैं। इस प्रकार समुद्घात रहित जीवों की संख्या सबसे अधिक है। इससे फलित होता है कि समुद्घात कभी-कभी ही किया जाता है एवं यह कोई अनिवार्य कार्य नहीं है। वेदना आदि निमित्तों को प्राप्त कर जीव यह क्रिया करता है। इस अध्ययन में प्रत्येक दण्डक के आधार पर समुद्घातों का अल्प-बहुत्व दिया गया है।

कषाय समुद्घात के चार भेद किए गए हैं–१. क्रोध समुद्घात, २. मान समुद्घात, ३. माया समुद्घात और ४. लोभ समुद्घात। नैरयिक से लेकर वैमानिक तक के जीवों में ये चारों समुद्घात कहे गए हैं। इनका भी अतीत अनागत द्वार से वर्णन किया गया है तथा प्रत्येक दण्डक में इनका अल्प बहुत्व निर्दिष्ट है। केवली समुद्घात पर इस अध्ययन में विशेष सामग्री संकलित है। उसके प्रयोजन, कार्य, निर्जीर्ण चरम पुद्गलों के सूक्ष्मत्व, समय, योग-प्रयोग, मोक्षगमन आदि का विशद निरूपण है।

□

४३. समुग्घाय–अज्झयणं

सूत्र

१. **समुग्घाय भेय परूवणं–**

प. कइ णं भंते ! समुग्घाया पण्णत्ता ?

उ. गोयमा ! सत्त समुग्घाया पण्णत्ता, तं जहा--

१. वेयणासमुग्घाए, २. कसायसमुग्घाए,
३. मारणांतियसमुग्घाए, ४. वेउव्वियसमुग्घाए,
५. तेजस्समुग्घाए, ६. आहारगसमुग्घाए,
७. केवलिसमुग्घाए।[1] –पण्ण. प. ३६, सु. २०८६

२. **ओहेण समुग्घायाणं सामित्तं–**

गाहा–वेयणं कसाय मरणं, वेउव्विय तेयए य आहारे।
केवलिए चेव भवे, जीव-मणुस्साण सत्तेव॥
–पण्ण. प. ३६, सु. २०८५

३. **ओहेण समुग्घाय काल परूवणं–**

प. वेयणासमुग्घाए णं भंते ! कइ समइए पण्णत्ते ?

उ. गोयमा ! असंखेज्जसमइए अंतोमुहुत्तिए पण्णत्ते।

एवं जाव **आहारगसमुग्घाए।**

प. केवलिसमुग्घाए णं भंते ! कइ समइए पण्णत्ते ?

उ. गोयमा ! अट्ठसमइए पण्णत्ते।
–पण्ण. प. ३६, सु. २०८७-२०८८

४. **चउवीसदंडएसु समुग्घाय परूवणं–**

प. दं. १. णेरइयाणं भंते ! कइ समुग्घाया पण्णत्ता ?

उ. गोयमा ! चत्तारि समुग्घाया पण्णत्ता, तं जहा–

१. वेयणासमुग्घाए, २. कसायसमुग्घाए,
३. मारणांतियसमुग्घाए, ४. वेउव्वियसमुग्घाए।[2]

प. दं. २-११. असुरकुमाराणं भंते ! कइ समुग्घाया पण्णत्ता ?

उ. गोयमा ! पंच समुग्घाया पण्णत्ता, तं जहा–

१. वेयणासमुग्घाए, २. कसायसमुग्घाए,
३. मारणांतियसमुग्घाए, ४. वेउव्वियसमुग्घाए,
५. तेजस्समुग्घाए।

एव जाव **थणियकुमाराणं।**[3]

प. दं. १२. पुढविक्काइयाणं भंते ! कइ समुग्घाया पण्णत्ता ?

उ. गोयमा ! तिण्णि समुग्घाया पण्णत्ता, तं जहा–

४३. समुद्घात–अध्ययन

सूत्र

१. **समुद्घात के भेदों का प्ररूपण–**

प्र. भंते ! समुद्घात कितने कहे गए हैं ?

उ. गौतम ! समुद्घात सात कहे गए हैं, यथा–

१. वेदनासमुद्घात, २. कषायसमुद्घात,
३. मारणान्तिकसमुद्घात, ४. वैक्रियसमुद्घात,
५. तैजससमुद्घात, ६. आहारक समुद्घात,
७. केवलिसमुद्घात।

२. **सामान्य से समुद्घातों का स्वामित्व–**

गाथार्थ–१. वेदना, २. कषाय, ३. मारणान्तिक, ४. वैक्रिय, ५. तैजस्, ६. आहारक और ७. केवलिक ये सात समुद्घात जीवों और मनुष्यों के होते हैं।

३. **औधिक समुद्घातों का ओघ से काल प्ररूपण–**

प्र. भंते ! वेदनासमुद्घात कितने समय का कहा गया है ?

उ. गौतम ! वह असंख्यात समयों वाले अन्तर्मुहूर्त का कहा गया है।

इसी प्रकार आहारकसमुद्घात पर्यन्त कथन करना चाहिए।

प्र. भंते ! केवलिसमुद्घात कितने समय का कहा गया है ?

उ. गौतम ! वह आठ समय का कहा गया है।

४. **चौवीस दण्डकों में समुद्घातों का प्ररूपण–**

प्र. दं. १. भंते ! नैरयिकों के कितने समुद्घात कहे गये हैं ?

उ. गौतम ! चार समुद्घात कहे गये हैं, यथा–

१. वेदनासमुद्घात, २. कषायसमुद्घात,
३. मारणान्तिकसमुद्घात, ४. वैक्रियसमुद्घात।

प्र. दं. २-११. भंते ! असुरकुमारों के कितने समुद्घात कहे गये हैं ?

उ. गौतम ! उनके पाँच समुद्घात कहे गये हैं, यथा–

१. वेदनासमुद्घात, २. कषायसमुद्घात,
३. मारणान्तिकसमुद्घात, ४. वैक्रियसमुद्घात,
५. तैजससमुद्घात।

इसी प्रकार स्तनितकुमार पर्यन्त कहना चाहिए।

प्र. दं. १२. भंते ! पृथ्वीकायिक जीवों के कितने समुद्घात कहे गये हैं ?

उ. गौतम ! तीन समुद्घात कहे गये हैं, यथा–

---

१. (क) ठाणं. अ. ७, सु. ५८६
(ख) सम. सम. ७, सु. २
(ग) विया. स. २, उ. २, सु. १

२. (क) जीवा. पडि. १, सु. ३२
(ख) ठाणं अ. ४, सु. ३८०

३. (क) जीवा. पडि. १, सु. ४२
(ख) विया. स. २४, उ. १२, सु. ४६

१. वेयणासमुग्घाए, २. कसायसमुग्घाए,
३. मारणांतियसमुग्घाए।[1]

दं. १३-१९. एवं जाव चउरिंदियाणं[2]

णवरं– वाउक्काइयाणं चत्तारि समुग्घाया पण्णत्ता, तं जहा–

१. वेयणासमुग्घाए, २. कसायसमुग्घाए,
३. मारणांतियसमुग्घाए, ४. वेउव्वियसमुग्घाए।[3]

प. दं. २०-२४. पंचेंदिय-तिरिक्खजोणियाणं **जाव** वेमाणियाणं भंते ! कइ समुग्घाया पण्णत्ता ?

उ. गोयमा ! पंचसमुग्घाया पण्णत्ता, तं जहा–

१. वेयणासमुग्घाए, २. कसायसमुग्घाए,
३. मारणांतियसमुग्घाए, ४. वेउव्वियसमुग्घाए,
५. तेजस्समुग्घाए।[4]

दं. २१. णवरं–मणूसाणं सत्तविहे समुग्घाए पण्णत्ते, तं जहा–

१. वेयणासमुग्घाए, २. कसायसमुग्घाए,
३. मारणांतियसमुग्घाए, ४. वेउव्वियसमुग्घाए,
५. तेजस्समुग्घाए, ६. आहारगसमुग्घाए,
७. केवलिसमुग्घाए।[5] *–पण्ण. प. ३६, सु. २०८९-२०९२,*

५. रयणप्पभाईसु सत्तसु पुढवीसु नेरइयाणं समुग्घाय परूवणं–

प. इमीसे णं भंते ! रयणप्पभाए पुढवीए नेरइयाणं कइ समुग्घाया पण्णत्ता ?

उ. गोयमा ! चत्तारि समुग्घाया पण्णत्ता, तं जहा–

१. वेयणा समुग्घाए, २. कसाय समुग्घाए,
३. मारणांतिय समुग्घाए, ४. वेउव्विय समुग्घाए,
एवं जाव अहेसत्तमाए। *–जीवा. पडि. ३, सु. ८८(२)*

६. सम्मुच्छिम-गब्भवक्कंतिय पंचेंदिय तिरिक्खजोणियाणं मणुस्साण य समुग्घाय संखा परूवणं–

प. सम्मुच्छिम पंचेंदिय तिरिक्खजोणिय जलयराणं भंते ! कइ समुग्घाया पण्णत्ता ?

उ. गोयमा ! तिण्णि समुग्घाया पण्णत्ता, तं जहा–

१. वेयणा समुग्घाए, २. कसाय समुग्घाए,
३. मारणांतिय समुग्घाए।

सम्मुच्छिम थलयराणं-खहयराणं तओ समुग्घाया एवं चेव। *–जीवा. पडि. १, सु. ३५-३६*

प. गब्भवक्कंतियपंचेंदियतिरिक्खजोणिय जलयराणं भंते ! कइ समुग्घाया पण्णत्ता ?

१. वेदनासमुद्घात, २. कषायसमुद्घात,
३. मारणान्तिकसमुद्घात।

दं. १३-१९. इसी प्रकार चतुरिन्द्रिय पर्यन्त जानना चाहिए।

विशेष–वायुकायिक जीवों के चार समुद्घात कहे गये हैं, यथा–

१. वेदना समुद्घात, २. कषायसमुद्घात,
३. मारणान्तिकसमुद्घात, ४. वैक्रिय समुद्घात।

प्र. दं. २०-२४. भंते ! पंचेन्द्रियतिर्यञ्चयोनिकों से वैमानिकों पर्यन्त कितने समुद्घात कहे गये हैं ?

उ. गौतम ! पाँच समुद्घात कहे गये हैं, यथा–

१. वेदनासमुद्घात, २. कषायसमुद्घात,
३. मारणान्तिकसमुद्घात, ४. वैक्रियसमुद्घात,
५. तैजस्समुद्घात।

दं. २१. विशेष–मनुष्यों के सात समुद्घात कहे गये हैं, यथा–

१. वेदनासमुद्घात, २. कषायसमुद्घात,
३. मारणान्तिकसमुद्घात, ४. वैक्रियसमुद्घात,
५. तैजस्समुद्घात, ६. आहारकसमुद्घात,
७. केवलिसमुद्घात।

५. रत्नप्रभादि सात पृथ्वियों में नैरयिकों के समुद्घातों का प्ररूपण–

प्र. भंते ! इस रत्नप्रभापृथ्वी के नैरयिकों में कितने समुद्घात कहे गये हैं ?

उ. गौतम ! चार समुद्घात कहे गये हैं, यथा–

१. वेदना समुद्घात, २. कषाय समुद्घात,
३. मारणांतिक समुद्घात, ४. वैक्रिय समुद्घात।

इसी प्रकार अधःसप्तम पृथ्वी पर्यन्त के समुद्घातों का कथन करना चाहिए।

६. सम्मूर्च्छिम-गर्भज पंचेन्द्रिय तिर्यञ्चयोनिकों और मनुष्यों की समुद्घात संख्या का प्ररूपण–

प्र. भंते ! सम्मूर्च्छिम पंचेन्द्रिय तिर्यञ्चयोनिक जलचरों के कितने समुद्घात कहे गए हैं ?

उ. गौतम ! तीन समुद्घात कहे गए हैं, यथा–

१. वेदना समुद्घात २. कषाय समुद्घात
३. मारणांतिक समुद्घात।

इसी प्रकार सम्मूर्च्छिम स्थलचरों और खेचरों के तीन समुद्घात हैं।

प्र. भंते ! गर्भज पंचेन्द्रिय तिर्यञ्चयोनिक जलचरों के कितने समुद्घात कहे गए हैं ?

---

१. (क) जीवा. पडि. १, सु. १३(९)
(ख) विया. स. १७, उ. ६, सु. १(२)
(ग) विया. स. २४, उ. १२, सु. ३
(घ) विया, स. २४, उ. १२, सु. २०

२. जीवा. पडि. १, सु. १६-३०

३. (क) ठाणं. अ. ४, उ. ४, सु. ३८०
(ख) (सूक्ष्म वायुकाय के तीन समुद्घात हैं–
१. वेयणा, २. कसाय, ३. मारणांतिय।
–जीवा. पडि. १, सु. २६

४. (क) जीवा. पडि. ३, सु. ९७(१)
(ख) जीवा. पडि. १, सु. ३८

५. (क) जीवा. पडि. १, सु. ४१
(ख) ठाणं. अ. ७, सु. ५८६

उ. गोयमा ! पंच समुग्घाया पण्णत्ता, तं जहा–
१. वेयणा समुग्घाए **जाव** ५. तेजस् समुग्घाए।
गब्भवक्कंतिय थलयराणं खहयराणं पंच समुग्घाया एवं चेव। *–जीवा. पडि. १, सु. ३८-४०*

प. सम्मुच्छिम मणुस्साणं भंते ! कइ समुग्घाया पण्णत्ता ?

उ. गोयमा ! तिण्णि समुग्घाया पण्णत्ता, तं जहा–
१. वेयणा समुग्घाए, २. कसाय समुग्घाए,
३. मारणांतिय समुग्घाए।

प. गब्भवक्कंतिय मणुस्साणं भंते ! कइ समुग्घाया पण्णत्ता ?

उ. गोयमा ! सत्त समुग्घाया पण्णत्ता, तं जहा–
१. वेयणा समुग्घाए **जाव** ७. केवलि समुग्घाए।
–जीवा. पडि. १, सु. ४१

७. ओहेण अणंतरोववन्नगाईसु एक्कारसठाणेसु एगिंदियाणं समुग्घाय परूवणं–

प. एगिंदियाणं भंते ! कइ समुग्घाया पण्णत्ता ?

उ. गोयमा ! चत्तारि समुग्घाया पण्णत्ता, तं जहा–
१. वेयणासमुग्घाए, २. कसायसमुग्घाए,
३. मारणांतियसमुग्घाए, ४. वेउव्वियसमुग्घाए।
–विया. स. ३४, उ. १, सु. ७५

प. अणंतरोववन्नग एगिंदियाणं भंते ! कइ समुग्घाया पण्णत्ता ?

उ. गोयमा ! दोण्णि समुग्घाया पण्णत्ता, तं जहा–
१. वेयणासमुग्घाए य, २. कसायसमुग्घाए य।
–विया. स. ३४, उ. २, सु. ६

प. परम्परोववन्नग एगिंदियाणं भंते ! कइ समुग्घाया पण्णत्ता ?

उ. गोयमा ! चत्तारि समुग्घाया पण्णत्ता, तं जहा–
१. वेयणासमुग्घाए **जाव** ४. वेउव्वियसमुग्घाए।
–विया. स. ३४, उ. ३, सु. १

एवं सेसा वि अट्ठ उद्देसगा जाव अचरिमो त्ति।

णवरं–अणंतरा चत्तारि अणंतर सरिसा।

परंपरा चत्तारि परंपर सरिसा।

चरिमा य, अचरिमा य एवं चेव। *–विया. स. ३४, उ. ४-११*

८. सोहम्माईसु वेमाणिय देवेसु समुग्घाय परूवणं–

प. सोहम्मीसाणेसु णं भंते ! देवाणं कइ समुग्घाया पण्णत्ता ?

उ. गोयमा ! पंच समुग्घाया पण्णत्ता, तं जहा–
१. वेयणासमुग्घाए, २. कसायसमुग्घाए,
३. मारणांतियसमुग्घाए, ४. वेउव्वियसमुग्घाए,
५. तेजस् समुग्घाए।

उ. गौतम ! पाँच समुद्घात कहे गए हैं, यथा–
१. वेदना समुद्घात **यावत्** ५. तैजस्समुद्घात।
इसी प्रकार गर्भज स्थलचरों और खेचरों के भी पाँच समुद्घात हैं।

प्र. भंते ! सम्मूर्च्छिम मनुष्यों के कितने समुद्घात कहे गए हैं ?

उ. गौतम ! तीन समुद्घात कहे गए हैं, यथा–
१. वेदना समुद्घात, २. कषाय समुद्घात,
३. मारणांतिक समुद्घात।

प्र. भंते ! गर्भज मनुष्यों के कितने समुद्घात कहे गए हैं ?

उ. गौतम ! सातों समुद्घात कहे गए हैं, यथा–
१. वेदना समुद्घात **यावत्** ७. केवलि समुद्घात।

७. औधिक और अनन्तरोपपन्नकादि ग्यारह स्थानों में एकेन्द्रियों के समुद्घातों का प्ररूपण–

प्र. भंते ! एकेन्द्रिय जीवों के कितने समुद्घात कहे गए हैं ?

उ. गौतम ! उनके चार समुद्घात कहे गये हैं, यथा–
१. वेदनासमुद्घात, २. कषाय समुद्घात,
३. मारणांतिक समुद्घात, ४. वैक्रियसमुद्घात।

प्र. भंते ! अनन्तरोपपन्नक एकेन्द्रिय जीवों के कितने समुद्घात कहे गये हैं ?

उ. गौतम ! (उनके) दो समुद्घात कहे गए हैं, यथा–
१. वेदनासमुद्घात, २. कषाय समुद्घात।

प्र. भंते ! परंपरोपपन्नक एकेन्द्रिय जीवों के कितने समुद्घात कहे गए हैं ?

उ. गौतम ! चार समुद्घात कहे गए हैं, यथा–
१. वेदना समुद्घात **यावत्** ४. वैक्रिय समुद्घात।

इसी प्रकार शेष आठ उद्देशकों में अचरिम उद्देशक पर्यन्त समुद्घात जानने चाहिए।
विशेष–अनंतर विशेषण वाले चा उद्देशक **अनन्तरोपपन्नक** के समान हैं,
परम्पर विशेषण वाले चार उद्देशक परंपरोपपन्नक के समान हैं।
इसी प्रकार चरम और अचरम उद्देशक में भी समुद्घातों का कथन करना चाहिए।

८. सौधर्मादि वैमानिकदेवों में समुद्घातों का प्ररूपण–

प्र. भंते ! सौधर्म-ईशान देवलोकों में देवों के कितने समुद्घात कहे गए हैं ?

उ. गौतम ! पाँच समुद्घात कहे गए हैं, यथा–
१. वेदना समुद्घात, २. कषाय समुद्घात,
३. मारणांतिक समुद्घात, ४. वैक्रिय समुद्घात,
५. तैजस् समुद्घात।

एवं जाव अच्चुए।

गेवेज्जाणं आदिल्ला तिन्नि समुग्घाया पण्णत्ता।[1]

–जीवा. पडि. ३, सु. २०३

९. चउवीसदंडएसु एगत्तपुहत्तेहिं अतीतानागयसमुग्घाय परूवणं–

प. दं. १. एगमेगस्स णं भंते ! णेरइयस्स केवइया वेयणासमुग्घाया अतीता ?

उ. गोयमा ! अणंता।

प. भंते ! केवइया पुरेक्खडा ?

उ. गोयमा ! कस्सइ अत्थि, कस्सइ नत्थि।
जस्सऽत्थि जहण्णेणं एक्को वा, दो वा, तिण्णि वा, उक्कोसेणं संखेज्जा वा, असंखेज्जा वा, अणंता वा।
दं. २-२४. एवं असुरकुमारस्स वि निरंतरं जाव **वेमाणियस्स।**
एवं जाव **तेजससमुग्घाए।**
एवं एए पंच चउवीसा दंडगा।

प. दं. १. एगमेगस्स णं भंते ! नेरइयस्स केवइया आहारगसमुग्घाया अतीता ?

उ. गोयमा ! कस्सइ अत्थि, कस्सइ णत्थि,
जस्सऽत्थि जहण्णेणं एक्को वा, दो वा, उक्कोसेणं तिण्णि।

प. भंते ! केवइया पुरेक्खडा ?

उ. गोयमा ! कस्सइ अत्थि, कस्सइ णत्थि।
जस्सऽत्थि जहण्णेणं एक्को वा, दो वा, तिण्णि वा, उक्कोसेणं चत्तारि।
दं. २-२४. एवं निरंतरं जाव **वेमाणियस्स।**

णवरं–मणूसस्स अतीता वि, पुरेक्खडा वि **जहा णेरइयस्स पुरेक्खडा।**

प. दं. १. एगमेगस्स णं भंते ! णेरइयस्स केवइया केवलिसमुग्घाया अतीता ?

उ. गोयमा ! णत्थि।

प. भंते ! केवइया पुरेक्खडा ?

उ. गोयमा ! कस्सइ अत्थि, कस्सइ णत्थि।
जस्सऽत्थि एक्को।
दं. २-२४. एवं जाव **वेमाणियस्स।**
णवरं–दं. २१. मणूसस्स अतीता कस्सइ अत्थि, कस्सइ णत्थि। जस्सऽत्थि एक्को।

इसी प्रकार अच्युत देवलोक के देवों तक पाँच समुद्घात समझने चाहिए।
ग्रैवेयकों में आदि के तीन (वेदना, कषाय, मारणांतिक) समुद्घात कहे गए हैं।

९. चौबीस दंडकों में एकत्व-बहुत्व द्वारा अतीत अनागत समुद्घातों का प्ररूपण–

प्र. दं. १. भंते ! एक-एक नारक के अतीत में कितने वेदनासमुद्घात हुए हैं ?

उ. गौतम ! वे अनन्त हुए हैं।

प्र. भंते ! वे भविष्य में कितने होने वाले हैं ?

उ. गौतम ! किसी के होंगे और किसी के नहीं होंगे।
जिसके होंगे, उसके जघन्य एक, दो या तीन होंगे और उत्कृष्ट संख्यात, असंख्यात या अनन्त होंगे।
दं. २४. इसी प्रकार असुरकुमार से लेकर वैमानिक पर्यन्त कहना चाहिए।
इसी प्रकार तैजससमुद्घात पर्यन्त जानना चाहिए।
इसी प्रकार ये पाँचों समुद्घात चौवीस दण्डकों में जानने चाहिए।

प्र. दं. १. भंते ! एक-एक नारक के अतीत में कितने आहारकसमुद्घात हुए हैं ?

उ. गौतम ! किसी के हुए हैं और किसी के नहीं हुए हैं।
जिसके हुए हैं, उसके जघन्य एक या दो हुए हैं और उत्कृष्ट तीन हुए हैं।

प्र. भंते ! भविष्य में कितने होने वाले हैं ?

उ. गौतम ! किसी के होंगे और किसी के नहीं होंगे।
जिसके होंगे उसके जघन्य एक, दो या तीन और उत्कृष्ट चार समुद्घात होंगे।
दं. २-२४. इसी प्रकार निरन्तर वैमानिक पर्यन्त कहना चाहिए।
विशेष–मनुष्य के अतीत और अनागत आहारक समुद्घात **नारक के अनागत आहारक समुद्घात के समान जानना चाहिए।**

प्र. दं. १. भंते ! एक-एक नारक के कितने केवलिसमुद्घात व्यतीत हुए हैं ?

उ. गौतम ! एक भी (केवलि समुद्घात) व्यतीत नहीं हुआ है।

प्र. भंते ! भविष्य में कितने होने वाले हैं ?

उ. गौतम ! किसी के होगा और किसी के नहीं होगा जिसके होगा उसके एक ही होगा।
दं. २-२४. इसी प्रकार वैमानिक पर्यन्त कथन करना चाहिए।
विशेष–दं. २१. किसी मनुष्य के अतीत में केवलिसमुद्घात हुआ है किसी के नहीं हुआ है, जिसके हुआ है उसके एक ही हुआ है।

---

१. प. गेवेज्जाणं भंते ! देवाणं कइ समुग्घाया पण्णत्ता ?
उ. गोयमा ! पंच समुग्घाया पण्णत्ता– तं जहा १. वेयणासमुग्घाए **जाव** तेजससमुग्घाए।
णो चेव वेउव्वियसमुग्घाए वा, तेजससमुग्घाए वा, समोहणिंसु वा, समोहण्णंति वा, समोहणिस्संति वा। –जीवा. पडि. ३, सु. ११११-११११३ (तेरा.)

एवं पुरेक्खडा वि।

प. दं. १. णेरइयाणं भंते ! केवइया वेयणासमुग्घाया अतीता ?

उ. गोयमा ! अणंता।

प. भंते ! केवइया पुरेक्खडा ?

उ. गोयमा ! अणंता।

दं. २-२४. एवं जाव **वेमाणियाणं।**

एवं जाव **तेजससमुग्घाए।**

एवं एए वि पंच चउवीसा दंडगा।

प. दं. १. णेरइयाणं भंते ! केवइया आहारगसमुग्घाया अतीता ?

उ. गोयमा ! असंखेज्जा।

प. भंते ! केवइया पुरेक्खडा ?

उ. गोयमा ! असंखेज्जा।

दं. २-२४. एवं जाव **वेमाणियाणं।**

णवरं–१६ वणस्सइकाइयाणं, २१ मणूसाण य इमं णाणत्तं।

प. दं. १६. वणस्सइकाइयाणं भंते ! केवइया आहारग-समुग्घाया अतीता ?

उ. गोयमा ! अणंता।

प. दं. २१. मणुसाणं भंते ! केवइया आहारगसमुग्घाया अतीता ?

उ. गोयमा ! सिय संखेज्जा, सिय असंखेज्जा।

एवं पुरेक्खडा वि।

प. दं. १. णेरइयाणं भंते ! केवइया केवलिसमुग्घाया अतीता ?

उ. गोयमा ! णत्थि।

प. भंते ! केवइया पुरेक्खडा ?

उ. गोयमा ! असंखेज्जा।

दं. २-२४. एवं जाव **वेमाणियाणं।**

णवरं–१६. वणस्सइकाइयाणं, २१. मणूसाणय इमं णाणत्तं।

प. दं. १६. वणस्सइकाइयाणं भंते ! केवइया केवलि-समुग्घाया अतीता ?

उ. गोयमा ! णत्थि।

प. भंते ! केवइया पुरेक्खडा ?

उ. गोयमा ! अणंता।

प. दं. २१. मणूसाणं भंते ! केवइया केवलिसमुग्घाया अतीता ?

उ. गोयमा ! सिय अत्थि, सिय णत्थि।

जइ अत्थि जहण्णेणं एक्को वा, दो वा, तिण्णि वा, उक्कोसेणं सयपुहत्तं।

इसी प्रकार अनागत में भी एक ही होगा।

प्र. दं. १. भंते ! नारकों के कितने वेदनासमुद्घात व्यतीत हुए हैं ?

उ. गौतम ! अनन्त हुए हैं।

प्र. भंते ! भविष्य में कितने होने वाले हैं ?

उ. गौतम ! वे भी अनन्त होंगे।

दं. २-२४. इसी प्रकार वैमानिकों पर्यन्त जानना चाहिए।

इसी प्रकार तैजससमुद्घात पर्यन्त जानना चाहिए।

इसी प्रकार इन पाँचों समुद्घातों का कथन चौवीसों दण्डकों में करना चाहिए।

प्र. दं. १. भंते ! नारकों के आहारकसमुद्घात कितने व्यतीत हुए हैं ?

उ. गौतम ! असंख्यात हुए हैं।

प्र. भंते ! भविष्य में कितने होने वाले हैं ?

उ. गौतम ! वे भी असंख्यात होने वाले हैं।

दं. २-२४. इसी प्रकार वैमानिकों पर्यन्त जानना चाहिए।

विशेष–१६. वनस्पतिकायिकों और **२१. मनुष्यों में यह** भिन्नता है।

प्र. दं. १६. भंते ! वनस्पतिकायिक जीवों के कितने आहारकसमुद्घात व्यतीत हुए हैं ?

उ. गौतम ! (उनके) अनन्त व्यतीत हुए हैं।

प्र. दं. २१. भंते ! मनुष्यों के अतीत में कितने आहारकसमुद्घात हुए हैं ?

उ. गौतम ! कदाचित् संख्यात और कदाचित् असंख्यात हुए हैं।

इसी प्रकार भविष्य के (आहारकसमुद्घातों का भी कथन करना चाहिए।)

प्र. दं. १. भंते ! नारकों के अतीत में केवलिसमुद्घात कितने हुए हैं ?

उ. गौतम ! एक भी नहीं हुआ है।

प्र. भंते ! भविष्य में कितने होने वाले हैं ?

उ. गौतम ! वे असंख्यात होने वाले हैं।

दं. २-२४. इसी प्रकार वैमानिकों पर्यन्त जानना चाहिए।

विशेष–१६. वनस्पतिकायिकों और **२१. मनुष्यों में यह** अन्तर है–

प्र. दं. १६. भंते ! अतीत में वनस्पतिकायिकों के केवलिसमुद्घात कितने हुए हैं ?

उ. गौतम ! एक भी नहीं हुआ है।

प्र. भंते ! भविष्य में कितने होने वाले हैं ?

उ. गौतम ! वे अनन्त होने वाले हैं।

प्र. दं. २१. भंते ! मनुष्यों के अतीत में केवलिसमुद्घात कितने हुए हैं ?

उ. गौतम ! कदाचित् हुए हैं और कदाचित् नहीं हुए हैं।

यदि हुए हैं तो जघन्य एक, दो या तीन और उत्कृष्ट शतपृथक्त्व हुए हैं।

प. भंते ! केवइया पुरेक्खडा ?

उ. गोयमा ! सिय संखेज्जा, सिय असंखेज्जा।

–पण्ण. प. ३६, सु. २०९३-२१००

१०. चउवीसदंडयाणं चउवीसदंडएसु एगत्तपुहत्तेहिं अतीत-अणागय समुग्घाय परूवणं–

१. वेयणा समुग्घाए–

पं. दं. १. एगमेगस्स णं भंते ! णेरइयस्स णेरइयत्ते केवइया वेयणासमुग्घाया अतीता ?

उ. गोयमा ! अणंता।

प. भंते ! केवइया पुरेक्खडा ?

उ. गोयमा ! कस्सइ अत्थि, कस्सइ णत्थि।

जस्सऽत्थि जहण्णेणं एक्को वा, दो वा, तिण्णि वा, उक्कोसेणं संखेज्जा वा, असंखेज्जा वा, अणंता वा।

एवं असुरकुमारत्ते जाव **वेमाणियत्ते।**

प. दं. २. एगमेगस्स णं भंते ! असुरकुमारस्स णेरइयत्ते केवइया वेयणासमुग्घाया अतीता ?

उ. गोयमा ! अणंता।

प. भंते ! केवइया पुरेक्खडा ?

उ. गोयमा ! कस्सइ अत्थि, कस्सइ णत्थि।

जस्सऽत्थि तस्स सिय संखेज्जा, सिय असंखेज्जा, सिय अणंता।

प. एगमेगस्स णं भंते ! असुरकुमारस्स असुरकुमारत्ते केवइया वेयणासमुग्घाया अतीता ?

उ. गोयमा ! अणंता।

प. भंते ! केवइया पुरेक्खडा ?

उ. गोयमा ! कस्सइ अत्थि, कस्सइ णत्थि।

जस्सऽत्थि जहण्णेणं एक्को वा, दो वा, तिण्णि वा, उक्कोसेणं संखेज्जा वा, असंखेज्जा वा, अणंता वा।

दं. ३-२४. एवं णागकुमारत्ते वि जाव **वेमाणियत्ते।**

एवं जहा वेयणासमुग्घाएणं असुरकुमारे णेरइयाइ-वेमाणिय-पज्जवसाणेसु भणिए तहा णागकुमारादिया अवसेसेसु सट्ठाण-परट्ठाणेसु भाणियव्वा जाव **वेमाणियस्स वेमाणियत्ते।**

एवमेए चउव्वीसं चउव्वीसा दंडगा भवंति।

प्र. भंते ! भविष्य में कितने होने वाले हैं ?

उ. गौतम ! कदाचित् संख्यात होने वाले हैं और कदाचित् असंख्यात होने वाले हैं।

१०. चौबीस दंडकों का चौवीस दंडकों में एकत्व बहुत्व द्वारा अतीत-अनागत्व समुद्घातों का प्ररूपण–

१. वेदना समुद्घात–

प्र. दं. १. भंते ! एक-एक नैरयिक के नारक पर्यायों में रहते हुए कितने वेदनासमुद्घात व्यतीत हुए हैं।

उ. गौतम ! अनन्त हुए हैं।

प्र. भंते ! भविष्य में कितने होने वाले हैं ?

उ. गौतम ! वे किसी के होने वाले हैं और किसी के नहीं होने वाले हैं।

जिसके होने वाले हैं उसके जघन्य एक, दो या तीन होने वाले हैं और उत्कृष्ट संख्यात, असंख्यात या अनन्त होने वाले हैं।

इसी प्रकार नैरयिक के असुरकुमार पर्याय से वैमानिक पर्याय में रहते हुए (अतीत और अनागत वेदनासमुद्घात) जानना चाहिए।

प्र. दं. २. भंते ! एक-एक असुरकुमार के नारक पर्याय में रहते हुए कितने वेदनासमुद्घात व्यतीत हुए हैं ?

उ. गौतम ! वे अनन्त हुए हैं।

प्र. भंते ! भविष्य में कितने होने वाले हैं ?

उ. गौतम ! किसी के होने वाले हैं और किसी के नहीं होने वाले हैं,

जिसके होने वाले हैं उसके कदाचित् संख्यात, कदाचित् असंख्यात और कदाचित् अनन्त होने वाले हैं।

प्र. भंते ! एक-एक असुरकुमार के असुरकुमार पर्याय में रहते हुए कितने वेदनासमुद्घात व्यतीत हुए हैं ?

उ. गौतम ! अनन्त हुए हैं।

प्र. भंते ! भविष्य में कितने होने वाले हैं ?

उ. गौतम ! किसी के होने वाले हैं और किसी के नहीं होने वाले हैं।

जिसके होने वाले हैं, उसके जघन्य एक, दो या तीन होने वाले हैं और उत्कृष्ट संख्यात, असंख्यात या अनन्त होने वाले हैं।

दं. ३-२४. इसी प्रकार नागकुमारपर्याय से वैमानिकपर्याय पर्यन्त में रहते हुए अतीत और अनागत वेदनासमुद्घात समझने चाहिए।

जिस प्रकार असुरकुमार के नारकपर्याय से वैमानिक पर्याय पर्यन्त वेदनासमुद्घात कहे हैं, उसी प्रकार शेष नागकुमार आदि भी स्वस्थानों और पर स्थानों में वैमानिक पर्याय पर्यन्त कहने चाहिए यावत् वैमानिक भी वैमानिक पर्याय पर्यन्त जानने चाहिए।

इसी प्रकार ये चौबीस दण्डकों में प्रत्येक के चौबीस दण्डक होते हैं।

२. **कसायसमुग्घाए–**

प. दं. १. एगमेगस्स णं भंते ! णेरइयस्स णेरइयत्ते केवइया कसायसमुग्घाया अतीता ?

उ. गोयमा ! अणंता।

प. भंते ! केवइया पुरेक्खडा ?

उ. गोयमा ! कस्सइ अत्थि, कस्सइ णत्थि।

जस्सऽत्थि एगुत्तरियाए **जाव** अणंता।

प. दं. २. एगमेगस्स णं भंते ! नेरइयस्स असुरकुमारत्ते केवइया कसायसमुग्घाया अतीता ?

उ. गोयमा ! अणंता।

प. भंते ! केवइया पुरेक्खडा ?

उ. गोयमा ! कस्सइ अत्थि, कस्सइ णत्थि।

जस्सऽत्थि सिय संखेज्जा, सिय असंखेज्जा, सिय अणंता।

दं. ३-११. एवं जाव **णेरइयस्स थणियकुमारत्ते।**

पुढविकाइयत्ते एगुत्तरियाए णेयव्वं,

एवं जाव **मणूसत्ते।**

वाणमंतरत्ते जहा असुरकुमारत्ते।

जोइसियत्ते अतीता अणंता,

पुरेक्खडा कस्सइ अत्थि, कस्सइ णत्थि।

जस्सऽत्थि, सिय असंखेज्जा, सिय अणंता।

एवं वेमाणियत्ते वि, सिय असंखेज्जा, सिय अणंता।

असुरकुमारस्स णेरइयत्ते अतीता अणंता।

पुरेक्खडा कस्सइ अत्थि, कस्सइ णत्थि।

जस्सऽत्थि सिय संखेज्जा, सिय असंखेज्जा, सिय अणंता।

असुरकुमारस्स असुरकुमारत्ते अतीता अणंता।

पुरेक्खडा एगुत्तरिया **जाव** अणंता।

दं. २-२४. एवं नागकुमारत्ते निरंतरं जाव **वेमाणियत्ते जहा णेरइयस्स भणियं तहेव भाणियव्वं।**

एवं जाव **थणियकुमारस्स वि** जाव **वेमाणियत्ते।**

२. **कषाय समुद्घात–**

प्र. दं. १. भंते ! एक-एक नारक के नारक पर्याय में कितने कषायसमुद्घात व्यतीत हुए हैं ?

उ. गौतम ! अनन्त हुए हैं।

प्र. भंते ! भविष्य में कितने होने वाले हैं ?

उ. गौतम ! किसी के होने वाले हैं और किसी के नहीं होने वाले हैं।

जिसके होने वाले हैं, उसके एक से अनन्त पर्यन्त होने वाले हैं।

प्र. दं. २. भंते ! एक-एक नारक के असुरकुमारपर्याय में कितने कषायसमुद्घात व्यतीत हुए हैं ?

उ. गौतम ! अनन्त हुए हैं।

प्र. भंते ! भविष्य में कितने होने वाले हैं ?

उ. गौतम ! वे किसी के होने वाले हैं, किसी के नहीं होने वाले हैं।

जिसके होने वाले हैं उसके कदाचित् संख्यात, कदाचित् असंख्यात और कदाचित् अनन्त होने वाले हैं।

दं. ३-११. इसी प्रकार नारक का स्तनितकुमारपर्याय पर्यन्त में (अतीत-अनागत कषायसमुद्घात) समझना चाहिए।

नारक का पृथ्वीकायिकपर्याय में एक से लेकर अनन्त पर्याय जानना चाहिए।

इसी प्रकार मनुष्यपर्याय पर्यन्त समझना चाहिए।

नारक के वाणव्यन्तर पर्याय में असुरकुमार पर्याय के समान जानना चाहिए।

ज्योतिष्क देव पर्याय में अतीत कषायसमुद्घात अनन्त हैं।

अनागत कषायसमुद्घात किसी के होंगे और किसी के नहीं होंगे।

जिसके होंगे, उसके कदाचित् असंख्यात और कदाचित् अनन्त होंगे।

इसी प्रकार वैमानिकपर्याय में भी कदाचित् असंख्यात और कदाचित् अनन्त होंगे।

असुरकुमार के नैरयिकपर्याय में अतीत कषायसमुद्घात अनन्त होते हैं।

अनागत (कषायसमुद्घात) किसी के होंगे और किसी के नहीं होंगे,

जिसके होंगे उसके कदाचित् संख्यात, कदाचित् असंख्यात और कदाचित् अनन्त होंगे।

असुरकुमार के असुरकुमारपर्याय में अतीत (कषाय-समुद्घात) अनन्त कहे हैं।

उ. गौतम ! इसके सर्वबन्ध का अन्तर जघन्य अन्तर्मुहूर्त और उत्कृष्ट अनन्तकाल, काल से अनन्त-उत्सर्पिणी-अवसर्पिणीकाल होता है, क्षेत्र से अनन्तलोक, देशोन (कुछ कम) अपार्ध पुद्गलपरावर्तन प्रमाण है।

इसी प्रकार देशबन्ध का अन्तर भी जानना चाहिए।

प्र. भन्ते ! आहारकशरीर के इन देशबन्धक,. सर्वबन्धक और अबन्धक जीवों में कौन किनसे अल्प **यावत्** विशेषाधिक हैं ?

उ. गौतम ! १. सबसे अल्प आहारकशरीर के सर्वबन्धक जीव हैं,

२. (उनसे) देश-बन्धक संख्यातगुणे हैं,

३. (उनसे) अबन्धक जीव अनन्तगुणे हैं।

१२४. तैजस् शरीरप्रयोग बन्ध का विस्तार से प्ररूपण–

प्र. भन्ते ! तैजसशरीर-प्रयोगबन्ध कितने प्रकार का कहा गया है ?

उ. गौतम ! वह पाँच प्रकार का कहा गया है, यथा–

१. एकेन्द्रिय-तैजसशरीर-प्रयोगबन्ध **यावत्–**

५. पंचेन्द्रिय-तैजसशरीर-प्रयोगबन्ध।

प्र. भन्ते ! एकेन्द्रिय-तैजसशरीर-प्रयोगबन्ध कितने प्रकार का कहा गया है ?

उ. गौतम ! पाँच प्रकार का कहा गया है, यथा–

१. पृथ्वीकायिक-एकेन्द्रिय तैजस् शरीर प्रयोगबन्ध यावत्-

५. वनस्पतिक-एकेन्द्रिय तैजस् शरीरप्रयोग बन्ध।

इस प्रकार इसी अभिलाप द्वारा जैसे-(प्रज्ञापनासूत्र के इक्कीसवें) अवगाहना संस्थानपद में भेद कहे हैं वैसे ही यहाँ भी पर्याप्त सर्वार्थसिद्ध-अनुत्तरोपपातिक-कल्पातीत वैमानिकदेव-पंचेन्द्रिय--तैजसशरीर प्रयोगबन्ध और अपर्याप्त सर्वार्थसिद्ध-अनुत्तरोपपातिक-कल्पातीत-वैमानिकदेव-पंचेन्द्रिय-तैजसशरीर-प्रयोगबन्ध पर्यन्त कहना चाहिए।

प्र. भन्ते ! तैजसशरीर-प्रयोगबन्ध किस कर्म के उदय से होता है ?

उ. गौतम ! सवीर्यता, सयोगता और सद्द्रव्यता यावत् आयुष्य के निमित्त से तथा तैजसशरीरप्रयोगनामकर्म के उदय से तैजसशरीर-प्रयोगबन्ध होता है।

प. तेयासरीरप्पयोगबंधे णं भंते ! किं देसबंधे, सव्वबंधे ?

उ. गोयमा ! देसबंधे, नो सव्वबंधे।

प. तेयासरीरप्पयोगबंधे णं भंते ! कालओ केवचिरं होइ ?

उ. गोयमा ! दुविहे पण्णत्ते, तं जहा–
१. अणाईए वा अपज्जवसिए,
२. अणाईए वा सपज्जवसिए।

प. तेयासरीरप्पयोगबंधंतरं णं भंते ! कालओ केवचिरं होइ ?

उ. गोयमा ! अणाईयस्स अपज्जवसियस्स नत्थि अंतरं,

अणाईयस्स सपज्जवसियस्स नत्थि अंतरं।

प. एएसि णं भंते ! जीवाणं तेयासरीरस्स देसबंधगाणं अबंधगाण य कयरे कयरेहिंतो अप्पा वा **जाव** विसेसाहिया वा ?

उ. गोयमा ! १. सव्वत्थोवा जीवा तेयासरीरस्स अबंधगा,
२. देसबंधगा अणंतगुणा।

–विया. स. ८, उ. ९, सु. ९०-९६

१२५. अट्ठविह कम्मासरीरप्पयोगबंधस्स वित्थरओ परूवणं–

प. कम्मासरीरप्पयोगबंधे णं भंते ! कइविहे पण्णत्ते ?

उ. गोयमा ! अट्ठविहे पण्णत्ते, तं जहा–
१. नाणावरणिज्ज-कम्मासरीरप्पयोगबंधे **जाव**–
८. अंतराइय-कम्मासरीरप्पयोगबंधे।

प. १. णाणावरणिज्जकम्मासरीरप्पयोगबंधे णं भंते ! कस्स कम्मस्स उदएणं ?

उ. गोयमा ! नाणपडिणीययाए, णाणणिण्हवणयाए, णाणंतराएणं, णाणप्पदोसेणं, णाणच्चासायणाए, णाणविसंवादणाजोगेणं णाणावरणिज्जकम्मासरीर-प्पयोगनामाए कम्मस्स उदएणं णाणावरणिज्ज-कम्मासरीरप्पयोग बंधे।

प. २. दरिसणावरणिज्जकम्मासरीरप्पयोगबंधे णं भंते ! कस्स कम्मस्स उदएणं ?

उ. गोयमा ! दंसणपडिणीययाए, दंसणणिण्हवणयाए, दंसणंतराएणं, दंसणप्पदोसेणं, दंसणच्चासायणाए, दंसणविसंवादणाजोगेणं, दरिसणावरणिज्ज-कम्मासरीरप्पयोगनामाए कम्मस्स उदएणं दरिसणावरणिज्जकम्मासरीरप्पओगबंधे।

प. ३. सायावेयणिज्जकम्मासरीरप्पयोगबंधे णं भंते ! कस्स कम्मस्स उदएणं ?

प्र. भन्ते ! तैजसशरीर-प्रयोगबन्ध क्या देशबन्ध होता है या सर्वबन्ध होता है ?

उ. गौतम ! देशबन्ध होता है, सर्वबन्ध नहीं होता है।

प्र. भन्ते ! तैजसशरीरप्रयोगबन्ध काल से कितने काल तक होता है ?

उ. गौतम ! वह दो प्रकार का कहा गया है, यथा–
१. अनादि-अपर्यवसित
२. अनादि-सपर्यवसित।

प्र. भन्ते ! तैजसशरीरप्रयोगबन्ध का अन्तर काल कितने काल का होता है ?

उ. गौतम ! अनादि-अपर्यवसित तैजसशरीर-प्रयोगबन्ध का अन्तर नहीं है,

अनादि-सपर्यवसित तैजसशरीर प्रयोगबन्ध का भी अन्तर नहीं है।

प्र. भन्ते ! इन तैजसशरीर के देशबन्धक और अबन्धक जीवों में कौन किससे अल्प **यावत्** विशेषाधिक है ?

उ. गौतम ! १. तैजस्-शरीर के अबन्धक जीव सबसे अल्प है,
२. (उनसे) देशबन्धक जीव अनन्तगुणे हैं।

१२५. आठ प्रकार के कार्मण शरीरप्रयोग बन्ध का विस्तार से प्ररूपण–

प्र. भन्ते ! कार्मणशरीरप्रयोगबन्ध कितने प्रकार का कहा गया है ?

उ. गौतम ! वह आठ प्रकार का कहा गया है, यथा–
१. ज्ञानावरणीय कार्मणशरीर-प्रयोगबन्ध **यावत्**–
८. अन्तराय कार्मणशरीर-प्रयोग बन्ध।

प्र. १. भन्ते ! ज्ञानावरणीय कार्मण-शरीर-प्रयोगबन्ध किस कर्म के उदय से होता है ?

उ. गौतम ! ज्ञान की प्रत्यनीकता (विपरीतता) करने से, ज्ञान का निह्नव (अपलाप) करने से, ज्ञान में अन्तराय देने से, ज्ञान से प्रद्वेष करने से, ज्ञान की अत्यन्त आशातना करने से, ज्ञान के विसंवादन-योग (उपघात) से तथा ज्ञानावरणीय-कार्मणशरीर-प्रयोग नामकर्म के उदय से ज्ञानावरणीय-प्रयोगबन्ध होता है।

प्र. २. भन्ते ! दर्शनावरणीय कार्मण शरीर प्रयोगबन्ध किस कर्म के उदय से होता है ?

उ. गौतम ! दर्शन की प्रत्यनीकता करने से, दर्शन का निह्नव करने से, दर्शन में अन्तराय देने से, दर्शन से प्रद्वेष करने से, दर्शन की अत्यन्त आशातना करने से, दर्शन-विसंवादन योग से तथा दर्शनावरणीय कार्मणशरीर-प्रयोग-नामकर्म के उदय से दर्शनावरणीय कार्मणशरीर प्रयोगबन्ध होता है।

प्र. ३. भन्ते ! सातावेदनीयकार्मणशरीर-प्रयोगबन्ध किस कर्म के उदय से होता है ?

उ. गोयमा ! पाणाणुकंपाए, भूयाणुकंपाए, जीवाणुकंपाए, सत्ताणुकंपाए, बहूणं पाणाणं **जाव** सत्ताणं अदुक्खणयाए, असोयणयाए, अजूरणयाए, अतिप्पणयाए, अपिट्टणयाए, अपरियावणयाए सायावेयणिज्ज-कम्मासरीरप्पयोगनामाए कम्मस्स उदएणं सायावेयणिज्ज-कम्मासरीरप्पयोगबंधे।

प. अस्सायावेयणिज्ज-कम्मासरीरप्पयोग बंधे णं भंते ! कस्स कम्मस्स उदएणं ?

उ. गोयमा ! परदुक्खणयाए, परसोयणयाए, परजूरणयाए, परतिप्पणयाए, परपिट्टणयाए, परपरितावणयाए बहूणं पाणाणं **जाव** सत्ताणं दुक्खणयाए **जाव** परियावणयाए अस्साया वेयणिज्ज-कम्मासरीरप्पयोग नामाए कम्मस्स उदएणं अस्साया वेयणिज्जकम्मासरीरप्पयोगबंधे।

प. ४. मोहणिज्ज-कम्मासरीरप्पयोग बंधे णं भंते ! कस्स कम्मस्स उदएणं ?

उ. गोयमा ! तिव्वकोहयाए, तिव्वमाणयाए, तिव्वमायाए, तिव्वलोभाए, तिव्वदंसणमोहणिज्जयाए तिव्वचरित्त-मोहणिज्जयाए, मोहणिज्जकम्मासरीरप्पयोग नामाए कम्मस्स उदएणं मोहणिज्ज-कम्मासरीरप्पयोगबंधे।

प. ५. नेरइयाउय-कम्मासरीरप्पयोग बंधे णं भंते ! कस्स कम्मस्स उदएणं ?

उ. गोयमा ! महारंभयाए, महापरिग्गहयाए, पंचिंदियवहेणं, कुणिमाहारेणं, नेरइयाउय कम्मासरीरप्पयोगनामाए कम्मस्स उदएणं नेरइयाउयकम्मासरीरप्पयोगबंधे।

प. तिरिक्खजोणियाउयकम्मासरीरप्पयोग बंधे णं भंते ! कस्स कम्मस्स उदएणं ?

उ. गोयमा ! माइल्लयाए, नियडिल्लयाए, अलियवयणेणं-कूडतूल-कूडमाणेणं तिरिक्खजोणियाउय कम्मा-सरीरप्पयोगनामाए कम्मस्स उदएणं तिरिक्ख-जोणियाउय कम्मासरीरप्पयोगबंधे।

प. मणुस्साउयकम्मासरीरप्पयोगबंधे णं भंते ! कस्स कम्मस्स उदएणं ?

उ. गोयमा ! पगइभद्दयाए, पगइविणीययाए, साणुक्कोसयाए, अमच्छरिययाए, मणुस्साउय कम्मासरीरप्पयोग नामाए कम्मस्स उदएणं मणुस्साउय कम्मासरीरप्पयोग बंधे।

प. देवाउयकम्मासरीरप्पयोग बंधे णं भंते ! कस्स कम्मस्स उदएणं ?

उ. गोयमा ! सरागसंजमेणं, संजमासंजमेणं, बालतवोकम्मेणं, अकामनिज्जराए देवाउयकम्मा-सरीरप्पयोग नामाए कम्मस्स उदएणं देवाउयकम्मा-सरीरप्पयोगबंधे।

उ. गौतम ! प्राणियों पर अनुकम्पा करने से, भूतों पर अनुकम्पा करने से, जीवों पर अनुकम्पा करने से, सत्वों पर अनुकम्पा करने से, बहुत प्राणी **यावत्** सत्वों को दुःख न देने से, शोक न कराने से, खेद-खिन्न न कराने से, पीड़ा न पहुँचाने से, न पीटने से, परिताप उत्पन्न न कराने से तथा सातावेदनीय-कार्मण शरीर प्रयोग नामकर्म के उदय से सातावेदनीय कार्मण शरीर प्रयोगबन्ध होता है।

प्र. भन्ते ! असातावेदनीय-कार्मणशरीर-प्रयोगबन्ध किस कर्म के उदय से होता है ?

उ. गौतम ! दूसरे जीवों को दुःख पहुँचाने से, उन्हें शोक उत्पन्न कराने से, चिन्तित करने से, पीड़ा देने से, पीटने से, परिताप उत्पन्न कराने से, बहुत से प्राणी **यावत्** सत्वों को दुःख देने से **यावत्** उन्हें परिताप उत्पन्न करने से तथा असातावेदनीय-कार्मण शरीरप्रयोग बन्ध नामकर्म के उदय से असातावेदनीय कार्मण शरीर प्रयोग बन्ध होता है।

प्र. ४. भन्ते ! मोहनीय-कार्मण-शरीर-प्रयोगबन्ध किस कर्म के उदय से होता है ?

उ. गौतम ! तीव्र क्रोध से, तीव्र मान से, तीव्र माया से, तीव्र लोभ से, तीव्र दर्शनमोहनीय से और तीव्र चारित्रमोहनीय से तथा मोहनीय-कार्मणशरीरप्रयोग नामकर्म के उदय से मोहनीय कार्मण-शरीर प्रयोग बन्ध होता है।

प्र. ५. भन्ते ! नैरयिकायुष्य-कार्मणशरीरप्रयोगबन्ध किस कर्म के उदय से होता है ?

उ. गौतम ! महारम्भ करने से, महापरिग्रह सें, पंचेन्द्रिय जीवों का वध करने से और माँसाहार करने से तथा नैरयिकायुष्य कार्मणशरीरप्रयोग-नामकर्म के उदय से नैरयिकायुष्य-कार्मणशरीर-प्रयोगबन्ध होता है।

प्र. भन्ते ! तिर्यञ्चयोनिक-आयुष्य-कार्मणशरीरप्रयोगबन्ध किस कर्म के उदय से होता है ?

उ. गौतम ! माया करने से, निकृति (कपट) करने से, मिथ्या बोलने से, खोटा तौल और खोटा माप करने से तथा तिर्यञ्चयोनिक-आयुष्य-कार्मणशरीरप्रयोग नामकर्म के उदय से, तिर्यञ्चयोनिक-आयुष्य-कार्मण शरीर प्रयोगबन्ध होता है।

प्र. भन्ते ! मनुष्यायुष्य कार्मणशरीरप्रयोगबन्ध किस कर्म के उदय से होता है ?

उ. गौतम ! प्रकृति की भद्रता से, प्रकृति की विनीतता (नम्रता) से, दयालुता से, अमत्सरभाव से तथा मनुष्यायुष्य-कार्मणशरीरप्रयोग-नामकर्म के उदय से मनुष्यायुष्य-कार्मण-शरीर प्रयोग बन्ध होता है।

प्र. भन्ते ! देवायुष्य-कार्मणशरीरप्रयोगबन्ध किस कर्म के उदय से होता है ?

उ. गौतम ! सराग-संयम से, संयमासंयम (देशविरति) से, बाल (अज्ञानपूर्वक) तपस्या करने से तथा अकामनिर्जरा से एवं देवायुष्य-कार्मणशरीरप्रयोग-नामकर्म के उदय से देवायुष्य कार्मणशरीर-प्रयोगबन्ध होता है।

प. ६. सुभनामकेम्मासरीरप्पयोग बंधे णं भंते ! कस्स कम्मस्स उदएणं ?

उ. गोयमा ! कायउज्जुययाए, भावुज्जुययाए, भासुज्जुययाए, अविसंवादणजोगेणं सुभनामकम्मासरीरप्पयोग नामाए कम्मस्स उदएणं सुभनामकम्मासरीरप्पयोगबंधे।

प. असुभनामकम्मासरीरप्पयोगबंधे णं भंते ! कस्स कम्मस्स उदएणं ?

उ. गोयमा ! कायअणुज्जुययाए, भावअणुज्जुययाए, भासअणुज्जुययाए, विसंवायणाजोगेणं असुभनामकम्मासरीरप्पयोग नामाए कम्मस्स उदएणं असुभनामकम्मासरीरप्पयोग बंधे।

प. ७. उच्चागोयकम्मासरीरप्पयोग बंधे णं भंते ! कस्स कम्मस्स उदएणं ?

उ. गोयमा ! जातिअमदेणं, कुलअमदेणं, बलअमदेणं, रूवअमदेणं, तवअमदेणं, सुयअमदेणं, लाभअमदेणं, इस्सरियअमदेणं, उच्चागोयकम्मासरीरप्पयोग नामाए कम्मस्स उदएणं उच्चागोयकम्मासरीरप्पयोगबंधे।

प. नीयागोयकम्मासरीरप्पयोग बंधे णं भंते ! कस्स कम्मस्स उदएणं ?

उ. गोयमा ! जातिमदेणं, कुलमदेणं, बलमदेणं, रूवमदेणं, तवमदेणं, सुयमदेणं, लाभमदेणं, इस्सरियमदेणं, नीयागोय- कम्मासरीरप्पयोग नामाए कम्मस्स उदएणं नीयागोयकम्मासरीरप्पयोगबंधे।

प. ८. अंतराइयकम्मासरीरप्पयोग बंधे णं भंते ! कस्स कम्मस्स उदएणं ?

उ. गोयमा ! दाणंतराएणं, लाभंतराएणं, भोगंतराएणं, उवभोगंतराएणं, वीरियंतराएणं, अंतराइयकम्मासरीरप्पयोगनामाए कम्मस्स उदएणं अंतराइयकम्मासरीरप्पयोगबंधे।

प. णाणावरणिज्जकम्मासरीरप्पयोगबंधे णं भंते ! किं देसबंधे, सव्वबंधे ?

उ. गोयमा ! देसबंधे, णो सव्वबंधे।

एवं जाव अंतराइयकम्मासरीरप्पयोगबंधे।

प. णाणावरणिज्जकम्मासरीरप्पयोगबंधे णं भंते ! कालओ केवचिरं होइ ?

उ. गोयमा ! णाणावरणिज्जकम्मासरीरप्पयोगबंधे दुविहे पण्णत्ते, तं जहा–

१. अणाईए सपज्जवसिए,

२. अणाईए अपज्जवसिए,

एवं जहा अंतराइयकम्मस्स।

प्र. ६. भन्ते ! शुभनाम-कार्मणशरीरप्रयोगबन्ध किस कर्म के उदय से होता है ?

उ. गौतम ! काया की ऋजुता (सरलता) से, भावों की ऋजुता से, भाषा की ऋजुता से तथा अविसंवादनयोग से एवं शुभनाम-कार्मणशरीर-प्रयोग नामकर्म के उदय से शुभनाम-कार्मण शरीर-प्रयोग बन्ध होता है।

प्र. भन्ते ! अशुभनाम-कार्मणशरीरप्रयोगबन्ध किस कर्म के उदय से होता है ?

उ. गौतम ! काया की वक्रता से, भावों की वक्रता से, भाषा की वक्रता से तथा विसंवादन-योग से एवं अशुभनाम-कार्मणशरीर-प्रयोग-नामकर्म के उदय से अशुभनाम-कार्मण-शरीर-प्रयोगबन्ध होता है।

प्र. ७. भन्ते ! उच्चगोत्र-कार्मण शरीर-प्रयोगबन्ध किस कर्म के उदय से होता है ?

उ. गौतम ! जातिमद न करने से, कुलमद न करने से, बलमद न करने से, रूपमद न करने से, तपोमद न करने से, श्रुतमद न करने से, लाभमद न करने से और ऐश्वर्यमद न करने से तथा उच्चगोत्र-कार्मण-शरीर-प्रयोग-नामकर्म के उदय से उच्चगोत्रकार्मणशरीर प्रयोगबन्ध होता है।

प्र. भन्ते ! नीचगोत्र-कार्मण-शरीर-प्रयोगबन्ध किस कर्म के उदय से होता है ?

उ. गौतम ! जाति मद करने से, कुलमद करने से, बलमद करने से, रूपमद करने से, तपोमद करने से, श्रुतमद करने से, लाभमद करने से और ऐश्वर्यमद करने से तथा नीचगोत्र कार्मण-शरीर प्रयोग नामकर्म के उदय से नीचगोत्र कार्मणशरीर प्रयोग बन्ध होता है।

प. ८. भन्ते ! अन्तराय-कार्मणशरीर-प्रयोगबन्ध किस कर्म के उदय से होता है ?

उ. गौतम ! दानान्तराय से, लाभान्तराय से, भोगान्तराय से, उपभोगान्तराय से और वीर्यान्तराय से तथा अन्तराय-कार्मणशरीर-प्रयोगनामकर्म के उदय से अन्तराय-कार्मणशरीर प्रयोगबन्ध होता है।

प्र. भन्ते ! ज्ञानावरणीय-कार्मणशरीर प्रयोगबन्ध क्या देशबन्ध है या सर्वबन्ध है ?

उ. गौतम ! वह देशबन्ध है, सर्वबन्ध नहीं है।

इसी प्रकार अन्तराय कर्म पर्यन्त-कार्मणशरीर प्रयोगबन्ध जानना चाहिए।

प्र. भन्ते ! ज्ञानावरणीय-कार्मणशरीर-प्रयोगबन्ध काल से कितने काल तक रहता है ?

उ. गौतम ! ज्ञानावरणीय-कार्मणशरीर-प्रयोगबन्ध दो प्रकार का कहा गया है, यथा–

१. अनादि-सपर्यवसित,

२. अनादि-अपर्यवसित,

इसी प्रकार अन्तराय कर्म पर्यन्त के कार्मण शरीर प्रयोग बन्ध के स्थिति काल को जानना चाहिए।

प. णाणावरणिज्जकम्मासरीरप्पयोगबंधंतरं णं भंते ! कालओ केवचिरं होइ ?

उ. गोयमा ! अणाईयस्स अप्पज्जवसियस्स नत्थि अंतरं, अणाईयस्स सपज्जवसियस्स नत्थि अंतरं।

एवं जाव अंतराइयकम्मासरीरप्पयोगबंधंतरं।

प. एएसि णं भंते ! जीवाणं नाणावरणिज्जस्स देसबंधगाणं, अबंधगाण य कयरे कयरेहिंतो अप्पा वा **जाव** विसेसाहिया वा ?

उ. गोयमा ! १. सव्वत्थोवा जीवा नाणावरणिज्जस्स कम्मस्स अबंधगा,

२. देसबंधगा अणंतगुणा,

एवं आउयवज्जं जाव **अंतराइयस्स।**

प. एएसि णं भंते ! जीवाणं आउय कम्मस्स देसबंधगाणं अबंधगाण य कयरे कयरेहिंतो अप्पा वा **जाव** विसेसाहिया वा ?

उ. गोयमा ! १. सव्वत्थोवा जीवा आउयस्स कम्मस्स देसबंधगा,

२. अबंधगा संखेज्जगुणा।

–विया. स. ८, उ. ९, सु. ९७-११९

१२६. पंच सरीराणं परोप्परं बंधगाबंधगस्स परूवणं–

प. जस्स णं भंते ! ओरालियसरीरस्स सव्वबंधे से णं भंते ! वेउव्वियसरीरस्स किं बंधए, अबंधए ?

उ. गोयमा ! नो बंधए, अबंधए।

प. जस्स णं भंते ! ओरालिय सरीरस्स सव्वबंधे से णं भंते ! आहारगसरीरस्स किं बंधए, अबंधए ?

उ. गोयमा ! नो बंधए, अबंधए।

प. जस्स णं भंते ! ओरालिय सरीरस्स सव्वबंधे से णं भंते ! तेयासरीरस्स किं बंधए, अबंधए ?

उ. गोयमा ! बंधए, नो अबंधए।

प. जइ णं भंते ! तेयासरीरस्स बंधए किं देसबंधए, सव्वबंधए ?

उ. गोयमा ! देसबंधए, नो सव्वबंधए।

प. जस्स णं भंते ! ओरालियसरीरस्स सव्वबंधे से णं भंते ! कम्मासरीरस्स किं बंधए, अबंधए ?

उ. गोयमा ! **जहेव तेयगस्स** जाव **देसबंधए, नो सव्वबंधए।**

प. जस्स णं भंते ! ओरालियसरीरस्स देसबंधे से णं भंते ! वेउव्वियसरीरस्स किं बंधए, अबंधए ?

उ. गोयमा ! नो बंधए, अबंधए।

एवं जहेव सव्वबंधेणं भणियं तहेव देसबंधेण वि भाणियव्वं जाव **कम्मगस्स।**

प्र. ज्ञानावरणीय-कार्मणशरीर प्रयोग बन्ध का अन्तर काल कितने काल का होता है ?

उ. गौतम ! अनादि-अपर्यवसित का अन्तर नहीं है,

अनादि-सपर्यवसित का भी अन्तर नहीं है।

इसी प्रकार अन्तराय कर्म पर्यन्त कार्मणशरीर प्रयोगबन्ध के अन्तर के लिए समझना चाहिए।

प्र. भन्ते ! ज्ञानावरणीय-कार्मणशरीर के इन देशबन्धक और अबन्धक जीवों में कौन किससे अल्प **यावत्** विशेषाधिक है ?

उ. गौतम ! १. ज्ञानावरणीय कर्म के अबन्धक सबसे अल्प हैं।

२. (उनसे) देशबन्धक जीव अनन्तगुणे हैं।

इसी प्रकार आयुष्य को छोड़कर अन्तराय-कार्मणशरीर प्रयोगबन्ध पर्यन्त के देशबन्धक और अबन्धकों का अल्पबहुत्व कहना चाहिए।

प्र. भन्ते ! आयुष्यकार्मणशरीर के देशबन्धक और अबन्धक जीवों में कौन किससे अल्प **यावत्** विशेषाधिक हैं ?

उ. गौतम ! १. आयुष्यकर्म के देशबन्धक जीव सबसे अल्प हैं,

२. (उनसे) अबन्धक जीव संख्यातगुणे हैं।

१२६. पाँच शरीरों के परस्पर बन्धक अबन्धक का प्ररूपण–

प्र. भन्ते ! जिस जीव के औदारिक शरीर का सर्वबन्ध है तो भन्ते ! क्या वह वैक्रिय शरीर का बन्धक है या अबन्धक है ?

उ. गौतम ! वह बन्धक नहीं है, अबन्धक है।

प्र. भन्ते ! जिस जीव के औदारिक का सर्वबन्ध है तो भन्ते ! क्या वह आहारकशरीर का बन्धक है या अबन्धक है ?

उ. गौतम ! वह बन्धक नहीं है, अबन्धक है।

प्र. भन्ते ! जिस जीव के औदारिक शरीर का सर्वबन्ध है तो भन्ते ! क्या वह तैजसशरीर का बन्धक है या अबन्धक है ?

उ. गौतम ! वह बन्धक है, अबन्धक नहीं है।

प्र. यदि वह तैजसशरीर का बन्धक है तो भन्ते ! क्या वह देशबन्धक है या सर्वबन्धक है ?

उ. गौतम ! वह देशबन्धक है, सर्वबन्धक नहीं है।

प्र. भन्ते ! जिस जीव के औदारिक शरीर का सर्वबन्ध है तो भन्ते ! क्या वह कार्मणशरीर का बन्धक है या अबन्धक है ?

उ. गौतम ! **जैसे तैजसशरीर के विषय में कहा है, वैसे ही यहाँ भी देशबन्धक है, सर्वबन्धक नहीं है पर्यन्त कहना चाहिए।**

प्र. भन्ते ! जिस जीव के औदारिक शरीर का देश बन्ध है तो भन्ते ! क्या वह वैक्रिय शरीर का बन्धक है या अबन्धक है ?

उ. गौतम ! वह बन्धक नहीं है, अबन्धक है।

जिस प्रकार सर्वबन्ध के विषय में कथन किया उसी प्रकार देशबन्ध के विषय में भी कार्मणशरीर पर्यन्त कहना चाहिए।

प. जस्स णं भंते ! वेउव्वियसरीरस्स सव्वबंधे से णं भंते ! ओरालियसरीरस्स किं बंधए, अबंधए ?

उ. गोयमा ! नो बंधए, अबंधए।

आहारगसरीरस्स एवं चेव।

तेयगस्स कम्मगस्स य जहेव ओरालिएणं समं भणियं तहेव भाणियव्वं जाव देसबंधए, नो सव्वबंधए।

प. जस्स णं भंते ! वेउव्वियसरीरस्स देसबंधे से णं भंते ! ओरालियसरीरस्स किं बंधए, अबंधए ?

उ. गोयमा ! नो बंधए, अबंधए।

एवं जहा सव्वबंधेणं भणियं तहेव देसबंधेण वि भाणियव्वं जाव **कम्मगस्स।**

प. जस्स णं भंते ! आहारगसरीरस्स सव्वबंधे से णं भंते ! ओरालियसरीरस्स किं बंधए, अबंधए ?

उ. गोयमा ! नो बंधए, अबंधए।

एवं वेउव्वियस्स वि।

तेया-कम्माणं जहेव ओरालिएणं समं भणियं तहेव भाणियव्वं।

प. जस्स णं भंते ! आहारगसरीरस्स देसबंधे से णं भंते! ओरालियसरीरस्स किं बंधए, अबंधए ?

उ. गोयमा ! नो बंधए, अबंधए,

एवं जहा आहारगसरीरस्स सव्वबंधेणं भणियं तहा देसबंधेण वि भाणियव्वं जाव **कम्मगस्स।**

प. जस्स णं भंते ! तेयासरीरस्स देसबंधे से णं भंते ! ओरालियसरीरस्स किं बंधए, अबंधए ?

उ. गोयमा ! बंधए वा, अबंधए वा।

प. जइ भंते ! ओरालियसरीरस्स बंधए किं देसबंधए, सव्वबंधए ?

उ. गोयमा ! देसबंधए वा, सव्वबंधए वा।

प. जस्स णं भंते ! तेयासरीरस्स देसबंधे से णं भंते ! वेउव्वियसरीरस्स किं बंधए, अबंधए ?

उ. गोयमा ! **एवं चेव।**

एवं आहारगसरीरस्स वि।

प. जस्स णं भंते ! तेयासरीरस्स देसबंधे से णं भंते ! कम्मगसरीरस्स किं बंधए, अबंधए ?

उ. गोयमा ! बंधए, नो अबंधए।

प. जइ भंते ! कम्मगसरीरस्स बंधए किं देसबंधए, सव्वबंधए ?

उ. गोयमा ! देसबंधए, नो सव्वबंधए।

प्र. भन्ते ! जिस जीव के वैक्रियशरीर का सर्वबन्ध है तो भन्ते! क्या वह औदारिक शरीर का बन्धक है या अबन्धक है ?

उ. गौतम ! वह बन्धक नहीं है अबन्धक है।

इसी प्रकार आहारकशरीर के विषय में भी कहना चाहिए।

तैजस् और कार्मण शरीर के विषय में जैसे औदारिक शरीर के साथ कथन किया है, वैसा ही देशबन्धक है, सर्वबन्धक नहीं है पर्यन्त यहाँ भी कहना चाहिए।

प्र. भन्ते ! जिस जीव के वैक्रियशरीर का देशबन्ध है तो भन्ते! क्या वह औदारिकशरीर का बन्धक है या अबन्धक है ?

उ. गौतम ! वह बन्धक नहीं है, अबन्धक है।

इसी प्रकार जैसे वैक्रियशरीर के सर्वबन्ध के विषय में कहा गया वैसे ही यहाँ भी देशबन्ध के विषय में भी कार्मणशरीर पर्यन्त कहना चाहिए।

प्र. भन्ते ! जिस जीव के आहारकशरीर का सर्वबन्ध है तो भन्ते! क्या वह औदारिक शरीर का बन्धक है या अबन्धक है ?

उ. गौतम ! वह बन्धक नहीं है, अबन्धक है।

इसी प्रकार वैक्रियशरीर के लिए भी कहना चाहिए।

तैजस् और कार्मणशरीर के विषय में जैसे औदारिकशरीर के साथ कथन किया वैसे ही इनके लिए भी यहाँ कहना चाहिए।

प्र. भन्ते ! जिस जीव के आहारकशरीर का देशबन्ध है तो भन्ते! क्या वह औदारिक शरीर का बन्धक है या अबन्धक है ?

उ. गौतम ! वह बन्धक नहीं है, **अबन्धक है।**

जिस प्रकार आहारकशरीर के सर्वबन्ध के विषय में कहा, उसी प्रकार देशबन्ध के विषय में भी कार्मण शरीर पर्यन्त कहना चाहिए।

प्र. भन्ते ! जिस जीव के तैजस्शरीर का देशबन्ध है तो भन्ते ! क्या वह औदारिक शरीर का बन्धक है या अबन्धक है ?

उ. गौतम ! वह बन्धक भी है और अबन्धक भी है।

प्र. यदि वह औदारिकशरीर का बन्धक है तो भन्ते ! क्या वह देशबन्धक है या सर्वबन्धक है ?

उ. गौतम ! वह देशबन्धक भी है और सर्वबन्धक भी है।

प्र. भन्ते ! जिस जीव के तैजस्शरीर का देश बन्ध है तो भन्ते! क्या वह वैक्रिय शरीर का बन्धक है या अबन्धक है ?

उ. गौतम ! **पूर्ववत् कहना चाहिए।**

इसी प्रकार आहारकशरीर के विषय में भी जानना चाहिए।

प्र. भन्ते ! जिस जीव के तैजस् शरीर का देशबन्ध है तो भन्ते! क्या वह कार्मणशरीर का बन्धक है या अबन्धक है ?

उ. गौतम ! वह बन्धक है, अबन्धक नहीं है।

प्र. यदि वह कार्मणशरीर का बन्धक है तो भन्ते ! क्या वह देशबन्धक है या सर्वबन्धक है ?

उ. गौतम ! वह देशबन्धक है, सर्वबन्धक नहीं है।

प. जस्स णं भंते ! कम्मगसरीरस्स देसबंधए से णं भंते! ओरालियसरीरस्स किं बंधए, अबंधए ?

उ. गोयमा ! **जहा तेयगस्स वत्तव्वया भणिया तहा कम्मगस्स वि भाणियव्वा जाव तेयासरीरस्स** जाव **देसबंधए, नो सव्वबंधए।**

–विया. स. ८, उ. ९, सु. १२०-१२८

१२७. पंच सरीराणं बंधगाबंधगाणं अप्पाबहुयं–

प. एएसि णं भंते ! जीवाणं ओरालिय-वेउव्विय-आहारग-तेया-कम्मासरीरगाणं देसबंधगाणं सव्वबंधगाणं अबंधगाण य कयरे कयरेहिंतो अप्पा वा **जाव** विसेसाहिया वा ?

उ. गोयमा ! १. सव्वत्थोवा जीवा आहारगसरीरस्स सव्वबंधगा,

२. तस्स चेव देसबंधगा संखेज्जगुणा,

३. वेउव्वियसरीरस्स सव्वबंधगा असंखेज्जगुणा,

४. तस्स चेव देसबंधगा असंखेज्जगुणा,

५. तेया-कम्माणं दुण्ह वि तुल्ला अबंधगा अणंतगुणा,

६. ओरालियसरीरस्स सव्वबंधगा अणंतगुणा,

७. तस्स चेव अबंधगा विसेसाहिया,

८. तस्स चेव देसबंधगा असंखेज्जगुणा,

९. तेया-कम्मगाणं देसबंधगा विसेसाहिया,

१०. वेउव्वियसरीरस्स अबंधगा विसेसाहिया,

११. आहारगसरीरस्स अबंधगा विसेसाहिया।

–विया. स. ८, उ. ९, सु. १२९

१२८. घाणसहगयपोग्गलाणं घाणवहण परूवणं–

प. अह भंते ! कोट्ठपुडाण वा **जाव** केयईपुडाण वा अणुवायंसि उब्भिज्जमाणाणं वा **जाव** ठाणाओ वा ठाणं संकामिज्जमाणाणं किं कोट्ठेवाइ **जाव** केयईवाइ ?

उ. गोयमा ! नो कोट्ठेवाइ **जाव** नो केयईवाइ, घाणसहगया पोग्गला वहंति। *–विया. स. ६, उ. ६, सु. ३६*

१२९. चउवीसदंडएसु आहारियाइ पोग्गलाणं परिणयाइ परूवणं–

प. नेरइयाणं भंते ! १. पुव्वाहारिया पोग्गला परिणया ?

२. आहारिया आहारिज्जमाणा पोग्गला परिणया ?

प्र. भन्ते ! जिस जीव के कार्मणशरीर का देशबन्ध है तो भन्ते! क्या वह औदारिक-शरीर का बन्धक है या अबन्धक है ?

उ. गौतम ! **जिस प्रकार तैजस् शरीर का कथन किया है, उसी प्रकार कार्मणशरीर का भी तैजस् शरीर पर्यन्त देशबन्धक है, सर्वबन्धक नहीं है कहना चाहिए।**

१२७. पाँच शरीरों के बन्धक अबन्धकों का अल्पबहुत्व–

प्र. भन्ते ! इन औदारिक, वैक्रिय, आहारक, तैजस् और कार्मण शरीरों के देशबन्धक, सर्वबन्धक और अबन्धक जीवों में कौन किनसे अल्प **यावत्** विशेषाधिक हैं ?

उ. गौतम ! १. सबसे अल्प आहारकशरीर के सर्वबन्धक जीव हैं,

२. (उनसे) उसी (आहारकशरीर) के देशबन्धक जीव संख्यातगुणे हैं,

३. (उनसे) वैक्रिय शरीर के सर्वबन्धक असंख्यातगुणे हैं,

४. (उनसे) उसी (वैक्रियशरीर) के देशबन्धक जीव असंख्यातगुणे हैं,

५. (उनसे) तैजस् और कार्मण, इन दोनों शरीरों के अबन्धक जीव अनन्तगुणे हैं और ये दोनों परस्पर तुल्य हैं,

६. (उनसे) औदारिकशरीर के सर्वबन्धक जीव अनन्त-गुणे हैं,

७. (उनसे) उसी (औदारिकशरीर) के अबन्धक जीव विशेषाधिक हैं,

८. (उनसे) उसी (औदारिकशरीर) के देशबन्धक असंख्यातगुणे हैं,

९. (उनसे) तैजस् और कार्मणशरीर के देशबन्धक जीव विशेषाधिक हैं,

१०. (उनसे) वैक्रियशरीर के अबन्धक जीव विशेषाधिक हैं,

११. (उनसे) आहारकशरीर के अबन्धक जीव विशेषाधिक हैं।

१२८. घ्राणेन्द्रिय से संलग्न पुद्गलों के घ्राणग्राह्यत्व का प्ररूपण–

प्र. भन्ते ! कोई व्यक्ति यदि खुले हुए कोष्ठपुटों (सुगन्धित द्रव्य के पुड़े) **यावत्** केतकी (पुष्प) पुटों को एक स्थान से दूसरे स्थान पर ले जाए तब क्या कोष्ठपुट **यावत्** केतकी पुट बहते हैं या गन्ध बहता है ?

उ. गौतम ! कोष्ट पुट **यावत्** केतकी पुट नहीं बहता, गंध के जो पुद्गल हैं वे बहते हैं।

१२९. चौबीसदण्डकों में आहारिक पुद्गलों के परिणतादि का प्ररूपण–

प्र. भन्ते ! १. नैरियकों द्वारा पहले आहार किये हुए पुद्गल परिणत हुए ?

२. आहार किये हुए तथा आहार किये जाते हुए पुद्गल परिणत हुए ?

३. अणाहारिया आहारिज्जस्समाणा पोग्गला परिणया ?

४. अणाहारिया अणाहारिज्जस्समाणा पोग्गला परिणया ?

उ. गोयमा ! नेरइयाणं १. पुव्वाहारिया पोग्गला परिणया,

२. आहारिया आहारिज्जमाणा पोग्गला परिणया परिणमंति य,

३. अणाहारिया आहारिज्जस्समाणा पोग्गला नो परिणया परिणमिस्संति,

४. अणाहारिया अणाहारिज्जस्समाणा पोग्गला नो परिणया नो परिणमिस्संति।

जहा परिणया तहा चिया, उवचिया, उदीरिया, वेइया, निज्जिण्णा।

गाहा–परिणय-चिया-उवचिया-उदीरिया-वेइया य निज्जिण्णा।
एक्केक्कम्मि पदम्मी चउव्विहा पोग्गला होंति॥

प. नेरइया णं भंते ! कइविहा पोग्गला भिज्जंति ?

उ. गोयमा ! कम्मदव्ववग्गणं अहिकिच्च दुविहा पोग्गला भिज्जंति, तं जहा–
१. अणु चेव, २. बायरा चेव।

प. नेरइया णं भंते ! कइविहा पोग्गला चिज्जंति ?

उ. गोयमा ! आहारदव्ववग्गणं अहिकिच्च दुविहा पोग्गला चिज्जंति, तं जहा–
१. अणु चेव, २. बायरा चेव।
एवं उवचिज्जंति।

प. नेरइया णं भंते ! कइविहे पोग्गले उदीरेंति ?

उ. गोयमा ! कम्मदव्ववग्गणं अहिकिच्च दुविहे पोग्गले उदीरेंति, तं जहा–
१. अणु चेव, २. बायरे चेव।
एवं वेदेंति, निज्जरेंति।
ओयट्टिंसु, ओयट्टेंति, ओयट्टिस्संति।

संकामिंसु, संकामेंति, संकामिस्संति।
निहत्तिंसु, निहत्तेंति, निहत्तिस्संति।
निकायंसु, निकाएंति, निकाइस्संति।
सव्वेसु वि कम्मदव्ववग्गणमहिकिच्च।

३. अथवा जो पुद्गल अनाहारित हैं, जो पुद्गल आहार के रूप में ग्रहण किये जाएँगे वे परिणत हुए ?

४. जो पुद्गल अनाहारित हैं और भविष्य में भी अनाहारित होंगे वे परिणत हुए ?

उ. गौतम ! १. नारकों द्वारा पहले आहार किये हुए पुद्गल परिणत हुए,

२. आहार किये हुए और आहार किये जाते हुए पुद्गल परिणत हुए और परिणत होते हैं,

३. अनाहारित पुद्गल परिणत नहीं हुए तथा भविष्य में जो पुद्गल आहार रूप में ग्रहण किये जाएँगे वे परिणत होंगे।

४. जिन पुद्गलों का आहार नहीं किया गया और आहार नहीं किया जाएगा वे परिणत भी नहीं हुए और परिणत भी नहीं होंगे।

जिस प्रकार परिणत के लिए कहा उसी प्रकार चय, उपचय, उदीरणा, वेदन तथा निर्जरा को प्राप्त हुए के लिए भी कहना चाहिए।

गाथार्थ–परिणत, चित, उपचित, उदीरित, वेदित और निर्जीर्ण इन प्रत्येक पद में चार-चार प्रकार के पुद्गल सम्बन्धी प्रश्नोत्तर जानने चाहिए।

प्र. भन्ते ! नारक जीवों द्वारा कितने प्रकार के पुद्गल भेदे जाते हैं ?

उ. गौतम ! कर्मद्रव्यवर्गणा की अपेक्षा दो प्रकार के पुद्गल भेदे जाते हैं, यथा–
१. अणु (सूक्ष्म) २. बादर (स्थूल)।

प्र. भन्ते ! नारक जीवों द्वारा कितने प्रकार के पुद्गल चय किये जाते हैं ?

उ. गौतम ! आहार द्रव्यवर्गणा की अपेक्षा वे दो प्रकार के पुद्गलों का चय करते हैं, यथा–
१. अणु और २. बादर।
इसी प्रकार उपचय भी समझना चाहिए।

प्र. भन्ते ! नारक जीव कितने प्रकार के पुद्गलों की उदीरणा करते हैं ?

उ. गौतम ! कर्मद्रव्यवर्गणा की अपेक्षा दो प्रकार के पुद्गलों की उदीरणा करते हैं, यथा–
१. अणु और २. बादर।
इसी प्रकार वेदते हैं, निर्जरा करते हैं।
अपवर्तन को प्राप्त हुए, अपवर्तन को प्राप्त हो रहे हैं और अपवर्तन को प्राप्त करेंगे।
संक्रमण किया, संक्रमण करते हैं और संक्रमण करेंगे।
निधत्त हुए, निधत्त होते हैं और निधत्त होंगे।
निकाचित हुए, निकाचित होते हैं और निकाचित होंगे।
इन सब पदों में भी कर्मद्रव्यवर्गणा की अपेक्षा (अणु और बादर) पुद्गलों का कथन करना चाहिए।

गाहा–भेदिया चिया उवचिया उदीरिया वेदिया य निज्जिण्णा।
ओयट्टण-संकामण-निहत्तण-निकायणे तिविहे काले॥

प. नेरइया णं भंते ! जे पोग्गले तेयाकम्मत्ताए गेण्हंति ते किं तीयकालसमए गेण्हंति, पडुप्पन्नकालसमए गेण्हंति, अणागय कालसमए गेण्हंति ?

उ. गोयमा ! नो तीयकालसमए गेण्हंति, पडुप्पन्न-कालसमए गेण्हंति, नो अणागयकालसमए गेण्हंति।

प. नेरइयाणं भंते ! जे पोग्गले तेयाकम्मत्ताए गहिए उदीरेंति, ते किं तीयकालसमयगहिए पोग्गले उदीरेंति, पडुप्पन्नकालसमयघेप्पमाणे पोग्गले उदीरेंति, गहणसमयपुरेक्खडे पोग्गले उदीरेंति ?

उ. गोयमा ! तीयकालसमयगहिए पोग्गले उदीरेंति, नो पडुप्पन्नकालसमयघेप्पमाणे पोग्गले उदीरेंति, नो गहणसमयपुरेक्खडे पोग्गले उदीरेंति।

एवं वेदेंति, निज्जरेंति।

एवं जाव **वेमाणिया।** *–विया. स. १, उ. १, सु. ६*

१३०. निरयपुढवीसु सव्व पोग्गलाणं पविट्ठपुव्वाइ परूवणं–

प. इमीसे णं भंते ! रयणप्पभाए पुढवीए सव्वपोग्गला पविट्ठपुव्वा, सव्वपोग्गला पविट्ठा ?

उ. गोयमा ! इमीसे णं रयणप्पभाए पुढवीए सव्वपोग्गला पविट्ठपुव्वा, नो चेव णं सव्वपोग्गला पविट्ठा।

एवं जाव **अहेसत्तमाए पुढवीए।**

प. इमा णं भंते ! रयणप्पभाए पुढवीए सव्वपोग्गलेहिं विजढपुव्वा, सव्वपोग्गला विजढा ?

उ. गोयमा ! इमा णं रयणप्पभापुढवी सव्वपोग्गलेहिं विजढपुव्वा, नो चेव णं सव्वपोग्गलेहिं विजढा।

एवं जाव **अहेसत्तमा।** *–जीवा. पडि. ३, सु. ७७*

□

गाथार्थ–भेदे गए, चय को प्राप्त हुए, उपचय को प्राप्त हुए, उदीर्ण हुए, वेदे गए और निर्जीर्ण हुए (इसी प्रकार) अपवर्तन, संक्रमण, निधत्तन और निकाचन (इन पिछले चार) पदों में तीनों प्रकार का काल कहना चाहिए।

प्र. भन्ते ! नारक जीव जिन पुद्गलों को तैजस् और कार्मणरूप में ग्रहण करते हैं उन्हें क्या अतीत काल में ग्रहण करते थे, वर्तमान काल में ग्रहण करते हैं या भविष्य काल में ग्रहण करेंगे ?

उ. गौतम ! अतीत काल में ग्रहण नहीं करते थे, वर्तमान काल में ग्रहण करते हैं, भविष्य काल में ग्रहण नहीं करेंगे।

प्र. भन्ते ! नारक जीव तैजस् और कार्मणरूप में ग्रहण किये हुए जिन पुद्गलों की उदीरणा करते हैं, तो क्या अतीत काल में गृहीत पुद्गलों की उदीरणा करते थे, वर्तमान काल में ग्रहण किये जाते हुए पुद्गलों की उदीरणा करते हैं या भविष्य काल में ग्रहण किये जाते हुए पुद्गलों की उदीरणा करेंगे ?

उ. गौतम ! वे अतीत काल में गृहीत पुद्गलों की उदीरणा करते थे, किन्तु वर्तमान काल में ग्रहण किये जाते हुए पुद्गलों की और भविष्य में ग्रहण किये जाने वाले पुद्गलों की उदीरणा नहीं करेंगे।

इसी प्रकार अतीत काल में गृहीत पुद्गलों को वेदते हैं और उनकी निर्जरा भी करते हैं।

इसी प्रकार वैमानिकों पर्यन्त जानना चाहिए।

१३०. नरक पृथ्वियों में स्थित सर्वपुद्गलों में पूर्व प्रवेश आदि का प्ररूपण–

प्र. भन्ते ! क्या इस रत्नप्रभापृथ्वी में कालक्रम से सब पुद्गल पहले प्रविष्ट हुए हैं या एक साथ सब पुद्गल प्रविष्ट हुए हैं ?

उ. गौतम ! इस रत्नप्रभापृथ्वी में कालक्रम से सब पुद्गल पहले प्रविष्ट हुए हैं परन्तु एक साथ सब पुद्गल प्रविष्ट नहीं हुए हैं।

इसी प्रकार अधःसप्तम पृथ्वी पर्यन्त जानना चाहिए।

प्र. भन्ते ! क्या यह रत्नप्रभापृथ्वी कालक्रम से सब पुद्गलों के द्वारा पूर्व में परित्यक्त हैं या सब पुद्गलों ने एक साथ परित्यक्त किया है ?

उ. गौतम ! यह रत्नप्रभापृथ्वी कालक्रम से सब पुद्गलों द्वारा पूर्व में परित्यक्त हैं परन्तु सब पुद्गलों ने एक साथ परित्यक्त नहीं किया है।

इसी प्रकार अधःसप्तम पृथ्वी पर्यन्त जानना चाहिए।

□

प्रकीर्णक : आमुख

प्रकीर्णक (पइण्णयं) शब्द का प्रयोग चतुःशरण, आतुरप्रत्याख्यान, महाप्रत्याख्यान आदि आगमतुल्य ग्रन्थों के लिये भी किया जाता है, किन्तु यहाँ पर प्रकीर्णक शब्द का प्रयोग आगम की उस सामग्री के लिए किया गया है जिसका विभाजन द्रव्यानुयोग के अन्य अध्ययनों में नहीं किया जा सका है। इस प्रकीर्णक अध्ययन में वह विविध सामग्री संकलित है जिसका अन्यत्र वर्गीकरण नहीं किया जा सका है।

इस अध्ययन में मुख्यतः स्थानांग सूत्र में वर्णित विविध भेदों का संकलन है। अनुयोग, व्याख्याप्रज्ञप्ति एवं प्रज्ञापना सूत्रों से भी कुछ सामग्री संग्रहीत है। अठारह प्रकार के पाप एवं उनसे विरमण, आशीविष के प्रकार और उनके प्रभावक्षेत्र, ऋद्धि के तीन प्रकारों, विकथा के भेदोपभेदों, तुल्य के छह प्रकारों, छह प्रकार की दिशाओं, सप्तविध भयों, आयुर्वेद के आठ अंगों, रोगोत्पत्ति के नौ कारणों, नवविध पुण्यों, नौ तत्त्वों, दान के दस भेदों, दुःषम एवं सुषम काल के लक्षणों, दशविध अनन्तकों, दस प्रकार के शस्त्रों, दस प्रकार के बलों, एजना के चार प्रकारों, चलना के भेदों आदि का वर्णन इस अध्ययन का प्रमुख प्रतिपाद्य है।

आशीविष के दो प्रकार कहे गए हैं–१. जाति आशीविष और २. कर्म आशीविष। जाति आशीविष के अन्तर्गत बिच्छू, मेंढक, सर्प एवं मनुष्य आशीविष को लिया गया तथा कर्म आशीविष के अन्तर्गत पर्याप्त संख्यातवर्षायुष्क गर्भज तिर्यञ्च पंचेन्द्रिय, गर्भज मनुष्य एवं देवों को लिया गया। नरक में इस आशीविष का उल्लेख नहीं है। इसी प्रकार एकेन्द्रिय एवं विकलेन्द्रिय में भी यह आशीविष नहीं है। इसका तात्पर्य है कि जो जीव अधिक विकसित हैं उनमें ही यह आशीविष रहता है।

ऋद्धि के तीन प्रकारों में देवों की ऋद्धि, राजाओं की ऋद्धि एवं आचार्यों की ऋद्धि का उल्लेख है। ये सभी ऋद्धियाँ भी सचित्त, अचित्त एवं मिश्र के भेद से तीन-तीन प्रकार की होती हैं। इनके अन्य विशिष्ट भेद भी होते हैं। देवों की ऋद्धि विमान, वैक्रिय रूप एवं परिचारण के रूप में, राजाओं की ऋद्धि अतियान, निर्याण एवं सेना-वाहन-कोष आदि के रूप में तथा आचार्य की ऋद्धि ज्ञान, दर्शन एवं चारित्र के रूप में भी प्रतिपादित की गई है।

जैन दर्शन में प्रायः धर्म, अर्थ, काम एवं मोक्ष की चर्चा तो मिलती है, किन्तु इन्हें पुरुषार्थ चतुष्टय नहीं कहा गया है। यहाँ विनिश्चय (जानने योग्य का अर्थ) के तीन भेद बताए गए हैं–१. अर्थ, २. धर्म और ३. काम। शूरों के चार प्रकार होते हैं–१. क्षमाशूर, २. तपःशूर, ३. दानशूर और ४. युद्धशूर। चार कारणों से विद्यमान गुणों का नाश होना माना गया है। वे चार कारण हैं–१. क्रोध, २. ईर्ष्या, ३. अकृतज्ञता एवं ४. दुराग्रह। व्याधि के वात, पित्त, कफ एवं इनके सन्निपात (मिश्रण) से चार भेद होते हैं।

सत्य के चार प्रकार होते हैं–१. नाम, २. स्थापना, ३. द्रव्य और ४. भाव। विकथा के चार प्रकार प्रसिद्ध हैं–१. स्त्रीकथा, २. भक्तकथा, ३. देशकथा और ४. राजकथा। इनके चार-चार उपभेदों का कथन प्रस्तुत अध्ययन में हुआ है। दण्ड के पाँच प्रकार होते हैं–१. अर्थ दण्ड, २. अनर्थ दण्ड, ३. हिंसा दण्ड, ४. अकस्मात् दण्ड एवं ५. दृष्टिविपर्यास दण्ड।

निधि का अर्थ मात्र धन ही नहीं होता। निधि के पाँच प्रकार हैं–१. पुत्र निधि, २. मित्र निधि, ३. शिल्प निधि, ४. धन निधि एवं ५. धान्य निधि। सुप्त मनुष्य पाँच कारणों से जाग्रत होता है–१. शब्द से, २. स्पर्श से, ३. भूख से, ४. निद्राक्षय से एवं ५. स्वप्न-दर्शन से। तुल्य का इस अध्ययन में विस्तार से निरूपण हुआ है। तुल्य छह प्रकार का कहा गया है–१. द्रव्य तुल्य, २. क्षेत्र तुल्य, ३. काल तुल्य, ४. भव तुल्य, ५. भाव तुल्य एवं ६. संस्थान तुल्य। यह तुल्यता आपेक्षिक होती है। यथा एक परमाणु पुद्गल दूसरे परमाणु पुद्गल से द्रव्यतः तुल्य होता है। एक प्रदेशावगाढ़ पुद्गल दूसरे एक प्रदेशावगाढ़ पुद्गल के साथ क्षेत्रतः तुल्य है।

वचन के सात विकल्प कहे गए हैं–१. आलाप, २. अनालाप, ३. उल्लाप, ४. अनुल्लाप, ५. संलाप, ६. प्रलाप एवं ७. विप्रलाप। भय के सात स्थान कहे गए हैं–१. इहलोक, २. परलोक, ३. आदान भय, ४. अकस्मात् भय, ५. आजीव भय, ६. मरण भय और ७. अश्लोक भय।

दान के दस प्रकारों का उल्लेख हुआ है–१. अनुकम्पा दान, २. संग्रह दान, ३. भय दान, ४. कारुण्य दान, ५. लज्जा दान, ६. गौरव दान, ७. अधर्म दान, ८. धर्म दान, ९. करिष्यति दान (भविष्य में वह देगा, इसलिए देना) एवं १०. कृतमिति दान (उसने पहले दिया इसलिए देना)।

कुछ महत्त्वपूर्ण बिन्दुओं पर भी इस अध्ययन में विचार हुआ है। प्रश्न हुआ, जीव किससे भयभीत होते हैं? भगवान ने उत्तर दिया–जीव दुःख से भयभीत होते हैं। वह दुःख भी जीवों के प्रमाद से उत्पन्न होता है। एक प्रश्न उठाया गया कि देवलोक में उत्पन्न होने वाला छद्मस्थ मनुष्य अन्त समय में क्षीण भोगी होने पर उत्थान, कर्म, बल, वीर्य और पुरुष पराक्रम से विपुल भोगोपभोगों को भोगने में समर्थ है या नहीं? समाधान किया गया कि वह भोगने में समर्थ है। इसी प्रकार के अन्य प्रश्न भी इसमें हैं।

प्रस्तुत द्रव्यानुयोग का यह अन्तिम अध्ययन होने से इसमें उसका उपसंहार करते हुए कहा गया–

इय जीवमजीवे य सोच्चा सद्दहिऊंण य।
सव्वनयाणमणुमएं, रमेज्ज संजमे मुणी॥

□

पइण्णग

सूत्र

१. **अव्वोच्छित्तिनय दिट्ठया अत्थिकायादीणं एगत्त परूवणं–**

एगे धम्मे,
एगे अधम्मे,
एगे मोक्खे,
एगे पुण्णे, एगे पावे,
एगे आसवे, एगे संवरे। –ठाणं. अ. १, सु. ६-९

२. **वियच्चादीणं एगत्त परूवणं–**

एगा वियच्चा –ठाणं. अ. १, सु. १६
एगा तक्का –ठाणं. अ. १, सु. १९
एगा मण्णा –ठाणं. अ. १, सु. २१
एगा विण्णू, –ठाणं. अ. १, सु. २२
एगे छेयणे
एगे भेयणे –ठाणं. अ. १, सु. २४-२५
एगे संसुद्धे अहाभूए पत्ते,
एगे दुक्खे जीवाणं एगभूए,
एगा अहम्मपडिमा, जं से आया परिकिलेसइ।
एगा धम्मपडिमा जं से आया पज्जवजाए।
–ठाणं. अ. १, सु. २७-३०
एगे उट्ठाण-कम्म-बल-वीरिय-पुरिसकार परक्कमे,
देवासुर-मणुयाणं तंसि-तंसि समयंसि। –ठाणं. अ. १, सु. ३४
एगे णाणे, एगे दंसणे, एगे चरित्ते, –ठाणं. अ. १, सु. ३५
एगे समए, एगे पएसे, –ठाणं. अ. १, सु. ३६
एगे दंडे, एगे अदंडे, –सम. सम. १, सु. ६-७
एगा सिद्धी, एगे सिद्धे,
एगे परिणिव्वाणे, एगे परिणिव्वुए। –ठाणं. अ. १, सु. ३७

३. **अव्वोच्छित्ति नयदिट्ठया पावट्ठाण णामाणि–**

१. एगे पाणाइवाए,	२. एगे मुसावाए,
३. एगे अदिण्णादाणे,	४. एगे मेहुणे,
५. एगे परिग्गहे,	६. एगे कोहे,
७. एगे माणे,	८. एगे माया,
९. एगे लोभे,[1]	१०. एगे पेज्जे,
११. एगे दोसे,	१२. एगे कलहे,
१३. एगे अब्भक्खाणे,	१४. एगे पेसुण्णे,
१५. एगे परपरिवाए,	१६. एगा अरइरई,
१७. एगे मायामोसे,	१८. एगे मिच्छादंसणसल्ले।

–ठाणं. अ. १, सु. ३९(१)

प्रकीर्णक

सूत्र

१. **द्रव्यार्थिक नय दृष्टि से अस्तिकाय आदि के एकत्व का प्ररूपण–**

धर्म (धर्मास्तिकाय) एक है,
अधर्म (अधर्मास्तिकाय) एक है,
मोक्ष एक है,
पुण्य एक है, पाप एक है,
आश्रव एक है, संवर एक है।

२. **चित्तवृत्यादि के एकत्व का प्ररूपण–**

विशिष्ट चित्तवृत्ति एक है,
तर्क एक है,
मनन एक है,
विद्वत्ता एक है,
छेदन एक है,
भेदन एक है।
जो संशुद्ध यथाभूत और पात्र है, वह एक है।
प्रत्येक जीव का दुःख एक है और एकभूत है।
अधर्मप्रतिमा एक है, जिससे आत्मा परिक्लेश को प्राप्त होता है।
धर्मप्रतिमा एक है, जिससे आत्मा पर्यवजात को प्राप्त होता है अर्थात् ज्ञान आदि की विशेष शुद्धि को प्राप्त होता है।
देव-असुर और मनुष्यों के एक समय में एक ही उत्थान, कर्म, बल, वीर्य, पुरुषकार अथवा पराक्रम होता है।
ज्ञान एक है, दर्शन एक है, चारित्र एक है,
समय एक है, प्रदेश एक है,
दण्ड एक है, अदण्ड एक है,
सिद्धि एक है, सिद्ध एक है,
परिनिर्वाण एक है, परिनिर्वृत्त एक है।

३. **द्रव्यार्थिक नय दृष्टि से अठारह पापस्थानों के नाम–**

१. प्राणातिपात एक है,	२. मृषावाद एक है,
३. अदत्तादान एक है,	४. मैथुन एक है,
५. परिग्रह एक है,	६. क्रोध एक है,
७. मान एक है,	८. माया एक है,
९. लोभ एक है,	१०. प्रेय (प्रेम राग) एक है,
११. द्वेष एक है,	१२. कलह एक है,
१३. अभ्याख्यान एक है,	१४. पैशुन्य एक है,
१५. परपरिवाद एक है,	१६. अरति-रति एक है,
१७. मायामृषा एक है,	१८. मिथ्यादर्शनशल्य एक है।

१. ठाणं. अ. ९, सु. ६७७

४. अव्वोच्छित्ति नयदिट्ठया पावट्ठाण विरमण णामाणि–

१. एगे पाणाइवाय–वेरमणे,
२. एगे मुसावाय–वेरमणे,
३. एगे अदिण्णादाण–वेरमणे,
४. एगे मेहुण–वेरमणे,
५. एगे परिग्गह–वेरमणे,
६. एगे कोह–विवेगे,
७. एगे माण–विवेगे,
८. एगे माया–विवेगे,
९. एगे लोभ–विवेगे,
१०. एगे पेज्ज–विवेगे,
११. एगे दोस–विवेगे,
१२. एगे कलह–विवेगे,
१३. एगे अब्भक्खाण–विवेगे,
१४. एगे पेसुण्ण-विवेगे,
१५. एगे परपरिवाय–विवेगे,
१६. एगे अरइरई-विवेगे,
१७. एगे मायामोस–विवेगे,
१८. एगे मिच्छादंसणसल्ल–विवेगे। *–ठाणं. अ. १, सु. ३९ (२)*

५. गुणप्पमाणस्स दुविहत्तं–

प. से किं तं गुणप्पमाणे ?

उ. गुणप्पमाणे दुविहे पण्णत्ते, तं जहा–

१. जीवगुणप्पमाणे, २. अजीवगुणप्पमाणे य। *अणु. सु. ४२८*

६. भाव संखा सरूव परूवणं–

प. से किं तं भावसंखा ?

उ. जे इमे जीवा संखगइनामगोत्ताइं कम्माइं वेदेंति।

से तं भावसंखा। *अणु., सु. ५२०*

७. चउवीसदंडएसु ओहेण दंडसंखा परूवणं–

दो दंडा पण्णत्ता, तं जहा–

१. अट्ठादंडे य, २. अणट्ठादंडे य।

दं. १. णेरइयाणं दो दंडा पण्णत्ता, तं जहा–

१. अट्ठादंडे य, २. अणट्ठादंडे य।

दं. २-२४ एवं चउवीसदंडओ जाव वेमाणियाणं। *–ठाणं. अ. २, उ. २, सु. ५८*

८. आसीविसभेयाणं वित्थरओ परूवणं–

प. कइविहा णं भंते ! आसीविसा पण्णत्ता ?

उ. गोयमा ! दुविहा आसीविसा पन्नत्ता, तं जहा–

१. जातिआसीविसा य, २. कम्मआसीविसा य।

चत्तारि जातिआसीविसा पण्णत्ता, तं जहा–

१. विच्छुय जातिआसीविसे,

४. द्रव्यार्थिक नय दृष्टि से अठारह पापस्थान विरमण के नाम–

१. प्राणातिपात–विरमण एक है,
२. मृषावाद–विरमण एक है,
३. अदत्तादान–विरमण एक है,
४. मैथुन–विरमण एक है,
५. परिग्रह–विरमण एक है,
६. क्रोध–विवेक एक है,
७. मान–विवेक एक है,
८. माया–विवेक एक है,
९. लोभ–विवेक एक है,
१०. प्रेय (प्रेम-राग) विवेक एक है,
११. द्वेष–विवेक एक है,
१२. कलह–विवेक एक है,
१३. अभ्याख्यान–विवेक एक है,
१४. पैशुन्य-विवेक एक है,
१५. परपरिवाद–विवेक एक है,
१६. अरति-रति–विवेक एक है,
१७. मायामृषा–विवेक एक है,
१८. मिथ्यादर्शनशल्य–विवेक एक है।

५. गुणप्रमाण के दो प्रकार–

प्र. गुणप्रमाण क्या है ?

उ. गुणप्रमाण दो प्रकार का कहा गया है, यथा–

१. जीवगुणप्रमाण, २. अजीवगुणप्रमाण।

६. भाव शंख के स्वरूप का प्ररूपण–

प्र. भाव शंख का क्या स्वरूप है ?

उ. इस लोक में जो जीव शंखगतिनाम-गोत्र कर्मादिकों का वेदन कर रहे हैं वे भाव शंख हैं।

यह भाव शंख है।

७. चौवीसदंडकों में सामान्य से दंड संख्या का प्ररूपण–

दण्ड दो प्रकार के कहे गये हैं, यथा–

१. अर्थदण्ड, २. अनर्थदण्ड।

दं. १. नैरयिकों में दो प्रकार के दण्ड कहे गए हैं, यथा–

१. अर्थदण्ड, अनर्थदण्ड।

दं. २-२४. इसी प्रकार वैमानिकों पर्यन्त चौवीस दण्डकों (जीव भेदों) में दो दो दण्ड जानने चाहिए।

८. आशीविष भेदों का विस्तार से प्ररूपण–

प्र. भंते ! आशीविष कितने प्रकार के कहे गए हैं ?

उ. गौतम ! आशीविष दो प्रकार के कहे गए हैं, यथा–

१. जाति आशीविष, २ कर्म आशीविष।

चार प्रकार के जाति-आशीविष (दाढों में विष वाले) कहे गए हैं, यथा–

१. जाति-आशीविष वृश्चिक (बिच्छु),

२. मंडुक्कजातिआसीविसे,
३. उरगजातिआसीविसे,
४. मणुस्सजातिआसीविसे।

प. विच्छुयजातिआसीविसस्स णं भंते ! केवइए विसए पण्णत्ते ?

उ. गोयमा ! पभू णं विच्छुयजातिआसीविसे अद्धभरहप्पमाणमेत्तं बोंदिं विसेणं विसपरिणतं विसट्टमाणिं करित्तए।
विसए से विसट्ठताए, णो चेव णं संपत्तीए करेंसु वा, करेंति वा, करिस्संति वा।

प. मंडुक्कजातिआसीविसस्स णं भंते ! केवइए विसए पण्णत्ते ?

उ. गोयमा ! पभू णं मंडुक्कजातिआसीविसे भरहप्पमाणमेत्तं बोंदिं विसेणं विसपरिणतं विसट्टमाणिं करित्तए।
विसए से विसट्ठताए, णो चेव णं संपत्तीए करेंसु वा, करेंति वा, करिस्संति वा।

प. ३. उरगजातिआसीविसस्स णं भंते ! केवइए विसए पण्णत्ते ?

उ. गोयमा ! पभू णं उरगजातिआसीविसे जंबुद्दीवपमाणमेत्तं बोंदिं विसेणं विसपरिणतं विसट्टमाणिं करित्तए।
विसए से विसट्ठताए, णो चेव णं संपत्तीए करेंसु वा, करेंति वा, करिस्संति वा।

प. ४. मणुस्सजातिआसीविसस्स णं भंते ! केवइए विसए पण्णत्ते ?

उ. गोयमा ! पभू णं मणुस्सजातिआसीविसे समयखेत्तपमाणमेत्तं बोंदिं विसेणं विसपरिणतं विसट्टमाणिं करेत्तए।
विसए से विसट्ठताए, णो चेव णं संपत्तीए करेंसु वा, करेंति वा, करिस्संति वा।[1]

प. भंते ! जइ कम्मआसीविसे किं–
१. नेरइयकम्मआसीविसे,
२. तिरिक्खजोणियकम्मआसीविसे,
३. मणुस्सकम्मआसीविसे,
४. देवकम्मआसीविसे।

उ. गोयमा ! १. नो नेरइयकम्मासीविसे, २. तिरिक्खजोणियकम्मासीविसे वि, ३. मणुस्सकम्मासीविसे वि, ४. देवकम्मासीविसे वि।

प. भंते ! जइ तिरिक्खजोणियकम्मासीविसे किं एगिंदियतिरिक्खजोणियकम्मासीविसे **जाव** पंचिंदियतिरिक्खजोणियकम्मासीविसे ?

२. जाति-आशीविष मेंढक,
३. जाति-आशीविष सर्प,
४. जाति-आशीविष मनुष्य।

प्र. १. भंते ! वृश्चिक जाति आशीविष के विष का प्रभाव कितने क्षेत्र में कहा गया है ?

उ. गौतम ! वृश्चिक जाति आशीविष अपने विष के प्रभाव से अर्धभरत प्रमाण शरीर को (लगभग दो सौ तिरेसठ योजन) विषपरिणत और विषैला कर सकता है।
यह उसकी विषात्मक क्षमता है, परन्तु इतने क्षेत्र में उसने अपनी क्षमता का न तो कभी उपयोग किया है, न करता है और न कभी करेगा।

प्र. २. भंते ! मंडुक जाति आशीविष के विष का प्रभाव कितने क्षेत्र में कहा गया है ?

उ. गौतम ! जाति आशीविष मंडुक अपने विष के प्रभाव से भरतप्रमाण शरीर को विषपरिणत और विषैला कर सकता है।
यह उसकी विषात्मक क्षमता है, परन्तु इतने क्षेत्र में उसने अपनी क्षमता का न तो कभी उपयोग किया है, न करता है और न कभी करेगा।

प्र. ३. भंते ! उरगजाति आशीविष के विष का प्रभाव कितने क्षेत्र में कहा गया है ?

उ. गौतम ! उरगजाति आशीविष अपने विष के प्रभाव से जम्बूद्वीप प्रमाण (लाख योजन) शरीर को विषपरिणत और विषैला कर सकता है।
यह उसकी विषात्मक क्षमता है, परन्तु इतने क्षेत्र में उसने अपनी क्षमता का न तो कभी उपयोग किया है, न करता है और न कभी करेगा।

प्र. ४. भंते ! मनुष्यजाति आशीविष के विषय का प्रभाव कितने क्षेत्र में कहा गया है ?

उ. गौतम ! मनुष्यजाति आशीविष के विष का प्रभाव मनुष्य क्षेत्रप्रमाण (पैंतालीस लाख योजन) शरीर को विषपरिणत और विषैला कर सकता है।
यह उसकी विषात्मक क्षमता है, परन्तु इतने क्षेत्र में उसने अपनी क्षमता का न तो कभी उपयोग किया है, न करता है और न कभी करेगा।

प्र. भंते ! यदि कर्म आशीविष है तो क्या वह–
१. नैरयिक कर्म आशीविष है,
२. तिर्यञ्चयोनिक कर्म आशीविष है,
३. मनुष्य कर्म आशीविष है या
४. देव कर्म आशीविष है ?

उ. गौतम ! १. नैरयिक कर्म आशीविष नहीं है, किन्तु २. तिर्यञ्चयोनिक कर्म आशीविष है, ३. मनुष्य कर्म आशीविष है और ४. देव कर्मआशीविष है।

प्र. भंते ! यदि तिर्यञ्चयोनिक कर्म आशीविष है तो क्या एकेन्द्रिय तिर्यञ्चयोनिक कर्म आशीविष है **यावत्** पंचेन्द्रियतिर्यञ्चयोनिक कर्म आशीविष है ?

१. ठाणं.अ.४,उ.१, सु.३४१

उ. गोयमा ! नो एगिंदिय-बेइंदिय-तेइंदिय-चउरिंदिय तिरिक्खजोणियकम्मासीविसे, पंचिंदिय तिरिक्खजोणिय-कम्मासीविसे।

प. भंते ! जइ पंचिंदियतिरिक्खजोणियकम्मासीविसे किं सम्मुच्छिम पंचेंदियतिरिक्खजोणियकम्मासीविसे गब्भवक्कंतियपंचिंदियतिरिक्खजोणियकम्मासीविसे ?

उ. गोयमा ! **एवं जहा वेउव्वियसरीरस्स भेओ** जाव[1] पज्जत्तसंखेज्जवासाउयगब्भवक्कंतिय पंचिंदिय तिरिक्खजोणियकम्मासीविसे नो अपज्जत्ता-संखेज्जवासाउय गब्भवक्कंतिय पंचिंदियतिरिक्ख-जोणिय कम्मासीविसे।

प. जइ भंते ! मणुस्सकम्मासीविसे किं सम्मुच्छिममणुस्स-कम्मासीविसे गब्भवक्कंतियमणुस्स कम्मासीविसे ?

उ. गोयमा ! णो सम्मुच्छिममणुस्सकम्मासीविसे, गब्भवक्कंतियमणुस्सकम्मासीविसे,

एवं जहा वेउव्वियसरीरं जाव पज्जत्तसंखेज्जवासाउय-कम्मभूमगगब्भवक्कंतियमणुस्सकम्मासीविसे, नो अपज्जत संखेज्ज वासाउय कम्मभूमग गब्भवक्कंतिय मणुस्स कम्मासीविसे।

प. भंते ! जइ देवकम्मासीविसे किं भवणवासी-देवकम्मासीविसे **जाव** वेमाणियदेव कम्मासीविसे ?

उ. गोयमा ! भवणवासिदेवकम्मासीविसे वि **जाव** वेमाणिय-देवकम्मासीविसे वि।

प. भंते ! जइ भवणवासिदेवकम्मासीविसे किं असुरकुमार-भवणवासिदेवकम्मासीविसे **जाव** थणियकुमार-भवणवासिदेवकम्मासीविसे ?

उ. गोयमा ! असुरकुमार भवणवासिदेवकम्मासीविसे वि **जाव** थणियकुमार भवणवासिदेव कम्मासीविसे वि।

प. भंते ! जइ असुरकुमारभवणवासिदेवकम्मासीविसे किं पज्जत्तअसुरकुमारभवणवासिदेवकम्मासीविसे, अपज्जत्तअसुरकुमारभवणवासिदेवकम्मासीविसे ?

उ. गोयमा ! नो पज्जत्तअसुरकुमार भवणवासिदेव कम्मासीविसे, अपज्जत्तअसुरकुमार भवणवासिदेव-कम्मासीविसे।

एवं जाव **थणियकुमाराणं।**

प. भंते ! जइ वाणमंतरदेवकम्मासीविसे किं पिसाय-वाणमंतरदेवकम्मासीविसे **जाव** गंधव्ववाण-मंतरदेवकम्मासीविसे।

उ. गोयमा ! एवं सव्वेसिं पि अपज्जत्तगाणं।

उ. गौतम ! एकेन्द्रिय-द्वीन्द्रिय-त्रीन्द्रिय और चतुरिन्द्रिय तिर्यञ्चयोनिक कर्म आशीविष नहीं है, किन्तु पंचेन्द्रिय-तिर्यञ्चयोनिक कर्म आशीविष है।

प्र. भंते ! यदि पंचेन्द्रियतिर्यञ्चयोनिक कर्म आशीविष है तो क्या सम्मूर्च्छिम पंचेन्द्रिय तिर्यञ्चयोनिक कर्म आशीविष है या गर्भज पंचेन्द्रिय तिर्यञ्चयोनिक कर्म आशीविष है ?

उ. गौतम ! **प्रज्ञापनासूत्र के इक्कीसवें शरीरपद में वैक्रिय शरीर के सम्बन्ध में जिस प्रकार कहा है उसी प्रकार कहना चाहिए** यावत् पर्याप्त संख्यातवर्ष की आयुष्य वाला गर्भज कर्मभूमिज पंचेन्द्रिय तिर्यञ्चयोनिक कर्म आशीविष होता है, परन्तु अपर्याप्त संख्यात वर्ष की आयुष्य वाला गर्भज कर्मभूमिज पंचेन्द्रिय तिर्यञ्चयोनिक कर्म आशीविष नहीं होता है।

प्र. भंते ! यदि मनुष्य कर्म आशीविष है, तो क्या सम्मूर्च्छिम मनुष्य कर्म आशीविष है या गर्भज मनुष्य कर्म आशीविष है ?

उ. गौतम ! सम्मूर्च्छिम मनुष्य कर्म आशीविष नहीं होता है, किन्तु गर्भज मनुष्य कर्म आशोविष होता है।

इसी प्रकार जैसे प्रज्ञापनासूत्र के इक्कीसवें शरीरपद में वैक्रिय-शरीर के सम्बन्ध में जीव भेद कहे गए हैं उसी प्रकार यहाँ भी कहना चाहिए यावत् पर्याप्त संख्यात वर्ष के आयुष्य वाले कर्मभूमिज गर्भज मनुष्य कर्मआशीविष होता है, परन्तु अपर्याप्त संख्यात वर्ष की आयुष्य वाले कर्मभूमिज गर्भज मनुष्य कर्म आशीविष नहीं होता है।

प्र. भंते ! यदि देव कर्म आशीविष होता है तो क्या भवनवासी देव कर्म आशीविष होता है **यावत्** वैमानिक देव कर्म आशीविष होता है ?

उ. गौतम ! भवनवासी देव भी कर्म आशीविष होता है **यावत्** वैमानिक देव भी कर्म आशीविष होता है।

उ. भंते ! यदि भवनवासी देव कर्म आशीविष होता है तो क्या असुरकुमार भवनवासी देव कर्म आशीविष होता है **यावत्** स्तनितकुमार भवनवासी देव कर्म आशीविष होता है ?

उ. गौतम ! असुरकुमार भवनवासी देव भी कर्म आशीविष होता है **यावत्** स्तनितकुमार भवनवासी देव भी कर्म आशीविष होता है।

प्र. भंते ! यदि असुरकुमार भवनवासी देव कर्म आशीविष है तो क्या पर्याप्त असुरकुमार भवनवासी देव कर्म आशीविष है या अपर्याप्त असुरकुमार भवनवासीदेव कर्म आशीविष है ?

उ. गौतम ! पर्याप्त असुरकुमार भवनवासी देव कर्म आशीविष नहीं है, परन्तु अपर्याप्त असुरकुमार भवनवासी देव कर्म आशीविष है।

इसी प्रकार स्तनितकुमारों पर्यन्त जानना चाहिए।

प्र. भंते ! यदि वाणव्यन्तरदेव कर्म आशीविष है तो क्या पिशाच वाणव्यन्तरदेव कर्म आशीविष है **यावत्** गन्धर्व वाणव्यन्तरदेव कर्म आशीविष है ?

उ. गौतम ! वै पिशाचादि सर्व वाणव्यन्तरदेव अपर्याप्तावस्था में कर्म आशीविष हैं।

---

१. (पण्ण. प. २१, सु. १५१८) शरीर अध्ययन में देखें।

जोइसियाणं सव्वेसिं अपज्जत्तगाणं।

प. भंते ! जइ वेमाणियदेवकम्मासीविसे किं कप्पोवग-वेमाणियदेवकम्मासीविसे, कप्पातीयवेमाणिय देवकम्मा-सीविसे ?

उ. गोयमा ! कप्पोवगवेमाणियदेवकम्मासीविसे, नो कप्पातीयवेमाणियदेवकम्मासीविसे।

प. भंते ! जइ कप्पोवगवेमाणियदेवकम्मासीविसे किं सोहम्म-कप्पोवगवेमाणियदेव कम्मासीविसे **जाव** अच्चुयकप्पोवग वेमाणियदेव कम्मासीविसे ?

उ. गोयमा ! सोहम्मकप्पोवगवेमाणियदेवकम्मासीविसे वि **जाव** सहस्सारकप्पोवगवेमाणियदेव कम्मासीविसे वि।

नो आणयकप्पोवग वेमाणियदेव कम्मासीविसे **जाव** नो अच्चुयकप्पोवगवेमाणियदेवकम्मासीविसे।

प. भंते ! जइ सोहम्मकप्पोवग वेमाणियदेव कम्मासीविसे किं पज्जत्तसोहम्मकप्पोवगवेमाणिय देव कम्मासीविसे, अपज्जत्तसोहम्म कप्पोवगवेमाणियदेवकम्मासीविसे ?

उ. गोयमा ! नो पज्जत्तसोहम्मकप्पोवगवेमाणिय देव कम्मासीविसे, अपज्जत्तसोहम्मकप्पोवगवेमाणिय देव-कम्मासीविसे।

एवं जाव **नो पज्जत्तसहस्सारकप्पोवगवेमाणिय देव कम्मासीविसे, अपज्जत्तसहस्सार कप्पोवग वेमाणियदेव कम्मासीविसे।** *–विया. स. ८, उ. २, स. १-१९*

इसी प्रकार सभी ज्योतिष्कदेव भी अपर्याप्तावस्था में कर्म आशीविष होते हैं।

प्र. भंते ! यदि वैमानिकदेव कर्म आशीविष हैं तो क्या कल्पोपपन्नक वैमानिक देव कर्म आशीविष है या कल्पातीत वैमानिक देव कर्म आशीविष है ?

उ. गौतम ! कल्पोपपन्नक वैमानिक देव कर्म आशीविष होता है किन्तु कल्पातीत वैमानिक देव कर्म आशीविष नहीं होता है।

प्र. भंते ! यदि कल्पोपपन्नक वैमानिक देव कर्म आशीविष होता है तो क्या सौधर्म कल्पोपपन्नक वैमानिक देव कर्म आशीविष होता है **यावत्** अच्युत कल्पोपपन्नक वैमानिक देव कर्म आशीविष होता है।

उ. गौतम ! सौधर्म कल्पोपपन्नक वैमानिक देव भी कर्म आशीविष होता है **यावत्** सहस्रार कल्पोपपन्नक वैमानिक देव भी कर्म आशीविष होता है।

परन्तु आनत **यावत्** अच्युत कल्पोपपन्नक वैमानिक देव कर्म आशीविष नहीं होता है।

प्र. भंते ! यदि सौधर्मकल्पोपपन्नक वैमानिक देव कर्म आशीविष है तो क्या पर्याप्त सौधर्मकल्पोपपन्नक वैमानिक देव कर्म आशीविष होता है या अपर्याप्त सौधर्मकल्पोपपन्नक वैमानिक देव कर्म आशीविष होता है ?

उ. गौतम ! पर्याप्त सौधर्म कल्पोपपन्नक वैमानिक देव कर्म आशीविष नहीं होता है, परन्तु अपर्याप्त सौधर्म कल्पोपपन्नक वैमानिक देव कर्म आशीविष होता है।

इसी प्रकार यावत् पर्याप्त सहस्रार कल्पोपपन्नक वैमानिक देव कर्म आशीविष नहीं होता है किन्तु अपर्याप्त सहस्रार कल्पोपपन्नक वैमानिक देव कर्म आशीविष होता है।

९. तिविहा इड्ढी भेयप्पभेय परूवणं–

तिविहा इड्ढी पण्णत्ता, तं जहा–

१. देविड्ढी, २. राइड्ढी,

३. गणिड्ढी।

(१) देविड्ढी तिविहा पण्णत्ता, तं जहा–

१. विमाणिड्ढी, २. विगुव्वणिड्ढी, ३. परियारणिड्ढी।

अहवा देविड्ढी तिविहा पण्णत्ता, तं जहा–

१. सचित्ता, २. अचित्ता, ३. मीसिया।

(२) राइड्ढी तिविहा पण्णत्ता, तं जहा–

१. रण्णो अइयाणिड्ढी, २. रण्णो णिज्जाणिड्ढी,

३. रण्णो बलवाहणकोस कोट्ठागारिड्ढी।

अहवा राइड्ढी तिविहा पण्णत्ता, तं जहा–

१. सचित्ता, २. अचित्ता, ३. मीसिया।

(३) गणिड्ढी तिविहा पण्णत्ता, तं जहा–

१. णाणिड्ढी, २. दंसणिड्ढी, ३. चरित्तड्ढी।

अहवा गणिड्ढी तिविहा पण्णत्ता, तं जहा–

१. सचित्ता, २. अचित्ता, ३. मीसिया।

–ठाणं. अ. ३, उ. ४, सु. २१४

९. तीन प्रकार की ऋद्धि के भेद-प्रभेदों का प्ररूपण–

ऋद्धि तीन प्रकार की कही गई है, यथा–

१. देवताओं की ऋद्धि, २. राजाओं की ऋद्धि,

३. आचार्यों की ऋद्धि।

(१) देवताओं की ऋद्धि तीन प्रकार की कही गई है, यथा–

१. विमान ऋद्धि, २. वैक्रिय ऋद्धि, ३. परिचारणा ऋद्धि।

अथवा देवताओं की ऋद्धि तीन प्रकार की कही गई है, यथा–

१. सचित्त, २. अचित्त, ३. मिश्र।

(२) राजाओं की ऋद्धि तीन प्रकार की कही गई है, यथा–

१. अतियान ऋद्धि, २. निर्याण ऋद्धि,

३. सेना, वाहन, कोष और कोष्ठागार की ऋद्धि,

अथवा राजाओं की ऋद्धि तीन प्रकार की कही गई है, यथा–

१. सचित्त, २. अचित्त, ३. मिश्र।

(३) गणी की ऋद्धि तीन प्रकार की कही गई है, यथा–

१. ज्ञान की ऋद्धि २. दर्शन की ऋद्धि, ३. चारित्र की ऋद्धि।

अथवा गणी की ऋद्धि तीन प्रकार की कही गई है, यथा–

१. सचित्त, २. अचित्त, ३. मिश्र।

१०. अत्थोप्पायणस्स हेउ तिविहत्तं–

तिविहा अत्थजोणी पण्णत्ता, तं जहा–

१. सामे, २. दंडे, ३. भेए।

–ठाणं. अ. ३, उ. ३, सु. १९१(११)

११. विवक्खया इंदाणं तिविहत्तं–

तओ इंदा पण्णत्ता, तं जहा–

१. णामिंदे,

२. ठवणिंदे,

३. दव्विंदे।

तओ इंदा पण्णत्ता, तं जहा–

१. णाणिंदे, २. दंसणिंदे, ३. चरित्तिंदे।

तओ इंदा पण्णत्ता, तं जहा–

१. देविंदे, २. असुरिंदे, ३. मणुस्सिंदे।

–ठाणं. अ. ३, उ. १, सु. १२७

१२. विणिच्छियस्स तिविहत्तं–

तिविहे विणिच्छिए पन्नते, तं जहा–

१. अत्थविणिच्छिए, २. धम्मविणिच्छिए,

३. कामविणिच्छिए, *–ठाणं. अ. ३, उ. ३, सु. १९४/९*

१३. समणमाहणाणं अभिसमागमस्स तिविहत्तं–

तिविहे अभिसमागमे पन्नते, तं जहा–

१. उड्ढं, २. अहं, ३. तिरियं।

जया णं तहारूवस्स समणस्स वा, माहणस्स वा अइसेसे नाण-दंसणे समुप्पज्जइ, से णं तप्पढमयाए उड्ढमभिसमेइ, तओ तिरियं तओ पच्छा अहे।

अहोलोगे णं दुरभिगमे पण्णत्ते, समणाउसो!

–ठाणं. अ. ३, उ. ४, सु. २१३

१४. सूराणं चउव्विहत्त परूवणं–

चत्तारि सूरा पण्णत्ता, तं जहा–

१. खंतिसूरे, २. तवसूरे,

३. दाणसूरे, ४. जुद्धसूरे।

१ खंतिसूरा अरहंता,

२. तवसूरा अणगारा,

३. दाणसूरे वेसमणे,

४. जुद्धसूरे वासुदेवे। *–ठाणं. अ. ४, उ. ३, सु. ३१७*

१५. संत गुणाणं विनास-विकास चउ हेऊ–

चउहिं ठाणेहिं संते गुणे नासेज्जा, तं जहा–

१. कोहेणं, २. पडिनिवेसेणं,

३. अकयण्णुयाए, ४. मिच्छत्ताभिनिवेसेणं।

चउहिं ठाणेहिं संते गुणे दीवेज्जा, तं जहा–

१. अब्भासवत्तियं,

२. परच्छंदाणुवत्तियं,

१०. अर्थोपार्जन हेतु के तीन प्रकार–

अर्थयोनि (राज्य वैभव प्राप्ति के उपाय) तीन प्रकार की कही गई है, यथा–

१. साम, २. दण्ड, ३. भेद।

११. विवक्षा से इन्द्रों के तीन प्रकार–

इन्द्र तीन प्रकार के कहे गए हैं, यथा–

१. नामइन्द्र–केवल नाम के इन्द्र,

२. स्थापनाइन्द्र–किसी वस्तु में इन्द्र का आरोपण,

३. द्रव्यइन्द्र–भूत या भावी इन्द्र।

इन्द्र तीन प्रकार के कहे गए हैं, यथा–

१. ज्ञानेन्द्र, २. दर्शनेन्द्र, ३. चारित्रेन्द्र।

इन्द्र तीन प्रकार के कहे गए हैं, यथा–

१. देवेन्द्र, २. असुरेन्द्र, ३. मनुष्येन्द्र।

१२. विनिश्चय के तीन प्रकार–

विनिश्चय (अर्थादि के स्वरूप का परिज्ञान) तीन प्रकार का कहा गया है, यथा–

१. अर्थ-विनिश्चय, २. धर्म-विनिश्चय,

३. काम-विनिश्चय।

१३. श्रमण माहनों के अभिसमागम के तीन प्रकार–

अभिसमागम (जानना) तीन प्रकार का कहा गया है, यथा–

१. ऊर्ध्व, २. अधः, ३. तिर्यक्।

तथारूप-श्रमण-माहन को जब अतिशय ज्ञान-दर्शन प्राप्त होता है तब वह पहले ऊर्ध्व लोक को जानता है फिर तिर्यक् लोक को जानता है और उसके बाद अधोलोक को जानता है। हे आयुष्मन् श्रमणों ! अधोलोक सबसे अधिक दुरभिगम कहा गया है।

१४. शूरों के चार प्रकार–

शूर चार प्रकार के कहे गए हैं, यथा–

१. क्षमा शूर, २. तपःशूर,

३. दान शूर, ४. युद्ध शूर।

१. अर्हन्त क्षमा शूर हैं,

२. अनगार तपःशूर हैं,

३. वैश्रमण (कुबेर) दान शूर हैं,

४. वासुदेव युद्ध शूर हैं।

१५. विद्यमान गुणों का विनाश-विकाश के चार हेतु–

तए णं से गंगदत्ते देवे समणस्स भगवओ महावीरस्स अंतियं धम्मं सोच्चा निसम्म हट्ठतुट्ठ उट्ठेइ उट्ठित्ता समणं भगवं महावीरं वंदइ नमंसइ वंदित्ता नमंसित्ता एवं वयासी–

अहण्णं भंते ! गंगदत्ते देवे किं भवसिद्धिए अभवसिद्धिए ?

एवं जहा सूरियाभो जाव बत्तीसइविहं नट्टविहिं उवदंसेइ उवदंसेत्ता जाव तामेव दिसं पडिगए।

भंते ! त्ति भगवं गोयमे समणं भगवं महावीरं **जाव** एवं वयासी–

प. गंगदत्तस्स णं भंते ! देवस्स सा दिव्वा देविड्ढी, दिव्वा देवजुई जाव अणुप्पविट्ठा ?

उ. गोयमा ! सरीरं गया, सरीरं अणुप्पविट्ठा। **कूडागारसालादिट्ठंतो जाव सरीरं अणुप्पविट्ठा**[1]।

–विया. सं. १६, उ. ५, सु. १-१५

जब श्रमण भगवान महावीर गौतम से यह (उपर्युक्त) बात कर रहे थे इतने में ही वह देव (अमायी सम्यग्दृष्टि उत्पन्नक) वहाँ आ पहुँचा।

तब उस देव ने आते ही श्रमण भगवान महावीर को तीन बार प्रदक्षिणा की, फिर वन्दन नमस्कार किया और वन्दन नमस्कार करके इस प्रकार पूछा–

प्र. भंते ! महाशुक्र कल्प में महासामान्य विमान में उत्पन्न हुए एक मायी मिथ्यादृष्टि उत्पन्नक देव ने मुझे इस प्रकार पूछा–

''परिणमते हुए पुद्गल अभी परिणत नहीं कहे जाकर अपरिणत कहे जाते हैं, क्योंकि वे पुद्गल अभी परिणत हो रहे हैं इसलिए वे परिणत नहीं, अपरिणत ही कहे जाते हैं।''

तब मैंने (इसके उत्तर में) उस मायी मिथ्यादृष्टि देव से इस प्रकार कहा–

परिणमते हुए पुद्गल परिणत कहलाते हैं, अपरिणत नहीं, क्योंकि वे पुद्गल परिणत हो रहे हैं, इसलिए परिणत कहलाते हैं, अपरिणत नहीं, भंते ! इस प्रकार का मेरा कथन कैसा है ?

उ. ''हे गंगदत्त !'' इस प्रकार सम्बोधन करके श्रमण भगवान महावीर ने गंगदत्त देव को इस प्रकार कहा–

गंगदत्त ! मैं भी इस प्रकार कहता हूँ **यावत्** प्ररूपणा करता हूँ कि ''परिणमते हुए पुद्गल **यावत्** अपरिणत नहीं है (किन्तु परिणत है)। यह अर्थ (सिद्धान्त) सत्य है।''

तदनन्तर श्रमण भगवान महावीर से यह उत्तर सुनकर और अवधारणा करके वह गंगदत्त देव हर्षित और सन्तुष्ट हुआ और उसने श्रमण भगवान महावीर को वन्दन नमस्कार किया, वन्दन नमस्कार करके वह न अति दूर और न अतिनिकट बैठकर **यावत्** भगवान की पर्युपासना करने लगा।

तत्पश्चात् श्रमण भगवान महावीर ने गंगदत्त देव को और महती परिषद् को धर्मकथा कही **यावत्** जिसे सुनकर जीव आराधक हुए।

उस समय गंगदत्त देव श्रमण भगवान महावीर से धर्मदेशना सुनकर और अवधारण करके हृष्ट तुष्ट हुआ और फिर उसने खड़े होकर श्रमण भगवान महावीर को वन्दन नमस्कार किया और वन्दन नमस्कार करके इस प्रकार कहा–

भंते ! मैं गंगदत्त देव भवसिद्धिक हूँ या अभवसिद्धिक हूँ ?

राजप्रश्नीय सूत्र में कथित सूर्याभ देव के समान उत्तर जानना चाहिए गंगदत्त देव ने भी उसी प्रकार बत्तीस प्रकार की नाट्यविधि प्रदर्शित की और फिर वह जिस दिशा से आया था उसी दिशा में लौट गया।

'भंते !' इस प्रकार सम्बोधन करके भगवान गौतम ने श्रमण भगवान महावीर से **यावत्** इस प्रकार पूछा–

प्र. भंते ! गंगदत्त देव की वह दिव्य देवर्द्धि दिव्य देवद्युति **यावत्** कहाँ गई, कहाँ प्रविष्ट हो गई ?

उ. गौतम ! वह दिव्य देवर्द्धि उस गंगदत्त देव के शरीर में गई और शरीर में ही अनुप्रविष्ट हो गई। **यहाँ कूटाकारशाला का दृष्टांत वह शरीर में अनुप्रविष्ट हो गई पर्यन्त समझना चाहिए।**

---

१. गंगदत्त के पूर्वभव प्रव्रज्या आदि का वर्णन धर्मकथानुयोग भाग १, खण्ड २, पृ. २९-३० पर देखें।

भाग १, खण्ड २, पृ. १३४

महावीरतित्थे केसी-गोयम संवाओ–

सूत्र २८४ (क)

जिणेपासे त्ति नामेण अरहा लोगपूइओ।
संवुद्धप्पा या सव्वन्नू धम्मतित्थयरे जिणे ॥१॥
तस्स लोगपईवस्स आसि सीसे महायसे।
केसी कुमार-समणे विज्जा चरण-पारगे ॥२॥
ओहिनाण-सुए बुद्धे सीलसंघ समाउले।
गामाणुगामं रीयन्ते सावत्थिं नगरिमागए ॥३॥

तिन्दुयं नाम उज्जाणं तम्मी नगरमण्डले।
फासुए सिज्जसंथारे तत्थ वासमुवागए ॥४॥

अह तेणेव कालेणं धम्मतित्थयरे जिणे।
भगवं वद्धमाणो त्ति सव्वलोगम्मि विस्सुए ॥५॥
तस्स लोगपईवस्स आसि सीसे महायसे।
भगवं गोयमे नामं विज्जा–चरणपारगे ॥६॥
बारसंगविऊ बुद्धे सीस-संघ-समाउले।
गामाणुगामं रीयन्ते से वि सावत्थिमागए ॥७॥
कोट्ठगं नाम उज्जाणं तम्मी नयरमण्डले।
फासुए सिज्जसंथारे तत्थ वासमुवागए ॥८॥

केसी कुमार समणे गोयमे य महायसे।
उभओ वि तत्थ विहरिंसु अल्लीणा सुसमाहिया ॥९॥

उभओ सीससंघाणं संजयाणं तवस्सिणं।
तत्थ चिन्ता समुप्पन्ना गुणवन्ताण ताइणं ॥१०॥

केरिसो वा इमो धम्मो ? इमो धम्मो व केरिसो ?
आयारधम्मपणिही इमा वा सा व केरिसी ? ॥११॥

चाउज्जामो य जो धम्मो जो इमो पंचसिक्खिओ।
देसिओ वद्धमाणेण पासेण य महामुणी ॥१२॥

अचेलगो य जो धम्मो जो इमो सन्तरूत्तरो।
एगकज्ज–पवन्नाणं विसेसे किं नु कारणं ? ॥१३॥

अह ते तत्थ सीसाणं विन्नाय पवितक्कियं।
समागमे कयमई उभओ केसि–गोयमा ॥१४॥

महावीर तीर्थ में केशी-गौतम संवाद–

पार्श्वनाथ नामक जिन थे, जो अर्हत् लोकपूजित सम्बुद्धात्मा सर्वज्ञ धर्मतीर्थ के प्रवर्तक और रागद्वेष विजेता थे ॥१॥

उन लोकप्रदीप भगवान पार्श्वनाथ के ज्ञान और चारित्र में पारगामी एवं महायशस्वी शिष्य केशीकुमार श्रमण थे ॥२॥
वे अवधिज्ञान और श्रुतसम्पदा (श्रुतज्ञान) से प्रबुद्ध थे। वे अपने शिष्य संघ से समायुक्त होकर ग्रामानुग्राम विचरण करते हुए श्रावस्ती नगरी में आए ॥३॥

उस नगर के निकट तिन्दुक नामक उद्यान में जहाँ प्रासुक (जीव रहित) और एषणीय शय्या (आवासस्थान) और संस्तारक (पीठ, फलक, पट्टा, पटिया आदि आसन) सुलभ थे वहाँ निवास किया ॥४॥

उसी समय धर्मतीर्थ के प्रवर्तक जिन भगवान वर्धमान (महावीर) विचरण करते थे। जो समग्र लोक में प्रख्यात थे ॥५॥

उन लोक-प्रदीप वर्धमान स्वामी के विद्या और चारित्र के पारगामी, महायशस्वी भगवान गौतम (इन्द्रभूति) नामक शिष्य थे ॥६॥

वे बारह अंगों के ज्ञाता थे, वे (गौतम स्वामी) शिष्यवर्ग सहित ग्रामानुग्राम विहार करते हुए श्रावस्ती नगरी में आए ॥७॥

(उन्होंने भी) उस नगर के किनारे (बाह्यप्रदेश) में कोष्ठक नामक उद्यान में जहाँ प्रासुक शय्या और संस्तारक सुलभ थे वहाँ निवास किया ॥८॥

केशीकुमार श्रमण और महायशस्वी गौतम दोनों ही वहाँ (श्रावस्ती में) विचरते थे जो आत्मलीन और सुसमाहित (सम्यक् समाधि से युक्त) थे ॥९॥
संयमी, तपस्वी, गुणवान् और षट्काय के संरक्षक उन दोनों (केशीकुमार श्रमण तथा गौतम) के शिष्य संघों में यह चिन्तन उत्पन्न हुआ– ॥१०॥

हमारा यह (महाव्रतरूप) धर्म कैसा है? और इनका यह (महाव्रतरूप) धर्म कैसा है? हमारे आचारधर्म की प्रणिधि (व्यवस्था) कैसी है और इनकी कैसी है ? ॥११॥

यह चातुर्यामधर्म (चार महाव्रत) है, जो महामुनि पार्श्व द्वारा प्रतिपादित है और यह पंचशिक्षात्मक (पाँच महाव्रत) धर्म है, जिसका प्रतिपादन महामुनि वर्द्धमान ने किया है ॥१२॥

(वर्धमान महावीर द्वारा प्रतिपादित) यह अचेलक धर्म है और यह (भगवान पार्श्वनाथ द्वारा प्ररूपित) सान्तरोत्तर (रंगीन और बहुमूल्य वस्त्र वाला) धर्म है, एक ही कार्य के लिए हम प्रवृत्त हैं तब भेद का क्या कारण है ? ॥१३॥

उन दोनों केशी और गौतम ने अपने शिष्यों के वितर्कों को जानकर परस्पर वहीं (श्रावस्ती में ही) मिलने का विचार किया ॥१४॥

गोयमे पडिरूवन्नू सीससंघ समाउले।
जेट्ठं कुलमवेक्खन्तो तिन्दुयं वणमागओ॥१५॥

यथोचित विनयमर्यादा के ज्ञाता गौतम ने केशी श्रमण के कुल को ज्येष्ठ जानकर अपने शिष्य संघ के साथ तिन्दुक वन (उद्यान) में आए॥१५॥

केसी कुमार समणे गोयमं दिस्समागयं।
पडिरूवं पडिवत्तिं सम्मं संपडिवज्जई॥१६॥

गौतम को आते हुए देखकर केशीकुमार श्रमण ने सम्यक् प्रकार से उनके अनुरूप आदर सत्कार किया॥१६॥

पलालं फासुयं तत्थ पंचमं कुसतणाणि य।
गोयमस्स निसेज्जाए खिप्पं संपणामए॥१७॥

गौतम को बैठने के लिए उन्होंने तत्काल प्रासुक पयाल (पराल-घास) तथा पाँचवाँ कुश तृण समर्पित किया॥१७॥

केसी कुमार समणे गोयमे य महायसे।
उभओ निसण्णा सोहन्ति चन्द सूर समप्पभा॥१८॥

कुमारश्रमण केशी और महायशस्वी गौतम दोनों (वहाँ) बैठे हुए चन्द्र और सूर्य के समान सुशोभित हो रहे थे॥१८॥

समागया बहू तत्थ पासण्डा कोउगो सिगा।
गिहत्थाणं अणेगाओ, साहस्सीओ समागया॥१९॥

वहाँ कौतूहल की दृष्टि से अनेक अबोधजन अन्य धर्म सम्प्रदायों के बहुत से पाषण्ड परिव्राजक आए और अनेक सहस्त्र गृहस्थ भी आ पहुँचे॥१९॥

देव-दाणव-गन्धव्वा-जक्ख-रक्खस-किन्नरा।
अदिस्साणं च भूयाणं आसि तत्थ समागमो॥२०॥

देव, दानव, गन्धर्व, यक्ष, राक्षस, किन्नर और अदृश्य भूतों का वहाँ अद्भुत समागम हो गया॥२०॥

पुच्छामि ते महाभाग ! केसी गोयममब्बवी।
तओ केसिं बुवंतं तु गोयमो इणमब्बवी॥२१॥

केशी ने गौतम से कहा–"हे महाभाग ! मैं आपसे (कुछ) पूछना चाहता हूँ।" केशी के ऐसा कहने पर गौतम ने इस प्रकार कहा–॥२१॥

पुच्छ भन्ते ! जहिच्छं ते, केसिं गोयममब्बवी।
तओ केसी अणुन्नाए गोयमं इणमब्बवी॥२२॥

"भंते ! जैसी भी इच्छा हो पूछिए", अनुज्ञा पाकर तब केशी ने गौतम से इस प्रकार कहा–॥२२॥

१. चाउज्जामो य जो धम्मो, जो इमो पंचसिक्खिओ।
देसिओ वद्धमाणेण पासेण य महामुणी॥२३॥

१. "जो यह चातुर्याम धर्म है, जिसका प्रतिपादन महामुनि पार्श्वनाथ ने किया है और यह जो पंचशिक्षात्मक धर्म है जिसका प्रतिपादन महामुनि वर्धमान ने किया है।" ॥२३॥

एगकज्जपवन्नाणं विसेसे किं नु कारणं ?
धम्मे दुविहे मेहावि ! कहं विप्पच्चओ न ते॥२४॥

"हे मेधाविन् ! दोनों जब एक ही उद्देश्य को लेकर प्रवृत्त हुए हैं, तब इस विभेद (अन्तर) का क्या कारण है ? इन दो प्रकार के धर्मों को देखकर तुम्हें विप्रत्यय (सन्देह) क्यों नहीं होता ?" ॥२४॥

तओ केसिं बुवंतं तु, गोयमो इणमब्बवी।
पन्ना समिक्खए धम्मं, तत्तं तत्तविणिच्छयं॥२५॥

केशी के इस प्रकार कहने पर गौतम ने यह कहा–"तत्वों (जीवादि तत्वों) का जिसमें विशेष निश्चय होता है, ऐसे धर्मतत्व की समीक्षा प्रज्ञा द्वारा होती है।" ॥२५॥

पुरिमा उज्जुजडा उ वंकजडा य पच्छिमा।
मज्झिमा उज्जुपन्ना य तेण धम्मे दुहा कए॥२६॥

प्रथम तीर्थंकर के साधु ऋजु (सरल) और जड़ (मन्दमति) होते हैं, अन्तिम तीर्थंकर के साधु वक्र और जड़ होते हैं, (जबकि) बीच के २२ तीर्थंकरों के साधु ऋजु और प्राज्ञ होते हैं इसलिए धर्म के दो प्रकार कहे गए हैं॥२६॥

पुरिमाणं दुव्विसोज्झो उ, चरिमाणं दुरणुपालओ।
कप्पो मज्झिमगाणं तु, सुविसोज्झो सुपालओ॥२७॥

"प्रथम तीर्थंकर के साधुओं का आचार दुविशोध्य (अत्यन्त कठिनता से निर्मल किया जाता) था, अन्तिम तीर्थंकर के साधुओं के आचार का पालन करना कठिन है, किन्तु बीच के २२ तीर्थंकरों के साधकों के आचार का पालन सुकर (सरल) है।"॥२७॥

साहु गोयम ! पन्ना ते छिन्नो मे संसओ इमो।
अन्नो वि संसओ मज्झं तं मे कहसु गोयमा !॥२८॥

(कुमारश्रमण केशी–) हे गौतम ! आपकी प्रज्ञा श्रेष्ठ है। आपने मेरा यह संशय मिटा दिया, किन्तु गौतम ! मुझे एक और सन्देह है उस विषय का भी समाधान कीजिए॥२८॥

२. अचेलगो य जो धम्मो जो इमो सन्तरूत्तरो।
देसिओ वद्धमाणेण पासेण य महाजसा॥२९॥

२. "यह जो अचेलक धर्म है वह वर्धमान ने बताया है और यह जो सान्तरोत्तर (जो वर्णादि से विशिष्ट एवं बहुमूल्य वस्त्र वाला) धर्म है वह महायशस्वी पार्श्वनाथ ने बताया है।" ॥२९॥

एगकज्जपवन्नाणं विसेसे किं नु कारणं ?
लिंगे दुविहे मेहावि ! कहं विप्पच्चओ न ते ?॥३०॥

हे मेधाविन् ! एक ही उद्देश्य से प्रवृत्त इन दोनों (धर्मों) में भेद का कारण क्या है ? दो प्रकार के वेष (लिंग) को देखकर आपको संशय क्यों नहीं होता ?॥३०॥

केसिमेवं बुवाणं तु, गोयमो इणमब्बवी।
विन्नाणेण समागम्म, धम्मसाहणमिच्छियं ॥३१॥

(गौतम गणधर-) केशी के इस प्रकार कहने पर गौतम ने यह कहा- "(सर्वज्ञों ने) विज्ञान (-केवलज्ञान) से भलीभाँति यथोचितरूप से धर्म के साधनों (वेष, चिन्ह आदि उपकरणों) को जानकर ही उनको अनुमति दी है।" ॥३१॥

पच्चयत्थं च लोगस्स नाणा विहविगप्पणं।
जत्तत्थं गहणत्थं च लोगे लिंगप्पओयणं ॥३२॥

अनेक प्रकार के उपकरणों का विधान लोगों की प्रतीति के लिए संयमयात्रा के निर्वाह के लिए और "मैं साधु हूँ" यथा प्रसंग इस प्रकार का बोध रहने के लिए ही लोक में लिंग (वेष) का प्रयोजन है॥३२॥

अह भवे पइन्ना उ मोक्खसब्भूयसाहणे।
नाणं च दंसणं चेव चरित्तं चेव निच्छए ॥३३॥

निश्चयदृष्टि से तो सम्यक् ज्ञान, दर्शन और चारित्र ही मोक्ष के वास्तविक साधन हैं। इस प्रकार का एक-सा सिद्धान्त दोनों तीर्थंकरों का है॥३३॥

साहु गोयम! पन्ना ते छिन्नो मे संसओ इमो।
अन्नो वि संसओ मज्झं, तं मे कहसु गोयमा ! ॥३४॥

(केशी कुमारश्रमण-)"हे गौतम ! आपकी प्रज्ञा श्रेष्ठ है। आपने मेरा यह संशय दूर कर दिया। मेरा एक और भी संशय है, हे गौतम ! उस सम्बन्ध में भी मुझे बताइये।" ॥३४॥

३. अणेगाणंसहस्साणं मज्झे चिट्ठसि गोयमा !
ते य ते अहिगच्छन्ति कहं ते निज्जिया तुमे ?॥३५॥

३. "गौतम ! अनेक सहस्त्र शत्रुओं के बीच में आप खड़े हों। वे आपको जीतने के लिए (आपकी-ओर) दौड़ते हैं। फिर भी आपने उन शत्रुओं को कैसे जीत लिया?" ॥३५॥

एगे जिए जिया पंच पंच जिए जिया दस।
दसहा उ जिणित्ताणं, सव्वसत्तू जिणामहं ॥३६॥

(गणधर गौतम-) एक को जीतने से पाँच जीत लिए और पाँच को जीतने पर दस जीत लिए। दसों को जीत कर मैंने सब शत्रुओं को जीत लिया॥३६॥

सत्तू य इइ के वुत्ते ? केसी गोयममब्बवी।
तओ केसिं बुवंतं तु गोयमो इणमब्बवी ॥३७॥

(केशी कुमारश्रमण-) "गौतम (१-५-१०) शत्रु किन्हें कहा है?" इस प्रकार केशी ने गौतम से पूछा। तब गौतम ने उनसे इस प्रकार कहा-॥३७॥

एगप्पा अजिए सत्तू, कसाया इन्दियाणि य।
ते जिणित्तु जहानायं, विहरामि अहं मुणी !॥३८॥

(गणधर गौतम-) हे मुनिवर ! एक न जीती हुई आत्मा शत्रु है। कषाय (चार) और इन्द्रियाँ (पाँच) नहीं जीतने पर शत्रु हैं। उन्हें जीतकर मैं (शास्त्रोक्त) नीति के अनुसार अप्रतिबद्ध होकर विहार करता हूँ॥३८॥

साहु गोयम ! पन्ना ते, छिन्नो मे संसओ इमो।
अन्नो वि संसओ मज्झं, तं मे कहसु गोयमा ॥३९॥

(केशी कुमारश्रमण-) हे गौतम ! आपकी प्रज्ञा समीचीन है, (क्योंकि) आपने मेरा यह संशय मिटा दिया (किन्तु) मेरा एक और भी सन्देह है। हे गौतम ! उस विषय में भी मुझे बताएँ॥३९॥

४. दीसन्ति बहवे लोए, पासबद्धा सरीरिणो।
मुक्कपासो लहुब्भूओ, कहं तं विहरसी मुणी ॥४०॥

४. इस लोक में बहुत से शरीरधारी जीव पाशों (बन्धनों) से बद्ध दिखाई देते हैं। हे मुने ! आप बन्धन से मुक्त और लघुभूत (हल्के) होकर कैसे विचरण करते हैं?॥४०॥

ते पासे सव्वसो छित्ता, निहन्तूण उवायओ।
मुक्कपासो लहुब्भूओ, विहरामि अहं मुणी ॥४१॥

(गणधर गौतम-) "हे मुने ! मैं उन पाशों (बन्धनों) को सब प्रकार से काटकर तथा उपायों द्वारा विनष्ट कर बन्धन मुक्त एवं लघु भूत होकर विचरण करता हूँ॥४१॥

पासा य इह के वुत्ता ? केसी गोयममब्बवी।
केसिमेवं बुवंतं तु गोयमो इणमब्बवी ॥४२॥

(केशी कुमारश्रमण-) हे गौतम ! पाश (बन्धन) किन्हें कहा गया है? (इस प्रकार) केशी ने गौतम से पूछा। उनके पूछने पर गौतम ने इस प्रकार कहा-॥४२॥

रागद्दोसादओ तिव्वा, नेहपासा भयंकरा।
ते छिन्दित्तु जहानायं, विहरामि जहक्कमं ॥४३॥

(गणधर गौतम-) तीव्र राग-द्वेष और स्नेह भयंकर पाश (बन्धन) हैं। उन्हें (शास्त्रोक्त) धर्मनीति के अनुसार काटकर मैं क्रमानुसार विचरण करता हूँ॥४३॥

साहु गोयम ! पन्ना ते, छिन्नो मे संसओ इमो।
अन्नो वि संसओ मज्झं तं मे कहसु गोयमा ॥४४॥

(केशी कुमारश्रमण-) गौतम ! आपकी प्रज्ञा सुन्दर है। आपने मेरा संशय मिटा दिया, परन्तु हे गौतम ! मेरा एक और सन्देह है उसके विषय में भी मुझे कहिए॥४४॥

५. अन्तोहियय-संभूया, लया चिट्ठइ गोयमा।
फलेइ विसभक्खीणि, सा उ उद्धरिया कहं ॥४५॥

तं लयं सव्वओ छित्ता उद्धरित्ता समूलियं।
विहरामि जहानायं मुक्को मि विसभक्खणं ॥४६॥

लया य इह का वुत्ता ? केसी गोयममब्बवी।
केसिमेवं बुवंतं तु गोयमो इणमब्बवी ॥४७॥
भवतण्हा लया वुत्ता, भीमा भीमफलोदया।
तमुद्धरित्तु जहानायं, विहरामि महामुणी ॥४८॥

साहु गोयम ! पन्ना ते छिन्नो मे संसओ इमो।
अन्नो वि संसओ मज्झं, तं मे कहसु गोयमा ॥४९॥

६. संपज्जलिया घोरा, अग्गी चिट्ठइ गोयमा।
जे डहन्ति सरीरत्था, कहं विज्झाविया तुमे ॥५०॥

महामेहप्पसूयाओ, गिज्झ वारि जलुत्तमं।
सिंचामि सययं देहं, सित्ता नो व डहन्ति मे ॥५१॥

अग्गी य इह के वुत्ता ? केसी गोयममब्बवी।
केसिमेवं बुवंतं तु, गोयमो इणमब्बवी ॥५२॥
कसाया अग्गिणो वुत्ता, सुय-सील-तवो जलं।
सुयधाराभिहया सन्ता, भिन्ना हु न डहन्ति मे ॥५३॥

साहु गोयम ! पन्ना ते, छिन्नो मे संसओ इमो।
अन्नो वि संसओ मज्झं, तं मे कहसु गोयमा ॥५४॥

७. अयं साहसिओ भीमो, दुट्ठस्सो परिधावई।
जंसि गोयम ! आरूढो कहं तेण न हीरसि ? ॥५५॥

पधावन्तं निगिण्हामि सुयरस्सीसमाहियं।
न मे गच्छइ उम्मग्गं मग्गं च पडिवज्जई ॥५६॥

अस्से य इइ के वुत्ते ? केसी गोयममब्बवी।
केसिमेवं बुवंतं तु गोयमो इणमब्बवी ॥५७॥
मणो साहसिओ भीमो, दुट्ठस्सो परिधावई।
तं सम्मं निगिण्हामि धम्मसिक्खाए कन्थगं ॥५८॥

साहु गोयम ! पन्ना ते, छिन्नो मे संसओ इमो।
अन्नो वि संसओ मज्झं, तं मे कहसु गोयमा ! ॥५९॥

५. हे गौतम ! हृदय के अन्दर उत्पन्न एक लता फैल रही है, जो भक्षण करने पर विष तुल्य फल देती है। आपने उस (विषबेल) को कैसे उखाड़ा ? ॥४५॥

(गणधर गौतम-) उस लता को सर्वथा काटकर एवं जड़ से उखाड़ कर मैं नीति के अनुसार विचरण करता हूँ अतः मैं उसके विषफल को खाने से मुक्त हूँ ॥४६॥

केशी ने गौतम से पूछा-"लता आप किसे कहते हैं ? केशी के इस प्रकार पूछने पर गौतम ने यह कहा- ॥४७॥

(गणधर गौतम-) भवतृष्णा (सांसारिक तृष्णा लालसा) को ही भयंकर लता कहा गया है उसमें भयंकर विपाक वाले फल लगते हैं।

हे महामुने ! मैं उसे मूल से उखाड़कर (शास्त्रोक्त) नीति के अनुसार विचरण करता हूँ ॥४८॥

(केशी कुमारश्रमण-) हे गौतम ! आपकी बुद्धि श्रेष्ठ है, आपने मेरे इस संशय को मिटाया है। एक दूसरा संशय भी मेरे मन में है, हे गौतम ! उस विषय में भी आप मुझे बताओ ॥४९॥

६. हे गौतम ! चारों ओर घोर अग्नियाँ प्रज्वलित हो रही हैं, जो शरीरधारी जीवों को जलाती रहती हैं, आपने उन्हें कैसे बुझाया ? ॥५०॥

(गणधर गौतम-)महामेघों से उत्पन्न सब जलों में से उत्तम जल लेकर मैं उसका निरन्तर सिंचन करता हूँ। इसी कारण सिंचन (शान्त) की गई अग्नियाँ मुझे नहीं जलातीं ॥५१॥

(केशी कुमारश्रमण-) वे अग्नियाँ कौन-सी हैं ? केशी ने गौतम से पूछा। यह पूछने पर गौतम ने इस प्रकार कहा- ॥५२॥

(गणधर गौतम-)कषायों को अग्नि कहा गया है। श्रुत, शील और तप जल है। श्रुत रूप जलधारा से शान्त और नष्ट हुई अग्नियाँ मुझे नहीं जलातीं ॥५३॥

(केशी कुमारश्रमण-)गौतम ! आपकी प्रज्ञा प्रशस्त है। आपने मेरा यह संशय मिटा दिया, किन्तु मेरा एक और सन्देह है, उसके सम्बन्ध में भी मुझे कहें ॥५४॥

७. यह साहसिक, भयंकर दुष्ट घोड़ा इधर-उधर चारों ओर दौड़ रहा है, हे गौतम ! आप इस पर आरूढ़ हैं, (फिर भी) वह आपको उन्मार्ग पर क्यों नहीं ले जाता ॥५५॥

(गणधर गौतम-) दौड़ते हुए उस घोड़े का मैं श्रुत रश्मि (शास्त्रज्ञानरूपी) लगाम से निग्रह करता हूँ, जिससे वह मुझे उन्मार्ग पर नहीं ले जाता अपितु सन्मार्ग पर ही ले जाता है ॥५६॥

(केशी कुमारश्रमण-) अश्व किसे कहा गया है ? इस प्रकार केशी ने गौतम से पूछा, पूछने पर गौतम ने इस प्रकार कहा- ॥५७॥

(गणधर गौतम-) मन ही वह साहसी, भयंकर और दुष्ट अश्व है, उसे मैं सम्यक् प्रकार से वश में करता हूँ। जो धर्मशिक्षा से वह कन्थक (-उत्तम जाति के अश्व) के समान हो गया है ॥५८॥

(केशी कुमारश्रमण-) हे गौतम ! आपकी प्रज्ञा श्रेष्ठ है, आपने मेरा यह संशय दूर कर दिया (किन्तु) मेरा एक संशय और भी है, गौतम ! उसके सम्बन्ध में मुझे बताइए ॥५९॥

८. कुप्पहा बहवो लोए, जेहिं नासन्ति जंतवो।
अद्धाणे कह वट्टन्ते तं न नस्ससि गोयमा !॥६०॥

जे य मग्गेण गच्छन्ति, जे य उम्मग्गपट्ठिया।
ते सव्वे विइया मज्झं, तो न नस्सामहं मुणी॥६१॥

मग्गे य इह के वुत्ते ? केसी गोयममब्बवी।
केसिमेवं बुवंतं तु गोयमो इणमब्बवी॥६२॥
कुप्पवयण–पासण्डी सव्वे उम्मग्गपट्ठिया।
सम्मग्गं तु विणक्खायं एस मग्गे हि उत्तमे॥६३॥

साहु गोयम ! पन्ना ते, छिन्नो मे संसओ इमो।
अन्नो वि संसओ मज्झं, तं मे कहसु गोयमा !॥६४॥

९. महाउदग–वेगेणं बुज्झमाणाण पाणिणं।
सरणं गई पइट्ठा य, दीवं कं मन्नसी मुणी॥६५॥
अत्थि एगो महादीवो वारिमज्झे महालओ।
महाउदगवेगस्स गई तत्थ न विज्जई॥६६॥
दीवे य इइ के वुत्ते ? केसी गोयममब्बवी।
केसिमेवं बुवंतं तु गोयमो इणमब्बवी॥६७॥

जरा मरणवेगेणं बुज्झमाणाण पाणिणं।
धम्मो दीवो पइट्ठा य, गई सरणमुत्तमं॥६८॥

साहु गोयम ! पन्ना ते, छिन्नो मे संसओ इमो।
अन्नो वि संसओ मज्झं, तं मे कहसु गोयमा !॥६९॥

१०. अण्णवंसि महोहंसि नावा विपरिधावई।
जंसि गोयममारूढो कहं पारं गमिस्ससि ?॥७०॥
जा उ अस्सावणी नावा, न सा पारस्स गामिणी।
जा निरस्सावणी नावा, सा उ पारस्स गामिणी॥७१॥

नावा य इइ का वुत्ता ? केसी गोयममब्बवी।
केसिमेवं बुवंतं तु गोयमो इणमब्बवी॥७२॥
सरीरमाहु नाव त्ति, जीवो वुच्चइ नाविओ।
संसारो अण्णवो वुत्तो, जं तरन्ति महेसिणो॥७३॥

साहु गोयम ! पन्ना ते, छिन्नो मे संसओ इमो।
अन्नो वि संसओ मज्झं, तं मे कहसु गोयमा !॥७४॥

११. अन्धयारे तमे घोरे, चिट्ठन्ति पाणिणो बहु।
को करिस्सइ उज्जोयं सव्वलोगंमि पाणिणं ?॥७५॥

उग्गओ विमलो भाणू, सव्वलोगप्पभंकरो।
सो करिस्सइ उज्जोयं सव्वलोगंमि पाणिणं॥७६॥

८. "हे गौतम ! संसार में अनेक कुपथ हैं, जिन पर चलने से प्राणी भटक जाते हैं। आप उस मार्ग पर चलते हुए भी कैसे नहीं भटके ?" ॥६०॥

(गौतम गणधर–) "हे मुनिवर ! जो सन्मार्ग से चलते हैं और जो उन्मार्ग से चलते हैं, वे सब मेरे जाने हुए हैं, इसलिए मैं भ्रष्ट नहीं होता हूँ।"॥६१॥

केशी ने गौतम से पुनः पूछा–"मार्ग किसे कहा गया है ?" केशी के इस प्रकार पूछने पर गौतम ने यह कहा–॥६२॥

(गणधर गौतम–) कुप्रवचनों (मिथ्यादर्शनों) को मानने वाले सभी पाषण्डी उन्मार्गगामी हैं, सन्मार्ग तो वीतराग द्वारा कथित है और यही मार्ग उत्तम है॥६३॥

(केशी कुमारश्रमण--) "हे गौतम ! आपकी प्रज्ञा प्रशस्त है। आपने मेरा यह सन्देह मिटा दिया किन्तु मेरे मन में एक और सन्देह है, उसके विषय में भी मुझे कहिए।" ॥६४॥

९. "हे मुनिवर ! महान् जलप्रवाह के वेग से बहते हुए प्राणियों के लिए शरणगति प्रतिष्ठा और द्वीप आप किसे मानते हो ?" ॥६५॥

(गणधर गौतम–) जल के मध्य में एक विशाल महाद्वीप है। वहाँ महान् जलप्रवाह के वेग की गति (प्रवेश) नहीं है॥६६॥

(केशी कुमारश्रमण–) केशी ने गौतम से (फिर) पूछा–"महाद्वीप आप किसे कहते हैं ?" केशी के ऐसा पूछने पर गौतम ने यों कहा–॥६७॥

(गणधर गौतम–) जरा और मरण (आदि) के वेग से बहते हुए प्राणियों के लिए धर्म ही द्वीप है, प्रतिष्ठा है, गति है तथा उत्तम शरण है॥६८॥

(केशी कुमारश्रमण–) "हे गौतम ! आपकी प्रज्ञा श्रेष्ठ है, आपने मेरा संशय निवारण कर दिया। परन्तु मेरा एक और संशय है, हे गौतम ! उसके सम्बन्ध में भी मुझे बताइए।" ॥६९॥

१०. महाप्रवाह वाले समुद्र में नौका डगमगा रही है (ऐसी स्थिति में) आप उस पर आरूढ़ होकर कैसे (समुद्र) पार कर सकोगे ?॥७०॥

(गणधर गौतम–) जो नौका छिद्रयुक्त है, वह (समुद्र के) पार तक नहीं जा सकती, किन्तु जो नौका छिद्ररहित है वह (समुद्र) पार जा सकती है॥७१॥

केशी ने गौतम से पूछा–"आप नौका किसे कहते हैं ?" केशी के यों पूछने पर गौतम ने इस प्रकार कहा–॥७२॥

(गणधर गौतम–) "शरीर को नौका कहा है और जीव (आत्मा) को इसका नाविक कहा है तथा संसार को समुद्र कहा गया है, जिसे महर्षि पार कर जाते हैं।" ॥७३॥

(केशी कुमारश्रमण–) गौतम ! आपकी प्रज्ञा श्रेष्ठ है। आपने मेरे इस संशय को मिटा दिया, किन्तु मेरा एक और संशय है। उसके विषय में भी आप मुझे बताइए॥७४॥

११. घोर एवं गाढ़ अन्धकार में (संसार के) बहुत-से प्राणी रह रहे हैं। (ऐसी स्थिति में) सम्पूर्ण लोक में प्राणियों के लिए कौन उद्योत (प्रकाश) करेगा॥७५॥

(गणधर गौतम--) समग्र लोक में प्रकाश करने वाला निर्मल सूर्य उदित हो चुका है, वही समस्त लोक में प्राणियों के लिए प्रकाश प्रदान करेगा॥७६॥

भाणू य इइ के वुत्ते ? केसी गोयममब्बवी।
केसिमेवं वुवंतं तु गोयमो इणमब्बवी ॥७७॥
उग्गओ खीणसंसारो, सव्वन्नु जिणभक्खरो।
सो करिस्सइ उज्जोयं सव्वलोयंमि पाणिणं ॥७८॥

साहु गोयम ! पन्ना ते, छिन्नो मे संसओ इमो।
अन्नो वि संसओ मज्झं, तं मे कहसु गोयमा ! ॥७९॥

केसी ने गौतम से पूछा–"आप सूर्य किसे कहते हैं ?" केशी के इस प्रकार पूछने पर गौतम ने यह कहा– ॥७७॥

(गणधर गौतम–) जिसका संसार क्षीण हो चुका है, सर्वज्ञ है, ऐसा जिन-भास्कर उदित हो चुका है। वही सारे लोक में प्राणियों के लिए प्रकाश करेगा ॥७८॥

(केशी कुमारश्रमण–) गौतम ! तुम्हारी प्रज्ञा निर्मल है। तुमने मेरा यह संशय तो दूर कर दिया। अब मेरा एक संशय रह जाता है, उसके विषय में भी मुझे कहिए ॥७९॥

१२. सारीर-माणसे दुक्खे, वज्झमाणाण पाणिणं।
खेमं सिवमणावाहं ठाणं, किं मन्नसी मुणी ॥८०॥

अत्थि एगं धुवं ठाणं, लोगग्गंमि दुरारुहं ॥
जत्थ नत्थि जरा मच्चू, वाहिणो वेयणा तहा ॥८१॥

ठाणे य इइ के वुत्ते ? केसी गोयममब्बवी।
केसिमेवं वुवंतं तु गोयमो इणमब्बवी ॥८२॥
निव्वाणं ति अवाहं ति, सिद्धी लोगग्गमेव य।
खेमं सिवं अणावाहं, जं चरन्ति महेसिणो ॥८३॥

तं ठाणं सासयं वासं लोगग्गंमि दुरारुहं।
जं संपत्ता न सोयन्ति भवोहन्तकरा मुणी ॥८४॥

साहु गोयम ! पन्ना ते छिन्नो मे संसओ इमो।
नमो ते संसयाईय ! सव्वसुत्तमहोयही ॥८५॥

एवं तु संसए छिन्ने केसी घोरपरक्कमे।
अभिवन्दित्ता सिरसा गोयमं तु महायसं ॥८६॥
पंचमहव्वयधम्मं, पडिवज्जइ भावओ।
पुरिमस्स पच्छिमंमी, मग्गे तत्थ सुहावहे ॥८७॥

केसीगोयमओ निच्चं तम्मि आसि समागमे।
सुय–सीलसमुक्करिसो महत्थऽत्थविणिच्छओ ॥८८॥

तोसिया परिसा सव्वा, सम्मग्गं समुवट्ठिया।
संथुया ते पसीयन्तु भयवं केसिगोयमे ॥८९॥

त्ति बेमि।

–उत्त. अ. २३, गा. १–८९

केसी ने गौतम से पूछा–"आप सूर्य किसे कहते हैं ?" केशी के इस प्रकार पूछने पर गौतम ने यह कहा– ॥७७॥

(गणधर गौतम–) जिसका संसार क्षीण हो चुका है, सर्वज्ञ है, ऐसा जिन-भास्कर उदित हो चुका है। वही सारे लोक में प्राणियों के लिए प्रकाश करेगा ॥७८॥

(केशी कुमारश्रमण–) गौतम ! तुम्हारी प्रज्ञा निर्मल है। तुमने मेरा यह संशय तो दूर कर दिया। अब मेरा एक संशय रह जाता है, उसके विषय में भी मुझे कहिए ॥७९॥

१२. मुनिवर ! शारीरिक और मानसिक दुःखों से पीड़ित प्राणियों के लिए क्षेम शिव और अनाबाध–बाधारहित स्थान कौन-सा मानते हो ? ॥८०॥

(गणधर गौतम–) लोक के अग्रभाग में एक ऐसा ध्रुव (अचल) स्थान है, जहाँ जरा, मृत्यु, व्याधियाँ तथा वेदनाएँ नहीं हैं, परन्तु वहाँ पहुँचना दुरारुह (बहुत कठिन) है ॥८१॥

(केशी कुमारश्रमण–) "वह स्थान कौन-सा कहा गया है ? केशी ने गौतम से पूछा और पूछने पर गौतम ने यह कहा– ॥८२॥

(गणधर गौतम–) जिस स्थान को महामुनि जन ही प्राप्त करते हैं, वह स्थान निर्वाण, अबाध, सिद्धि, लोकाग्र, क्षेम, शिव और अनाबाध (इत्यादि नामों से प्रसिद्ध) है ॥८३॥

भवप्रवाह का अन्त करने वाले महामुनि जिसे प्राप्त कर शोक से मुक्त हो जाते हैं, वह स्थान लोक के अग्रभाग में शाश्वतरूप से स्थित है, जहाँ पहुँचना अत्यन्त कठिन है। उसे मैं स्थान कहता हूँ ॥८४॥

(केशी कुमारश्रमण–)हे गौतम ! आपकी प्रज्ञा श्रेष्ठ है। आपने मेरा यह संशय भी दूर कर दिया है, संशयातीत है सर्वश्रुत महोदधि ! आपको मेरा नमस्कार है ॥८५॥

इस प्रकार संशय निवारण हो जाने पर घोर पराक्रमी केशी कुमार-श्रमण ने महायशस्वी गौतम को नतमस्तक हो वन्दना करके ॥८६॥

पूर्व जिनेश्वर द्वारा अभिमत सुखावह अन्तिम तीर्थंकर द्वारा प्रवर्तित मार्ग में पंच महाव्रतरूप धर्म को भाव से अंगीकार किया ॥८७॥

उस तिन्दुक उद्यान में केशी और गौतम दोनों का जो समागम हुआ, उससे श्रुत तथा शील का उत्कर्ष हुआ और महान् प्रयोजन भूत अर्थों का विनिश्चय हुआ ॥८८॥

(इस प्रकार) वह सारी सभा (देव, असुर और मनुष्यों से परिपूर्ण परिषद्) धर्मचर्चा से सन्तुष्ट हुई और सन्मार्ग–में समुपस्थित हुई। उस सभा ने भगवान केशी और गौतम की स्तुति की कि–वे दोनों (हम पर) प्रसन्न रहें।

ऐसा मैं कहता हूँ ! ॥८९॥

भाग २, खण्ड ४, पृ. १२८

पासावच्चिज्ज थेराणं देसणाए तव संजम फल परूवणं भगवया अणुमोयणा य–

पार्श्वापत्य स्थविरों द्वारा देशना में तप संयम के फल का प्ररूपण और भगवान द्वारा अनुमोदना–

सूत्र ६४ (ख)

तए णं ते समणोवासया थेराणं भगवंताणं अंतिए धम्मं सोच्चा निसम्म हट्ठ तुट्ठ जाव हयहियया तिक्खुत्तो आयाहिणं पयाहिणं करेंति

तदन्तर वे श्रमणोपासक स्थविर भगवन्तों से धर्मोपदेश सुनकर एवं हृदयंगम करके बड़े हर्षित और सन्तुष्ट हुए यावत् उनका हृदय खिल

करेत्ता जाव तिविहाए पज्जुवासणयाए पज्जुवासंति पज्जुवासित्ता एवं वयासी–

उठा और उन्होंने स्थविर भगवन्तों की दाहिनी ओर से तीन बार प्रदक्षिणा की और प्रदक्षिणा करके यावत् तीन प्रकार की उपासना द्वारा उनकी पर्युपासना की और पर्युपासना करके फिर इस प्रकार पूछा–

प. संजमे णं भंते ! किं फले ? तवे णं भंते ! किं फले ?
तए णं ते थेरा भगवंतो ते समणोवासए एवं वयासी–

प्र. भंते ! संयम का क्या फल है ? भंते ! तप का क्या फल है ?
इस पर स्थविर भगवन्तों ने उन श्रमणोपासकों से इस प्रकार कहा–

उ. संजमे णं अज्जो ! अणण्हयफले, तवे वोदाणफले।

उ. "हे आर्यो ! संयम का फल अनाश्रवता (आश्रवरहितता-संवरसम्पन्नता) है। तप का फल व्यवदान (कर्मों को क्षय) करना है।

तए णं ते समणोवासया थेरे भगवंते एवं वयासी–

(स्थविर भगवन्तों से यह उत्तर सुनकर) श्रमणोपासकों ने उन स्थविर भगवन्तों से (पुनः) इस प्रकार पूछा–

प. जइ णं भंते ! संजमे अणण्हयफले, तवे वोदाणफले किं पत्तियं णं भंते ! देवा देवलोएसु उवज्जंति ? तत्थ णं कालियपुत्ते नामं थेरे ते समणोवासए एवं वयासी–

प्र. भंते ! यदि संयम का फल अनाश्रवता है और तप का फल व्यवदान है तो देव देवलोकों में किस कारण से उत्पन्न होते हैं ?
(श्रमणोपासकों का प्रश्न सुनकर) उन स्थविरों में से कालिकपुत्र नामक स्थविर ने उन श्रमणोपासकों से यों कहा–

उ. पुव्वतवेणं अज्जो ! देवा देवलोएसु उववज्जंति।
तत्थ णं मेहिले नामं थेरे ते समणोवासए एवं वयासी–

उ. आर्यो ! पूर्वतप के कारण देव देवलोकों में उत्पन्न होते हैं।
उनमें से मेहिल (मेधिल) नाम के स्थविर ने उन श्रमणोपासकों से इस प्रकार कहा–

पुव्वसंजमेण अज्जो ! देवा देवलोएसु उववज्जंति।

"आर्यो ! पूर्व संयम के कारण देव देवलोकों में उत्पन्न होते हैं।"

तत्थ णं आणंदरक्खिए णामं थेरे ते समणोवासए एवं वयासी–

उनमें से आनन्दरक्षित नामक स्थविर ने उन श्रमणोपासकों से इस प्रकार कहा–

कम्मियाए अज्जो ! देवा देवलोएसु उववज्जंति।

"आर्यो ! कर्मिता (कर्म शेष रहने) के कारण देवता देवलोकों में उत्पन्न होते हैं।"

तत्थ णं कासवे णामं थेरे ते समणोवासए एवं वयासी–

उनमें से काश्यप नामक स्थविर ने उन श्रमणोपासकों से यों कहा–

संगियाए अज्जो ! देवा देवलोएसु उववज्जंति,

आर्यो ! संगिता (रागआसक्ति) के कारण देव देवलोकों में उत्पन्न होते हैं।

पुव्वतवेणं पुव्वसंजमेणं कम्मियाए संगियाए अज्जो ! देवा देवलोएसु उववज्जंति।

इस प्रकार हे आर्यो ! (वास्तव में) पूर्व तप से, पूर्व संयम से, कर्म क्षय न होने पर तथा राग आसक्ति से देवता देवलोकों में उत्पन्न होते हैं।

सच्चे णं एस अट्ठे, नो चेव णं आयभाववत्तव्वयाए।

यह बात (अर्थ) सत्य है और हमने अपना आत्मभाव (अपना अहंभाव) बताने की दृष्टि से नहीं कही है।

तए णं ते समणोवासया थेरेहिं भगवंतेहिं इमाइं एयारूवाइं वागरणाइं वागरिया समाणा हट्ठतुट्ठा थेरे भगवंते वंदइ नमंसइ वंदित्ता नमंसित्ता पसिणाइं पुच्छंति, पुच्छित्ता अट्ठाइं उवादियंति उवादियत्ता उट्ठाए उट्ठेंति उट्ठित्ता थेरे भगवंते तिक्खुत्तो वंदंति णमंसंति वंदित्ता णमंसित्ता थेराणं भगवंताणं अंतियाओ पुप्फवइयाओ चेइयाओ पडिनिक्खमंति पडिनिक्खमित्ता जामेव दिसिं पाउब्भूया तामेव दिसिं पडिगया।

तत्पश्चात् वे श्रमणोपासक, स्थविर द्वारा (अपने प्रश्नों के) कहे हुए इन और ऐसे उत्तरों को सुनकर बड़े हर्षित एवं सन्तुष्ट हुए और स्थविर भगवन्तों को वंदन नमस्कार किया और वन्दना नमस्कार करके अन्य प्रश्न भी पूछते हैं, प्रश्न पूछकर फिर स्थविर भगवन्तों द्वारा दिये गये उत्तरों को ग्रहण करते हैं ग्रहण करके वे वहाँ से उठते हैं और उठकर तीन बार वन्दना नमस्कार करते हैं वंदना नमस्कार करके वे उन स्थविर भगवन्तों के पास से और उस पुष्पवतिक चैत्य से निकलकर जिस दिशा से आए थे उसी दिशा में वापस लौट गए।

तए णं ते थेरा अन्नया कयाइ तुंगियाओ पुप्फवइचेइयाओ पडिनिग्गच्छंति पडिनिग्गच्छित्ता बहिया जणवयविहारं विहरंति।

इधर वे स्थविर भगवन्त भी किसी एक दिन तुंगिका नगरी के उस पुष्पवतिक चैत्य से निकले और बाहर (अन्य) जनपदों में विचरण करने लगे।

तेणं कालेणं तेणं समएणं रायगिहे नामं नयरे होत्था **जाव** परिसा पडिगया। तेणं कालेणं तेणं समएणं समणस्स भगवओ महावीरस्स जेट्ठे अंतेवासी इंदभूई नामं अणगारे **जाव** संखित्तविउलतेयलेस्से छट्ठंछट्ठेणं अनिक्खित्तेणं तवोकम्मेणं संजमेणं तवसा अप्पाणं भावेमाणे **जाव** विहरइ।

उस काल और उस समय में राजगृह नामक नगर था। वहाँ (श्रमण भगवान महावीर स्वामी पधारे। परिषद् वन्दना करने गई (**यावत्**) धर्मोपदेश सुनकर) परिषद् वापस लौट गई। उस काल और उस समय में श्रमण भगवान महावीर के ज्येष्ठ अन्तेवासी (शिष्य) इन्द्रभूति नामक अनगार थे **यावत्** .... वे विपुल तेजोलेश्या को अपने शरीर में संक्षिप्त करके रखते थे। वे निरन्तर छट्ठ-छट्ठ (बेले-बेले) के तपश्चरण से तथा संयम और तप से अपनी आत्मा को भावित करते हुए **यावत्** विचरते थे।

तए णं से भगवं गोयमे छट्ठक्खमणपारणगंसि पढमाए पोरिसीए सज्झायं करेइ, बीयाए पोरिसीए झाणं झियायइ, तइयाए पोरिसीए अतुरियमचवलमसंभंते मुहपोतियं पडिलेहेइ, पडिलेहित्ता भायणाइं वत्थाइं पडिलेहेइ, पडिलेहित्ता भायणाइं पमज्जइ, पमज्जित्ता भायणाइं उग्गाहेइ उग्गाहेत्ता, जेणेव समणे भगवं महावीरे तेणेव उवागच्छइ उवागच्छित्ता समणं भगवं महावीरं वंदइ नमंसइ वंदित्ता नमंसित्ता एवं वयासी–

इसके पश्चात् छट्ठ (बेले) के पारणे के दिन भगवान (इन्द्रभूति) गौतम स्वामी ने प्रथम प्रहर में स्वाध्याय किया, द्वितीय प्रहर (पौरुषी) में ध्यान किया, तृतीय प्रहर (पौरुषी) में मानसिक चपलता से रहित, आकुलता से रहित होकर मुखवस्त्रिका की प्रतिलेखना की, प्रतिलेखना कर पात्रों और वस्त्रों की प्रतिलेखना की, प्रतिलेखना कर पात्रों का प्रमार्जन किया और पात्रों का प्रमार्जन कर उन पात्रों को लिया, लेकर जहाँ श्रमण भगवान महावीर स्वामी विराजमान थे वहाँ आये, वहाँ आकर श्रमण भगवान महावीर स्वामी को वन्दन-नमस्कार किया और वन्दन नमस्कार करके इस प्रकार निवेदन किया–

"इच्छामि णं भंते ! तुब्भेहिं अब्भणुण्णाए छट्ठक्खमणपारणगंसि रायगिहे नगरे उच्च-नीय-मज्झिमाइं कुलाइं घरसमुदाणस्स भिक्खायरियाए अडित्तए।"

"भंते ! आज मेरे छट्ठ तप (बेले) के पारणे का दिन है, अतः आपसे आज्ञा प्राप्त होने पर मैं राजगृह नगर में उच्च, नीच और मध्यम कुलों के गृहसमुदाय में भिक्षाचर्या की विधि के अनुसार भिक्षाटन करना चाहता हूँ।"

"अहासुहं देवाणुप्पिया ! मा पडिबंधं करेह।"

(इस पर भगवान ने कहा–) "हे देवानुप्रिय ! जिस प्रकार तुम्हें सुख हो वैसे करो, किन्तु विलम्ब मत करो।"

तए णं भगवं गोयमे समणेणं भगवया महावीरेणं अब्भणुण्णाए समाणे समणस्स भगवओ महावीरस्स अंतियाओ गुणसिलाओ चेइयाओ पडिनिक्खमइ पडिनिक्खमित्ता अतुरियमचवलमसंभंते जुगंतरपलोयणाए दिट्ठीए पुरओ रियं सोहेमाणे सोहेमाणे जेणेव रायगिहे नगरे तेणेव उवागच्छइ, उवागच्छित्ता रायगिहे नगरे उच्च-नीय-मज्झिमाइं कुलाइं घरसमुदाणस्स भिक्खायरियं अडइ।

तब भगवान की आज्ञा प्राप्त हो जाने के बाद भगवान गौतम स्वामी श्रमण भगवान महावीर स्वामी के पास से तथा गुणशील चैत्य से निकले और निकलकर त्वरा (उतावली) चपलता (चंचलता) और संभ्रम (आकुलता) से रहित होकर युगान्तर (गाड़ी के जुए=धूसर–) प्रमाण दूर (अन्तर) तक की भूमि का अवलोकन करते हुए अपनी दृष्टि से आगे-आगे के गमन मार्ग का शोधन करते हुए जहाँ राजगृह नगर था, वहाँ आए और आकर (राजगृह में) ऊँच, नीच और मध्यम कुलों के गृह-समुदाय में विधिपूर्वक भिक्षाटन करने लगे।

तए णं से भगवं गोयमे रायगिहे नगरे **जाव** अडमाणे बहुजणसद्दं निसामेइ,

"एवं खलु देवाणुप्पिया ! तुंगियाए नगरीए बहिया पुप्फवईए चेइए पासावच्चिज्जा थेरा भगवंतो समणोवासएहिं इमाइं एयारूवाइं वागरणाइं पुच्छिया–

"संजमे णं भंते ! किंफले, तवे णं भंते ! किं फले ?"

तए णं ते थेरा भगवंतो ते समणोवासए एवं वयासी–

उस समय (राजगृह नगर में) भिक्षाटन करते हुए भगवान गौतम ने बहुत से लोगों के मुख से इस प्रकार के शब्द सुने–

"हे देवानुप्रिय ! तुंगिका नगरी के बाहर पुष्पवतिक नामक उद्यान में भगवान पार्श्वनाथ के शिष्यानुशिष्य स्थविर भगवन्त पधारे थे उनसे वहाँ के श्रमणोपासकों ने इस प्रकार प्रश्न पूछे–

"भंते ! संयम का क्या फल है, भंते ! तप का क्या फल है ?"

तब (उत्तर में) स्थविर भगवन्तों ने उन श्रमणोपासकों से इस प्रकार कहा–

"संजमे णं अज्जो ! अणण्हयफले, तवे वोदाणफले **तं चेव जाव** पुव्वतवेणं पुव्वसंजमेणं कम्मियाए संगियाए अज्जो ! देवा देवलोएसु उववज्जंति, सच्चे णं एसमट्ठे णो चेव णं आयभाववत्तव्वयाए से कहमेयं मन्ने एवं ?

"आर्यों ! संयम का फल अनाश्रवत्व (संवर) है और तप का फल व्यवदानत्व (कर्मों का क्षय) है। यह सारा वर्णन पूर्व तप से, पूर्व संयम से, कर्मिता और संगिता से देवता देवलोकों में उत्पन्न होते हैं पर्यन्त करना चाहिए, यह बात सत्य है, इसलिए हमने कही है, हमने अपने अहंभाव वश यह बात नहीं कही है तो मैं (गौतम) यह (इस जनसमूह की) बात कैसे मान लूँ।

तए णं से समणे भगवं गोयमे इमीसे कहाए लद्धट्ठे समाणे जायसड्ढे **जाव** समुप्पन्नकोउहल्ले, अहापज्जत्तं समुदाणं गेण्हइ गेण्हित्ता रायगिहाओ नगराओ पडिनिक्खमइ, पडिनिक्खमित्ता अतुरियं **जाव** सोहेमाणे जेणेव गुणसीलए चेइए जेणेव समणे भगवं महावीरे तेणेव उवागच्छइ उवागच्छित्ता समणे भगवं महावीरस्स अदूरसामंते गमणागमणाए पडिक्कमइ, एसणमणेसणं आलोएइ आलोइत्ता भत्तपाणं पडिदंसेइ पडिदंसेत्ता समणं भगवं महावीरं **जाव** एवं वयासी–

इसके पश्चात् श्रमण भगवान गौतम ने इस प्रकार की बात लोगों के मुख से सुनी तो उन्हें श्रद्धा उत्पन्न हुई **यावत्** उनके मन में कौतूहल भी जागा और विधिपूर्वक आवश्यकतानुसार भिक्षा ली, भिक्षा लेकर वे राजगृहनगर (की सीमा) से बाहर निकले बाहर निकलकर अत्वरित गति से **यावत्** (ईर्यासमिति-पूर्वक) ईर्या-मार्ग शोधन करते हुए जहाँ गुणशीलक चैत्य था और जहाँ श्रमण भगवान महावीर विराजमान थे, वहाँ आए और आकर उनके निकट उपस्थित होकर गमनागमन सम्बन्धी प्रतिक्रमण किया (भिक्षाचर्या में लगे हुए) एषणा और अनेषणा दोषों की आलोचना की, आलोचना करके फिर (लाया हुआ) आहार-पानी भगवान को दिखाया, दिखाकर श्रमण भगवान महावीर स्वामी से **यावत्** इस प्रकार निवेदन किया–

"एवं खलु भंते ! **अहं तुब्भेहिं अब्भणुण्णाए** समाणे रायगिहे नगरे उच्च-नीय-मज्झिमाणि कुलाणि घरसमुदाणस्स भिक्खायरियाए **अडमाणे बहुजणसद्दं** निसामेमि 'एवं खलु देवाणुप्पिया ! तुंगियाए नगरीए बहिया पुप्फवईए चेइए पासावच्चिज्जा थेरा भगवंतो समणोवासएहिं इमाइं एयारूवाइं वागरणाइं पुच्छेज्जा–'संजमेणं भंते ! किंफले ? तवे किं फले ?' **तं चेव जाव** सच्चे णं एसमट्ठे णो चेव णं आयभाववत्तव्वयाए।"

"भंते ! मैं आपसे आज्ञा प्राप्त करके राजगृहनगर में उच्च, नीच और मध्यम कुलों में भिक्षाचर्या के लिए विधिपूर्वक भिक्षाटन कर रहा था, उस समय बहुत से लोगों के मुख से इस प्रकार के उद्‌गार सुने कि 'हे देवानुप्रियों !' तुंगिका नगरी के बाहर स्थित पुष्पवतिक नामक उद्यान में पार्श्वापत्यीय स्थविर भगवन्त पधारे थे उनसे वहाँ के श्रमणोपासकों ने इस प्रकार के प्रश्न पूछे–'भंते ! संयम का क्या फल है ? और तप का क्या फल है ?' यह सारा वर्णन पूर्व की तरह कहना चाहिए **यावत्** यह बात सत्य है, इसलिए कही है, किन्तु हमने (आत्मभाव) अहंभाव के वश होकर नहीं कही है।"

"तं पभू णं भंते ! ते थेरा भगवंतो तेसिं समणोवासयाणं इमाइं एयारूवाइं वागरणाइं वागरित्तए ? उदाहु अप्पभू ?

(यों कहकर श्री गौतम स्वामी ने पूछा–) "भंते ! क्या वे स्थविर भगवन्त उन श्रमणोपासकों को इन और इस प्रकार के उत्तर देने में समर्थ हैं या असमर्थ हैं ?

समिया णं भंते ! ते थेरा भगवंतो तेसिं समणोवासयाणं इमाइं एयारूवाइं वागरणाइं वागरित्तए ? उदाहु असमिया ?

भंते ! क्या वे स्थविर भगवंत उन श्रमणोपासकों के प्रश्नों के इस प्रकार उत्तर देने में सम्यक्‌रूप से सक्षम हैं या असक्षम हैं ?

आउज्जिया णं भंते ! ते थेरा भगवंतो तेसिं समणोवासयाणं इमाइं एयारूवाइं वागरणाइं वागरित्तए ? उदाहु अणाउज्जिया ?

भंते ! क्या वे स्थविर भगवन्त उन श्रमणोपासकों को ऐसा उत्तर देने में उपयुक्त हैं या अनुपयुक्त हैं ?

पलिउज्जिया णं भंते ! ते थेरा भगवंतो तेसिं समणोवासयाणं इमाइं एयारूवाइं वागरणाइं वागरित्तए ? उदाहु अपलिउज्जिया ?

भंते ! क्या वे स्थविर भगवन्त उन श्रमणोपासकों को ऐसा उत्तर देने में विशिष्ट योग्यता वाले हैं या योग्यता वाले नहीं हैं ?

पुव्वतवेणं अज्जो ! देवा देवलोएसु उववज्जंति, पुव्वसंजमेणं देवा देवलोएसु उववज्जंति कम्मियाए, अज्जो देवा देवलोएसु उववज्जंति संगियाए अज्जो देवा देवलोएसु उववज्जंति पुव्वतवेणं पुव्वसंजमेणं कम्मियाए संगियाए अज्जो ! देवा देवलोएसु उववज्जंति। सच्चे णं एसमट्ठे णो चेव णं आयभाववत्तव्वयाए ?"

आर्यो ! पूर्वतप से देवता देवलोकों में उत्पन्न होते हैं, पूर्वसंयम से देवता देवलोकों में उत्पन्न होते हैं, कर्मिता से देवता देवलोकों में उत्पन्न होते हैं, संगिता (आसक्ति) के कारण देवता देवलोकों में उत्पन्न होते हैं और पूर्वतप, पूर्वसंयम, कर्मिता और संगिता से देवता देवलोकों में उत्पन्न होते हैं। यह बात सत्य है, इसलिए हम कहते हैं, किन्तु अपने अहंभाववश नहीं कहते हैं ?"

पभू णं गोयमा ! ते थेरा भगवंतो तेसिं समणोवासयाणं इमाइं एयारूवाइं वागरणाइं वागरेत्तए, **णो चेव णं अप्पभू, तह चेव**

(महावीर ने उत्तर दिया–) हे गौतम ! वे स्थविर भगवन्त उन श्रमणोपासकों को इस प्रकार के उत्तर देने में समर्थ हैं, किन्तु असमर्थ नहीं हैं **शेष सब वर्णन पूर्ववत् जानना चाहिए**

नेयव्वं अविसेसियं जाव पभू समिया आउज्जिया पलिज्जिया जाव सच्चे णं एसमट्ठे णो चेव णं आयभाववत्तव्वयाए। अहं पि णं गोयमा ! एवमाइक्खामि भासेमि पण्णवेमि परूवेमि–

पुव्वतवेणं देवा देवलोएसु उववज्जंति, पुव्वसंजमेणं देवा देवलोएसु उववज्जंति, कम्मियाए देवा देवलोएसु उववज्जंति, संगियाए देवा देवलोएसु उववज्जंति, पुव्वतवेणं पुव्वसंजमेणं कम्मियाए संगियाए अज्जो ! देवा देवलोएसु उववज्जंति, सच्चे णं एस मट्ठे, णो चेव णं आयभाववत्तव्वयाए।

–विया स. २, उ. ५, सु. १६-२५

यावत् वे सम्यक् रूप से सम्पन्न (समित) हैं, अभ्यस्त हैं (असम्पन्न या अनभ्यस्त नहीं हैं) वे उपयोग वाले हैं, अनुपयोग वाले नहीं हैं, वे विशिष्ट ज्ञानी हैं, सामान्य ज्ञानी नहीं हैं यावत यह बात सत्य है, इसलिए उन स्थविरों ने कही है, किन्तु अहंभाव के वश होकर नहीं कही है। हे गौतम ! मैं भी इसी प्रकार कहता हूँ, भाषण करता हूँ, बताता हूँ और प्ररूपणा करता हूँ कि–

पूर्वतप के कारण से देवता देवलोकों में उत्पन्न होते हैं, पूर्वसंयम के कारण देवता देवलोकों में उत्पन्न होते हैं, कर्मिता (कर्मक्षय होने बाकी रहने) से देवता देवलोकों में उत्पन्न होते हैं तथा संगिता (राग आसक्ति) के कारण देवता देवलोकों में उत्पन्न होते हैं और पूर्वतप, पूर्वसंयम, कर्मिता और संगिता से देवता देवलोकों में उत्पन्न होते हैं। यही बात सत्य है, इसलिए उन्होंने कही है, किन्तु अपना अहंभाववश नहीं कहते हैं।

भाग २, खण्ड ६, पृ. १७२

गोत्तस्स मूलोत्तर भेय परूवणं–

गोत्र के मूल और उत्तर भेदों का प्ररूपण–

सूत्र ३५९ (ख)

सत्त मूलगोत्ता पण्णत्ता, तं जहा–

१. कासवा, २. गोयमा, ३. वच्छा, ४. कोच्छा, ५. कोसिया, ६. मंडवा, ७. वासिट्ठा।

मूल गोत्र (एक पुरुष से उत्पन्न वंश परम्परा) सात कहे गए हैं, यथा–

१. काश्यप, २. गौतम, ३. वत्स, ४. कुत्स, ५. कौशिक, ६. माण्डव, ७. वाशिष्ठ।

१. जे कासवा ते सत्तविहा पण्णत्ता, तं जहा–

१. ते कासवा, २. ते संडिल्ला, ३. ते गोला, ४. ते वाला, ५. ते मुंजइणो, ६. ते पव्वइणो, ७. ते वरिसकण्हा।

१. जो काश्यप गोत्री हैं वे सात प्रकार के कहे गए हैं, यथा–

१. काश्यप, २. शाण्डिल्य, ३. गोल, ४. बाल, ५. मौंजकी, ६. पर्वती, ७. वर्षकृष्ण।

२. जे गोयमा ते सत्तविहा पण्णत्ता, तं जहा–

१. ते गोयमा, २. ते गग्गा, ३. ते भारद्दा, ४. ते अंगिरसा, ५. ते सक्कराभा, ६. ते भक्खराभा, ७. ते उदत्ताभा।

२. जो गौतम गोत्री हैं, वे सात प्रकार के कहे गए हैं, यथा–

१. गौतम, २. गर्ग, ३. भारद्वाज, ४. आंगिरस, ५. शर्कराभ, ६. भास्कराभ, ७. उदत्ताभ।

३. जे वच्छा ते सत्तविहा पण्णत्ता, तं जहा–

१. ते वच्छा, २. ते अग्गेया, ३. ते मित्तेया, ४. ते सामलिणो, ५. ते सेलयया, ६. ते अट्ठिसेणा, ७. ते वीयकण्हा।

३. जो वत्स गोत्री हैं, वे सात प्रकार के कहे गए हैं, यथा–

१. वत्स, २. आग्नेय, ३. मैत्रेय, ४. शाल्मली, ५. शैलक, ६. अस्थिषैण, ७. वीतकृष्ण।

४. जे कोच्छा ते सत्तविहा पण्णत्ता, तं जहा–

१. ते कोच्छा, २. ते मोग्गलायणा, ३. ते पिंगलायणा, ४. ते कोडीणो, ५. ते मंडलिणो, ६. ते हारिया, ७. ते सोमया।

४. जो कौत्स गोत्री हैं, वे सात प्रकार के कहे गए हैं, यथा–

१. कौत्स, २. मौद्गलायन, ३. पिंगलायन, ४. कौडिन्य, ५. मण्डली, ६. हारित, ७. सोमक।

५. जे कोसिया ते सत्तविहा पण्णत्ता, तं जहा–

१. ते कोसिया, २. ते कच्चायणा, ३. ते सालंकायणा, ४. ते गोलिकायणा, ५. ते पक्खिकायणा, ६. ते अग्गिया, ७. ते लोहिच्चा।

५. जो कौशिक गोत्री हैं, वे सात प्रकार के कहे गए हैं, यथा–

१. कौशिक, २. कात्यायन, ३. सालंकायन, ४. गोलिकायन, ५. पाक्षिकायन, ६. आग्नेय, ७. लौहित्य।

६. जे मंडवा ते सत्तविहा पण्णत्ता, तं जहा–
१. ते मंडवा, २. ते आरिट्ठा, ३. ते समुया,
४. ते तेला, ५. ते एलावच्चा, ६. ते कंडिल्ला,
७. ते खारायणा।

७. जे वासिट्ठा ते सत्तविहा पण्णत्ता, तं जहा–
१. ते वासिट्ठा, २. ते उंजायणा, ३. ते जारूकण्हा,
४. ते वग्घावच्चा, ५. ते कौडिन्ना, ६. ते सन्नी,
७. ते पारासरा। *–ठाणं अ. ७, सु. ५५१*

६. जो माण्डव गोत्री हैं, वे सात प्रकार के कहे गए हैं, यथा–
१. माण्डव, २. अरिष्ट, ३. सम्मुक्त,
४. तैल, ५. ऐलापत्य, ६. काण्डिल्य,
७. क्षारायण।

७. जो वाशिष्ठ गोत्री हैं, वे सात प्रकार के कहे गए हैं, यथा–
१. वाशिष्ठ, २. उंजायन, ३. जारूकृष्ण,
४. व्याघ्रापत्य,, ५. कौण्डिन्य, ६. संज्ञी,
७. पाराशर, (कुल ४९ गोत्र होते हैं)।

भाग २, खण्ड ६, पृ. १७२

मिउमद्दव सम्पन्ने गग्गाचार्य–

मृदु-मार्दव सम्पन्न गर्गाचार्य–

सूत्र ३५९ (ग)

थेरे गणहरे गग्गे, मुणी आसि विसारए।
आइण्णे गणिभावम्मि समाहिं पडिसंधए॥[1] *–उत्त. अ. २७, गा. १*

१. गर्गगोत्रोत्पन्न गार्ग्य मुनि स्थविर, गणधर और (सर्वशास्त्र) विशारद थे, वे (आचार्य के) गुणों से व्याप्त थे और गणि भाव में स्थित थे तथा समाधि में (स्वयं को) जोड़ने वाले थे।

मिउ-मद्दवसंपन्ने, गम्भीरे सुसमाहिए।
विहरइ महिं महप्पा सीलभूएण अप्पणा॥ *–उत्त. अ. २७, गा. १७*

(उसके पश्चात्) मृदु और मार्दव से सम्पन्न, गम्भीर, सुसमाहित एवं शीलभूत (चारित्रमय) आत्मा से युक्त होकर वे महात्मा गार्ग्याचार्य (अविनीत शिष्यों को छोड़कर) पृथ्वी पर (एकाकी) विचरण करने लगे।

卐

१. विनीत-अविनीत शिष्यों का वर्णन चरणानुयोग में देखें।

गणितानुयोग प्रकीर्णक

विषय सूची

पृष्ठांक●	सूत्रांक		पृष्ठांक
		लोक	
१७	३५ (ख)	लोक में तीन महान् विशाल हैं	१९४०
३४	६९ (ख)	लोक के भेदों का अल्पबहुत्व	१९४०
		अधोलोक	
३६	७५ (ख)	आठ पृथ्वियाँ	१९४१
३६	७५ (ग)	सभी पृथ्वियों का तीन वलयों से परिवृत्त होने का प्ररूपण	१९४१
४७	१०२ (ख)	महाहिमवंत-रुक्मी वर्षधर पर्वतों से सौगंधिक काण्ड का अन्तर	१९४१
४७	१०२ (ग)	महाहिमवंतकूट से सौगंधिक काण्ड के अन्तर का प्ररूपण	१९४१
४७	१०२ (घ)	वृत्तवैताढ्य पर्वतों से सौगंधिक काण्ड का अन्तर	१९४१
७३	१५४ (ख)	नरक और नैरयिकों का परस्पर अल्पमहत्तरत्व का प्ररूपण	१९४१
८०	१६१ (ख)	चमरेन्द्र द्वारा नाट्यविधि का उपदर्शन	१९४३
		तिर्यक्लोक	
१२२	४ (ख)	तिर्यक् लोक क्षेत्रानुपूर्वी का प्ररूपण	१९४३
१२४	४ (क)	जम्बूद्वीप वर्णन की संग्रहणी गाथा	१९४४
१२४	४ (ख)	खण्ड गणित के अनुसार जम्बूद्वीप की खण्ड संख्या का प्ररूपण	१९४४
१२४	४ (ग)	जम्बूद्वीप के क्षेत्रफल प्रमाण का प्ररूपण	१९४४
१२४	४ (घ)	जम्बूद्वीप की कलाओं का परिमाण	१९४४
२३१	३४३ (ख)	निषध नीलवंत वर्षधर पर्वतों से रत्नप्रभा पृथ्वी का अन्तर	१९४४
२३४	३४८ (ख)	बाहर के मंदर पर्वतों की ऊँचाई का प्ररूपण	१९४४
२५७	४०६ (ख)	जम्बूद्वीप में विद्याधरादि श्रेणियों की अवस्थिति और आकारादि का प्ररूपण	१९४४
२५७	४०६ (ग)	जम्बूद्वीप में विद्याधरादि श्रेणियों की संख्या का प्ररूपण	१९४६
२६२	४१२ (ख)	निषध नीलवंत पर्वतों के समीप वक्षस्कार पर्वतों की ऊँचाई और गहराई का प्ररूपण	१९४६
२७६	४४८ (ख)	वर्षधर पर्वतों के कूटों से समभूतल का अन्तर	१९४६
२८२	४५८ (ख)	हरिर्हरिस्सह कूटों और बलकूट की ऊँचाई आदि का प्ररूपण	१९४७
२८२	४५८ (ग)	वक्षस्कार पर्वत के कूटों की ऊँचाई और लम्बाई-चौड़ाई का प्ररूपण	१९४७
२८९	४८३ (ख)	बलकूट को छोड़कर नंदनकूटों की ऊँचाई और लम्बाई-चौड़ाई का प्ररूपण	१९४७
३२३	५८९ (ख)	सीता सीतोदा नदियों के प्रवाह दिशा का प्ररूपण	१९४७
३२९	६०५ (ख)	जम्बूद्वीप में नौ योजन के मत्स्यों का प्रवेश	१९४७
३४५	६४९ (ख)	सामान्यतः वेलंधर नागराजों के आवास पर्वतों का प्ररूपण	१९४७
३५०	६६५ (ख)	सामान्यतः अनुवेलंधर नागराजों के आवास पर्वतों का प्ररूपण	१९४८
३५२	६७४ (ख)	महापाताल कलशों का रत्नप्रभा पृथ्वी से अंतर का प्ररूपण	१९४८
३६१	७०२ (ख)	धातकीखण्ड द्वीप में क्षेत्रादि की संख्या का प्ररूपण	१९४८
३७४	७५१ (ख)	मांडलिक पर्वतों के नाम	१९४८
३७५	७५३ (ख)	मानुषोत्तर पर्वत के बाहर चन्द्र-सूर्यों के अवस्थित योग का प्ररूपण	१९४९
४१४	८४७ (ख)	रुचकवर और कुण्डलवर पर्वतों के उद्वेत आदि का प्ररूपण	१९४९
४१६	८९४ (ख)	मच्छ कच्छभ आदि बहुल समुद्रों के नाम	१९४९
४१९	९०४ (ख)	द्वीप सागरांत की स्पर्शना का प्ररूपण	१९४९
		ज्योतिष्क निरूपण	
४२८	९२५ (ख)	ज्योतिष्क देवों की वर्णक द्वार गाथाएँ	१९५०
४३१	९२८ (ख)	ज्योतिष्क विमानों की संख्या आदि का प्ररूपण	१९५०
४३४	९३२ (ख)	लवणसमुद्र में नक्षत्र और ग्रहों की संख्या का प्ररूपण	१९५०
४३९	९३८ (ख)	समयक्षेत्र में ज्योतिष्कों के प्ररूपण का उपसंहार	१९५०
५५७	५५६ (ख)	उत्तरायणगत सूर्य की मंडलांतर गति का प्ररूपण	१९५१
५६२	५६ (ख)	चन्द्र और सूर्य का परस्पर अंतर आदि का प्ररूपण	१९५१
५६८	६१ (ख)	चन्द्र सूर्यों के तापक्षेत्र की वृद्धि हानि के हेतु का प्ररूपण	१९५१
५७९	६८ (ख)	जम्बूद्वीप के सूर्यों के सूर्यद्वीपों का प्ररूपण	१९५१
५९७	८८ (क)	नक्षत्रों की वर्णक द्वार गाथा	१९५२

● प्रारंभ के पृष्ठांक और सूत्रांक गणितानुयोग के तथा अंतिम पृष्ठांक इसी ग्रंथ के हैं।

६५४	१२८ (ख)	तारा रूपों के चलित होने के हेतु	१९५२
		ऊर्ध्वलोक	
६५७	५ (ख)	ऊर्ध्वलोक क्षेत्रानुपूर्वी का प्ररूपण	१९५२
६५८	६ (ख)	वैमानिक विमानों की संख्यादि का प्ररूपण	१९५३
६५९	७ (ख)	कल्पोपपन्नक वैमानिक देवों के इन्द्र	१९५३
६६०	८ (ख)	सौधर्मकल्प की सुधर्मासभा में जिन अस्थियों की अवस्थिति	१९५३
६६९	२८ (ख)	सौधर्म-ईशानादि कल्पों के नीचे गृहादिकों का अभाव बलाहकादिकों के भाव का प्ररूपण	१९५४
६८७	७४ (ख)	स्वस्तिक आदि वैमानिक देव विमानों के आयाम- विष्कंभ और विशालता का प्ररूपण	१९५४
		काललोक	
६९१	१ (ख)	कालानुपूर्वी के भेद-प्रभेद	१९५५
६९१	१ (ग)	नैगम-व्यवहारनयसम्मत अनौपनिधिकी कालानुपूर्वी	१९५६
६९१	१ (घ)	संग्रहनयसम्मत अनौपनिधिकी कालानुपूर्वी	१९५८
६९१	१ (ङ)	औपनिधिकी कालानुपूर्वी	१९५८
६९४	६ (ख)	चैत्र और आसोज मास में पौरुषी छाया का प्रमाण	१९६०
६९४	६ (ग)	कार्तिक वदी सप्तमी को पौरुषी छाया का प्रमाण	१९६०
६९९	१२ (ख)	कर्म-अकर्मभूमियों में अवसर्पिणी-उत्सर्पिणीकाल के भाव-अभाव का प्ररूपण	१९६०
६९९	१२ (ग)	अवसर्पिणी उत्सर्पिणी के सुषमा-सुषमा कालमान का प्ररूपण	१९६०
६९९	१२ (घ)	भरत क्षेत्र में अवसर्पिणीकाल के छह आरों के आकार भाव स्वरूप का प्ररूपण	१९६०
६९९	१२ (ङ)	भरत क्षेत्र में उत्सर्पिणीकाल के छह आरों के आकार भाव स्वरूप का प्ररूपण	१९६८
७०७	२० (ख)	क्षेत्रपल्योपम का स्वरूप	१९७१
७०७	२० (ग)	उदाहरण सहित व्यावहारिक क्षेत्रपल्योपम के स्वरूप का प्ररूपण	१९७१
७०७	२० (घ)	उदाहरण सहित सूक्ष्म क्षेत्रपल्योपम के स्वरूप का प्ररूपण	१९७२
७१८	४० (२)	सूर्य के आवृत्तिकरणकाल का प्ररूपण	१९७३
७२२	४७ (ख)	उनतीस रात-दिन वाले मासों के नाम	१९७३
७२२	४७ (ग)	युग में आदि संवत्सर कौन और अयन आदि की संख्या का प्ररूपण	१९७३
७२८	५६ (ख)	रजनीकाल की अभिवृद्धि तिथि का प्ररूपण	१९७४
		अलोक	
७३९	९ (ख)	ईषत्प्राग्भारा पृथ्वी से अलोक के अंतर का प्ररूपण	१९७४
		माप निरूपण	
७६०	९ (ख)	गणनानुपूर्वी का प्ररूपण	१९७४
७६०	९ (ग)	विस्तार से संख्यातादि गणना संख्या का प्ररूपण	१९७५

●●

अवशिष्ट पाठों का विषयानुक्रम से संकलन

(अंकित पृष्ठांक और सूत्रों के अनुसार पाठक अवलोकन करें)

लोक

पृ. १७

लोगे तिण्णि महइ महालया–

सूत्र ३५ (ख)

तओ महइ महालया पण्णत्ता, तं जहा–

१. जंबुद्दीवए मंदरे मंदरेसु,

२. सयंभूरमणे समुद्दे समुद्देसु

३. बंभलोए कप्पे कप्पेसु। *–ठाणं अ. ३, सु. २०५*

लोक में तीन महान् (विशाल) हैं–

तीन (अपनी कोटि में) सबसे बड़े कहे गए हैं, यथा–

१. मंदर पर्वतों में जम्बूद्वीप का मंदर पर्वत,

२. समुद्रों में स्वयंभूरमण समुद्र,

३. कल्पों में ब्रह्मलोक कल्प।

पृ. ३४

लोग भेयाणं अप्पबहुत्तं–

सूत्र ६९ (ख)

प. एयस्स णं भंते ! अहेलोगस्स तिरियलोगस्स उड्ढलोगस्स य कयरे-कयरेहिंतो अप्पा वा **जाव** विसेसाहिया वा ?

उ. गोयमा ! १. सव्वत्थोवे तिरियलोए,

लोक के भेदों का अल्पबहुत्व–

प्र. भंते ! अधोलोक, तिर्यक्लोक और ऊर्ध्वलोक में कौन किससे अल्प **यावत्** विशेषाधिक हैं ?

उ. गौतम ! १. सबसे अल्प तिर्यक्लोक है।

२. उड्ढलोए असंखेज्जगुणे,
३. अहेलोए विसेसाहिए। *–विया. स. १३, उ. ४, सु. ७०*

अधोलोक

पृ. ३६

अट्ठ पुढवीओ–

सूत्र ७५ (ख)

प. कइ णं भंते ! पुढवीओ पण्णत्ताओ ?

उ. गोयमा ! अट्ठ पुढवीओ पण्णत्ताओ, तं जहा–

१. रयणप्पभा, २. सक्करप्पभा, ३. वालुयप्पभा, ४. पंकप्पभा, ५. धूमप्पभा, ६. तमप्पभा, ७. तमतमा[1], ८. ईसीपब्भारा[2]।

–विया. स. ६, उ. ८, सु. १

एगमेगा पुढवी तिहिं वलएहिं परिक्खित्ता परूवणं–

सूत्र ७५ (ग)

एगमेगा णं पुढवी तिहिं वलएहिं सव्वओ समंता संपरिक्खित्ता, तं जहा–

१. घणोदधिवलएणं,
२. घणवायवलएणं,
३. तणुवायवलएणं। *–ठाणं अ. ३, उ. ४, सु. २२४*

पृ. ४७

महाहिमवंत रूप्पिवासहर पव्वएहिंतो सोगंधिय कंडस्स अंतरं–

सूत्र १०२ (ख)

महाहिमवंतस्स णं वासहरपव्वयस्स उवरिल्लाओ चरिमंताओ सोगंधियस्स कंडस्स हेट्ठिल्ले चरिमंते, एस णं बासीइं जोयणसयाइं अबाहाए अंतरे पण्णत्ते।

एवं रूप्पिस्स वि। *–सम. सम. ८२, सु. ३-४*

महाहिमवंत कूडेहिंतो सोगंधिय कंडस्स अंतर परूवणं–

सूत्र १०२ (ग)

महाहिमवंत कूडस्स णं उवरिल्लाओ चरिमंताओ सोगंधियस्स कंडस्स हेट्ठिल्ले चरिमंते, एस णं सत्तासीइं जोयणसयाइं अबाहाए अंतरे पण्णत्ते।

एवं रूप्पिकूडस्स वि। *–सम. सम. ८७, सु. ६-७*

वट्टवेयड्ढपव्वएहिंतो सोगंधियकंडस्स अंतरं–

सूत्र १०२ (घ)

सव्वेसि णं वट्टवेयड्ढपव्वयाणं उवरिल्लाओ सिहरतलाओ सोगंधियकंडस्स हेट्ठिल्ले चरिमंते, एस णं नउइं जोयणसयाइं अबाहाए अंतरे पण्णत्ते। *–सम. सम. ९०, सु. ५*

पृ. ७३

नरय नेरइयाणं परोप्परं अप्पमहत्तरत्त परूवणं–

सूत्र १५४ (ख)

अहेसत्तमाए णं भंते। पुढवीए पंच अणुत्तरा महइ महालया महानिरया पण्णत्ता, तं जहा–

१. काले, २. महाकाले, ३. रोरूए, ४. महारोरूए, ५. अपइट्ठाणे।

२. (उससे) ऊर्ध्वलोक असंख्यातगुणा है।
३. (उससे) अधोलोक विशेषाधिक है।

आठ पृथ्वियाँ–

प्र. भंते ! पृथ्वियाँ कितनी कही गई हैं ?

उ. गौतम ! आठ पृथ्वियाँ कही गई हैं, यथा–

१. रत्नप्रभा, २. शर्कराप्रभा, ३. बालुकाप्रभा, ४. पंकप्रभा, ५. धूमप्रभा, ६. तमःप्रभा, ७. महातमःप्रभा, ८. ईषत्प्राग्भारा।

सभी पृथ्वियों का तीन वलयों से परिवृत्त होने का प्ररूपण–

सभी पृथ्वियाँ तीन वलयों से सर्वतः परिवृत (घिरी) हुई हैं, यथा–

१. घनोदधि वलय से,
२. घनवात वलय से,
३. तनुवात वलय से।

महाहिमवंत-रुक्मी वर्षधर पर्वतों से सौगंधिक कांड का अंतर–

महाहिमवान् वर्षधर पर्वत के ऊपर के चरमान्त से सौगंधिक कांड के नीचे के चरमान्त का अबाधा अन्तर बयासी सौ योजन का कहा गया है।

इसी प्रकार रुक्मी वर्षधर पर्वत से अंतर के लिए जानना चाहिए।

महाहिमवंत कूट से सौगंधिक कांड के अंतर का प्ररूपण–

महाहिमवंत कूट के उपरितन चरमान्त से सौगंधिक कांड के नीचे के चरमान्त का अबाधा अन्तर सत्तासी सौ योजन का कहा गया है।

इसी प्रकार रुक्मी कूट से अंतर के लिए जानना चाहिए।

वृत्तवैताढ्य पर्वतों से सौगंधिक कांड का अंतर–

सभी वृत्तवैताढ्य पर्वतों के उपरितन शिखरतल से सौगंधिक कांड के नीचे के चरमान्त का अबाधा अन्तर नौ सौ (हजार) योजन का कहा गया है।

नरक और नैरयिकों का परस्पर अल्पमहत्तरत्व का प्ररूपण–

अधः सप्तमपृथ्वी में पाँच अनुत्तर और महातिमहान् नरकावास कहे गए हैं, यथा–

१. काल, २. महाकाल, ३. रौरव, ४. महारौरव, ५. अप्रतिष्ठान।

---

१. (क) विया. स. १३, उ. ४, सु. १
(ग) विया. स. ६, उ. ६, सु. १
(ख) विया. स. १२, उ. ७, सु. ४
(घ) विया. स. १३, उ. १, सु. ३

२. ठाणं, अ. ८, सु. ६४८

ते णं नरगा, छट्ठीए तमाए पुढवीए नरएहिंतो महत्तरा चेव, महावित्थिण्णतरा चेव, महोवासतरा चेव, महापइरिक्कतरा चेव, नो तहा महापवेसणतरा चेव, आइण्णतरा चेव, आउलतरा चेव, अणोमाणतरा चेव। तेसु णं नरएसु नेरइया छट्ठीए तमाए पुढवीए नेरइएहिंतो महाकम्मतरा चेव, महाकिरियतरा चेव, महासवतरा चेव, महावेयणतरा चेव। नो तहा अप्पकम्मतरा चेव, अप्पकिरियतरा चेव, अप्पासवतरा चेव, अप्पवेयणतरा चेव। अप्पिड्ढियतरा चेव, अप्पजुइयतरा चेव, नो तहा महिड्ढियतरा चेव, महज्जुइयतरा चेव।

छट्ठीए णं तमाए पुढवीए एगे पंचूणे निरयावाससयसहस्से पण्णत्ते।

ते णं नरगा अहेसत्तमाए पुढवीए नेरइएहिंतो नो तहा महत्तरा चेव, महावित्थिण्णतरा चेव, महोवासतरा चेव, महापइरिक्कतरा चेव।

महप्पवेसणतरा चेव, आइण्णतरा चेव, आउलतरा चेव, अणोमाणतरा चेव।

तेसु णं नरएसु नेरइया अहेसत्तमाए पुढवीए नेरइएहिंतो अप्पकम्मतरा चेव, अप्पकिरियतरा चेव, अप्पासवतरा चेव, अप्पवेयणतरा चेव, नो तहा महाकम्मतरा चेव, महाकिरियतरा चेव, महासवतरा चेव, महावेयणतरा चेव।

महिड्ढियतरा चेव, महज्जुइयतरा चेव, नो तहा अप्पिड्ढियतरा चेव, अप्पजुइयतरा चेव।

